Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



# YEAR 1985

# बटाला में उग्रवादियों ने डाका डाला : घर के मालिक को गोली मार दी

बटाला, 13 जनवरी (चौधरी): गत रात्रि बटाला के महल्ला शुकरपुरा में लगभग आधा दर्जन सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति बनारसी दास के घर डाका मारा और वहां से 15000 रुपया नकद और हजारों रुपए के मूल्य का बहुमूल्य सामान लेकर फरार हो गए । उग्रवादियों ने जाते-जाते घर के मालिक बनारसी दास पर फ़ायरिंग करके उसे घायल कर दिया, जिसे नाजुक हालत में अमृतसर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

इस सम्बन्ध में हमारे सम्वाददाता ने रिपोर्ट दी है कि रात के दो-अढ़ाई बजे पिस्तौलों और तलवारों से लैस आधा दर्जन उग्रवादी बनारसी दास के घर आए । इनमें से तीन दीवार फांद कर मकान के अन्दर दाखिल हुए थे और जाते ही पिस्तौल की नोक पर बनारसी दास और घर की स्त्रियों से आभूषण एवं घड़ियां उतरवा लीं । टेप रिकार्डर, कैमरे छीन लिए तथा 15000 रुपए काबू कर लिए । सशस्त्र उग्रवादी घटना के बाद जाने लगे तो बनारसी दास के मकान की पिछली ओर जाकर सहायता के लिए शोर मचाया तो एक उग्रवादी ने उस पर गोली चला दी, जो बनारसी दास की पीठ पर लगी । बाद में अभियुक्त भाग निकले । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है, लेकिन अभी अभियुक्तों के सम्बन्ध में कोई सुराग नहीं मिला ।

'प्रै. ट्र' के अनुसार अभियुक्त हवाई फायरिंग करते और आसपास के लोगों को डराते हुए भाग गए ।

## रस्सियों से बांध दिया

'कोछड़' के अनुसार बनारसी दास के बेटे भोला नाथ ने बताया कि आधी रात को नींद खुलने पर उसने देखा कि लुटेरों ने उसके पिता को रस्सियों से बांध रखा है और घर की तलाशी ले रहे हैं । उसको देखकर उसे भी पकड़ लिया गया और रस्सियों से बांध दिया गया । इसी मध्य उसके पिता किसी प्रकार रस्सियां खोल कर पड़ौस के मकान की छत पर कूद गए और शोर मचाने लगे, जिस पर एक अभियुक्त ने उन्हें गोली मार दी ।

## 5 हिरासत में

गुरदासपुर के एस. एस. पी. श्री ए. पी. पांडे ने भी घटनास्थल का दौरा किया और बाद में बताया कि इस कांड के सम्बन्ध में 5 व्यक्ति हिरासत में ले लिए गए हैं ।

## फायरिंग केस : दो गिरफ्तार

श्री पांडे बाद में क़ाज़ी मोरी में उस स्थान पर गए, जहां कल लोहड़ी के झगड़े में गोली चल गई थी और एक सेवानिवृत्त कैप्टन की गोली से एक युवक ओम प्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो गया था । इस सम्बन्ध में पुलिस के पांच अभियुक्तों अमर सिंह, हजारा सिंह, मलकीयत सिंह, दलजीत सिंह आदि के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है और अमर सिंह एवं हजारा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । शेष अभियुक्त भी शीघ्र ही गिरफ्तार किए जाने की सम्भावना है ।

## स्कूटर छिना

होशियारपुर (अ. क.): कल सायं साढ़े 6 बजे होशियारपुर से दस किलो मीटर दूर नसराला के निकट पुल के पास एक स्कूटर पर सवार तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने जालन्धर के एक बैंक कर्मचारी विजय कुमार से उसका बजाज स्कूटर और अढ़ाई सौ रुपए छीन लिए । विजय कुमार अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर अपने गांव जा रहा था कि चादरों से मुंह ढांपे सशस्त्र युवा उग्रवादियों ने उन्हें रोक लिया और स्कूटर एवं नकदी छीन ली ।

## पैट्रोल पम्प लूटा

फगवाड़ा (खोसला): गत दिवस सायं 7 बजे नवांशहर के कस्बा करयाम के एक पैट्रोल पम्प के कर्मचारी से दो स्कूटर सवार 300 रुपए छीन कर ले गए । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है ।

## दो उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): एस. एस. पी. श्री सुरजीत सिंह बैंस ने कहा है कि जिला संगरूर की पुलिस ने कल सुनाम और भदौड़ में दो 12 बोर की पिस्तौलें और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए । सुनाम में खरौदी गांव का कबीर सिंह गिरफ्तार किया गया जब कि दूसरा भदौड़ थाने के गांव कोहल का करनैल सिंह है । पुलिस दोनों संदिग्ध उग्रवादियों के विरुद्ध जांच कर रही है ।

## चुंगी लूट ली

लुधियाना (हि. स.): गत रात यहां से लगभग पच्चीस किलो मीटर दूर लुधियाना-मालेरकोटला रोड पर तीन अज्ञात नवयुवक मंडी अहमदगढ़ पालिका की एक चुंगी लूट कर ले गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों लुटेरे एक मोटर साइकिल पर आए और उन्होंने चुंगी मुहर्रर तरसेम लाल की छाती पर पिस्तौल रख कर माल लूटा । यह भी पता चला है कि दो नवयुवक जिन्होंने मुंह ढांपे हुए थे, चुंगी के अन्दर गए और तीसरे ने मोटर साइकिल स्टार्ट रखा । संगरूर जिला के अन्तर्गत आने वाले अहमदगढ़ पुलिस थाना ने केस दर्ज करके लुटेरों की खोज आरम्भ कर दी है ।

## स्कूटर सवार झुमका उतार ले गया

जालन्धर (स.): आज दोपहर लगभग अढ़ाई बजे बस्ती शेख की एक स्त्री पुष्पा रानी के एक कान से झपट्टा मारकर एक स्कूटर सवार झुमका उतार कर ले गया । बताया जाता है कि पुष्पा रानी अपनी सहेली और बच्चों के साथ रिक्शा में बैठकर किसी सम्बन्धी के घर जन्म दिन के समारोह में जा रही थी । पुष्पा रानी का कान लहूलुहान हो गया । अभियुक्त भागने में सफल हो गया ।

Punjabi Sanatani

# पंजाब में उग्रवादियों ने दो वर्ष में 461 हत्याएं की

नई दिल्ली, 24 जनवरी (वार्ता/प्रै.): गृह राज्यमंत्री श्रीमती राम दुलारी सिन्हा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले दो वर्ष में पंजाब में उग्रवादियों ने 461 व्यक्तियों की हत्या कर दी । इन लोगों के निकट संबंधियों को राज्य सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जा रही है ।

**लाटरी** : श्रीमती सिन्हा ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की लाटरियों को नियमित करने के लिये कोई कानून बनाने का प्रस्ताव नहीं है । केंद्र सरकार ने ऐसा कोई कानून बनाना उपयुक्त नहीं समझा ।

**रक्षा तैयारी** : विदेश राज्य मंत्री खुर्शीद आलम खान ने सदन को बताया कि भारत पड़ौसी देशों की किसी चुनौती का मुकाबला करने के लिये पूरी तरह तैयार है । उन्होंने कहा कि हिन्द महासागर में हाल के हथियारों के जमाव से भारतीय उप महाद्वीप में संतुलन बिगड़ गया है ।

**सैनिक** : श्री पाटिल ने बताया कि अमरीका तथा भारत के बीच नागरिक तथा सैनिक उपस्करों के औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग के बारे में नये करारों पर हस्ताक्षर के लिये कोई सहमति नहीं हुई है ।

**कम्प्यूटर** : उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि इलैक्ट्रानिकी विभाग ने जापान से चार सुपर कम्प्यूटर खरीदने के आदेश दिये हैं । इनमें से पहला कम्प्यूटर इस वर्ष मार्च तक आ जाने की संभावना है ।

**परमाणु बिजली घर** : परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री श्री वी. राम चंद्र राव ने सदन को बताया कि सोवियत संघ ने भारत को 440 मैगावाट क्षमता वाले दो रियेक्टरों वाला परमाणु बिजली घर सप्लाई करने की पेशकश की है । भारत का 'लाईट वाटर' रियेक्टर बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

**उड़ान** : प्रधानमंत्री ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार ने अमरीकी अंतरिक्ष शटल में भारतीय विशेषज्ञ की उड़ान का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है । प्रधानमंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में सदन को बताया कि नागरिक उड्डयन प्राधिकरण बनाने के प्रश्न पर गहराई से अध्ययन के लिये महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है ।

**हरा, पीला, भूरा सीमैंट** : उद्योग राज्यमंत्री आरिफ मोहम्मद खां ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि सीमैंट रिसर्च इन्स्टीट्यूट आफ इंडिया ने हरे, पीले और भूरे रंग का सीमैंट बनाने के लिये रंगीन क्लिंकर के निर्माण हेतु प्रौद्योगिकी का विकास कर लिया है ।

**रेल डिब्बा कारखाना** : रेल मंत्री बंसी लाल ने आज लोकसभा को बताया कि देश में रेल डिब्बों का एक और कारखाना लगाने के बारे में निर्णय शीघ्र ही लिया जाएगा । श्री बंसी लाल ने बताया कि भारतीय रेल तकनीकी एवं आर्थिक सेवा ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट दे दी है । उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है । बिहार सरकार ने यह कारखाना वहां लगाने की मांग की है ।

**स्वास्थ्य** : स्वास्थ्य राज्य मंत्री योगेंद्र मकवाना ने बताया कि सातवीं योजना के अंतर्गत देश में 10250 अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सा

Punjabi Sanatani

# दसूहा में उग्रवादियों की फायरिंग 1 मरा, 8 घायल

होशियारपुर, 25 जनवरी (प्रद्युन): आज रात आठ बजे यहां से 40 किलो मीटर दूर दसूहा में उस समय सनसनी फैल गई जब कि तीन उग्रवादियों ने मेन बाजार में अचानक फायरिंग शुरू कर दी जिससे एक दुकानदार चमन लाल की मृत्यु हो गई तथा अन्य 8 लोग घायल हो गए। इनमें से 4 की हालत नाजुक बताई जाती है। उन्हें चंडीगढ़ ले जाया गया है।

इन उग्रवादियों ने पीले पटके बांध रखे थे और मोटर साइकल पर सवार थे। उनके पास 303 के पिस्तौल थे। आठ बजे के करीब जब कि कुछ दुकानें बंद हो चुकी थीं और कुछ बंद हो रही थीं, उग्रवादी मेन बाजार में आ धमके तथा उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। इससे सारे बाजार में जबरदस्त अफरा-तफरी फैल गई। एक दुकान का शटर आधा गिरा हुआ था। उग्रवादियों ने इसके अन्दर दाखिल होकर फायर करने शुरू कर दिए जब कि एक व्यक्ति जान बचाने के लिए दुकान की सीढ़ियां चढ़ने लगा तो उग्रवादियों ने उसका पीछा करके उसे गोली मार दी। घायलों में बलबीर दास, दौलत राम, चनी लाल, आर. के. शर्मा, रामलाल, कमलदेव महाजन, लखविंदर सिंह और अजीत कुमार शामिल हैं। मरने वाले चमन लाल की लाश को होशियारपुर के अस्पताल में ले जाया गया है।

इस घटना की सूचना मिलते ही होशियारपुर के एस. एस. पी., दसूहा के पुलिस अधिकारी व अन्य अधिकारी मौका पर पहुंच गए। पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है तथा राज्य भर की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। अभी तक अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला। एक सूचना के अनुसार उग्रवादी यह धमकियां देते रहे कि वह अब फिर हत्याओं व लूट का बाजार गर्म करेंगे।

भटिंडा (प्रै म.): भटिंडा पुलिस ने एक 6 सदस्यीय उग्रवादी गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पंजाब के भटिंडा, फरीदकोट तथा फिरोजपुर जिले में हाल ही में हुई 5 हत्याओं, 10 डकैतियों के मामले में पुलिस को वांछित था।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## पंजाब के 5 अधिकारियों को पुलिस पदक

चंडीगढ़, 25 जनवरी (परवाना): गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने पंजाब के 5 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किये हैं। एस. पी. पद के अधिकारी श्री शिव मोहन सिंह भल्ला जो आजकल पुलिस ट्रेनिंग कालेज फिल्लौर में फिंगर प्रिंट ब्यूरो के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं, को सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक प्रदान किया गया है। डी. एस. पी. (सी. आई. डी.) पंजाब, चंडीगढ़ श्री सुदर्शन सिंह, डी. एस. पी. (डिटैक्टिव) पटियाला, श्री सुखचरण सिंह बाजवा, इंस्पैक्टर श्री साधु सिंह तथा जिला पटियाला के बस्सी पठानां थाने में नियुक्त कांस्टेबल श्री राम स्वरूप (ड्राईवर) को सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस मैडल दिये गये हैं।

इंस्पैक्टर श्री साधु सिंह आजकल पुलिस ट्रेनिंग कालेज फिल्लौर में ड्रिल प्रशिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## पंजाब में चुनाव जून में ?

लुधियाना, 25 जनवरी (भांबी): पंजाब में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव आगामी 14 जून में कराए जाने की सम्भावना है। यह संकेत दिल्ली से लौटे एक वरिष्ठ इंका नेता ने हाई कमान के सूत्रों के हवाले से दिया।

## कनाडा के सिखों में फूट

ओटावा, 25 जनवरी (यू.): कनाडा का सिख समुदाय कल भारत का गणतंत्र दिवस मनाने के सवाल पर खुले तौर पर विभाजित है। ओटावा गुरुद्वारा ग्रुप ने एक प्रस्ताव पास करके भारतीय संविधान की धारा 25 के विरुद्ध प्रोटैस्ट करने के लिए भारतीय दूतावास के समक्ष प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इसके लिए उसने अनुमति ले ली है तथा ओंटारियो से सिखों को ओटावा लाने के लिए बसों का प्रबन्ध किया जा रहा है।

Punjabi Sanalan

## उग्रवादियों की फायरिंग

(पृष्ठ 3 से आगे)

फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा व एस.एस.पी. भटिंडा श्री आर.एस. गिल ने एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस गिरोह के इन 4 सदस्यों मन्देर सिंह, जीता सिंह तथा परमजीत सिंह गांव कौरसिंहवाला (भटिंडा) तथा बलविंदर सिंह गांव गढ़ी गुलाबसिंहवाला (फरीदकोट) से 3 पिस्तौलें व 9 कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस उग्रवादी गिरोह का सरगना एक बर्खास्त पुलिस कांस्टेबल बलविंदर सिंह है। वह एक उग्रवादी कांड में एक अन्य व्यक्ति जगतार सिंह के साथ जमानत तोड़ कर भाग गया था। वह ज्ञानी शेर सिंह के नाम से कौरसिंहवाला गांव में रह रहा था। उन्होंने बताया कि वह और इस गिरोह का एक अन्य सदस्य छिंदा अभी भी फरार हैं।

श्री डोगरा के अनुसार कौरसिंहवाला गांव में कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्त्ता श्री नौनिहाल सिंह की हत्या तथा दूसरे कार्यकर्त्ता श्री हरभगवान सिंह को घायल करने में भी यह गिरोह संलिप्त था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन 4 उग्रवादियों की गिरफ्तारी से कुछ माह पूर्व मोगा क्षेत्र में एक गांव चड़िक के निकट एक यात्री बस से बंदी उग्रवादियों को भगा ले जाने के मामले को सुलझा लिया गया है। उक्त बंदी उग्रवादियों को भटिंडा जिले में एक अदालत में पेश करने के बाद बस द्वारा वापस फिरोजपुर जेल ले जाया जा रहा था। इस बस में जा रहे जिन उग्रवादियों को हमलावर उग्रवादी छुड़ा कर ले गए थे उनमें बलविंदर सिंह का भाई सुखदेव सिंह भी शामिल था।

श्री डोगरा ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों से पुलिस कांस्टेबलों से छीनी गई राइफलों की बैरलें भी बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने अनेक स्कूटरों को भी छीना तथा कई शराब के ठेकों को भी लूटा। इसी गिरोह ने मोगा के निकट एक बैंक मैनेजर तथा भटिंडा जिले में गांव जिदा में एक शराब के ठेके के मालिक की भी हत्या की। इस गिरोह ने जैतो के एक व्यापारी को भी लूटा था।

## राष्ट्रद्रोह के मामले में बंदी

अमृतसर (वा): पुलिस ने तरनतारन के सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। 'राष्ट्रद्रोह' के मामले में पिछले काफी समय से उसकी तलाश थी।

## उद्योगपति रासुका में बंदी

'प्रैट्र' के अनुसार अमृतसर में पुतलीघर क्षेत्र के एक उद्योगपति जगदीश सिंह को रासुका में बंदी बनाया गया है।

अमृतसर जिले के खालड़ा गांव के एक व्यक्ति बलविंदर सिंह को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्तौल बरामद की गई है।

## महिला को लूटा

जालंधर (भनोट): कल प्रात: एक महिला गीता भवन आदर्श नगर में मत्था टेकने के बाद घर लौट रही थी कि झंडियांवाला पीर के पास दो गुंडों ने उसे दबोच लिया। उन्होंने उसका मुंह बंद करके उसके कानों से सोने की बालियां उतार लीं और फरार हो गए।

## पशु अस्पताल को आग लगा दी

नौशहरा मझा सिंह (गुरदासपुर): (गोगया) यहां से 8 किलो मीटर दूर गांव घुम्मन खुर्द में रात्रि के लगभग दो बजे एक पशु अस्पताल को कुछ शरारती लोगों ने पराली फैंक कर आग लगा दी। गांव के सरपंच बलजीत सिंह का कहना है कि आग लगने का पता प्रात: चला और उस समय तक अस्पताल जल कर राख हो चुका था।

## स्कूल की छत, दरवाजे जला दिए

एक अन्य सूचना के अनुसार यहां से दो किलो मीटर दूर कैले कलां के प्राइमरी स्कूल को आग लगाई गई, जिससे स्कूल की छत और दरवाजे जलकर राख हो गए।

जम्मू (राज): कल यहां गुप्तचर विभाग के वरिष्ठ सब-इंस्पैक्टर श्री ईशर दत्त पर घातक हमला करने वाले दो उग्रवादी महेन्द्र सिंह उर्फ पप्पी और उसका भाई छत्तर सिंह सीमा पार करके पाकिस्तान या पंजाब में भाग न जाएं, इसके लिए जम्मू पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल की सहायता से जम्मू-कश्मीर-पाकिस्तान और पंजाब के साथ लगती सीमाओं को सील कर दिया है। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार उक्त उग्रवादियों की सब-इंस्पैक्टर पर घातक हमला करके पाकिस्तान भागने की योजना है। बताया जाता है कि अभियुक्त पाकिस्तान सीमा की ओर भागते देखे गए। श्री ईशर दत्त की दशा अभी गम्भीर ही बनी हुई है।

फिरोजपुर शहर (बागी): फिरोजपुर पुलिस ने तीन हत्याकांडों का पता लगा कर दो उग्रवादियों—अवतार सिंह व फकीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिन पर एक ग्रंथी व एक एक्साइज कंट्रोलर की हत्या करने का आरोप है। एक अन्य हत्याकांड में बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

## ट्रेन यात्री को गोली मारी

लुधियाना (यू. जोशी): आज अपरान्ह कुछ उग्रवादियों ने रूप कुमार नामक एक व्यक्ति को उस समय गोली मार दी जब वह रेलवे स्टेशन से बाहर आ रहा था। वह फ्लाइंग मेल से उतरा था। उसकी हालत गंभीर बताई जाती है हमलावर दो थे। घायल युवक का स्कूटर

UPTRON
1000 रु. दे T.V. घर ले जाएं, बाकी आसान किस्तों पर
NEW GOGIA ELECTRONICS
Kotwali Bazar, HOSHIARPUR.

AAY KAY Chemicals
ACID SLURRY
ऐसिड सलरी
For your requirements of :
All Kinds of Acid Slurries Detergents, TRO and Sulphonates.
Contact :
MANUFACTURERS
AAYKAY DETERGENTS & CHEMICALS
(Adjoining Raikhy Cinema) LUDHIANA.
Phones : 34865
20363

Punjabi Sangtani

# पंजाब में उग्रवाद

(पृष्ठ 3 से आगे)

निर्देश दिया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त तेज करें और कारों, ट्रकों व मोटर साइकलों की अच्छी तरह चैकिंग करें ताकि शरारती तत्व कोई शरारत न कर सकें । थानाध्यक्षों को बैंकों व स्कूलों की विशेष रूप से सुरक्षा करने का निर्देश दिया गया है ।

**फायरिंग में 5 घायल**

संगरूर (प्र.): एक संदिग्ध आतंकवादी को बरनाला सब डिवीजन में गिरफ्तार किया गया जब कि कल यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव पक्खोकलां में उसी गांव के एक व्यक्ति द्वारा 12 बोर की बंदूक से गोली चला देने के फलस्वरूप 5 व्यक्ति घायल हो गए । पुलिस ने फायरिंग के मामले में केस दर्ज कर लिया । फायरिंग का कारण भूमि विवाद बताया जाता है । पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी जगरूप सिंह को गिरफ्तार किया तथा 12 बोर की बंदूक व 7 कारतूस बरामद किए ।

**तस्कर गिरफ्तार**

फाजिल्का (धर्म): सीमा सुरक्षा बल ने फाजिल्का सैक्टर में एक कुख्यात पाक तस्कर को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से 25 किलोग्राम अफीम पकड़ी गई ।

**बंगला देशी गिरफ्तार**

अमृतसर में एक बंगला देशी नागरिक मुहम्मद मुश्ताक को गत रात्रि पाकिस्तान की ओर से सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया गया । उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे ।

**स्टेनगन बरामद**

पुलिस ने अमृतसर के मजीठा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटला पर छापा मारकर सरपंच हरजिंदर सिंह व भू. पू. सरपंच हरभजन सिंह को एक पाकिस्तानी पिस्तौल, एक स्टेनगन व कारतूसों के साथ पकड़ लिया । एक अन्य निर्मल सिंह को 24 जनवरी को हुई लूटपाट के सिलसिले में पकड़ा गया । वाकर्डी निवासी अवतार सिंह नामक तस्कर को कोकेपोसा में गिरफ्तार कर लिया गया ।

**कोई गिरफ्तारी नहीं**

खन्ना (पूर्ण): खन्ना पुलिस ने 27 जनवरी को एस. एस. पी. लुधियाना के निर्देश पर खन्ना अनाज मंडी में खालिस्तानी झंडा फहराने के बारे में केस दर्ज किया था । पता चला है कि पहले तो पुलिस ने कोई केस ही दर्ज नहीं किया था जब कि झंडे 26 जनवरी तड़के फहराए गए थे । उच्च पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर ही केस दर्ज किया गया । अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

**राजीवाल की घेरेबंदी**

पुलिस ने सी.आर.पी. के साथ खन्ना से दस किलो मीटर दूर गांव राजीवाल की आठ घंटे तक घेराबंदी की । इस दौरान न किसी को गांव में जाने दिया न किसी को बाहर आने दिया गया । कई घरों की तलाशी भी गई । यह गांव भारतीय किसान यूनियन का गढ़ है । कुछ किसानों को हिरासत में ले लिया गया । यह कार्रवाई गत दिवस किसानों द्वारा बिजली कर्मचारियों पर हमले के सिलसिले में की गई ।

**लुधियाना में छापे**

लुधियाना में एस. एस. पी. श्री डी. आर. भट्टी ने कहा कि पुलिस ने उग्रवादियों का सफाया करने के लिए लगभग 10 गांवों तथा लुधियाना शहर की कुछ आबादियों में छापे मारे । दो दिन तक मारे गए इन छापों में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

**मोटर साइकलों पर पाबंदी**

लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज रात 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक मोटर साइकलों के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी है । मोटर साइकलों पर प्रात: 6 बजे से रात 11 बजे दोहरी सवारी नहीं की जा सकती जब कि स्कूटरों पर रात 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक दोहरी सवारी नहीं की जा सकेगी । यह पाबंदी दो महीने के लिए लगाई गई है ।

**अमृतसर में भी पाबंदी बढ़ी**

अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इन्द्र सिंह ने जिला अमृतसर में मोटर साइकलों तथा स्कूटर पर दोहरी सवारी पर पाबंदी दो मास के लिए बढ़ा दी है जो कि 29 जनवरी से लेकर 28 मार्च तक लागू रहेगी । एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पाबंदी से अमृतसर नगर निगम तथा तरनतारन नगर पालिका की सीमाओं के अन्दर प्रात: 6 बजे से शाम 6 बजे तक छूट होगी जब कि महिला सवारी के स्कूटर और मोटर साइकल के पीछे बैठाने पर यह पाबंदी लागू नहीं होगी । इसके अलावा .75 (पौन हार्स पावर की मोपेड पर भी दूसरी सवारी बैठाने प‹ यह पाबंदी लाग नहीं होगी ।

Punjabi Samatani

# पंजाब में उग्रवाद

(पृष्ठ 3 से आगे)

निर्देश दिया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त तेज करें और कारों, ट्रकों व मोटर साइकलों की अच्छी तरह चैकिंग करें ताकि शरारती तत्व कोई शरारत न कर सकें। थानाध्यक्षों को बैंकों व स्कूलों की विशेष रूप से सुरक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

## फायरिंग में 5 घायल

संगरूर (प्रै.): एक संदिग्ध आतंकवादी को बरनाला सब डिवीजन में गिरफ्तार किया गया जब कि कल यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव पक्खोकलां में उसी गांव के एक व्यक्ति द्वारा 12 बोर की बंदूक से गोली चला देने के फलस्वरूप 5 व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने फायरिंग के मामले में केस दर्ज कर लिया। फायरिंग का कारण भूमि विवाद बताया जाता है। पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी जगरूप सिंह को गिरफ्तार किया तथा 12 बोर की बंदूक व 7 कारतूस बरामद किए।

## तस्कर गिरफ्तार

फाजिल्का (धर्म): सीमा सुरक्षा बल ने फाजिल्का सैक्टर में एक कुख्यात पाक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 25 किलोग्राम अफीम पकड़ी गई।

## बंगला देशी गिरफ्तार

अमृतसर में एक बंगला देशी नागरिक महम्मद मुश्ताक को गत रात्रि पाकिस्तान की ओर से सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया गया। उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

## स्टेनगन बरामद

पुलिस ने अमृतसर के मजीठा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटला पर छापा मारकर सरपंच हरविंदर सिंह व भू. पू. सरपंच हरबंस सिंह को एक पाकिस्तानी पिस्तौल, एक स्टेनगन व कारतूसों के साथ पकड़ लिया। एक अन्य काबल सिंह को 24 जनवरी को हुई लूटपाट के सिलसिले में पकड़ा गया। शकरी निवासी ठाकर सिंह नामक तस्कर को कोफेपोसा में गिरफ्तार कर लिया गया।

## कोई गिरफ्तारी नहीं

खन्ना (पूर्ण): खन्ना पुलिस ने 27 जनवरी को एस. एस. पी. लुधियाना के निर्देश पर खन्ना अनाज मंडी में खालिस्तानी झंडा फहराने के बारे में केस दर्ज किया था। पता चला है कि पहले तो पुलिस ने कोई केस ही दर्ज नहीं किया था जब कि झंडे 26 जनवरी तड़के फहराए गए थे। उच्च पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर ही केस दर्ज किया गया। अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

## राजीवाल की घेरेबंदी

पुलिस ने सी.आर.पी. के साथ खन्ना से दस किलो मीटर दूर गांव राजीवाल की आठ घंटे तक घेराबंदी की। इस दौरान न किसी को गांव में जाने दिया न किसी को बाहर जाने दिया गया। कई घरों की तलाशी ली गई। यह गांव भारतीय किसान यूनियन का गढ़ है। काफी किसानों को हिरासत में ले लिया गया। यह कार्रवाई गत दिवस किसानों द्वारा

## स्टेनगन बरामद

पुलिस ने अमृतसर के मजीठा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटला पर छापा मारकर सरपंच हरविंदर सिंह व भू. पू. सरपंच हरबंस सिंह को एक पाकिस्तानी पिस्तौल, एक स्टेनगन व कारतूसों के साथ पकड़ लिया । एक अन्य काबल सिंह को 24 जनवरी को हुई लूटपाट के सिलसिले में पकड़ा गया । शकरी निवासी ठाकुर सिंह नामक तस्कर को कोफेपोसा में गिरफ्तार कर लिया गया ।

## कोई गिरफ्तारी नहीं

खन्ना (पूर्ण): खन्ना पुलिस ने 27 जनवरी को एस. एस. पी. लुधियाना के निर्देश पर खन्ना अनाज मंडी में खालिस्तानी झंडा फहराने के बारे में केस दर्ज किया था । पता चला है कि पहले तो पुलिस ने कोई केस ही दर्ज नहीं किया था जब कि झंडे 26 जनवरी तड़के फहराए गए थे । उच्च पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर ही केस दर्ज किया गया । अभी तक इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

## राजेवाल की घेरेबंदी

पुलिस ने सी.आर.पी.के साथ खन्ना से दस किलोमीटर दूर गांव राजेवाल की आठ घंटे तक घेराबंदी की । इस दौरान न किसी को गांव में, जाने दिया न किसी को बाहर जाने दिया गया । कई घरों की तलाशी ली गई । यह गांव भारतीय किसान यूनियन का गढ़ है । काफी किसानों को हिरासत में ले लिया गया । यह कार्रवाई गत दिवस किसानों द्वारा बिजली कर्मचारियों पर हमले के सिलसिले में की गई ।

## लुधियाना में छापे

लुधियाना में एस. एस. पी. श्री डी. आर. भट्टी ने कहा कि पुलिस ने उग्रवादियों का सफाया करने के लिए लगभग 10 गांवों तथा लुधियाना शहर की कुछ आबादियों में छापे मारे । दो दिन तक मारे गए इन छापों में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

## मोटर साइकलों पर पाबंदी

लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट ने आज रात 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक मोटर साइकलों के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी है । मोटर साइकलों पर प्रातः 6 बजे से रात 11 बजे दोहरी सवारी नहीं की जा सकती जब कि स्कूटरों पर रात 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक दोहरी सवारी नहीं की जा सकेगी । यह पाबंदी दो महीने के लिए लगाई गई है ।

## अमृतसर में भी पाबंदी बढ़ी

अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इन्द्र सिंह ने जिला अमृतसर में मोटर साइकलों तथा स्कूटर पर दोहरी सवारी पर पाबंदी दो मास के लिए बढ़ा दी है जो कि 29 जनवरी से लेकर 28 मार्च तक लागू रहेगी । एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पाबंदी से अमृतसर नगर निगम तथा तरनतारन नगर पालिका की सीमाओं के अन्दर प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक छूट होगी जब कि महिला सवारी के स्कूटर और मोटर साइकल के पीछे बैठने पर यह पाबंदी लागू नहीं होगी । इसके अलावा .75 (पौन हार्स पावर की मोपेड पर भी दूसरी सवारी बैठने पर यह पाबंदी लागू नहीं होगी ।

# फगवाड़ा में शिक्षक की हत्या, कालेज जलाया गया

जालन्धर, 28 फरवरी (भनोट): आज लगभग साढ़े सात बजे प्रातः गोराया के निकट अड़की गांव में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह को गोली से उड़ा दिया गया। मास्टर सुखदेव सिंह के पिता का नाम श्री मिलखा सिंह है। बताया जाता है कि तीन आदमी, जिनके सिरों पर केसरिया रंग की पगड़ियां थीं, कम्बल ओढ़ रखे थे, सिर ढांपे हुए थे, स्कूटर पर आए और मास्टर सुखदेव सिंह को गोली मार दी। अभियुक्तों ने कुछ और फायर भी किए। उसके बाद वह स्कूटर पर फरार हो गए। मास्टर सुखदेव सिंह को गम्भीर घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर जालन्धर से पुलिस अधीक्षक कुलवंत सिंह विर्क घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। तीनों हमलावरों में से एक बाहर स्कूटर के निकट खड़ा रहा और दो अन्दर गए। एक ने सुखदेव के साथ हाथ मिलाने के बाद अपने पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस को घटनास्थल से 3 गोलियों के खोल भी मिल गए हैं। श्री सुखदेव सिंह ने दो विवाह किए थे, उसकी प्रथम पत्नी मर चुकी है। बताया जाता है कि मृतक के सबसे छोटे भाई सतनाम सिंह का कथित रूप से उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध था और वह 1984 के एक हत्याकांड में भी संलिप्त बताया जाता है।

फगवाड़ा से 'अशोक कौड़ा' के अनुसार श्री गोपाल दास एस. पी. डिटैक्टिव जालन्धर ने आज यहां स्थानीय पुलिस स्टेशन में बताया कि आज प्रातः गोराया के निकट गांव रुड़की में तीन अज्ञात स्कूटर सवारों द्वारा एक अध्यापक सुखदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना की उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध की सम्भावना नहीं दिखाई देती।

श्री गोपाल दास ने बताया कि तीन अज्ञात स्कूटर सवारों ने श्री सुखदेव सिंह को उस समय गोली मारी जब वह अपने कमरे में स्कूल जाने के लिए तैयार हो रहा था। अभियुक्तों ने पहले दरवाजा खटखटाया और गोली मार कर भाग गए। जिससे प्रतीत होता है कि वह सुखदेव सिंह के जान-पहचान के लगते हैं।

उन्होंने बताया कि सुखदेव सिंह निकटवर्ती गांव तखरां के एक सरकारी स्कूल में अध्यापक था।

एक अन्य सूचना के अनुसार तीनों अभियुक्त पीली पगड़ियां पहने हुए थे। आज प्रातः यहां से 25 किलोमीटर दूर नरूड़ पांछटा के गुरु नानक नवभारत कालेज को कुछ अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इन अज्ञात लोगों ने इससे पहले कालेज की खिड़कियों के शीशे तोड़ डाले और तेल डाल कर रिकार्ड रूम को आग लगा दी जिससे रिकार्ड रूम का सारा रिकार्ड जल गया।

जब पांछटा के लोग सवेरे कालेज गए तो उन्होंने वहां पर 'खालिस्तान' का झंडा भी लगा हुआ देखा। फगवाड़ा पुलिस ने खालिस्तानी झंडा अपने कब्जे में ले लिया है और मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सारे क्षेत्र की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है।

## पता चला गया

गत 26 जनवरी को खन्ना में नंदी कालोनी व अनाज मंडी में जो खालिस्तानी झंडे लहराए गए थे, उस संदर्भ में स्थानीय पुलिस ने उग्रवादियों का पता लगा लिया है। पुलिस को इस गिरोह का पता ग्रंथी जसबीर सिंह से चला जिसको कत्ल केस में गिरफ्तार किया गया है। उसने यतीम खाना अमृतसर में कीर्तन विद्या सीखी। उसके बाद वह गुरुद्वारा कलगीधर खन्ना में कीर्तन करने के लिए नौ सौ रुपए माहवार पर नौकर हो गया। कीर्तन के दौरान उसकी आंख सुरेंद्र कौर नाम की एक औरत से लग गई। सुरेंद्र कौर एक अध्यापक संत सिंह की पत्नी है। वह सुरेंद्र कौर के घर पर आने-जाने लगा। गुरुद्वारा की मैनेजिंग कमेटी को इन दोनों की प्रेम कहानी का पता चल गया। अतः मैनेजिंग कमेटी ने ग्रंथी को नौकरी से हटा दिया। फिर ग्रंथी खन्ना से जाकर अक्तूबर 1984 में भट्ठा साहब गुरुद्वारा में जाकर ग्रंथी बन गया। मगर उसका सुरेंद्र कौर के पास आना-जाना जारी रहा। आखिर सुरेंद्र कौर ने और जसबीर सिंह ने मिल कर मास्टर संत सिंह को चार-पांच फरवरी की मध्य रात्रि को मिट्टी का तेल डाल कर रात को एक बजे जला डाला और प्रातः पुलिस में सूचना दी कि उसने स्वयं आग लगा कर आत्म हत्या कर ली है। मगर पुलिस ने जांच के दौरान पता लगा लिया कि ग्रंथी व सुरेंद्र कौर ने ही उक्त टीचर को जलाया है। अतः पहले पुलिस ने कत्ल के दौरान सुरेंद्र कौर को पकड़ा और बाद में ग्रंथी को पकड़ लिया।

ग्रंथी ने पड़ताल के दौरान रहस्योद्घाटन

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# पंजाब में उग्रवाद....

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया कि खन्ना में 26 जनवरी को खालिस्तानी झंडा भी उसी ने लहराया । गत 25 जनवरी को अमृतसर से दो लड़के कुक्कू व पप्पू आए । उनको लेकर वह खन्ना में गुरमिंदर सिंह के घर गए, जो अकाली दल महिला विभाग की प्रधान का लड़का है । दूसरे दिन 26 जनवरी को उन्होंने मिल कर नंदी कालोनी लेलडी रोड और अनाज मंडी में खालिस्तानी झंडे लहराए । पुलिस ग्रंथी से और पूछताछ कर रही है ।

## पालिका कार्यालय जलाने की कोशिश

**सुनाम** (नागपाल): गत रात्रि 11 बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने नगर पालिका सुनाम के दफ्तर को आग लगाने की कोशिश की । सफाई इंस्पैक्टर के दफ्तर के अन्दर खिड़की से मिट्टी का तेल फैंका गया । उस समय नगर पालिका का चौकीदार वधावा राम सोया हुआ था । मिट्टी का तेल उसके चेहरे पर जा पड़ा, चौकीदार जाग गया और उसने शोर मचा दिया । अभियुक्तों ने बाहर गेट को आग लगा दी और फरार हो गए ।

## काबू

**धूरी** (सिंगला): बुधवार को पुलिस ने एक कथित उग्रवादी सतपाल सिंह को एक व्यक्ति कोगोलीसेउड़ाने की कोशिश में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उससे एक भरी हुई पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए । पुलिस ने उसका रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

## महिला सहित दो गिरफ्तार

**मोगा** (सर्व): फरीदकोट पुलिस ने माई निरंजन कौर, अजमेर सिंह और सुखेत्यार सिंह को उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने पर गिरफ्तार किया है । यह लोग फरीदकोट में गिरफ्तार किए गए, जहां वह एक व्यक्ति मोहन लाल से मिलने गए थे, जो स्टेनगन सहित गिरफ्तार होने के बाद सजा भुगत रहा है ।

## 3 को उम्रकैद

**संगरूर** (यू.): जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरजीत सिंह ने रूड़गढ़ गांव के राजेंद्र सिंह, लछमन सिंह और छन्नावाल गांव के गुरजंत सिंह को रूड़गढ़ के जगदेव सिंह की भूमि विवाद पर हत्या के आरोप में उम्रकैद और एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई ।

## घोषित अपराधी पकड़ा गया

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिला पुलिस ने अफीम एक्ट के अंतर्गत घोषित अपराधी कौरियां गांव के जोगिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

## एक दर्जन हिरासत में

**फिरोजपुर** (धीमान): एस. एस. पी. श्री सीतल दास के अनुसार सीक्रेट सिक्योरिटी ब्यूरो के गार्डों से राइफलें छीनने के आरोप में यद्यपि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन लगभग एक दर्जन व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए हैं । पूछताछ के आधार पर कुछ सुराग मिलने की सम्भावना है ।

## पुस्तक जब्त

यू. न्यू. के अनुसार पंजाब सरकार ने आज 'धर्म रक्षक संत भिंडरांवाला' — नामक आपत्तिजनक पुस्तक की सभी प्रतियां जब्त करने का आदेश दिया है । आज यहां जारी एक सरकारी प्रैस नोट के अनुसार श्री पी. एस. कंवर द्वारा सम्पादित तथा फतेहजीत प्रकाशन कनाट सर्कस, जालन्धर द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में विघटनकारी तत्वों को प्रोत्साहन देने तथा समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों में वैर-द्वेष की भावना पैदा करने बारे 'शब्द' प्रयुक्त किए गए हैं ।

# पंजाब में उग्रवाद....

(पृष्ठ 3 का शेष)

किया कि खन्ना में 26 जनवरी को खालिस्तानी झंडा भी उसी ने लहराया । गत 25 जनवरी को अमृतसर से दो लड़के कक्कू व पप्पू आए । उनको लेकर वह खन्ना में गुरमिंदर सिंह के घर गए, जो अकाली दल महिला विभाग की प्रधान का लड़का है । दूसरे दिन 26 जनवरी को उन्होंने मिल कर नंदी कालोनी लेलडी रोड और अनाज मंडी में खालिस्तानी झंडे लहराए । पुलिस ग्रंथी से और पूछताछ कर रही है ।

## पालिका कार्यालय जलाने की कोशिश

**सनाम** (नागपाल): गत रात्रि ।। बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने नगर पालिका सनाम के दफ्तर को आग लगाने की कोशिश की । सफाई इंस्पैक्टर के दफ्तर के अन्दर खिड़की से मिट्टी का तेल फैंका गया । उस समय नगर पालिका का चौकीदार बधावा राम सोया हुआ था । मिट्टी का तेल उसके चेहरे पर जा पड़ा, चौकीदार जाग गया और उसने शोर मचा दिया । अभियुक्तों ने बाहर गेट को आग लगा दी और फरार हो गए ।

## काबू

**धूरी** (सिंगला): बुधवार को पुलिस ने एक कथित उग्रवादी सतपाल सिंह को एक व्यक्ति को गोली से उड़ाने की कोशिश में गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उससे एक भरी हुई पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए । पुलिस ने उसका रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

Punjabi Sahaani

## महिला सहित दो गिरफ्तार

**मोगा** (सर्व): फरीदकोट पुलिस ने माई निरंजन कौर, अजमेर सिंह और मुखत्यार सिंह को उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने पर गिरफ्तार किया है । यह लोग फरीदकोट में गिरफ्तार किए गए, जहां वह एक व्यक्ति मोहन लाल से मिलने गए थे, जो स्टेनगन सहित गिरफ्तार होने के बाद सजा भुगत रहा है ।

## 3 को उम्रकैद

संगरूर (यू.): जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरजीत सिंह ने रूड़गढ़ गांव के राजेंद्र सिंह, लछमन सिंह और छन्नावाल गांव के गुरजंत सिंह को रूड़गढ़ के जगदेव सिंह की भूमि विवाद पर हत्या के आरोप में उम्रकैद और एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई ।

## घोषित अपराधी पकड़ा गया

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिला पुलिस ने अफीम एक्ट के अंतर्गत घोषित अपराधी कौरियां गांव के जोगिन्दर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

## एक दर्जन हिरासत में

**फिरोजपुर** (धीमान): एस. एस. पी. श्री सीतल दास के अनुसार सीक्रेट सिक्योरिटी ब्यूरो के गार्डों से राइफलें छीनने के आरोप में यद्यपि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन लगभग एक दर्जन व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए हैं । पूछताछ के आधार पर कुछ सुराग मिलने की सम्भावना है ।

## पुस्तक जब्त

यू. न्यू. के अनुसार पंजाब सरकार ने आज 'धर्म रक्षक संत भिंडरांवाला' – नामक आपत्तिजनक पुस्तक की सभी प्रतियां जब्त करने

गांव के ... सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

## एक दर्जन हिरासत में

**फिरोजपुर** (धीमान): एस. एस. पी. श्री सीतल दास के अनुसार सीक्रेट सिक्योरिटी ब्यूरो के गार्डों से राइफलें छीनने के आरोप में यद्यपि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन लगभग एक दर्जन व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए हैं । पूछताछ के आधार पर कुछ सुराग मिलने की सम्भावना है ।

## पुस्तक जब्त

यू. न्यू. के अनुसार पंजाब सरकार ने आज 'धर्म रक्षक संत भिंडरांवाला' नामक आपत्तिजनक पुस्तक की सभी प्रतियां जब्त करने का आदेश दिया है । आज यहां जारी एक सरकारी प्रैस नोट के अनुसार श्री पी. एस. कंवर द्वारा सम्पादित तथा फतेहजीत प्रकाशन कनाट सर्कस, जालन्धर द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में विघटनकारी तत्वों को प्रोत्साहन देने तथा समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों में वैमनस्य की भावना पैदा करने बारे 'शब्द' प्रयुक्त किए गए हैं ।

प्रधानमंत्री के लिए समस्या उठ खड़ी होगी । एक वर्ग ने किसी छोटे प्रांत से प्रधानमंत्री के चयन के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है । छोटे प्रांत के किसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव सिद्धांत रूप में स्वीकार हो जाता है, तो सिंध के श्री मोहम्मद खान जुनेजो या बलूचिस्तान के श्री जफर उल्ला खान जमाली या फिर उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत के कैप्टन गौहर अयूब के प्रधानमंत्री बनने की संभावनाएं होंगी ।

पाकिस्तान के भूतपूर्व रक्षामंत्री अली अहमद तालपुर ने कहा है कि चुनाव में उन्हें पराजित करना एक पूर्व नियोजित षड्यंत्र था । राष्ट्रीय असैम्बली चुनाव में सिंध राज्य के एक मंत्री काजी आबिद से पराजित होने के बाद उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान में उन्हें भुट्टो को फांसी देने वाला 'नारा ममीह' कह कर बदनाम किया गया । उन्होंने कहा कि लोग अच्छी तरह जानते हैं कि असली हत्यारा कौन है । श्री तालपुर ने आज हैदराबाद में कहा कि उन पर यह आरोप लगाने वाले राष्ट्रपति जिया के समर्थक कैसे हो सकते हैं ।

Punjabi Sanatani

# अपहृत टैक्सी बरामद : पिस्तौल की नोक पर स्कूटर व नगदी छीनी

पटियाला, 9 मार्च (भूषण): गांव लाहौरी कलां के निकट गत 4 मार्च को 3 अज्ञात युवकों द्वारा जिस टैक्सी का अपहरण कर लिया गया था, का पता चल गया है । आज यह टैक्सी गांव रत्नहेरी के निकट खन्ना पुलिस ने बरामद कर ली । समझा जाता है कि अभियुक्त यहां टैक्सी छोड़ कर भाग गए । इस सम्बन्ध में अभी तक किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया ।

4 मार्च को 2 सिख तथा एक 'क्लीन शेव' युवकों ने टैक्सी नं. 6066 खमानों अड्डा से किराए पर ली । अभियुक्तों ने टैक्सी के ड्राइवर अवतार सिंह को गांव लाहौरी कलां के निकट धक्का देकर उतार दिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी पर अभी कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार नहीं किया जा सका ।

**स्कूटर छीना**

जालन्धर : आदमपुर निवासी हरमेश लाल से गत शाम दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर तथा दस हजार रुपए नगद छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**जब्री रिटायर्ड**

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा में तीन और पुलिस अधिकारियों को जब्री रिटायर कर दिया गया है । पुलिस प्रमुख श्री आर. एस. गिल के अनुसार इन पुलिस अधिकारियों का सेवा रिकार्ड आपत्तिजनक पाया गया है । उन्होंने बताया कि अब तक जिला में कुल 11 पुलिस अधिकारी जब्री रिटायर किए जा चुके हैं ।

**सुनाम में गिरफ्तारियां**

गत मास फरवरी के दौरान सुनाम पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर मारे गये छापों के दौरान तीन अवैध पिस्तौल, 6 कारतूस, साढ़े 15 किलो अफीम, एक क्विंटल चूरा पोस्त, शराब की चालू भट्ठी और 44 बोतल शराब और पांच सौ नशीली गोलियां बरामद करके लगभग एक दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।



भारत विकास परिषद जालन्धर के तत्वावधान में होली के अवसर पर आयोजित समारोह श्री सुरेश सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । चित्र में (ऊपर) उपस्थिति को सम्बोधित करते हुए श्री सुरेश सेठ तथा (नीचे) उपस्थिति का एक दृश्य ।

## अकालियों से वार्ता का आग्रह

जालन्धर, 9 मार्च (प्र.): इंका नेताओं जगन राम जगदेव सिंह जस्सोवाल, अवतार इंदर सिंह संधू आदि ने आग्रह किया है कि अकाली आंदोलन पुनः छेड़ने की धमकी वापस लेकर केन्द्र के साथ वार्ता प्रारम्भ करें ।

## गिरफ्तार उग्रवादी जांच केन्द्र भेजे गए

होशियारपुर, 9 मार्च (प्र.): यहां पर गिरफ्तार 3 उग्रवादी सर्वजीत सिंह, सतनाम सिंह और परमिंद्र सिंह पर गत वर्ष 17 मार्च को हुए पिपलांवाले हत्या कांड के सम्बन्ध में धारा 302 लगा दी गई है और केस रजिस्ट्रर कर लिया गया



# उग्रवादियों द्वारा चंडीगढ़ में दो प्रमुख नेताओं की हत्या

## भाजपा के महासचिव किशन लाल मनचंदा को उनके घर में गोली मार दी गई

## कार सवार उग्रवादियों ने सैक्टर 16 में छात्र नेता मक्खन सिंह की हत्या कर दी

**चंडीगढ़, 24 मार्च (विद्या सागर, प्रै. यू.): उग्रवादियों ने चंडीगढ़ में अपनी गतिविधियां अकस्मात तेज कर आज रात्रि चंडीगढ़ भाजपा के महासचिव किशन लाल मनचन्दा व एक छात्र नेता मक्खन सिंह की हत्या कर दी ।**

**दो उग्रवादियों ने श्री किशन लाल मनचन्दा की हत्या उनके 19 सैक्टर स्थित उनके घर पर की गई । इस घटना में उनका पुत्र घायल हो गया ।**

कार सवार उग्रवादियों ने सैक्टर 16 में छात्र नेता मक्खन सिंह को गोली मार दी । श्री मनचन्दा के हत्यारे स्कूटर पर आए थे और फायरिंग करके वे स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

पता चला है कि केसरिया पगड़ी पहने दो उग्रवादी श्री किशनलाल मनचन्दा के 19 सैक्टर स्थित घर में आए और अंधाधुंध फायरिंग करने लगे । फायरिंग से श्री मनचंदा की मृत्यु हो गई तथा उनका पत्र घायल हो गया । पुत्र को पी. जी. आई. में भरती कराया गया है . जिसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । श्री मनचन्दा को पिछले कई दिनों से धमकी भरे पत्र भेजे जा रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

आज रात्रि ही कार सवार कुछ उग्रवादियों ने सैक्टर 16 में छात्र नेता मक्खन सिंह को भी गोली मारकर घायल कर दिया। उसे पी. जी. आई. में भर्ती कराया गया , जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया ।

चंडीगढ़ के आई. जी. पुलिस श्री एन. के. सिंघल ने बताया कि दो युवकों ने श्री मनचन्दा के घर का दरवाजा खटखटाया और जैसे ही उनकी पत्नी बाहर निकली, युवकों ने कहा कि वे श्री मनचन्दा से मिलना चाहते हैं । श्री मनचन्दा उस समय टी. वी. पर फिल्म देख रहे थे । जैसे ही श्री मनचन्दा बाहर आए, दोनों युवकों ने बिल्कुल निकट से उनपर फायरिंग की और फरार हो गए । श्री मनचन्दा को पी. जी. आई. ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।

श्री मनचन्दा के घर के दरवाजे पर तनाव बना हुआ था । दंगा स्क्वाड भी घटनास्थल पर पहुंच गया है ।

फायरिंग में श्री मनचन्दा का जो पुत्र घायल हुआ उसकी आयु 11 वर्ष है ।

उग्रवादियों ने श्रीमती मनचन्दा से कहा था कि वे उनके पति से कुछ पुस्तकें लेने आए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार छात्र नेता मक्खनसिंह की हत्या कार में आये उनके विरोधी छात्रों ने कर दी। मक्खन सिंह को भी इमर्जेन्सी में लाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

मक्खन सिंह की लम्बे समय से छात्रों के दूसरे गुट से रंजिश चली आ रही थी । इस गुट के छात्र उन पर गोली चला कर कार में भाग गये ।

### हैडग्रंथियों के पास दूत नहीं भेजा : बूटा सिंह

नई दिल्ली, 24 मार्च (वार्ता): केंद्रीय कृषि मंत्री बूटा सिंह ने आज इस बात का खंडन किया कि उन्होंने अमृतसर में मुख्य ग्रंथी जत्थेदार किरपाल सिंह के पास दूत भेज कर अकाल तख्त के समक्ष पेश होने की इच्छा जाहिर की है ।

श्री बूटा सिंह ने बताया कि अमृतसर से प्रसारित यह खबर झूठी और मनगढ़ंत है । उन्होंने कहा कि उन्होंने मुख्यग्रंथी के पास कोई दूत नहीं भेजा है । उन्होंने कहा कि यह खबर मनगढ़ंत है और इस तरह की खबरें राजनीतिक उद्देश्यों से प्रसारित कराई गई हैं । मैं इस तरह के मामलों पर केवल खेद व्यक्त कर सकता हूं ।

### अंत्येष्टि में वाजपेयी शामिल होंगे

भाजपा के अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने श्री मनचंदा की हत्या की कड़ी निन्दा की और श्री मनचंदा के परिजनों के प्रति महानुभूति व्यक्त की और कहा कि वे कल श्री मनचंदा की अन्त्येष्टि में शामिल होंगे ।

पंजाब विश्वविद्यालय तथा चंडीगढ़ के सभी शिक्षा संस्थान सोमवार को बंद रहेंगे ।

आज रात्रि चंडीगढ़ प्रशासन ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कड़ी निषेधाज्ञा लागू करके शहरी सवारी पर एक माह के लिए चौबीसों घंटे

## श्रीनगर में विस्फोट

श्रीनगर, 24 मार्च (प्रै.): कल रात यहां **फैशनेबल मौलाना आजाद रोड के साथ बडशाह चौक** में एक भीषण विस्फोट हुआ । कोई हताहत **नहीं** हुआ लेकिन कश्मीर मोटर ड्राइवर्स **एसोसिएशन बस स्टैंड के पास स्थित बजरसेन बिल्डिंग** के दरवाजे को आग लग गई जिसे इमारत में **रहने** वाले लोगों ने फायर ब्रिगेड के आने से पूर्व ही **तुरन्त** बुझा दिया ।

बम फैंकने वाले अंधेरे में भाग गए । लोड **शैडिंग** के कारण कल शाम से ही यह क्षेत्र अंधेरे में **डूबा** हुआ था ।

# लापता रूसी राजनयिक को अमरीका में शरण

नई दिल्ली, 24 मार्च (यू): लापता सोवियत राजनयिक इगोर गुएजा विमान द्वारा अमरीका पहुंच गया है और उसे वहां राजनीतिक शरण दे दी गई है । विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज इस बात की पुष्टि की ।

भारत में सोवियत राजदूत ने विदेश सचिव रमेश भंडारी को कल रात बताया कि उक्त राजनयिक ने यहां अमरीका दूतावास में शरण ली थी और अब वह अमरीका चला गया है । ... देश से नाता तोड़ लेने की पुष्टि कल रात ही हो सकी । इसके पूर्व यहां के सोवियत दूतावास ने राजधानी के सभी राजनयिक मिशनों में इस बात की मुस्तैदी से पता लगाने की कोशिश जारी रखी कि श्री गुएजा ने किसी अन्य दूतावास में शरण तो नहीं ले ली है ।

फोन से सम्पर्क किए जाने पर अमरीकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस बारे में कोई टिप्पणी ...

भारतीय अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सोवियत राजनयिक देश से बाहर किस तरह गया । यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह एक काल्पनिक नाम तथा जाली पासपोर्ट के जरिए भारत से बाहर जाने में सफल रहा है ।

इस राजनयिक के लापता होने के चार दिन बाद सोवियत दूतावास के एक अधिकारी की दूतावास के निकट ही हत्या कर दी गई । पुलिस ने कहा है कि ...

... विभाग में तृतीय सचिव थे और 6 वर्ष पूर्व भारत आए थे । शीघ्र ही उनकी नई नियुक्ति होने वाली थी । पश्चिमी राजनयिक सूत्रों का कहना है कि गुएजा दिल्ली से काठमांडू, वहां से बैंकाक व वहां से अमरीका गए । पुलिस अधिकारी का कहना है कि गुएजा के दिल्ली से विमान द्वारा काठमांडू जाने का कोई प्रमाण नहीं है ।

निकल रहे रक्त को रोकने में अभी डाक्टरों ने सफलता प्राप्त की थी कि श्री मनचंदा की कृत्रिम सांस भी बंद हो गई । आज प्रातः लगभग 10.45 बजे पोस्टमार्टम के बाद श्री मनचंदा की लाश उनके परिवार के सदस्यों के हवाले कर दी गई । इस मौका पर चंडीगढ़ हिंद सुरक्षा समिति चंडीगढ़ व स्थानीय कांग्रेस (इ) नेता मौजूद थे ।

जैसे ही श्री मनचंदा के शव को मोर्चरी रूम से बाहर लाकर भाजपा के झंडों और काले झंडों से लदी एक खुली मैटाडोर में रखा गया, चंडीगढ़ प्रशासन मुर्दाबाद और श्री मनचंदा जिंदाबाद के नारों से आकाश गूंज उठा । कारों व स्कूटरों के काफिलों के बीच एक जलूस के रूप में श्री मनचंदा के शव को अंतिम संस्कार करने से पूर्व सैक्टर 19 स्थित उनके निवास-स्थान पर ले जाया गया । उनके अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए भाजपा अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी व महामंत्री श्री कृष्ण लाल शर्मा भी यहां पहुंचे ।

## मक्खन सिंह पर 28 गोलियां

पुलिस सूत्रों के अनुसार छात्र नेता मक्खन सिंह यहां के सैक्टर 16 में स्थित अपने निवास स्थान पर रात लगभग 8.35 बजे अपने तीन मित्रों के साथ बातचीत में व्यस्त थे कि हत्यारों ने स्टेनगन से उन पर 28 गोलियां चलाईं । यह हत्यारे जिनकी संख्या 4 बताई जाती है, सफेद रंग की फिएट कार में बैठ कर आए । कार पर फ्लैग रॉड भी लगी हुई थी जिससे ज़ाहिर है कि हत्या में इस्तेमाल की गई कार किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति की थी ।

हत्यारों ने कार में बैठते समय भी कई हवाई फायर किए ताकि कोई उनका पीछा करने का साहस न कर सके । अंधेरा होने के कारण कोई भी हत्यारों की कार का नम्बर न पढ़ सका । आज प्रातः मक्खन सिंह के शव का पोस्टमार्टम करने से पूर्व उनके शरीर का कई कोणों से एक्सरे लिया गया ताकि पोस्टमार्टम के समय उनके शरीर से गोलियां आसानी से निकाली जा सकें । मक्खन सिंह एक केस में पेश होने के लिए गत शनिवार को करनाल से यहां आए थे ।

पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ यूनिटों के प्रमुख भाजपा नेताओं की आज चंडीगढ़ में एक बैठक हुई जिसमें श्री मनचंदा की हत्या की कड़ी निंदा की गई और उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की गई । श्री मनचंदा पार्टी के एक निष्ठावान वर्कर थे और एमरजैंसी के दौरान 19 मास कैद रहे थे ।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पंजाब व चंडीगढ़ में कानून-व्यवस्था के बारे में सरकार के दावे थोथे सिद्ध हुए हैं । भाजपा ने अकाली नेताओं से भी अपील की कि वे आतंकवादियों की निंदा करें । बैठक में [illegible] सूरजभान भूतपूर्व सांसद, हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता डाक्टर मंगल सैन, हरियाणा भाजपा के महामंत्री रामफल कौशिक, रामकिशन शर्मा, पंजाब भाजपा के महामंत्री हितअभिलाषी, पंजाब के भूतपूर्व मंत्री बलरामजी दास टंडन, कृष्ण लाल सैनी, यज्ञ दत्त शर्मा, देसराज टंडन महामंत्री चंडीगढ़ भाजपा भी शामिल थे । यह सभी नेता श्री मनचंदा के निवास-स्थान पर गए और उनके परिवार के साथ गहरी संवेदना प्रकट की ।

## अदालतों का बहिष्कार

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन ने आज भाजपा नेता श्री मनचंदा की हत्या पर रोष व्यक्त करने के लिए अदालतों का बहिष्कार किया तथा एक दिन की हड़ताल की ।

## प्रशासन को धमकी

पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र परिषद के प्रधान श्री राजेंद्र दीपक ने चंडीगढ़ प्रशासन को धमकी दी है कि यदि मक्खन सिंह के हत्यारों को इस सप्ताह के अंदर गिरफ्तार न किया गया तो छात्र आंदोलन शुरू कर देंगे । आज यहां जारी एक ब्यान में उन्होंने कहा कि श्री मक्खन सिंह की हत्या के विरोध में परिषद की ओर से 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाने वाला आल इंडिया यूथ फैस्टीवल उत्सव-85 भी रद्द कर दिया गया है ।

चंडीगढ़ में सुरक्षा बलों ने वाहनों की छानबीन और गश्त तेज़ कर दी है । स्थिति पर विचार के लिए आज प्रातः चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें सेना, बी.एस.एफ. और सी.आर.पी. के प्रतिनिधि शामिल हुए । सेना ने सभी क्षेत्रों में फिर गश्त शुरू कर दी है । चंडीगढ़ पुलिस भी सड़कों पर गश्त कर रही है ।

## हत्यारों को फांसी दो

शव यात्रा में शामिल कुछ उत्तेजित लोगों ने कई दुकानों पर भी पथराव किया लेकिन इस पथराव से कहीं भी कोई विशेष हानि नहीं हुई । यहां के सैक्टर 23 में जब जलूस में शामिल लोग एक ही समुदाय के लोगों पर पथराव करने का प्रयास कर रहे थे तो पुलिस के हस्तक्षेप करने पर मामला भड़क गया । भाजपा नेताओं ने तुरन्त स्थिति को सम्भाल लिया । इस दौरान चंडीगढ़ पुलिस का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया । लोग हत्यारों को फांसी दो, अभियुक्तों को शीघ्र पकड़ो, चंडीगढ़ पुलिस मुर्दाबाद, गवर्नर अर्जुन मुर्दाबाद आदि के नारे लगा रहे थे ।

## सेना द्वारा फ्लैग मार्च

जलूस के दौरान किसी हिंसक घटना को रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस के साथ सी.आर.पी.एफ. व हरियाणा पुलिस के जवान भी शामिल थे । इस दौरान शहर के अन्य क्षेत्रों में सेना के जवान फ्लैग मार्च करते रहे ।

भाजपा नेता बार-बार माइक पर लोगों को शांत रहने की अपील करते रहे परन्तु रोष में आए नौजवानों पर इन अपीलों का कोई प्रभाव न हुआ । नौजवानों के रोष को देखते हुए पुलिस के जवानों ने कई जगह पथराव होने पर भी किसी को [illegible] करने से नहीं रोका ।

पुलिस ने एक भाजपा वर्कर मदन लाल आहूजा को लोगों के मध्य भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया परन्तु बाद में उसे भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप पर छोड़ दिया गया । श्री मनचंदा की अन्त्येष्टि में हज़ारों लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## हिमाचल में चौकसी

शिमला : हिमाचल पुलिस ने चंडीगढ़ में हाल में हुई हिंसक घटनाओं को देखते हुए पंजाब से जुड़े सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी है । एक सरकारी प्रवक्ता ने आज बताया कि जिला अधिकारियों को सचेत करके राज्य में उग्रवादियों के घुसने पर रोक लगाने के लिए सीमा पर पुलिस चौकियों को मज़बूत कर दिया गया है । प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं और समाज-विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।

## राज्यसभा में

आज राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री लाल कृष्ण अडवानी ने अकालियों तथा अन्य राजनीतिक व गैर-राजनीतिक लोगों सहित सिख समुदाय से अपील की कि वे आतंकवादी गतिविधियों की खुले तौर पर निंदा करें ।

कल चंडीगढ़ में भाजपा नेता श्री मनचंदा की हत्या का मामला विशेष उल्लेख द्वारा उठाते हुए श्री अडवानी ने कहा कि समय आ गया है कि सिख समुदाय खुले तौर पर अपने आपको पृथकतावादियों और आतंकवादियों की गतिविधियों से असम्बद्ध करे ।

श्री अडवानी ने कहा कि गत 1½ वर्ष के दौरान पंजाब में हुई हत्याओं की एक विशेष बात यह है कि जब भी कभी अकालियों और सरकार के मध्य बातचीत का प्रयास होता है तो आतंकवादी अपनी

Punjabi Sanatani

# अमृतसर में बम विस्फोट से एक घायल

अमृतसर, 27 मार्च (प्रे.): आज रात यहां पुतली घर क्षेत्र में हुए एक हथगोले के विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

हथगोला इस क्षेत्र के एक राजनीतिक नेता संतोष कुमार के घर पर अज्ञात उग्रवादियों द्वारा फैंका गया था ।

यू.न्यू. के अनुसार, पुलिस ने कहा कि बम पुतली घर क्षेत्र में महंगा सिंह नगर की गली नम्बर 3 में फटा जिससे राजकुमार नामक व्यक्ति सख्त घायल हो गया । एस.एस.पी. बचीसिंह भारी पुलिस दल को लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उन्होंने जांच शुरू कर दी है । बम किस प्रकार का था और बम फैंकने की घटना में कितने व्यक्ति संलिप्त थे, यह पता नहीं है ।

पुलिस का कहना है कि राजकुमार (20) का आज दिन में एक फैक्टरी, जिसमें वह काम करता है, के मालिक से झगड़ा हो गया था । पुलिस इस बात की जांच भी कर रही है कि यह बम फैक्टरी मालिक ने फैंका या किसी अन्य व्यक्ति ने फैंका । बम उस समय फैंका गया जब राज कुमार गली में खड़ा था उसकी हालत अस्पताल में गम्भीर बताई जाती है ।

## हमलावर नामजद

पुलिस का कहना है कि राजकुमार ने भाग कर बचने व घर में घुसने की कोशिश की लेकिन दो लोगों ने उसका पीछा किया और उस पर बम फैंका । पुलिस का कहना है कि हमलावर नामजद कर लिए गए हैं लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । सारे क्षेत्र को पुलिस ने घेर लिया है और हमलावरों की खोज जारी है ।

'अ.स.' के अनुसार राज कुमार की छाती और कंधों पर गहरे घाव आए हैं ।

Punjabi Sangrahi

गठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की उपसमिति के पंजाब आगमन की तिथि आज या कल में निर्धारित कर दी जाएगी ।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति एक बार पंजाब की लम्बी यात्रा करने के बजाय पंजाब के विभिन्न वर्गों से मेल मुलाकात करने के लिए कई बार पंजाब की यात्रा करेगी ।

पिछले कुछ दिनों में उग्रवादियों की गतिविधियों में वृद्धि के सम्बन्ध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री नरसिम्हाराव ने कहा कि जब भी पंजाब समस्या के समाधान के लिए कोई कदम उठाया जाता है तो वातावरण को बिगाड़ने के लिए इस प्रकार की हिंसक घटनाएं कर दी जाती हैं । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं के बावजूद केंद्र सरकार पंजाब समस्या के समाधान के प्रयासों को नहीं छोड़ेगी ।

श्री राव भी इस उपसमिति के सदस्य हैं । उन्होंने कहा कि यह तीन सदस्यीय उपसमिति अगले माह में पंजाब का दौरा शुरू करेगी । उन्होंने कहा कि यह समिति विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगी ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या यह समिति अपनी पंजाब यात्रा के दौरान अकाली नेताओं से विचार-विमर्श करेगी तो उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में अभी कुछ नहीं कह सकता ।

### उग्रवादियों की भारी घुसपैठ नहीं

रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार को पाकिस्तान से भारत में उग्रवादियों के बड़े पैमाने पर घुसपैठ की कोई सूचना नहीं मिली है । वैसे सरकार को इस प्रकार के कुछ मामलों की सूचनाएं अवश्य मिली हैं ।

श्री राव आज सीमा क्षेत्र के दौरे से वापस दिल्ली लौटते हुए पश्चिमी क्षेत्र के इस स्थान पर जवानों को सम्बोधित कर रहे थे ।

## ...आएंगे

जालंधर, 28 मार्च (भनोट): पंजाब के राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह तीस मार्च को प्रातः जालंधर आ रहे हैं । वह यहां न तो किसी अधिकारी से मिलेंगे और न किसी पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे बल्कि सिर्फ आकाशवाणी और टी.वी. से अपने संदेश की रिकार्डिंग करवा कर वापस चले जाएंगे ।

गृहमंत्री ने बताया कि भारत-बंगला देश सीमा पर बाड़ लगाने के काम पर कुल 529 करोड़ रूपये की लागत आयेगी । लेकिन यह काम कब तक पूरा होगा, यह बंगला देश के रवैये पर निर्भर करता है ।

**पदक** : पर्यटन तथा नागर विमानन राज्यमंत्री अशोक गहलोत ने बताया कि एयर इंडिया अपने उन कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रही है, जो एशियाई खेलों के दौरान मिले पदक

# अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग : 1 घायल

**अमृतसर, 28 मार्च (प्रै.): आज रात यहां सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक दुकानदार रामेश्वर दास को दो अज्ञात व्यक्तियों ने, जो सम्भवतः उग्रवादी थे, गोली मार कर सख्त घायल कर दिया ।**

उसे नाजुक हालत में गुरुतेग बहादुर अस्पताल में ले जाया गया । उसके शरीर के बाएं हिस्से में गोली लगी है ।

पुलिस का कहना है कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने जो साइकल पर सवार थे, उस पर निकट से उस समय गोली चलाई जब वह कोर्ट रोड पर अपनी दुकान बंद करके अपने घर को जा रहा था ।

यह घटना सर्कट हाऊस के पास हुई । पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह आतंकवादी घटना है या लूटने की घटना, क्योंकि घायल दुकानदार का कैश बैग भी गुम है । घायल दुकानदार, जो 55 वर्ष का है, अस्पताल में बेहोश है । उसके पेट से गोली निकालने के लिए आप्रेशन किया जाना है ।

हमलावर घटना के बाद फरार हो गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

### सीमा क्षेत्र में प्रतिबन्ध बढ़ा

'प्रै.ट्र.' के अनुसार भारत-पाक सीमा के 500 मीटर क्षेत्र में हर प्रकार की गतिविधियों पर सायं 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबन्ध की अवधि भी 27 मई तक बढ़ा दी गई है ताकि कोई अवांछनीय तत्व शांति और सीमा सुरक्षा के लिए खतरा न बन सके ।

### हथियार बरामद

**फतेहगढ़ चूड़ियां (स.)** : पुलिस और सुरक्षा बलों ने छापा मार कर एक विदेशी कारबाइन और 198 गोलियां, तीन मैगजीन कब्जे में ले लिए । इस सिलसिले में सरदार टैंट हाऊस के मालिक रवेल सिंह को, जो कोटला गोजरां गांव का है, हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

# केंद्रीय उपसमिति ने हरियाणा से अभी कुछ नहीं पूछा है : भजन

चंडीगढ़, 28 मार्च (यू.): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल ने आज विधानसभा में प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पंजाब के सम्बन्ध में केंद्र द्वारा गठित मंत्रिमंडलीय समिति ने अभी तक नदी जल व क्षेत्रीय विवाद के बारे में हरियाणा सरकार से उसकी राय नहीं पूछी है ।

भाजपा के डा. मंगल सेन के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक उक्त मामलों में उपसमिति को अपनी कोई राय नहीं दी है ।

### धान पर बोनस नहीं

खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री कल्याण सिंह ने श्री बलबीर सिंह ग्रेवाल (दमकिपा) को बताया कि राज्य सरकार ने धान की वसूली में इस फसल पर किसानों को कोई बोनस नहीं दिया है ।

# जालंधर में तोप के दो गोले मिले

जालंधर, 28 मार्च (भनोट): पता चला है कि आज तीसरे पहर पी.ए.पी. लाईन्स के पास बाईपास ओवर ब्रिज के पास कम से कम 15-15 किलो वजनी तोप 2 के गोले मिले। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई और सैनिक अधिकारियों को सूचना दी गई । सैनिक विशेषज्ञ इन गोलों को उठाकर ले गए ।

इन गोलों को सबसे पहले पी.ए.पी. क्वार्टर में रहने वाली महिलाओं व बच्चों ने देखा ।

यू.न्यू. के अनुसार पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ये गोले हानि रहित हैं क्योंकि ये केवल तोप से ही चलाए जा सकते हैं ।

# भिंडरां समर्थक नारे लगाने वाले सरकारी एजेंट

उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वह अपनी पार्टी द्वारा आतंकवादियों के मामले की जांच करा इच्छुक है जबकि कांग्रेस सरकार केवल लोगों के वोट प्राप्त करने के लिये हिन्दू और सिखों में फूट डालने के समर्थन प्राप्त है । अकाली नेता ने सभी अकाली नेताओं से तथा कार्यकर्ताओं से यह अपील भी की कि

# मंडी कालांवाली में उग्रवादियों द्वारा 2 निरंकारियों की हत्या

## रेडियो की दुकान में ग्राहक बन कर आए : पंजाब की ओर फरार

## मृतक एक हत्याकांड में गवाह थे

सिरसा, 31 मार्च (दिवाकर): उग्रवादी पंजाब के बाद अब हरियाणा में भी सक्रिय हो गए हैं जबकि उन्होंने यहां से 40 किलोमीटर दूर मंडी कालांवाली में जो पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित है, दो निरंकारियों की गोलियों से हत्या कर दी और पंजाब के क्षेत्र में फरार होने में सफल हो गए ।

समाचारों के अनुसार यह घटना कल शाम 6½ बजे हुई जबकि डाकघर के निकट रेडियो की दुकान पर काम कर रहे 35 वर्षीय जसवंत सिंह और उसके भतीजे नरेन्द्र उर्फ लड्डू की हत्या कर दी गई । उग्रवादी गांव तख्त मल की ओर पंजाब में भाग निकले ।

ज्ञात हुआ है कि दो उग्रवादी, जिनमें से एक पुलिस की वर्दी में था और दूसरा सफेद कमीज व कच्छा पहने हुए था, जसवंत सिंह की दुकान पर ग्राहक बन कर आये और उन्होंने रेडियो व दूसरे सामान की कीमतें पूछनी शुरू कर दीं । बातों-बातों में उन्होंने पुष्टि कर ली कि दुकान पर मौजूद दोनों व्यक्ति जसवंत सिंह और उसका भतीजा नरेन्द्र उर्फ लड्डू हैं अत: इन दोनों उग्रवादियों ने जसवंत सिंह व नरेन्द्र को गोलियों से छलनी कर दिया । यह भी ज्ञात हुआ है कि उनका तीसरा साथी डाकघर के पास चौड़ी गली में बगैर नम्बर के बुलेट मोटर साइकल को लिए खड़ा रहा तथा समय बिताने के लिए मोटर साइकल को बहाना बना कर ठीक करने लगा ताकि आने-जाने वाले लोगों को मालूम हो कि मोटर साइकल खराब हो गया है । जब उग्रवादी अपना काम पूरा करके वहां पहुंचे तो फिर तीनों मोटर साइकल पर सवार होकर फरार हो गए । जिन लोगों ने उनका पीछा किया उन्हें डराने के लिए उग्रवादियों ने हवाई फायर किए ।

ज्ञात हुआ है कि 20 महीने पहले शाम के समय कालांवाली में निरंकारी अवतार सिंह की जो हत्या की गई थी, उसमें जसवंत सिंह व नरेन्द्र उर्फ लड्डू गवाह थे । जसवंत सिंह अवतार सिंह का भाई तथा लड्डू उसका लड़का है । सूचना मिलने पर सिरसा से उच्च पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए । आज डी.आई.जी. ने भी मौका का निरीक्षण किया ।

कहा जाता है कि उस वारदात की सूचना के लिए जब लोगों ने पुलिस को फोन किया तो एक्सचेंज वालों ने 10 मिनट तक फोन ही न मिलाया ।

# रानी झांसी रेजीमैंट की सदस्याओं को पैंशन

नई दिल्ली, 31 मार्च (वार्ता): सरकार ने झांसी की रानी रेजीमैंट की भूतपूर्व आजाद हिन्द फौज की जीवित महिला सदस्याओं को सम्मान पैंशन देने का फैसला किया है । पैंशन एक अगस्त, 1980 से लागू मानी जाएगी । सरकार के इस फैसले की जानकारी गृहमंत्रालय की वर्ष 1984-85 की रिपोर्ट में दी गई है । आजाद हिन्द फौज की इन महिला सदस्याओं को पहले पैंशन नहीं दी जाती थी

# महाराजा रणजीत सिंह कोहेनूर हीरा जगन्नाथ पुरी मंदिर में चढ़ाना चाहते थे

नई दिल्ली, 31 मार्च (वा.): पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जून 1839 में निर्देश दिया था कि उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए मशहूर हीरा कोहेनूर जगन्नाथपुरी के मंदिर में चढ़ा दिया जाए ।

श्री रणजीत सिंह के दरबारियों ने उनसे ऐसा न करने को कहा क्योंकि कोहेनूर की कीमत पूरे भारत के राजस्व से ज्यादा थी । रणजीत सिंह इससे प्रसन्न नहीं थे और अंतत: 27 जून 1839 को उनका निधन हो गया ।

श्री सुरेन्द्र सिंह जौहर ने अपनी पुस्तक 'द सेक्यूलर महाराजा द बायोग्राफी आफ महाराजा रणजीत सिंह' में कहा है कि महाराजा कोहेनूर को बहुत चाहते थे और उसे खास मौकों पर पहनते थे । उन्होंने इसे अपने पौत्र नौनिहाल सिंह की शादी में पहना था ।

श्री जौहर ने अपनी पुस्तक में ऐसी कई घटनाओं का जिक्र किया है जिससे उनके धर्मनिरपेक्ष होने का प्रमाण मिलता है, श्री रणजीत सिंह ने एक बार कुरान की हस्तलिखित प्रति दस हजार रुपए में खरीदी और उसे फकीर अजीजुद्दीन को दे दिया । अजीजुद्दीन ने कुरान के अंश पढ़ कर रणजीत सिंह को सुनाए तो उन्होंने कहा कि "यह सब तो गुरुग्रंथ साहब में भी है, दोनों में फर्क क्या है ?"

रणजीत सिंह ने अपनी पहली दो पत्नियों के जिंदा रहते जब एक मुस्लिम नर्तकी से शादी की तो 'पंज प्यारों' ने उन्हें दंड दिया । महाराज ने यह दंड सहर्ष स्वीकार किया ।

Punjabi Sanatani

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# अमृतसर में भाजपा नेता को गोली मारी गई

**अमृतसर, 2 अप्रैल (प्रै.): आज रात्रि पुतली घर क्षेत्र में दो उग्रवादियों ने भाजपा नेता ओम प्रकाश सहगल को गोली मार कर उनकी हत्या करने का प्रयास किया ।**

श्री सहगल को गर्दन में दो गोलियां लगीं । उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

श्री सहगल रात्रि 8.20 बजे अपनी कैमिस्ट शाप में बैठे थे जब उग्रवादी वहां आये और गोली चलाकर स्कूटर पर बैठ कर रानी का बाग की ओर फरार हो गये ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार एक रास्ता चलते व्यक्ति ने एक उग्रवादी को पकड़ने का प्रयास किया पर वह निकल भागा । गत वर्ष सैनिक कार्रवाई से पूर्व श्री सहगल के पुत्र की सिविल लाइन्स में हत्या करने का प्रयास किया गया था । गत एक सप्ताह में अमृतसर में यह उग्रवाद की तीसरी घटना है ।

श्री ओम प्रकाश सहगल पर गोली चलाने की जिम्मेदारी 'बब्बर खालसा' नामक उग्रवादी संगठन ने अपने ऊपर ली । संगठन के एक कथित प्रवक्ता सुखदेव सिंह बब्बर ने टैलीफोन पर प्रै.ट्र. को बताया कि श्री सहगल उनकी हिटलिस्ट में हैं । इसी संगठन ने 24 मार्च को चंडीगढ़ में भाजपा नेता के.एल. मनचन्दा की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली थी । यू.न्यू. के अनुसार उग्रवादियों को संदेह था कि गत वर्ष फरवरी में रेलवे स्टेशन पर स्वर्ण मंदिर के एक माडल को क्षतिग्रस्त किये जाने के पीछे उनका हाथ था । यू.न्यू. के अनुसार श्री सहगल पर रिवाल्वर से चार गोलियां चलाई गईं व उनकी हालत गम्भीर है । पुलिस ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी है और क्षेत्र के कुछ लोगों के घरों की तलाशी ली गई है जिनमें प्रतिबंधित आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन से सम्बद्ध कुछ लोगों के घर भी शामिल हैं ।

वि.प्र. के अनुसार एक उग्रवादी स्कूटर पर सवार रहा जबकि दो अन्य दुकान में गये । एक ने दुकान मालिक श्री सहगल पर पिस्तौल से तीन गोलियां चलाईं । एक गोली उनकी गर्दन में लगी जबकि दूसरी बाँह में लगी और तीसरी गोली उनके नौकर की लात के पास से निकल गई । इसी मध्य श्री सहगल ने बिजली बंद कर दी जिस पर हमलावर बाहर खड़े स्कूटर पर बैठ कर रेलवे स्टेशन की ओर फरार हो गये । उल्लेखनीय है कि घटनास्थल से 20 गज दूरी पर सी.आर.पी. की एक टुकड़ी थी जो गोलियों की आवाज सुन कर वहां से हट गई । बताया जाता है कि इस टुकड़ी में पंजाब पुलिस के कुछ सिपाही भी थे परन्तु घटनास्थल पर कोई न गया ।

Punjabi Sahapathi

and years
ous cooling

# ग्रंथी से दो हथगोले मिले

फिरोजपुर, 2 अप्रैल (बागी): जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सीतल दास ने आज कहा कि पुलिस ने गांव आरिफ के मल्लांवाला के गुरुद्वारा में अचानक छापा मार कर भगवान सिंह को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से एच.ई. 36 किस्म के 2 हथगोले मिले । यह ग्रंथी हाल ही में गांव महदीपुर थाना खेमकरण जिला अमृतसर से आया था ।

श्री दास ने बताया कि ग्रंथी के बताने पर पुलिस ने एक पिस्तौल बरामद किया । उन्होंने बताया कि पुलिस ने गत पखवाड़े के दौरान मारे गए छापों में 15 पिस्तौल बरामद किए तथा 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें 2 पाकिस्तानी नागरिक और एक स्त्री शामिल है ।

**चंडीगढ़ (वि. प्र.)** : गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा सैक्टर 26 की प्रबन्धक कमेटी ने भाई कृष्ण सिंह ग्रंथी को गुरु ग्रंथ साहब का अपमान करने और गुरुद्वारों के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया है और भाई अमरीक सिंह को नया ग्रंथी नियुक्त कर दिया है ।

'संधी' के अनुसार गत रात यहां के सैक्टर 22 में स्थित एक पैट्रोल पम्प से एक कार में सवार तीन नवयुवक कैश क्लर्क का बैग छीनकर चम्पत हो गए । कार पर नम्बर प्लेट नहीं थी । पैट्रोल पम्प पर काफी लोगों के होने के बावजूद किसी ने भी इन नवयुवकों का सामना करने का साहस नहीं किया । कैश बैग में लगभग 1200 रुपए थे । इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए लेकिन रात भर की गश्त के बावजूद पुलिस कार का पता लगाने में असफल रही ।

## हैंडग्रेनेड फैंकने वाला बंदी

अमृतसर (प्रै.): गत रविवार को एक धार्मिक जलूस पर हैंडग्रेनेड, जो फट नहीं सका था, फैंकने के आरोप में एक व्यक्ति निरंजन सिंह को गिरफ्तार किया गया है । जिला पुलिस चीफ ने बताया कि उससे एक हैंडग्रेनेड भी मिला है । अपना दोष स्वीकार करते हुए निरंजन सिंह ने बताया कि उसे एक कुख्यात उग्रवादी ने यह काम 'सौंपा' था ।

## मछुआरों पर फायरिंग

रामेश्वरम, 2 अप्रैल (प्रै.): आज धनुषकोटि के पास श्रीलंका की नौसेना ने भारतीय मछुआरों की एक नौका पर फायरिंग की जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया ।


■ पंजाब केसरी
■ हिन्द समाचार
और
■ जगबाणी
के

वैशाखी संस्करण

13 अप्रैल शनिवार को प्रकाशित हो रहे हैं ।

विज्ञापनदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने विज्ञापन आज ही भेज दें ताकि उपयुक्त स्थान पर प्रकाशित किए जा सकें ।

-सैक्रेटरी


## सरकार ने लालाजी की हत्या की जांच की मांग न मानी—लौंगोवाल

जालन्धर, 2 अप्रैल (प्रै.): अकाली दल (लौंगोवाल) के अध्यक्ष हरचंद सिंह लौंगोवाल ने आज यहां कहा कि अकाली दल ने हिन्द समाचार पत्र समूह के संस्थापक सम्पादक लाला जगत नारायण जी से लेकर बाद तक हुई सभी हत्याओं की जांच की मांग की थी परन्तु सरकार इसके लिए तैयार न हुई । यदि इस प्रकार की जांच हो तो शासक दल पर आरोप साबित हो जाएंगे ।

Punjabi Sanatani

# जालन्धर में थानेदार की हत्या, कपूरथला में लूटपाट

**जालन्धर, 8 अप्रैल (विशेष प्रतिनिधि से) : पंजाब पुलिस के असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर श्री जगदीश राय कंडा की आज रात उग्रवादियों ने इंडस्ट्रियल एरिया के शिवनगर में गोली मार कर हत्या कर दी । जब उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया तो डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।**

पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया है । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री बी.एस. बेदी और एस.पी. आप्रेशन मौके पर गए । श्री कंडा 53 वर्ष के थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री जगदीश राय रात को लगभग सवा नौ बजे पुलिस कंट्रोल रूम में अपनी रात की ड्यूटी पर जाने के लिए मोटर साइकिल पर निकले । घर से थोड़ी ही दूर 2 या 3 अज्ञात मोटर साइकिल सवार उग्रवादियों ने उन पर निकट से गोली चलाई । एक गोली उनके गले में लगी, जो जानलेवा साबित हुई । उग्रवादी फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज करके शहर की नाकेबंदी कर दी है । मृतक अपने पीछे विधवा, अविवाहित लड़का और लड़की तथा एक विवाहित लड़की छोड़ गए हैं । वह पुलिस डिवीजन नम्बर 3 में तैनात थे, लेकिन अस्थायी रूप से उनकी ड्यूटी पुलिस कंट्रोल रूम में लगी हुई थी ।


**जज के बाडी गार्ड से हाथापाई**

चंडीगढ़ में आज पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के एक जज एस.एस. पंछी के बाडी गार्ड से दो पिस्तौलधारी उग्रवादियों ने हाथापाई की । एस.एस.पी. आर.के. नियोगी ने बताया कि दो युवक श्री पंछी के आवास पर पहुंचे और कहा कि वे किसी केस के सिलसिले में उनसे मिलने आये हैं । जब बाडी गार्ड उनसे पूछने आया तो उन्होंने उससे हाथापाई की और जब बाडी गार्ड ने अपनी पिस्तौल निकाली तो वे दोनों मोटर साइकिल पर फरार हो गये । बाडी गार्ड ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी ।

**बैसाखी के बाद हिंसा और भड़केगी**

नई दिल्ली में हमारे एक विशेष प्रतिनिधि के अनुसार बैसाखी के तुरन्त बाद पंजाब में एकदम से हिंसक घटनाएं बढ़ने की आशंका है । गुप्तचर विभाग को रिपोर्ट मिली है कि केन्द्र सरकार के साथ किसी भी तरह की बातचीत के प्रयासों में बाधा डालने के लिए उग्रवादी पुनः सक्रिय हो रहे हैं। लौंगोवाल के

(शेष पृष्ठ 6 पर)



सोमवार की रात्रि को जालन्धर के इंडस्ट्रीयल एरिया में उग्रवादियों की फायरिंग में मारे गए ए.एस. आई. जगदीश राय कण्डा का शव । (छाया : कपूर)

## ...तिक स्वार्थों के
## कृपाल सिंह

उन्होंने दावा किया कि हजूर साहब के जत्थेदार जोगेन्द्र सिंह मानी 10 दिन पहले उन्हें मिले थे और कहा था कि वह हैडग्रन्थियों के राष्ट्रपति जैल सिंह को बरी करने के निर्णय से सहमत हैं ।

जत्थेदार कृपाल सिंह ने कहा कि जत्थेदार हरचरण सिंह महालों के बैसाखी के बाद यहां आने की सम्भावना है तथा वह इस प्रश्न पर विचार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## पाक में 3 विपक्षी नेता रिहा

इस्लामाबाद, 8 अप्रैल (ए.पी.): पाकिस्तान के तीन प्रमुख विपक्षी नेताओं को आज रिहा कर दिया गया । सरकार ने आज यह घोषणा की । रिहा किए गए नेताओं में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष मुस्तफा जैतोई,इसी पार्टी के पंजाब प्रांत के सचिव राव अब्दुल रशीद और सिंध यूनिटी बोर्ड के अध्यक्ष महमूद उल हक उस्मानी हैं । लेकिन यहां विपक्षी सूत्रों ने कहा कि अभी सैंकड़ों राजनीतिक कार्यकर्त्ता जेल में हैं ।

थे ।

पुलिस ने युवकों के नाम हरमिन्दर और चरणजीत सिंह बताये हैं । ये दोनों यहां के गुरुद्वारे में ठहरे हुए थे और जाते समय राज्य बिजली विभाग के सुपरिटैंडिंग इंजीनियर की कार लेकर चम्पत हो गये । इंजीनियर गुरुद्वारे में मत्था टेकने गये थे । दोनों युवकों को जम्मू लाया गया है ।

इसी दौरान सतवाड़ी के पास पिछली रात को दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

'वार्ता' के अनुसार दूसरे गिरफ्तार युवक का नाम कर्म सिंह है ।

दोनों युवक परस्पर विरोधी बयान दे रहे हैं । चरण जीत सिंह का कहना है कि वह एक अफसर का लड़का है वह और हरमिंदर सिंह पठानकोट में आए । वहां उन्हें हरजिन्दर सिंह मिला । तीनों गुरुद्वारा नानक नगर में रहे । 4-5 अप्रैल को वे जम्मू में रहे और 6 अप्रैल को सैर करने के लिए बहबाग पहुंच गए । वहां उन्हें एक सरदार जी मिले । उन्होंने अपनी कार उन्हें देकर कहा कि वे उसे माधोपुर ले जाएं और कि वह उन्हें वहीं मिलेंगे । इस काम के लिए वह उन्हें 700 रुपये देंगे ।

दोनों युवक डिफैंस कालोनी जालन्धर के रहने वाले बताए जाते हैं ।

**हत्या**

गमामंडी (शर्मा) : यहां से आठ किलो मीटर दूर गांव गियाना में बंसीलाल नामक एक व्यक्ति द्वारा अपने 80 वर्षीय सगे भाई हंसराज की हत्या किए जाने की सूचना मिली है ।

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (यू.): अकाली दल के अध्यक्ष हरचंद सिंह लौंगोवाल 21 अप्रैल को दिल्ली जाएंगे ।

## हमारे केस वापिस लो : हिन्दू युवकों द्वारा प्रदर्शन

पानीपत 8 अप्रैल (अ श.): गत दिवस यहां श्री भीम सेन बतरा के नेतृत्व में हिन्दू नवयुवकों ने जलूस निकाला व एस.डी.एम. की कोर्ट के आगे धरना दिया । उनकी मांग थी कि सरकार ने निर्दोष लोगों पर झूठे मुकद्दमें बना कर उन्हें फंसा दिया है, व हर माह अदालतों के चक्कर कटवा रही है । इन सभी हिन्दू युवकों के ऊपर बनाए गए मुकद्दमें वापिस लिए जाएं व पंजाब में बंद हिन्दू नेताओं को रिहा किया जाए ।

## सेठिया का रिमांड बढ़ा

नई दिल्ली 8 अप्रैल (प्रै.): चीफ मैट्रोपालिटन मैजिस्ट्रेट ने करोड़ों पौंड के फ्राड के केस में गिरफ्तार व्यापारी राजेन्द्र सिंह सेठिया और अमरजीत सिंह का न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दिया ।

## युवक को गोली मार दी

जम्मू, 8 अप्रैल (स.): कल रात सतवाड़ी जम्मू छावनी में प्राण दत्त उर्फ फंड नामक नौजवान को गोली मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस इस सम्बन्ध में दो व्यक्तियों की तलाश कर रही है । बताया जाता है कि यह हत्या पुरानी शत्रुता का परिणाम है ।

# होशियारपुर के सिनेमा में बम फैंका गया

चंडीगढ़, 10 अप्रैल (वि.प्र.,प्रै.): पंजाब सरकार ने राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेय शस्त्र ले जाने पर प्रतिबंध के सम्बन्ध में जारी अपना पूर्वादेश वापस ले लिया है । आज यहां यह सरकारी तौर पर बताया गया ।

**अशांत क्षेत्र**

चंडीगढ़ (वि.प्र.): राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने सभी तथ्यों और परिस्थितियों के दृष्टिगत और सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद पंजाब राज्य को और 3 मास के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है । इस संबंध में राष्ट्रपति के नाम से जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार चूंकि पंजाब में अब भी खतरनाक हालात हैं, इसलिए हालात पर नियंत्रण पाने के लिए नागरिक अधिकारियों की सहायतार्थ सशस्त्र बलों का प्रयोग किया जा सकेगा ।

**सिनेमा में बम फैंका गया**

होशियारपुर (प्रै.): आज दोपहर यहां मुख्य बस स्टैंड के निकट एक सिनेमा हाल में देसी बम फैंका गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार किसी शरारती ने यह बम गैलरी में से फैंका, जो फट गया लेकिन कोई क्षति न पहुंची, क्योंकि फिल्म देखने वाले प्रातः के फिल्म शो की समाप्ति के पश्चात् हाल से लगभग जा चुके थे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया हथगोले के ऊपर अखबार लपेट कर बारीक धागा लपेटा गया था । हथगोले में गंधक अधिक और पोटाश कम थी और इसीलिये केवल धमाका ही हुआ । स्वर्ण सिनेमा के एक गेट कीपर के अनुसार उसने बम विस्फोट के बाद पीली पगड़ीधारी एक युवक को वहां से भागते हुये देखा ।

**5 उग्रवादी बंदी**

रामपुराफूल (ज): डी. एस. पी. गुरचरण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मार कर यहां से थोड़ी दूर स्थित गांव गुमटी से पांच भगौड़े उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इन उग्रवादियों पर टी.पी.टी. मालवा कालेज को आग लगाने, महिराज के स्कूल को आग लगाने और भाई रूपा के एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल करने का आरोप है । जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गिल ने बताया कि अभियुक्तों से अन्य रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

संगरूर (गर्ग): पुलिस ने हाकम सिंह, दर्शन सिंह तथा राजबीर सिंह नामक तीन कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनसे 12 बोर के दो पिस्तौल, एक 315 बोर का पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद हुए । एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह बैंस ने बताया कि इन आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है ।

**देस-परदेस पर रोक की मांग**

नई दिल्ली (वार्ता): लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने ब्रिटिश अधिकारियों से पंजाबी साप्ताहिक 'देश-परदेस' के विरुद्ध समुचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है ।

**अकाली नेताओं की हत्या की धमकी**

इस साप्ताहिक ने अपने एक मार्च के अंक में 'सर्वेंट आफ पंथ सिख कमांडो दस्ते' नामक संगठन का एक पत्र छापा है । इस पत्र में उन सभी अकाली नेताओं के परिवारों का सफाया करने की धमकी दी गई है जो सरकार के साथ पंजाब के मसले पर किसी भी तरह का समझौता करेंगे ।

विदेश राज्य मंत्री खुर्शीद आलम खान ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि राष्ट्र मंडल कार्यालय का ध्यान भी इस पत्र की ओर खींचा गया है, जिसमें हत्या करने के इरादे की घोषणा की गई है । उन्होंने बताया कि यह साप्ताहिक तथा उसका सम्पादक अपने उग्रवादी विचारों के लिए अच्छी तरह से जाने जाते हैं ।

**5 गिरफ्तार**

फरीदकोट (जिन्दल): एस. एस. पी. श्री सुदर्शन लेखी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि निहाल सिंह थाने की पुलिस ने गांव मिड्ढे के शमशेर सिंह को गिरफ्तार किया है, उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, चार कारतूस बरामद हुये हैं ।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव नीलो के हत्याकांड के संबंध में भी 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, उन्होंने कई वारदातों में अपना हाथ होने की स्वीकारोक्ति की । मलोट पुलिस ने एक दुकानदार की हत्या करने और दुकान लूटने के आरोप में दो व्यक्तियों जयपाल सिंह और धन सिंह को गिरफ्तार किया है । उनसे दो तेजधार शस्त्र भी बरामद हुये

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## के लिए नामों का
## रकार द्वारा रद्द

हाई कोर्ट का बैंच 23 जजों (चीफ जस्टिस, 19 स्थायी जज व 3 अतिरिक्त जज) का है और इस समय 6 स्थान रिक्त हैं ।

केंद्रीय कानून राज्य मंत्री श्री एच. आर. भारद्वाज के अनुसार पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस श्री पी. सी. जैन को शीघ्र ही तबदील करके किसी दूसरे राज्य में चीफ जस्टिस नियुक्त किया जाएगा । कार्यवाहक चीफ जस्टिस गत सप्ताह नई दिल्ली में थे । समझा जाता है कि उन्होंने अपनी पसंद की हाइकोर्ट की जानकारी केंद्रीय कानून मंत्री श्री अशोक सेन को दी है, जहां चीफ जस्टिस नियुक्त होना चाहते हैं ।

## के स्वागत
## मा, झड़पें

खेद है ।"

लोकसभा ने एक स्वर से इंदिरा गांधी के हत्यारों का 'हीरो जैसा स्वागत' किये जाने की निंदा की ।

आज झड़पों के दौरान कुछ सदस्यों द्वारा प्रयुक्त शब्द अध्यक्ष ने कार्रवाई से काट दिये ।

## हिमाचल में हिमपात

शिमला, 10 अप्रैल (यू.): यहां प्राप्त अधिकृत सूचनाओं के अनुसार सम्पूर्ण लाहौल घाटी में भारी हिमपात हुआ । केलांग में 35 सैंटीमीटर बर्फ गिरी ।

# इंदिरा के हत्यारों के परिवारों को सरोपे देना दुर्भाग्यपूर्ण : वाजपेयी

# होशियारपुर में एक और बम विस्फोट

होशियारपुर, 11 अप्रैल (प्र.): गत रात्रि यहा 9.15 बजे के लगभग कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एक डाकघर के उत्तरी भाग के बरामदे में एक देसी बम फैंका जिस से काफी जोरदार धमाका हुआ लेकिन कोई हानि नहीं हुई ।

होशियारपुर में कल तीसरे पहर स्वर्ण थियेटर में भी एक बम फैंका गया था ।

बताया जाता है कि कल रात घटना के समय वहां पांच सिपाही एक मेज के गिर्द बैठे खाना खा रहे थे । उन्होंने बाहर का बड़ा दरवाजा बंद कर रखा था । साथ में लोक निर्माण विभाग (बी.एंड आर.) के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर का दफ्तर है । उसका बड़ा दरवाजा खुला था । ख्याल है कि अभियुक्तों ने वहां से दाखिल होकर बम फैंका । वहां के चौकीदार ने बताया कि जब धमाका हुआ वह दफ्तर में था । उसे बाहर कोई व्यक्ति दिखाई नहीं दिया और न ही किसी वाहन की आवाज सुनाई दी । हो सकता है कि हमलावरों ने वाहन कहीं दूर खड़ा कर रखा हो । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई । इन धमाकों से शहर में आतंक है ।

अश्विनी की सूचना के अनुसार इस सम्बन्ध में आगे पता चला है कि डाकखाने के बरामदे में फटने वाला बम भी उसी किस्म का था, जैसा कि कल दोपहर को स्वर्ण सिनेमा में फैंका गया । स्वर्ण सिनेमा में फैंके गए बम की तरह इस बम में भी पोटाश और कांच के टुकड़े थे । यह देसी बम कागज में लिपटा हुआ था और इसके ऊपर धागा लिपटा हुआ था । पुलिस का विचार है कि दोनों बम फैंकने वाला एक ही व्यक्ति है ।

**जालंधर (भनोट)** : जालंधर के मुहल्ला शिवनगर में ए.एस.आई. जगदीश राय कंडा की हत्या की जांच के संबंध में पुलिस अब तक 60-70 व्यक्तियों से पूछताछ कर चुकी है और अभी और व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है ।

जिन व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, उनमें जालंधर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों के अतिरिक्त जिला जालंधर के कुछ गांवों के व्यक्ति भी शामिल हैं । डेढ़ दर्जन व्यक्ति अभी भी पुलिस की हिरासत में हैं ताकि उनसे अधिक जोरदार पूछताछ की जा सके, शेष व्यक्तियों को छोड़ दिया गया है । जांच स्वयं एस. पी. डिटैक्टिव श्री गोपाल दास और डी. एस. पी. डिटैक्टिव स. बहाल सिंह के नेतृत्व में की जा रही है ।

जालंधर नगर के लगभग सभी थानों की पुलिस ने स्वयं ही कई व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जांच की है और अभी पुलिस की कई पार्टियां और व्यक्तियों की तलाश में हैं जबकि पुलिस विभिन्न थ्यूरियों पर कार्य कर रही है, इसमें निजी शत्रुता की थ्यूरी भी शामिल है । लेकिन अब तक की जांच के अनुसार अधिक सम्भावना यही है कि श्री कंडा की उग्रवादियोंने हत्या की है । पुलिस के क्षेत्रों के अनुसार जांच का घेरा तंग होता जा रहा है और हत्यारे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे ।

## केसरी पगड़ीधारियों का हमला

**जालंधर (स.):** कल रात लगभग डेढ़ बजे थाना गोराया अतंर्गत गांव रुड़का कलां में एक व्यक्ति प्रीतम सिंह के मकान में दाखिल होकर दो केसरी पगड़ीधारियों ने लूटने की कोशिश की । उन्होंने प्रीतम सिंह और उनकी पत्नी से धन और जेवर की मांग की और उनके न देने पर प्रीतम सिंह की गर्दन पर पिस्तौल से गोली चला दी जिससे वह सख्त घायल हो गया । गोली की आवाज तथा प्रीतम सिंह की पत्नी की चीख-पुकार सुन कर पड़ौसी आ गए । इस पर दोनों अभियुक्त फरार हो गए । प्रीतम सिंह को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी दशा गम्भीर बताई जाती है । बताया जाता है कि प्रीतम सिंह कई वर्ष इंगलैंड में रह कर हाल ही में लौटा था ।

हमलावरों का शायद ख्याल था कि उसके पास काफी धन और सोना होगा । प्रीतम सिंह के रिश्तेदार अब भी इंगलैंड में रहते हैं । बताया जाता है कि अभियुक्तों ने रात प्रीतम सिंह के घर का दरवाजा यह कह कर खुलवाया था कि उससे उन्होंने कुछ जरूरी बात करनी है । दरवाजा खुलते ही उन्होंने पति-पत्नी को दबोच लिया ।

## चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर (प्र.): आज तड़के अजनाला रोड पर सिविल लाइंस पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार कथित हथियार तस्कर गिरफ्तार कर लिए गए । जिला पुलिस चीफ श्री बुआ सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भिक जांच से यह सिद्ध हो गया है कि इन तस्करों के पंजाब के उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध हैं । पुलिस को उनसे एक सैल्फ लोडिंग राइफल, 12 बोर की एक बंदूक, एक रिवाल्वर और एक पिस्तौल मिला । गिरफ्तार व्यक्तियों में हेमा सिंह, सुखबीर सिंह, तनबीर सिंह भी शामिल हैं ।

# मत्तेवाल में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग, 2 मरे

अमृतसर, 12 अप्रैल (अशोक सोनी) : आज रात्रि यहां से 19 किलोमीटर दूर मेहता रोड स्थित ग्राम मत्तेवाल में आज सायं 7.30 बजे कुछ उग्रवादियों के मुख्य बाजार में अंधाधुंध फायरिंग की जिससे 2 व्यक्ति मारे गये व 12 घायल हो गये जिनमें से 8 की हालत गंभीर है ।

बताया जाता है कि बाजार के दोनों तरफ से आधा दर्जन उग्रवादियों ने हिन्दू दुकानदारों पर सायं 7.30 बजे अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फायरिंग से वहां उपस्थित एक व्यक्ति मारा गया ।

एक दर्जन घायलों को अमृतसर के अस्पताल में लाया गया है, जहां 45 वर्षीय जगदीश मित्र की भी मृत्यु हो गई ।

जिन घायलों की हालत गम्भीर है उनमें संजीव कुमार (20), रामकिशन अग्रवाल (50 किरयाना विक्रेता) सुभाष चन्द्र (27), हीरालाल (19), उसके पिता दीवान चन्द (50), वेद प्रकाश (45) शामिल हैं ।

घायलों में से संजीव कुमार की टांगों में, रामकिशन अग्रवाल की छाती में, सुभाष चन्द्र की दोनों टांगों के बीच कमर की निचली हड्डी में, दीवान चन्द की छाती में, वेदप्रकाश के दाएं कंधे में गोलियां लगी हैं ।

घटनास्थल पर मरने वाले का नाम जगदीश चन्द्र अग्रवाल है । उग्रवादी चेहरों पर कपड़े लपेटे हुए थे । निकटवर्ती जिलों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है ।

यू. न्यू. के अनुसार उग्रवादियों ने एक समुदाय के लोगों के घरों पर भी फायरिंग की ।

प्रै. ट्र. के अनुसार लौंगोवाल की रिहाई के उपरांत पिछले एक पखवाड़े में इस जिले में उग्रवाद की यह तीसरी घटना है ।

### लुधियाना में बम फटा

लुधियाना से जोशी के अनुसार आज रात्रि लगभग पौने आठ बजे चौक कोठी ख्वाजा में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने डा. हरबंस लाल बागला के क्लीनिक पर एक बम फैंका, जिसके फटने से दुकान के शीशे और ट्यूबों आदि को क्षति पहुंची । किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस डिवीजन नं. 3 के इंचार्ज अमरीक सिंह ढिल्लों ने मौके पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी । अभियुक्त फरार हो गये ।

### उग्रवादी बन्दी

कपूरथला (पू., शर्मा) : आज प्रातः स्थानीय अनाज मंडी के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के पश्चात पुलिस ने अवतार सिंह नामक एक कथित उग्रवादी को गिरफ्तार किया है । उसके दो साथी फरार हो गये ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री एस. एस. काहलों ने पत्रकारों को बताया कि अवतार सिंह अपने दो साथियों सहित स्कूटर पर सवार होकर सुलतानपुर लोधी से आ रहा था, तो गश्त कर रही पुलिस ने उन्हें रुकने को कहा । उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं तो अपनी रक्षा के लिये पुलिस ने भी बदले में गोली चलाई और उनमें से एक को दबोच लिया । पुलिस ने उससे चोरी का एक स्कूटर बरामद किया है । अवतार सिंह ने स्वीकार किया है कि उसने अपने साथियों के साथ मिल कर डडविंडी गांव में गोली चला कर डा. कर्णी सिंह व उसके अवयस्क बेटे को घायल किया था । इसके अतिरिक्त उसने जिला जालंधर के दारेवाल गांव में हुये गोली कांड में भी अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है । अवतार सिंह ने माना है कि उसने गत वर्ष मई में भवानीपुर गांव के पास बाल कृष्ण को घायल कर उससे स्कूटर छीना था । इसके अलावा भी उसने जिला कपूरथला व जालंधर में एक दर्जन गोली कांडों व लूटपाट की घटनाओं में 'अपना हाथ' होना स्वीकार किया है । श्री काहलों ने बताया कि अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस-पार्टियां फिरोजपुर व अमृतसर की ओर भेज दी गई हैं ।

अवतार सिंह के दो साथियों में से एक जिला अमृतसर तथा दूसरा जिला फिरोजपुर का रहने वाला है । सैनिक कार्रवाई से पूर्व इन अभियुक्तों ने सुलतानपुर लोधी के एक धर्म स्थान में शरण ली

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# लाला जी से लेकर अब तक की हत्याओं की जांच हो : शांता

नाहन, 12 अप्रैल (सैनी): हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने मांग की है कि उपद्रवों की जांच लाला जगत नारायण जी की हत्या से लेकर कृष्ण लाल मनचंदा की हत्याओं तक कराई जानी चाहिए । पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों की जांच कराने की केंद्रीय सरकार की घोषणा का स्वागत किया लेकिन कहा कि आतंकवादियों द्वारा की गई निर्दोष लोगों की हत्याओं की भी जांच इसमें शामिल होनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी की हत्या से पहले पंजाब में निर्दोष लोगों की हत्याएं पूर्व निर्धारित थीं जबकि श्रीमती गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगे शरारती तत्वों की अचानक कार्रवाई थी । उन्होंने कहा कि अकालियों को सारे देश का हित देखना चाहिए तथा बातचीत की मेज पर आना चाहिए । संत लौंगोवाल को ऐसे भाषण नहीं देने चाहिएं जिससे देश में तनाव बढ़े ।

Punjabi Sanatani

# मत्तेवाल में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग, 2 मरे

अमृतसर, 12 अप्रैल (अशोक सोनी) : आज रात्रि यहां से 19 किलोमीटर दूर मेहता रोड स्थित ग्राम मत्तेवाल में आज सायं 7.30 बजे कुछ उग्रवादियों के मुख्य बाजार में अंधाधुंध फायरिंग की जिससे 2 व्यक्ति मारे गये व 12 घायल हो गये जिनमें से 8 की हालत गंभीर है ।

बताया जाता है कि बाजार के दोनों तरफ से आधा दर्जन उग्रवादियों ने हिन्दू दुकानदारों पर सायं 7.30 बजे अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फायरिंग से वहां उपस्थित एक व्यक्ति मारा गया ।

एक दर्जन घायलों को अमृतसर के अस्पताल में लाया गया है, जहां 45 वर्षीय जगदीश मित्र की भी मृत्यु हो गई ।

जिन घायलों की हालत गम्भीर है उनमें मंजीव कुमार (20), रामकिशन अग्रवाल (50 किरयाना विक्रेता) सुभाष चन्द्र (27), हीरालाल (19), उसके पिता दीवान चन्द (50), वेद प्रकाश (45) शामिल हैं ।

घायलों में से संजीव कुमार की टांगों में, रामकिशन अग्रवाल की छाती में, सुभाष चन्द्र की दोनों टांगों के बीच कमर की निचली हड्डी में, दीवान चन्द की छाती में, वेदप्रकाश के दाएं कंधे में गोलियां लगी हैं ।

घटनास्थल पर मरने वाले का नाम जगदीश चन्द्र अग्रवाल है । उग्रवादी चेहरों पर कपड़े लपेटे हुए थे । निकटवर्ती जिलों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है ।

यू. न्यू. के अनुसार उग्रवादियों ने एक समुदाय के लोगों के घरों पर भी फायरिंग की ।

प्रै. ट्र. के अनुसार लौंगोवाल की रिहाई के उपरांत पिछले एक पखवाड़े में इस जिले में उग्रवाद की यह तीसरी घटना है ।

## लुधियाना में बम फटा

लुधियाना से जोशी के अनुसार आज रात्रि लगभग पौने आठ बजे चौक कोठी ख्वाजा में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने डा. हरबंस लाल बागला के क्लीनिक पर एक बम फैंका, जिसके फटने से दुकान के शीशे और ट्यूबों आदि को क्षति पहुंची । किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस डिवीजन नं. 3 के इंचार्ज अमरीक सिंह ढिल्लों ने मौके पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी । अभियुक्त फरार हो गये ।

## उग्रवादी बन्दी

कपूरथला (यू., शर्मा) : आज प्रातः स्थानीय अनाज मंडी के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ के पश्चात पुलिस ने अवतार सिंह नामक एक कथित उग्रवादी को गिरफ्तार किया है । उसके दो साथी फरार हो गये ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री एस. एस. काहलों ने पत्रकारों को बताया कि अवतार सिंह अपने दो साथियों सहित स्कूटर पर सवार होकर सुलतानपुर लोधी से आ रहा था, तो गश्त कर रही पुलिस ने उन्हें रुकने को कहा । उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं तो अपनी रक्षा के लिये पुलिस ने भी बदले में गोली चलाई और उनमें से एक को दबोच लिया । पुलिस ने उससे चोरी का एक स्कूटर बरामद किया है । अवतार सिंह ने स्वीकार किया है कि उसने अपने साथियों के साथ मिल कर डडविंडी गांव में गोली चला कर डा. कर्णी सिंह व उसके अवयस्क बेटे को घायल किया था । इसके अतिरिक्त उसने जिला जालंधर के दारेवाल गांव में हुये गोली कांड में भी अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है । अवतार सिंह ने माना है कि उसने गत वर्ष मई में भवानीपुर गांव के पास बाल कृष्ण को घायल कर उससे स्कूटर छीना था । इसके अलावा भी उसने जिला कपूरथला व जालंधर में एक दर्जन गोली कांडों व लूटपाट की घटनाओं में 'अपना हाथ' होना स्वीकार किया है । श्री काहलों ने बताया कि अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस-पार्टियां फिरोजपुर व अमृतसर की ओर भेज दी गई हैं ।

अवतार सिंह के दो साथियों में से एक जिला अमृतसर तथा दूसरा जिला फिरोजपुर का रहने वाला है । सैनिक कार्रवाई से पूर्व इन अभियुक्तों ने सुलतानपुर लोधी के एक धर्म स्थान में शरण ली

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# लाला जी से लेकर अब तक की हत्याओं की जांच हो : शांता

नाहन, 12 अप्रैल (मैनी): हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार ने मांग की है कि उपद्रवों की जांच लाला जगत नारायण जी की हत्या से लेकर कृष्ण लाल मनचंदा की हत्याओं तक कराई जानी चाहिए । पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों की जांच कराने की केंद्रीय सरकार की घोषणा का स्वागत किया लेकिन कहा कि आतंकवादियों द्वारा की गई निर्दोष लोगों की हत्याओं की भी जांच इसमें शामिल होनी चाहिए ।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी की हत्या से पहले पंजाब में निर्दोष लोगों की हत्याएं पूर्व निर्धारित थीं जबकि श्रीमती गांधी की हत्या के बाद भड़के दंगे शरारती तत्वों की अचानक कार्रवाई थी । उन्होंने कहा कि अकालियों को सारे देश का हित देखना चाहिए तथा बातचीत की मेज पर आना चाहिए । संत लौंगोवाल को ऐसे भाषण नहीं देने चाहिएं जिससे देश में तनाव बढ़े ।

(पृष्ठ 3 का शेष)

थी ।

## 8 रिवाल्वर बरामद

अमृतसर (भा): जिला पुलिस ने छापे मार क भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र स्मगलरों से पकड़े हैं बटाला से आए दो व्यक्ति रछपाल सिंह संध हरबंस लाल से 8 रिवाल्वर बरामद किये गये हैं थाना घरेंडा में छापे मार कर एक एस. एल. आर बरामद की गई जो विदेश में निर्मित है ।

कल रात यहां सैंट्रल जेल में एक 50 वर्षीय विचाराधीन कैदी की हृदयगति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गई ।

## बम की अफवाह

हिसार: 'नांदवाल' के अनुसार एक स्थानीय सिनेमा घर के अधिकारियों ने कल टैलीफोन पर मिली एक सूचना कि सिनेमा हाल के अंदर बम रखा गया है, के अंतर्गत अपने सारे शो रद्द कर दिए । इस सूचना बारे पुलिस को अवगत कराया गया । पूरी तरह छानबीन किए जाने के बाद यह धमकी अफवाह मात्र निकली ।

## टैक्सी छीनी गई

चंडीगढ़ (संघी) : आज दोपहर लगभग 12 बजे के करीब निकटवर्ती गांव अटावा के पास चार नवयुवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक प्राईवेट टैक्सी एच.आर.ई. 9692 को छीन लिया । सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर ली और लगभग आध घंटे के बाद चंडीगढ़-मटौर रोड से टैक्सी बरामद कर ली । पुलिस टैक्सी छीनने वाले युवकों की तलाश कर रही है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार जीवन बीमा निगम पिंजौर के विकास अधिकारी श्री बिधी चन्द ने चंडीगढ़ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 2 अज्ञात व्यक्ति स्थानीय फुटबाल स्टेडियम के पास से उस के बैग में पड़े लगभग 29,063 रुपए लेकर फरार हो गए है ।

## शस्त्रों पर रोक बढ़ी

जालन्धर (प्रै.ट्र.) के अनुसार यहां जारी एक सरकारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री के. के. भटनागर ने धारा 144 के अन्तर्गत जिले में आग्नेय शस्त्र लेकर चलने और उनके प्रदर्शन पर लगे प्रतिबंध की अवधि 30 अप्रैल, 1985 तक बढ़ा दी है ।

कठुआ में 'हि.स.' के अनुसार जम्मू-कश्मीर पुलिस को पंजाब, हिमाचल तथा पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमाओं पर चौकस रहने के आदेश जारी किये गये हैं । उक्त आदेश राज्य सरकार ने पंजाब की स्थिति के दृष्टिगत जारी किये हैं । पुलिस को इस सम्बन्ध में सख्त आदेश दिये गये हैं कि कोई भी समाज विरोध तत्व दूसरे राज्यों से या पाकिस्तान की सीमा जम्मू-कश्मीर में शामिल नहीं हो सके ।

Punjab Bhawan



जिला अमृतसर के गांव मत्तेवाल में वैशाखी की पूर्व रात्रि पर अज्ञात उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि लगभग एक दर्जन व्यक्ति घायल हो गए। चित्र ( 1 ) जगदीश मित्तर जिसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, ( 2 ) राम किशन अग्रवाल जो अमृतसर अस्पताल में दम तोड़ गया तथा ( 3 ) चौबीस-पच्चीस वर्षीय युवक सुभाष, जिसकी अस्पताल में मृत्यु हुई, ( 4 ) मृत्यु से कुछ घण्टे पूर्व सुभाष द्वारा अपने परिवार के साथ खिंचवाया गया एक चित्र, ( 5 ) सुभाष के माता-पिता तथा परिवार के सदस्य अस्पताल में विलाप करते हुए, ( 6 ) घायल वेद प्रकाश, ( 7 ) घायल हीरा लाल, ( 8 ) घायल संजीव कुमार। ये तीनों घायल अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन हैं तथा ( 9 ) गोली कांड में मारे जाने वालों की मां-बहनें तथा परिवार के अन्य सदस्य विलाप करते हुए।

(वि.:अशोक सोनी, छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Sanatani

दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 14 अप्रैल, 1985 (10)

## उग्रवादी फायरिंग से 3 मरे

(पृष्ठ 3 से आगे)

ढंग से युवकों ने मंच पर, जहां गुरुग्रंथ साहिब भी रखे थे, कब्जा किया, उस पर नापसंदगी भी प्रकट की ।

श्री लालपुरा ने अपने भाषण में कहा कि जब तक आनंदपुर प्रस्ताव को आधार नहीं बनाया जाता सरकार से कोई वार्ता नहीं हो सकती ।

## संधू द्वारा लौंगोवाल की आलोचना

आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के नजरबंद महासचिव हरमिन्दर सिंह संधू ने अकाली दल के प्रधान संत हरचंद सिंह लौंगोवाल से कहा है कि वह उनकी सभाओं में भिडरां समर्थक नारे लगाने वाले युवकों के प्रति अपना रवैया बदलें । जोधपुर जेल से कथित रूप से उनके द्वारा लिखे गये पत्र में श्री संधू ने संत द्वारा इन युवकों को 'सरकारी एजैंट' करार दिये जाने पर आपत्ति की है । इस पत्र की फोटो स्टैट प्रतियां बांटी जा रही हैं । पत्र में दावा किया गया है कि उनके पास भिडरांवाला का एक आखिरी खत है जिस में फैडरेशन को कार्य करने के लिये 'दिशा-निर्देश' दिये गये हैं ।

समारोह स्थल पर इंटरनैशनल बब्बर खालसा द्वारा जारी एक पुस्तिका 'वंगार' (चुनौती) की प्रतियां भी बांटी गईं । इसमें अकाली नेताओं का नाम लिये बिना सिख युवकों से कहा गया है कि वे अकाली नेताओं को सीधे रास्ते पर लाने के लिये संगठित हों । यदि ये नेता खालसा की स्वतंत्रता में बाधा डालते हैं तो उन्हें एक तरफ कर दिया जाए । पुस्तिका में राष्ट्रपति को पंथ से खारिज करने की मांग की गई है ।

## सुनाम में धमाका

**सुनाम (नाग):** गत रात्रि 11.15 बजे यहां जसवंत सिनेमा के हाल में धमाका हुआ, जिससे दर्शकों में भगदड़ मच गई और वे बाहर आ गये । पता चला है कि सिनेमा में किसी ने पटाखा चलाया । पुलिस 3-4 युवकों से इस सिलसिले में पूछताछ कर रही है ।

## फगवाड़ा में आपत्तिजनक पोस्टर

**फगवाड़ा (खो.):** आज प्रातः यहां दीवारों पर आपत्तिजनक और उत्तेजक पोस्टर लगे पाए गए । ये पंजाबी में थे और नीचे जरनैल सिंह भिडरांवाला का नाम दर्ज था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

## डाक्टर पर फायरिंग

**जालंधर (भनोट):** पता चला है कि कल रात लगभग 9.15 बजे जालंधर छावनी के डाक्टर मदन लाल शर्मा निकटवर्ती गांव परागपुर की ओर जा रहे थे कि दो स्कूटर सवारों ने उन पर गोलियां चलाईं जिससे कार के शीशे टूट गए लेकिन डा. शर्मा बच गए ।

थाना सदर पुलिस ने धारा 307 (हत्या का प्रयत्न) शस्त्रास्त्र कानून की धारा 25 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

लुधियाना से वार्ता के अनुसार जिला पुलिस ने पांच उग्रवादियों के गिरोह का पता लगाने का दावा किया है । इस गिरोह का इस माह हुए लम्मा डकैती कांड में हाथ था । जिला पुलिस प्रमुख डी.आर. भट्टी ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि गिरोह के तीन सदस्यों को संगरूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । गिरोह ने एक ईंट-भट्ठे के मालिक से पिस्तौल के बल पर 9500 रुपये छीन लिये थे । इस बीच श्री भट्टी ने कुछ समाचार पत्रों में छपी इस खबर को गलत बताया कि यहां एक डाक्टर के क्लीनिक पर कल रात को बम फैंका गया था । उन्होंने कहा कि विस्फोट क्लीनिक में ट्यूब लाइट फटने से हुआ था ।






Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों ने घायल डाक्टर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं

अमृतसर, 16 अप्रैल (वि.प्र.): गत शुक्रवार की रात मत्तेवाल के मुख्य बाजार के हिंदू दुकानदारों के लिए कहर की रात थी जबकि निरीह दुकानदारों पर पांच उग्रवादियों ने निर्ममतापूर्वक गोलियां बरसाईं ।

इस घटना के घायलों से मिले विवरणों के अनुसार घटना की रात ठीक साढ़े 7 बजे के दो 22-24 वर्षीय केशधारी नौजवान चुने हुए हिंदू दुकानदारों की दुकानों पर गोलियां चलाते जा रहे थे और सिख दुकानदारों को छोड़ते जा रहे थे (इस घटना के दौरान कुछ हिंदू दुकानदारों को भी छोड़ दिया गया) । इस तरह वे 5 हिंदू दुकानदारों पर गोलियां बरसा कर निकल गए । उनमें से 2 दुकानदारों के लड़के भी घायल हुए । यह काम 8-9 मिनट में ही खत्म हो गया ।

और इसके बाद घटना का दूसरा चरण शुरू हुआ, जिसमें तीन अन्य उग्रवादियों ने विपरीत दिशा में गोलियां मारने का काम शुरू किया और वे घायलों पर पुनः गोलियां बरसाते हुए निकल गए । बताया जाता है कि यह तीन उग्रवादी जब श्री जगदीश मित्र की दुकान पर पहुंचे तो श्री जगदीश मित्र घायलावस्था में तड़प रहे थे और उनका लड़का संजीव कुमार उन्हें सम्भालने की कोशिश में लगा था । इन तीन उग्रवादियों ने जब संजीव से यह पूछा कि आपके यहां क्या हाल है तो संजीव ने यह समझ कर कि वे गांव के ही लोग हैं और उससे सहानुभूति के तौर पर कुशलक्षेम जानने आए हैं, कह दिया कि हमारा हाल तो कुछ ठीक है, आप आगे जाकर पता करें, आगे हालत ज्यादा खराब है । इस पर उग्रवादियों ने पिस्तौल निकाल कर कहा—इनकी हालत अभी ठीक है । पहले इनकी हालत ही बिगाड़ो और यह कहते हुए उन्होंने घायल जगदीश मित्र की ओर ताबड़तोड़ फायर किए जिससे जगदीश मित्र की वहीं मृत्यु हो गई । पिता को बचाने की कोशिश में संजीव भी घायल हुआ जबकि एक गोली उसकी टांग में भी जा लगी । इसके बाद यह तीनों उग्रवादी पहले से गोलियों से घायल लोगों पर गोलियां बरसाते हुए निकल गए ।

इन घायलों का आरोप है कि यह पांचों उग्रवादी उनके गांव के न थे, लेकिन छठा व्यक्ति, जोकि इन पांचों को लुक-छिप कर निर्देश दे रहा था, वह उन्हीं के गांव का था ।

इन घायलों ने यह भी आरोप लगाया है कि न तो सरकार की ओर से उनका हाल-चाल ही पूछने आया है और न ही मृतकों के परिजनों व घायलों को कोई आर्थिक सहायता देने की ही सरकार ने कोई घोषणा की है ।

# शरब
# कुछ कम

Punjabi Sanatani

# होशियारपुर के सिनेमा में बम : बटाला में स्कूटर सवारों की लूट

होशियारपुर, 17 अप्रैल (तरमेम, कपूर): फ्रैंड्स सिनेमा में उस समय सनसनी फैल गई जब दो सिख युवक यहां पर एक बम रख कर भागने में सफल हो गए । यह घटना लगभग 12 बजे घटी जब दो युवक सिनेमाघर में आए । उन्होंने टिकट लिये और गैलरी में चले गए । एक युवक तो गैलरी में जाकर बैठ गया और दूसरा इधर-उधर घूमता रहा । थोड़ी देर के बाद दोनों युवकों ने वहां बम रख दिया और वहां से भाग खड़े हुए । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर बम को काबू में ले लिया है और उग्रवादियों को पकड़ने के लिए प्रयत्नशील है । यह बम फट नहीं सका ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र शेखर ने बताया कि स्थानीय फ्रैंड्ज थियेटर में कागज में लपेट कर गैलरी से कुछ शरारती तत्वों ने जो पटाखा फैंका था वह जांच के लिये विशेषज्ञों के हवाले कर दिया गया है । श्री चंद्र शेखर स्वयं घटना के 5 मिनट बाद ही थियेटर में पहुंच गये । उन्होंने पटाखा कब्जा में ले लिया था ।

एस. एस. पी. ने बताया कि इस संबंध में नगर पुलिस स्टेशन में विस्फोटक कानून के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि नगर में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिये गये हैं ।

## स्कूटर व नकदी छीनी

**बटाला (कोछड़, चौधरी):** गत दिवस यहां उग्रवादियों ने दो स्कूटर छीन लिए तथा एक दुकान को लूटने की कोशिश की । इन वारदातों के हालात ऐसे बताए जाते हैं कि कल 8 बजे गत कुमार इंजीनियरिंग कम्पनी का मालिक अश्विनी कुमार अपने मित्र के साथ स्कूटर नं. पी.जे.डब्ल्यू. 7918 पर जा रहा था । नई आबादी में पुल हंसली के निकट तीन सिख नौजवानों ने, जिनकी आयु 22-23 वर्ष थी, पिस्तौल की नोक पर न सिर्फ स्कूटर बल्कि दोनों की घड़ियां, सोने की अंगूठी और 500 रुपए नकद भी उनसे छीन लिए । इसके बाद वे यह धमकी देकर जी.टी. रोड की ओर भाग निकले कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे ।

## दुकान लूटने का प्रयास

इसके बाद उन्होंने कादियां रेलवे फाटक से लगभग 100 गज की दूरी पर बनारसी दास भाटिया की किरयाना की दुकान लूटने की कोशिश की, जिसे दुकान के मालिक व नौकर ने उनका प्रतिरोध करके नाकाम बना दिया । बनारसी दास ने हमारे सम्वाददाता को बताया कि साढ़े आठ बजे रात उक्त हुलिया वाले तीन स्कूटर सवार दुकान पर आए तथा छुहारे मांगने लगे । जब नौकर छुहारे लेने दुकान के अंदर गया तो उग्रवादियों ने दुकान से कैश बाक्स जबरदस्ती उठा लिया । जब उसने प्रतिरोध किया तो उन्होंने माथे पर पिस्तौल मार कर उसे घायल कर दिया । मालिक का शोर सुनकर नौकर भी अंदर से दातरे उठा लाया तथा स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों पर वार कर दिया । वह दोनों कैश बाक्स वहीं फैंक कर स्कूटर पर भाग गए । उनका तीसरा साथी पैदल भाग गया ।

तीसरी वारदात गत दिवस बाद दोपहर तीन बजे कृष्ण नगर में हुई जहां से एक स्कूटर उठा लिया गया । यह भी उग्रवादियों की कार्रवाई बताई जाती है ।

## खालिस्तानी झंडा

**राजपुरा (हि.स.):** आज सुबह ही भारी रौनक वाले शिवाजी म्यूनिसिपल पार्क में खालिस्तानी झंडा लहराता हुआ देखा गया, परन्तु सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा उतरवा लेने का समाचार है ।

प्राप्त सूचना के अनुसार जब प्रातः लोग शिवाजी पार्क में सैर-सपाटे को निकले तो बहुत से लोगों ने बांस पर केसरी रंग का खालिस्तानी झंडा लहराता हुआ देखा जिसमें पंजाबी में खालिस्तान जिन्दाबाद का नारा लिखा हुआ था । उसके साथ ही पिन लगा कर एक पत्ता टंगा हुआ था, कि जो भी इसे उतारेगा उसकी जान को खतरा होगा । धीरे-धीरे यह अफवाह फैल गई और लोग झंडा देखने इकट्ठे हो गए और शीघ्र ही पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने झंडा बांस सहित उखाड़ कर अपने कब्जा में कर लिया ।

यहां उल्लेखनीय है कि दो-अढ़ाई मास पहले भी इसी पार्क के मुख्य द्वार में एक बिजली के खम्भे से छोटी-सी छड़ी से बांधा खालिस्तानी झंडा झूल रहा था गत्ते इसे उतारने वाले को जान से मार देने की धमकी लिखी हुई थी । इसी प्रकार 15 दिन पहले पुराना राजपुरा में मेन बस स्टैंड के निकट पानी की टैंकी पर इसी प्रकार का झंडा झूलता देखा गया । इस प्रकार की यहां यह चौथी घटना है ।

## इंका की सभा में भिंडरां समर्थक नारे

**लुधियाना (हि.स.):** कांग्रेस (इ) द्वारा जगराओं में आयोजित एक जनसभा में उस समय काफी अफरा-तफरी व गड़बड़ मच गई जब कुछ शरारती तत्वों ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और कांग्रेस विरोधी नारे लगाने आरम्भ कर दिए । जानकार सूत्रों के अनुसार सभा में पन्द्रह मिनट भगदड़ मची रही ।

इस अवसर पर स्थानीय इंका विधायक श्री जगरूप सिंह ने वहां तैनात पुलिस कर्मियों को 'फटकार' डाली क्योंकि वह मूक दर्शक बने हुए थे । इस पर पुलिस हरकत में आई और उन्होंने गड़बड़ करने वालों को दूर धकेला । एक सूचना के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने भिंडरां समर्थक नारे भी लगाए ।

## पिस्तौल मिले

**फरीदकोट (जिंदल) :** मोगा पुलिस ने एक व्यक्ति नछत्तर सिंह को पकड़ कर उससे 12 बोर का पिस्तौल, कारतूस तथा पांच किलो अफीम बरामद की जबकि एक अन्य व्यक्ति शिंगारा सिंह से देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद हुए । यह दोनों गांव उधारवाला से सम्बन्ध रखते हैं । एस.एस.पी. श्री सुदर्शन लेखी के अनुसार इन दोनों का उग्रवादियों से संबंध है तथा यह पुलिस को एक हत्याकांड में वांछित थे । कोटकपूरा सदर पुलिस ने दो कुख्यात तस्करों को गिरफ्तार करके उनसे 20 किलो अफीम पकड़ी ।

## झुग्गियां जलीं

**होशियारपुर (अ.):** गत रात्रि यहां से छः किलोमीटर गांव इलाहाबाद में बाजीगरों की झुग्गियों में आग लग गई जिससे नौ झुग्गियां पूर्णतया भस्म हो गई । किसी प्राण हानि की सूचना नहीं । आग का कारण अज्ञात है ।

## अमरीकी स्टेनगनें बरामद

**जम्मू (गंजू):** जम्मू पुलिस ने गत दिवस यहां से 80 किलोमीटर दूर कठुआ जिले के हरसत गांव में भारत-पाकिस्तान के मध्य शस्त्रों की तस्करी करने वाले एक गिरोह के सरगना से तीन अमरीकी स्टेनगनें, पाकिस्तान में निर्मित तीन पिस्तौलें और कुछ एच.ई. 36 किस्म के शक्तिशाली हथगोले पकड़े हैं । पुलिस के अनुसार इस गिरोह का सरगना हरदत्त शर्मा नामक एक भूतपूर्व सैनिक है । पुलिस ने उसे पाकिस्तान से वापस भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए पकड़ा ।

## मंदिर में हथगोला

पुलिस ने जम्मू से 11 किलोमीटर दूर निहालपुर सिम्बल के गांव में स्थित भगवान राम के मंदिर में अज्ञात उग्रवादियों द्वारा रखा गया एच.ई. 36 किस्म का हथगोला बरामद कर लिया । बताया जाता है कि पुजारी को ज्यों ही इस हथगोले का पता चला उसने पुलिस अधिकारियों को सूचित कर दिया ।

## स्कूटर छीना

जालंधर से 'प्रै.ट्र.' के अनुसार यहां से 25 किलोमीटर दूर नकोदर के निकट स्कूटर पर सवार दो अज्ञात सिख युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका पीले रंग का स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गये ।

Punjabi Sangtani

## पंजाब में उग्रवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकर जाच की जा रही है । पुलिस को इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं । उन्होंने कहा कि इसमें उग्रवादियों का हाथ नहीं है ।

### उग्रवादी गिरफ्तार

अमृतसर से 'वि. प्र.' के अनुसार बल्टोहा के सीमावर्ती क्षेत्र में आज प्रातः पुलिस ने एक मुठभेड़ में एक उग्रवादी महेन्द्र सिह जोगी को एक 455 बोर के रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया । वह भंगाली जिला अमृतसर का रहने वाला है, जब कि उसका दूसरा साथी मेजर सिह जो जिला फिरोजपुर के मल्लांवाला गांव का रहने वाला है, भाग जाने में सफल हो गया ।

प्रारम्भिक पूछताछ के अनुसार यह दोनों ही कुख्यात उग्रवादी पाकिस्तान से उग्रवादी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पाक सीमा पुलिस की सहायता से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे । संदेह होने पर जब इन दोनों को ललकारा गया तो उन्होंने नाकाबंदी कर रहे पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके जवाब में पुलिस दल ने भी फायरिंग की ।

महेन्द्र सिह जोगी के बारे में पता चला है कि वह मंडी अहमदगढ़ (जिला पटियाला) और धूरी (संगरूर) की दो बैंक डकैतियों में शामिल था । 1984 में फिरोज़पुर में हुई अंधाधुंध फ़ायरिंग में भी वह अपने साथियों के साथ शामिल था । उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान से प्रशिक्षण करने बाद ये उग्रवादी दो-दो, तीन-तीन की संख्या में चोरी-छुपे भारत की सीमाओं में प्रवेश करते हैं तथा पंजाब में हिंसक घटनाएं करके अफरी-तफरी फैलाते हैं ।

### ठेका लूटा

धूरी : 'सतपाल' के अनुसार स्कूटर सवार दो हथियारबंद युवकों, जिनमें एक सिख व एक क्लीन शेव्ड था, ने आज पुलिस थाना अमरगढ़ के गांव खानपुर की एक शराब की दुकान को लूट लिया । शराब के ठेकेदार ज्योति राम का एक पैट्रोल पम्प भी है । पुलिस ने सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए हैं ।

गांव मानसा के एक व्यक्ति जीत सिंह के घर से गत दिवस करीब एक लाख रुपए मूल्य के आभूषण व नकद राशि चोरी हो गए । पुलिस ने इस सिलसिले में गांव की एक औरत को गिरफ्तार करके पूछताछ शुरू कर दी है ।

### पिस्तौल बरामद

संगरूर : 'सर्ग' के अनुसार सुनाम पुलिस ने रतिया (हरियाणा) के दिलीप सिंह को गिरफ्तार करके उससे 315 बोर की एक पिस्तौल बरामद की है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश

संगरूर के जिलाधीश श्री प्यारा राम ने गांव बदबड़ के जोगा सिह नामक व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मृत्यु के आरोप की जांच के लिए मैजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं ।

मृतक की मां के अनुसार उसके बेटे की धनौला पुलिस स्टेशन में बेरहमी से की गई पिटाई के कारण मृत्यु हुई थी । जिलाधीश ने संगरूर के एस.डी.एम. श्री सोमनाथ होशियारपुरी को जांच कार्य सौंपा है ।

### खालिस्तानी झंडा

जालंधर जिले के आदमपुर पुलिस थाने के अंतर्गत डरोली कलां गांव के रास्ते पर गत रात्रि में कुछ अज्ञात शरारतियों ने खालिस्तान का झंडा लगा दिया जिसे पुलिस ने हटा दिया है तथा इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है ।


### मूर्ति तोड़ने पर 2 बंदी

होशियारपुर (सूद): गत दिवस यहां स्वर्ग आश्रम मन्दिर में भगवान शिव की मूर्ति तोड़ने और मन्दिर के पुजारी अमीचन्द को मार-पीट करके घायल करने के आरोप में पुलिस ने राजकीय कालेज के दो छात्रों सर्तविदर सिह और सुरेन्द्र जीत सिह को गिरफ्तार कर लिया है । यहां यह बात विशेष उल्लेखनीय है कि इन छात्रों को पुजारी ने मन्दिर में साइकल चलाने से रोका था ।

## दो बसों में टक्कर

(पृष्ठ 3 का शेष)

मरे हैं । 35 घायलों में 11 की हालत गम्भीर है । दुर्घटना की सूचना मिलने पर बरनाला में व्यापार-मंडल के आह्वान पर शोक हड़ताल हुई । परिणामस्वरूप यह मालूम नहीं हो सका कि इस दुर्घटना में बरनाला के कितने लोग मरे हैं । कहा




अमृतसर में शुक्रवार को उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में ( 1) मृत वीरेंद कुमार और ( 2) घायल कांग्रेस (इ) महासचिव श्री रघुनंदन लाल भाटिया (इनसैट) श्री भाटिया ( 3) जालंधर में उग्रवादियों की गोली से घायल श्री बी. के. खुल्लर और ( 4) श्री सतीश चंद ।

(छाया : भंडारी, प्यारे)

## भाटिया पर हमला....

(पृष्ठ 1 का शेष)

बजाज चेतक स्कूटर पर, जो बिना नम्बर के था, सवार थे, गोलियां चलाते हुए भाग गए । सूचना मिलने पर श्री गुरदयाल सैनी, श्री राम लाल चिट्टी अस्पताल पहुंचे । इस घटना के बाद पुलिस ने सारे शहर की नाकाबंदी कर ली ।

'भनोट' के अनुसार हमलावरों में से एक ने काली पगड़ी, काली पैंट पहनी हुई थी । उन्होंने श्री खल्लर और उनके साथियों से आगे निकल कर और फिर पीछे मुड़कर फायर किया । लेकिन श्री खल्लर के एक साथी ने उसे पिस्तौल निकालते देखकर श्री खल्लर को आवाज दी । आवाज सुनकर श्री खल्लर ने जैसे ही गर्दन मोड़ी तो गोली उनके सिर के ऊपर से गुजर गई । उग्रवादियों ने इसके बाद कई और गोलियां चलाईं जिनमें से एक श्री खल्लर की पीठ में लगी और दूसरी दाएं कंधे के पास । एक गोली श्री खल्लर के साथी श्री विश्वानाथ के कुर्ते के दाएं बाजू के कपड़े में से गुजर गई । इसके बाद श्री खल्लर और उनके तीन साथी श्रीमती परमिंदर बेरी की कोठी में दाखिल हो गए जहां से डी.सी. को फोन किया । डी.सी. ने श्री बेरी से कहा कि वह घायल को अपनी गाड़ी में अस्पताल पहुंचा दें ।

उग्रवादियों ने सतीश कुमार पर जब गोली चलाई, वह चौक में रिक्शा से उतर कर रिक्शा चालक को पैसे दे रहा था। जब दोनों घायलों को श्री बेरी अस्पताल ले जा रहे थे तो रास्ते में एस.एस.पी. श्री विर्क मिल गए और वह घायलों को अपनी गाड़ी में अस्पताल ले गए । पुलिस ने घटनास्थल से कारतूसों के खोल कब्जे में ले लिए हैं ।

जालन्धर कांड में 45 बोर के पिस्तौल इस्तेमाल में लाए गए । पंजाब में पिछले दिनों में हुई विभिन्न हिंसक घटनाओं में इसी बोर के शस्त्रों से उग्रवादियों ने फायरिंग की ।

भनोट के अनुसार जालंधर में आज जब यहां श्री खल्लर पर उग्रवादियों ने गोली चलाई, उस समय श्री खल्लर के पास अपना रिवाल्वर मौजूद था । यह भी पता चला है कि हमलावरों के स्कूटर को सफेद पगड़ी वाला युवक चला रहा था जबकि उसके पीछे काली पगड़ी धारी युवक बैठा था जिसने फायरिंग की ।

### अमृतसर में आतंक

वि.प्र. के अनुसार घटना के बाद अमृतसर शहर में आतंक फैल गया । लोगों ने दुकानें जल्दी बंद कर दीं और शाम तक शहर सुनसान हो गया।

## इंदिरा के हत्यारे शहीद : टोहरा....

(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री टोहरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस (इ) ने चुनाव जीतने के लिये पंजाब समस्या को जानबूझ कर उलझाये रखा वरना अकाली नेता पंजाब को चंडीगढ़ देने के अलावा आनंदपुर साहब प्रस्ताव में निहित मांगें सरकारिया आयोग तथा जल विवाद उच्चतम न्यायालय के सुपुर्द करने को तैयार थे । यह पूछे जाने पर कि अब उनका भविष्य का कार्यक्रम क्या है । उन्होंने कहा कि मैं अकाली दल का सिपाही हूं । जैसा आदेश होगा करूंगा ।

श्री टोहरा ने कहा कि यह कहना गलत है कि अकालियों ने हिंसा की घटनाओं की निंदा की है । "हमेशा इन घटनाओं की है ।" एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नजरबंदी के दौरान उन्हें उनकी पसंद के अखबार नहीं दिये गये । ऐसे अखबार दिये जाते रहे जो सरकार के पक्ष में हैं । मांगने पर भी रेडियो की सुविधा नहीं दी गई । उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि श्रीमती इंदिरा गांधी या श्री राजीव गांधी उनसे मिलने आये थे । उन्होंने कहा कि सिर्फ सी. बी. आई. के लोग उनसे मिलने आया करते थे ।

जब उनसे कहा गया कि यदि भगौड़ों को माफ कर दिया जाए तो अनुशासन कैसे कायम रहेगा । श्री टोहरा ने फिर वही उत्तर दोहरा दिया 'यह धार्मिक जजबात का मामला है । इन्हें माफ कर दिया जाना चाहिए ।

टोहरा ने कहा कि यदि सरकार इमानदारी से पंजाब समस्या हल करना चाहे तो यह मामला 5 मिनट में हल हो सकता है ।

## जैल सिंह के विरुद्ध प्रदर्शन

रायगढ़ किला (महाराष्ट्र), 19 अप्रैल (प्रै.): आज यहां महाराष्ट्र एकीकरण समिति के 15 सदस्यों ने राष्ट्रपति जैल सिंह के यहां आगमन पर प्रदर्शन किया । बाद में उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जिसमें महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद शीघ्र हल करने की मांग की गई थी । राष्ट्रपति यहां छत्रपति शिवाजी के सिंहासन पर मेघदम्बरी लगाने की रस्म अदा करने आए थे ।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने भाषण में लोगों से साम्प्रदायिकता के परित्याग और देश की एकता तथा अखंडता की रक्षा की अपील की ।

Punjabi Sanatani

# वाजपेयी की सभा के स्थल पर बम फटा, 1 मरा

## लाला जी की हत्या के बाद पुलिस कार्रवाई करती तो ब्ल्यू स्टार की जरूरत न पड़ती

## स्थिति संभालने में नए राज्यपाल विफल : अटल

**लुधियाना, 28 अप्रैल (धीमान) : आज यहां भाजपा अध्यक्ष श्री वाजपेयी के जलसे की समाप्ति पर बम फटने से एक व्यक्ति मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया । यह बम स्टेज के बिल्कुल पास फटा । जब बम फटा तब श्री वाजपेयी वहां से जा चुके थे ।**

**बम किसी अज्ञात व्यक्ति ने फैंका जिससे 12 वर्षीय बालक की मौका पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।**

मृतक लड़के का नाम हैप्पी है, उसका दस वर्षीय छोटा भाई शंटी गम्भीर रूप से घायल हो गया है । उसकी हालत नाजुक है और उसे सिविल अस्पताल से ब्राऊन अस्पताल ले जाया जा रहा है । जिलाधीश श्री लखनपाल ने बताया कि सभा स्थल के निकट ही श्री वाजपेयी की सभा के पश्चात धमाका हुआ और यह अभी तक पता नहीं चल सका कि यह बम वहां पर कहां से आया, न ही घटनास्थल पर बम का कोई टुकड़ा ही मिला है ।

हमारे सम्वाददाता जोशी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद रहस्योद्घाटन किया कि दरेसी मैदान में सभा समाप्त होने पर श्री वाजपेयी जब वहां से चले गए तो उसके लगभग 15 मिनट बाद यह जबरदस्त धमाका हुआ और उसका धुआं काफी देर तक फैला रहा । इस सम्भावना को रद्द नहीं किया जा सकता कि यह श्री वाजपेयी की हत्या के षड्यंत्र का एक अंग था । आस-पड़ौस की दुकानों में से ही किसी ने यह बम फैंका है । मृतक और घायल होने वाले दोनों बच्चे एस. ए. जैन स्कूल के हैं । हैप्पी सातवीं श्रेणी का और दूसरा शंटी, जिसका पूरा नाम रणजीत कुमार है, चौथी श्रेणी का छात्र है, दोनों भाई हैं और एक रिक्शा चालक के बेटे हैं ।

एस. एस. पी. श्री ए. पी. पांडे ने बाद में पत्रकारों को बताया कि यह धमाका जनसभा के 45 मिनट बाद हुआ है, इसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई । पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है । बताया जाता है कि जनसभा में श्री वाजपेयी ने आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन की आलोचना करते हुए कहा था कि सरकार ने फैडरेशन पर प्रतिबंध लगाया और फिर क्यों हटाया ? जनसभा के पश्चात पुलिस ने श्री वाजपेयी से कहा कि आप को दूसरे रास्ते से लेकर चलते हैं लेकिन श्री वाजपेयी ने इन्कार कर दिया और कहा था कि मैं जिस रास्ते से आया हूं, उसी रास्ते से वापस जाऊंगा ।

पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के प्रधान श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा है कि पंजाब में उग्रवादियों की सरगर्मियों के पीछे कोई बड़ा दिमाग काम कर रहा है । सरकार को इस बात का पता लगाना चाहिए ताकि इस बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके । श्री वाजपेयी ने उक्त विचार आज यहां राम लीला ग्राऊंड में भारी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहे । पंजाब में जब तक उग्रवादियों की गतिविधियां खत्म नहीं हो जाती और पूरे तौर पर शांति नहीं हो जाती, चुनाव बारे सोचना भी फिजूल है । चुनाव से कोई समस्या हल नहीं हो जाती ।

भाजपा प्रधान ने पंजाब के लोगों को बधाई दी कि वह गत चार वर्षों से कठिनतम हालात में अपना-अपना मनोबल बनाए हुए हैं । उन्होंने कभी भी अपना धैर्य नहीं छोड़ा । उन्हें अधिक बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए । पंजाब के लोगों से वाजपेयी ने कहा कि उग्रवादियों का मुकाबला करने में अब वह अकेले नहीं अपितु सारा देश उनके साथ है । गत दो-तीन वर्षों में अकाली नेतृत्व कमज़ोर हो गया है ।

**ब्ल्यू स्टार आप्रेशन** : श्री वाजपेयी ने कहा कहा कि अगर निरंकारी गुरु के कत्ल के बाद पुलिस पूरे तौर से हरकत में आ जाती, अगर लाला जगतनारायण के कत्ल के बाद पुलिस कार्रवाई शुरू कर देती, अगर डी.आई.जी. अटवाल के कत्ल के बाद पुलिस कार्रवाई करती तो दरबार साहब अमृतसर में ब्ल्यू स्टार आप्रेशन की ज़रूरत न पड़ती । श्री वाजपेयी ने कहा कि पंजाब पुलिस को आधुनिकतम लाइनों पर संगठित किया जाए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चुपचाप

# उग्रवादियों द्वारा खन्ना में ब्लाक इंका प्रधान की हत्या

चंडीगढ़, 1 मई (संघी, यू. प्रै.): पंजाब व चंडीगढ़ में उग्रवादियों ने अपनी गतिविधियां एकदम से तेज कर दी हैं।आज जिला लुधियाना के खन्ना कस्बे में दो उग्रवादियों ने ब्लाक इंका के कार्यालय पर अंधाधुंध फार्यारिंग करके ब्लाक इंका अध्यक्ष भीष्म प्रकाश की हत्या कर दी व दो अन्य को घायल कर दिया । कल रात्रि चंडीगढ़ के सैक्टर-23 के सनातन धर्म मन्दिर में एच. ई. 36 हथगोला रखा मिला था ।

चंडीगढ़ : संघी, यू. प्रै. : गत रात्रि यहां सैक्टर 23 के सनातन धर्म मंदिर में एच.ई. 36 किस्म का हथगोला पाया गया । उस समय वहां कीर्तन हो रहा था । विस्फोटक पदार्थ विशेषज्ञ इस हथगोले की जांच कर रहे हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि विशेषज्ञ अभी भी इस बात का पता लगा रहे हैं कि क्या हथगोले के साथ टाइम बम जैसा कोई विशेष उपकरण लगाया गया था क्योंकि इसके साथ एक बैटरी सैल तथा कुछ तारें भी जुड़ी हुई मिली हैं । अतीत में पंजाब और संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में आतंकवादियों ने इसी तरह के हथगोले इस्तेमाल किए थे ।

यज्ञशाला के निकट से समय पर खतरनाक हथगोला बरामद हो जाने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की जान बच गई जोकि मंगलवार की रात को मंदिर परिसर के अंदर स्थित हनुमान मंदिर में जमा थे । एक प्लास्टिक की डिब्बी में रखा यह बम एक पालीथीन बैग में लपेटा हुआ था ।

सूत्रों का कहना है कि यदि यह हथगोला फट जाता तो इससे जान-माल की भारी हानि हो सकती थी । पुलिस आज प्रातः मंदिर के चौकीदार को पूछताछ के लिए ले गई जबकि वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच के लिए राजधानी के सबसे पुराने और बड़े मंदिर में घटनास्थल को दोबारा देखने गए । मंदिर की प्रबंधक समिति की आज प्रातः बैठक हुई, जिसमें मंदिर के अंदर हथगोला रखे जाने से उत्पन्न स्थिति पर विचार किया गया और इसने चंडीगढ़ प्रशासन को अपनी गम्भीर चिंता से अवगत कराया ।

आज चंडीगढ़ में विभिन्न मंदिरों की प्रबंधक समितियों ने गृहसचिव श्री एस.पी. मित्तल से भेंट की तथा पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किए जाने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की ।

आई.जी. पुलिस श्री एन.के. सिंघल तथा एस.एस.पी. श्री आर.के. नियोगी घटनास्थल पर पहुंचे । जैसे ही मंदिर में हथगोला फैंके जाने की खबर फैली, श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर के बाहर एकत्रित होने लगे । तत्काल ही पुलिस की बड़ी फोर्स मंदिर में भेजी गई ।

चंडीगढ़ में एक धार्मिक एकत्रता पर पहला हमला अक्तूबर 1983 में किया गया था जबकि एक ऐसा ही हथगोला रामलीला के दौरान फैंका गया था जिसमें तीन व्यक्ति मर गए थे और 30 अन्य घायल हुए थे । आतंकवादी संघीय क्षेत्र में अपनी गतिविधियां तेज़ कर रहे हैं तथा कुछ दिन पूर्व भाजपा नेता के.एल. मनचंदा की हत्या कर दी गई थी ।

बाद में विशेषज्ञों ने हथगोले को नाकारा बना दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की । मंदिर परिसर में एक संस्कृत पाठशाला भी है ।

हथगोला मिलने के मामले की जांच के लिए पुलिस ने चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । गत एक महीने के दौरान शहर में हथगोला मिलने की यह तीसरी वारदात है । तीनों ही वारदातों में हथगोले फटे नहीं । मंदिर में हथगोला मिलने से शहर के लोगों में काफी रोष व्याप्त है । इंका, विपक्षी दलों व धार्मिक संगठनों ने इस कांड की तीव्र निंदा की ।

## खन्ना में फार्यारिंग, 1 मरा

लुधियाना (धीमान): आज रात्रि खन्ना में कांग्रेस (इ) कार्यालय पर दो उग्रवादियों ने फार्यारिंग की, जिससे एक व्यक्ति मारा गया व दो लोग घायल हो गए । घायलों को खन्ना के अस्पताल में भरती कराया गया है। एस.एस.पी. व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

मृतक 60 वर्षीय भीष्म प्रकाश है जो ब्लाक खन्ना इंका का अध्यक्ष है । वे पुराने सोशलिस्ट व स्वतंत्रता सेनानी हैं । वे इंका की जन-सम्पर्क रैली में भाग लेकर आए थे । विभिन्न इंका नेताओं ने घटना की निन्दा की । क्षेत्र में ट्रैफिक जाम हो गया है ।

जोशी, धीमान के अनुसार यह घटना 7.30 बजे हुई । उग्रवादियों ने इंका कार्यालय के अन्दर घुसकर फार्यारिंग की । भीष्म प्रकाश की वहीं मृत्यु हो गई । घायल इंका वर्करों को गम्भीर अवस्था में बाद में सी. एम. सी. लुधियाना में भरती कराया गया । उग्रवादी स्कूटर पर फरार हो गए । भीड़ ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की । 28 अप्रैल को लुधियाना में भाजपा अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी की सभा में बम फटा था जिसमें एक लड़का मारा गया था ।

यू. न्यू. के अनुसार घायल इंका वर्करों के नाम मंगत कालिया तथा राज कुमार हैं। दोनों को दो-दो गोलियां लगी हैं। घटना के समय चार लोग इंका कार्यालय में बैठे थे। एक मर गया, दो घायल हो गए जबकि चौथा रक्खा राम बाल-बाल बच गया। उग्रवादी पैदल आए थे और दो स्कूटरों पर भाग गए। ये स्कूटर मंगत कालिया और रक्खा राम के थे।

## राइफलें छीनीं

बटाला (कोछड़): कल 30 अप्रैल को सायं 5.15 पर यहां से 8 किलो मीटर दूर बटाला-कादियां रोड पर स्थित थाना कादियां के गांव पंजगराहीयां से बैंक ड्यूटी से लौट रहे दो होमगार्ड के जवानों से दो 303 की राइफलें छीनने व फिर मिल जाने का समाचार मिला है । होमगार्ड जवानों के अनुसार

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sarafat

यां

65-175, रया 380- 160, जौ 25, रूसी बली चने 10-750, 10, मटर 520, मूंग 0, उड़द 10-790, हर 305- तरे 695- 40-550, पूर 450- का मसर , गोल्डन 90-340, 257, मैदा ला हुआ री) 590- 50-565, 65, गुड़

शेयर : , सैंचरी न्थेटिक किलो) क (प्रति ग्राम) वरी : बनौला 570- 5 ।

फ़वार- । दो तेलों में आदि , चने, हल्दी, तला, लों की राशि कुम्भ, चार

ाधना, 6.00 6.40 ुलशन पत्थर, पड़ोस, 9.5( ाचार, डया :

एक समिति गठित की जाए ।

न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने कहा कि यदि सरकार के

## उग्रवादी

(पृष्ठ 3 का शेष)

साइकिलों पर 4 अज्ञात लोग उसने राइफलें छीन कर ले गए व उन द्वारा पीछा करने पर उनसे गोलियां निकाल, राइफलें फैंक गए ।

### युवक को घायल कर दिया

जालन्धर (स.): गत दिवस थाना सदर के गांव परागपुर के मदन को दो कथित उग्रवादियों ने घायल कर दिया । पुलिस ने धारा 307 के अधीन केस दर्ज कर लिया है । मदनलाल का कहना है कि वह दूसरे गांव से अपने घर लौट रहा था कि दो उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी । अभियुक्तों की खोज जारी है ।

### सोनीपत में गोली चली

सोनीपत (नि.स.): आज दिन-दहाड़े घनी आबादी वाले क्षेत्र अशोक नगर में गोली चलने की घटना के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं । प्रारम्भिक सूचना के अनुसार पिस्तौल से लैस दो युवक एक कपड़े की दुकान पर आए और उसमे 595 रुपए का कपड़ा खरीदा । जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी । जब दुकानदार उनसे गुत्थमगुत्था हो गए तो उनमें से एक ने दो गोलियां चलाईं । एक तो दुकानदार ने काबू कर लिया जबकि दूसरे ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने पीछा करके गीता भवन चौक में उसे जा पकड़ा । अभियुक्त ने पिस्तौल की बट मार कर दुकानदार को घायल कर दिया । दोनों अभियुक्त पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं ।

### सोए हुए 2 लोगों की हत्या

फिरोज़पुर–गांव खिलचियां में कल रात दो व्यक्तियों की उस समय हत्या कर दी गई जब वे अपने मकान के चबूतरे पर सो रहे थे । मृतकों के नाम जगराज सिंह व दलजीत सिंह बताए गए हैं । पुलिस उपाधीक्षक श्री एस.एस. चीमा ने बताया कि चार संदिग्ध लोगों की खोज की जा रही है जो फरार हो गए हैं ।

### 10 पुलिस वाले जबरी रिटायर

कपूरथला (प्रै.): एस.एस. पी. श्री काहलों ने दो सब-इंस्पैक्टरों तथा एक ए.एस.आई. सहित 10 पुलिस आफिसरों को जबरी रिटायर कर दिया है । श्री काहलों ने बताया कि जिला में पुलिस अधिकारियों की पड़ताल के दौरान यह अधिकारी अक्षम और बुरी ख्याति वाले पाए गए । इस प्रकार जिला में जबरी रिटायर किए गए लोगों की संख्या 17 हो गई है । जिन लोगों को रिटायर किया गया है, उनमें वरयाम सिंह, प्रीतम सिंह, हरबंस सिंह, बहादुर सिंह, महेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, अशोक कुमार और सुखविंदर सिंह शामिल हैं ।

कपूरथला के जिला मैजिस्ट्रेट श्री ओझा ने मोटर साइकिलों, स्कूटरों तथा मोपेड पर दोहरी सवारी पर प्रतिबंध 15 मई तक बढ़ा दिया है । श्री ओझा ने रात 9 बजे से प्रात: 5 बजे तक मोटर साइकिलों, स्कूटरों व मोपेडों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया ।

'मेरठ हैंडलूम' के एक व्यक्ति जीवन सिंह से 3000 रुपए भी चुरा लिए गए । उस समय वह बैंक में ड्राफ्ट बनाने जा रहा था । इस सम्बन्ध में भी केस दर्ज कर लिया गया है ।

कपूरथला के जिला मैजिस्ट्रेट श्री ओझा ने मोटर साइकिलों, स्कूटरों तथा मोपेड पर दोहरी सवारी पर प्रतिबंध 15 मई तक बढ़ा दिया है । श्री ओझा ने रात 9 बजे से प्रात: 5 बजे तक मोटर साइकिलों, स्कूटरों व मोपेडों के चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया ।

'मेरठ हैंडलूम' के एक व्यक्ति जीवन सिह से 3000 रुपए भी चुरा लिए गए । उस समय वह बैंक में ड्राफ्ट बनाने जा रहा था । इस सम्बन्ध में भी केस दर्ज कर लिया गया है ।

## बैंक लूटने का प्रयास

भटिंडा (ग्रोवर): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत दिवस यहां एन.एफ.एल. के निकट स्थित स्टेट बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया । शाखा में पांच ताले टूटे हुए पाए गए । शाखा प्रबन्धक श्री ज्योति ने बताया कि लॉक रूम सुरक्षित बच गया । पुलिस में केस दर्ज किया गया है ।

## दुकान से 11500 रुपए गायब

एक अन्य सूचना के अनुसार एक दुकानदार का 11500 रुपए का थैला लापता हो गया । वह बैंक बाजार में स्थित अपनी दुकान खोलकर पास ही पानी लेने गया था । जब वह लौटा तो थैला गायब था ।

## ए.एस.आई. जब्री रिटायर

होशियारपुर : होशियारपुर के ए.एस.आई. सूरत सिह को जब्री रिटायर कर दिया गया है । एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने बताया कि सूरत सिह को खराब रिकार्ड के आधार पर जब्री रिटायर किया गया । जिला में पुलिस की छानबीन का काम पूरा हो गया है ।


## शस्त्र गायब

**पटियाला (भूषण)** : अमलोह निर्वाचन क्षेत्र के विधायक श्री दलीप सिह पांधी एक सनसनीखेज केस पंजाब के राज्यपाल श्री अर्जुन सिह के नोटिस में लाये हैं । श्री पांधी ने रहस्योदघाटन किया है कि 31 जनवरी को पटियाला नगर की एक बस्ती से एक कार, जिसमें एक राइफल और दो बंदूकें थीं, थाना अमलोह के हिम्मतगढ़ ग्राम में पहुंची । इस ग्राम में कुछ समय पूर्व एक बिस्वेदार ने एक परिवार के चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । इस केस में बिस्वेदार व उसके कई साथी और दो पुलिस के थानेदार भी संलिप्त हैं ।

इस कार बारे श्री बंत सिह ने पुलिस को समय पर सूचना दे दी जिस पर यह कार शस्त्र सहित थाने में ले जाई गई । वहां इसे चार दिन तक रखा गया । तदोपरान्त न कार का पता चला और न ही शस्त्रों का । यह कार कहां गई और शस्त्र कहां तस्कर हुये यह एक भेदभरी पहेली है । सरकार उच्च स्तरीय जांच करवाये और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करे ।

श्री पांधी ने इस बात के विरुद्ध रोष प्रकट किया है कि थानेदार लखविन्द्र सिह, जो हिम्मतगढ़ हत्या कांड में संलिप्त है, और जिसे पुलिस लाईन में बदल दिया गया था, अब फिर नाभा उपखंड में बदल दिया गया है और उसे थाना भादसों में मुख्य पुलिस अधिकारी लगाया गया है ।

Punjabi Sangraha



चौधरी भीष्म प्रकाश (इनसैट) प्रधान ब्लाक कांग्रेस खन्ना जिनकी दो उग्रवादियों ने ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में गोलियां चला कर हत्या कर दी। उनके साथ बैठे श्री मंगत राय कालिया तथा राज कुमार सख्त घायल हो गए, जिन्हें सी. एम. सी. लुधियाना ले जाया गया है। उग्रवादी भागने में सफल हो गए तथा जाते हुए दफ्तर के बाहर खड़े दो स्कूटर भी ले गए। वे पैदल आए थे। (छाया : शर्मा)

# इंका नेता की हत्या के बाद खन्ना में तनाव : कर्फ्यू लगा

खन्ना, 2 मई (पूर्ण,हि.स.): गत रात कांग्रेस (इ) नेता श्री भीष्म प्रकाश की हत्या के बाद खन्ना में कर्फ्यू लगा दिया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार ज्यों ही इंका नेता की हत्या का समाचार खन्ना निवासियों को मिला, शहर में हिंसा भड़क उठी। उत्तेजित भीड़ ने जी.टी. रोड पर यातायात ठप्प कर दिया और कुछ कारों व ट्रकों पर पथराव करके उनको क्षति पहुंचाई। प्रदर्शनकारी अपराधियों को पकड़ने की मांग कर रहे थे। एक जानकारी के अनुसार पुलिस आतंकवादियों की खोज में एक स्थानीय धर्म स्थान में घुसी लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

इसी बीच पता चला कि खन्ना ब्लाक कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री भीष्म प्रकाश अपने तीन अन्य साथियों के साथ इंका कार्यालय में बैठे हुये थे कि दो पगड़ी धारी युवक करीब 9 बजे कमरे में घुसे और उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। श्री भीष्म प्रकाश तो घटनास्थल पर ही दम तोड़ गये जबकि उनके दो अन्य साथी मंगत राय कालिया और राज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। तीसरा व्यक्ति रक्खा राम बाल-बाल बच गया।

पुलिस सूत्रों से उपलब्ध जानकारी के अनुसार श्री भीष्म प्रकाश के गोली गले और सिर में लगी। अन्य घायलों को स्थानीय सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार मंगत राय की स्थिति चिन्ताजनक है। उसके पेट में गोली लगी है।

मृतक इंका नेता भीष्म प्रकाश कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख नेता श्री भरत प्रकाश के छोटे भाई थे। आज इस हत्या के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिये मंडी गोबिंदगढ़ में हड़ताल रही। पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिये गत रात कई स्थानों पर छापे मारे। गत चार दिनों में लुधियाना जिला में आतंकवादियों की यह दूसरी वारदात है। उल्लेखनीय है कि गत रविवार को लुधियाना में भाजपा अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जनसभा के बाद भी एक विस्फोट हुआ था जिसमें एक बच्चा मारा गया था। पुलिस उस केस में भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं कर पाई।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी तथा पंजाब के राज्यपाल अर्जुन सिंह ने खन्ना ब्लाक इंका अध्यक्ष भीष्म प्रकाश की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## पंजाब पुलिस विरोधी नारे

लोगों की ओर से पुलिस की आलोचना की जा रही है कि जब उसे पता था कि उग्रवादियों ने पंजाब में कांग्रेसी नेताओं पर हमले शुरू कर रखे हैं तो पुलिस ने ब्लाक कांग्रेस (इ) के कार्यालय के आगे संरक्षा के लिये पुलिस कर्मी क्यों नहीं लगाये। लोगों ने पंजाब पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाये। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने का प्रयास किया परन्तु स्थिति और बिगड़ गई। तब शहर में अनिश्चितकाल के लिये कर्फ्यू लगा दिया गया। सी.आर.पी. एफ. गश्त कर रही है। पुलिस की नाकेबंदी के बावजूद अभियुक्त पकड़े न जा सके। 65 वर्षीय श्री भीष्म प्रकाश क्षेत्र के अग्रणी कांग्रेसी नेता थे। वह खन्ना नगर पालिका के प्रधान भी रह चुके थे।

खन्ना में कर्फ्यू की अवधि 3 मई प्रातः 5 बजे तक बढ़ा दी गई है।

## अंतिम संस्कार

'मुसाफिर' की सूचना है कि खन्ना में उग्रवादियों की गोलियों से मारे गये इंका नेता श्री भीष्म प्रकाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। संस्कार में भारी संख्या में हिन्दू-सिख व्यापारी तथा शहरी शामिल हुये। स्वर्गीय भीष्म प्रकाश सिंह के छोटे भाई कामरेड भरत प्रकाश ने लोगों को शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि उनके भाई की हत्या के बाद राज्य में शांति हो जाए तो वह समझेंगे कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। खन्ना में श्री अमरीक सिंह पुनी आयुक्त पटियाला डिवीजन, श्री प्रीतम सिंह हरा डी.आई.जी. पटियाला रेंज व लुधियाना के जिलाधीश श्री लखनपाल भी पहुंच गए।

## एक दर्जन हिरासत में

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस की छापामार पार्टियां अन्य स्थानों को भेजी गई हैं। उन्होंने बताया कि हमलावर दो स्कूटर नहीं बल्कि एक लेकर गये हैं। छापामार पार्टियों का नेतृत्व एस.पी. (डिटेक्टिव) कर रहे हैं।

## बैंक लूटा

चंडीगढ़ (यू.): आज संगरूर जिले के महलकलां पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम चलाडीवाला में 3 मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा से पिस्तौल की नोक पर 55 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए।

## सर्राफ लुटा

मुक्तसर से दर्दी के अनुसार कल रात्रि 8 बजे यहां जबरदस्त सनसनी फैल गई जब यहां के रौनक भरे बाजार रामबाड़ा में गांधी चौक के एक प्रसिद्ध सर्राफ श्री कृष्ण को दो अज्ञात व्यक्तियों, जो उग्रवादी बताए जाते हैं, ने पिस्तौल की नोक पर लूट लिया। बताया जाता है कि श्री हरिकृष्ण रात्रि के समय अपनी दुकान बंद करके 15700 रुपए नकद और कुछ सोना लेकर घर लौट रहे थे कि दो व्यक्तियों, जिनमें से एक के पास पिस्तौल और दूसरे के पास एक तेजधार शस्त्र था, ने सर्राफ को रोक लिया। जब सर्राफ ने उनकी निंदा की तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया। हरि कृष्ण के शरीर पर दस गहरे घाव पाए गए हैं।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# विमान अपहर्त्ता जोधपुर भेजे गए

चंडीगढ़, 2 मई (संधी): गत वर्ष 24 अगस्त को इंडियन एयर लाइन्स के बोइंग 737 विमान के अपहरण में शामिल 7 में से 4 विमान अपहर्ताओं कंवलजीत सिंह संधु, अवतार सिंह, अमरेन्द्र सिंह तथा देवेन्द्र सिंह को अजमेर से जोधपुर स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि ये अन्य अभियुक्तों के साथ विश्वविद्यालय की परीक्षा दे सकें ।

# राज्यसभा का सत्र बढ़ा

नई दिल्ली, 2 मई (यू.): राज्यसभा का 17 मई को समाप्त होने वाला वर्तमान अधिवेशन 20 मई तक बढ़ा दिया गया है ।

## उग्रवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

### उद्योगपति को छुरा मारा

यमुनानगर (प्रे.): जगाधरी के उद्योगपति प्रद्युम्न कुमार जैन को कल रात्रि अग्रसेन चौक के पास 3 उग्रवादियों ने छुरा मार कर घायल कर दिया और उनका स्कूटर लेकर भाग गए । परसों रात गोविन्दपुरी के पास भी एक युवक को छुरा मारा गया था ।

### हत्या

होशियारपुर (प.): यहां से 8 किलोमीटर दूर ग्राम मेमोवाल में 27 वर्षीय परमजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । हत्या का कारण भूमि विवाद बताया जाता है ।

### धमकी भरे पत्र

लुधियाना (प्रे.): स्थानीय इंका नेता ओम प्रकाश गुप्त को उग्रवादियों ने दो धमकी भरे पत्र भेजे हैं । इनमें से एक पत्र गुरदासपुर से भेजा गया है जिसमें खालिस्तान जिन्दाबाद लिखा है । पत्रों में सरदारी लाल कपूर, जोगेन्द्र पाल पांडे, वीरपाल सिंह को भी चेतावनी दी गई है कि वे इंका की रैलियों में उग्रवादी नेताओं के खिलाफ न बोलें । उनके नाम उग्रवादियों की हिटलिस्ट में हैं । पत्रों में यह भी कहा गया है कि इन नेताओं के दिन थोड़े ही रह गए हैं ।

# खुल्लर पर हमला करने वालों का पता चला

जालन्धर, 2 मई (स.): जालन्धर के कांग्रेसी नेता देवदत्त खुल्लर ने एक भेंट के दौरान कहा कि उसके छोटे भाई बी.के. खुल्लर को जिन लोगों ने फायरिंग करके घायल कर दिया था, उन अभियुक्तों का उनको पता चल गया है । हमला करने के पश्चात् अभियुक्त कहां गए, रात वे कहां ठहरे, उन्होंने पिस्तौल कहां से लिया, इसका भी पता चल गया है और उन्होंने ये सब बातें पुलिस को बता दी हैं, लेकिन पता नहीं, पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही ।

Punjabi Sanatani

# चंडीगढ़ में मुठभेड़

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस दल फिल्लौर के डी.एस.पी. श्री गुरचरण सिंह के नेतृत्व में यहां आया था। इस पुलिस दल में एक सहायक सब इंस्पैक्टर, दो हैड कांस्टेबल तथा एक कांस्टेबल थे। जालंधर जिले के जिला पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. विर्क भी जालंधर से यहां रवाना हो गये हैं।

'संघी' के अनुसार जब पुलिस दल ने सैक्टर-38 के मकान को घेरा तो पकड़े गए उग्रवादी ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे दो हैड कांस्टेबलों की मृत्यु हो गई। उग्रवादी जब वहां से भागा तो पुलिस दल ने उसका पीछा किया तो उसने गोलियां चलाईं व सी.आर.पी. के एक जवान व ए.एस.आई. को घायल कर दिया। सैक्टर-37 की इस श्रमिक कालोनी के मकान में जब वह घुसा तो वहां केवल एक बच्चा अपनी परीक्षाओं के लिए पढ़ाई कर रहा था। पौने चार घंटे तक पुलिस इस उग्रवादी को काबू करने के लिए कई प्रकार के प्रयास करती रही।

नगर के सैक्टर-37 को जाने वाले व्यस्त मार्ग पर आज पुलिस व सी.आर.पी. के जवान इस उग्रवादी का पीछा करते हुए गए। एक अन्य समाचार के अनुसार सैक्टर-37 में सरकारी मकानों की एक कालोनी में इस उग्रवादी ने एक घर में घुसने का प्रयास किया पर घर वालों ने उसको वहां घुसने नहीं दिया। बाद में वह निचली मंजिल के दूसरे घर में घुसा। घर के लोग वहां से भाग गए।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार उग्रवादियों के गिरोह ने दो हैडकांस्टेबलों की मुठभेड़ में हत्या कर दी व अन्य पुलिस कर्मियों को घायल किया।

बताया जाता है कि उक्त पकड़े गए उग्रवादी से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जा रही है।


चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक श्री एन. के. सिंघल ने शाम को एक भेंट में बताया कि उक्त उग्रवादी का नाम गुरेन्द्र सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह है। पंजाब पुलिस के घायल ए. एस. आई. का नाम चंचल सिंह है। उन्होंने कहा कि दोनों घायल पुलिस कर्मियों की हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि गुरेन्द्र सिंह के कब्जे से बरामद एक 303 राइफल एक मृत हैड कांस्टेबल की थी जिसे वह भागते समय उठा ले गया था।

Punjabi Sangtam

# हैड कान्स्टेबल नरेन्द्र का अंतिम संस्कार









गत दिनों चंडीगढ़ में आतंकवादी और पुलिस में हुई गोलाबारी से जो दो हैड-कांस्टेबल मारे गए थे, उनमें से एक नरेन्द्र सिंह सदरपुर गांव तहसील दसूहा का वासी था। पत्रकारों ने जब गत दिवस वहां का दौरा किया तो वहां जहां एक ओर बड़ा ही कारुणिक वातावरण छाया हुआ था, वहां दूसरी ओर प्रत्येक की ज़ुबान पर नरेन्द्र सिंह की बहादुरी के चर्चे थे। नरेन्द्र सिंह के विवाह को अभी केवल पांच वर्ष ही हुए थे और उसकी एक तीन वर्षीया नन्हीं-मुन्नी बिटिया भी है। उसके पिता प्रीतम सिंह अभी कुछ दिन पहले सब-इंस्पैक्टर पुलिस पद से रिटायर हुए थे। छः फुट तीन इंच कद वाला बांका नौजवान नरेन्द्र सिंह बड़ा ही हंसमुख था, पर अब सदा के लिए उसकी हंसी घुट कर रह गई है। नरेन्द्र सिंह का पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उसके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। चित्र–(1) स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह की शोक संतप्त माता (2) जालन्धर रैंज के डी. आई. जी. श्री बेदी स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए (3) होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री चंद सिंह स्वर्गीय के दोनों भाईयों को दिलासा देते हुए। (4) स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह के शोक संतप्त परिवार को दिलासा देते हुए गांव की महिलाएं।

(विवरण अविनाश सूद, छाया : मरवाहा)

# उग्रवादियों द्वारा 2 व्यक्तियों की हत्या के बाद धारीवाल में कर्फ़्यू

## पथराव, आगज़नी कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा फ़ायरिंग, लाठीचार्ज : गुरदासपुर, बटाला में भी बंद, जी. टी. रोड पर ट्रैफ़िक जाम

## भटिंडा में उग्रवादी एस. एस. पी. आफिस के पास ए. एस. आई. की हत्या कर रिवाल्वर छीन ले गए

चंडीगढ़, 7 मई (यू.): गुरदासपुर के धारीवाल के एक ग्राम में कल रात्रि उग्रवादियों ने दो लोगों की हत्या कर दी जिसके बाद धारीवाल में कर्फ्यू लागू कर दिया गया । आज भटिडा में एस. एस. पी. आफिस के पास उग्रवादियों ने ए. एस. आई. गुरबचन सिंह की हत्या कर दी और उसका सर्विस रिवाल्वर छीन ले गए ।

### ए. एस. आई. की हत्या

भटिंडा; यू. न्यू. के अनुसार आज तीन उग्रवादियों ने भटिंडा में पुलिस के असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर गुरबचन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । यहां प्राप्त सरकारी सूचनाओं के अनुसार यह ए.एस.आई. एस.एस.पी. आफिस के निकट जा रहा था जब उग्रवादियों ने उसे गोली मार दी । उग्रवादी भागते समय उसका रिवाल्वर भी ले गये ।

एक अन्य सरकारी रिपोर्ट के अनुसार ए. एस. आई. एस. एस. पी. आफिस के पास सिविल लाइन्स में एक पुलिस पोस्ट के सामने खड़ा था जब 3 उग्रवादियों ने उसे गोली मारी । एक हीं गोली में उसकी मृत्यु हो गई । घटना आज रात्रि 8 बजे हुई ।

### धारीवाल में हत्या, कर्फ्यू

**गुरदासपुर : ज्ञानी, कोछड़, यू. :** जिला गुरदासपुर के धारीवाल थाना क्षेत्र के गांव फज्जूपुरा में गत रात्रि में उग्रवादियों द्वारा दो व्यक्तियों की हत्या कर दिए जाने से क्षुब्ध व क्रोधित भीड़ द्वारा आगजनी व हिंसक घटनाएं किए जाने के उपरांत आज जिलाधीश गुरदासपुर ने धारीवाल नगर में प्रातः आठ बजे से 24 घंटे के लिए कर्फ्यू लगा दिया है । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कर्फ्यू कल प्रातः आठ बजे तक लागू रहेगा ।

उग्र भीड़ ने नगर में दो दुकानों व एक प्राईवेट बस को आग लगा दी तथा कुछ यात्रियों व राहगीरों की पिटाई भी की । इससे कुछ लोगों को चोटें भी आईं । भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया ।


उग्रवादियों द्वारा जिन दो व्यक्तियों की हत्या की गई है उनमें धारीवाल ब्लाक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री राम लुभाया के पुत्र श्री नरेश कुमार (29 वर्ष) भी हैं । श्री राम लुभाया ने अपने पुत्र की हत्या को 'राजनीति से प्रेरित' बताया है । दूसरा मृतक राइस शैलर का 60 वर्षीय चौकीदार बाबू मसीह है। इस हत्याकांड में घायल व्यक्ति ओम प्रकाश को गुरदासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा गम्भीर बताई जाती है । मृतक नरेश कुमार ग्राम पंचायत का सदस्य भी था ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार गत रात्रि में हुआ गोलीकांड फतेहनंगल गांव में हुआ ।









(1) धारीवाल हत्या कांड का मृतक 60 वर्षीय चौकीदार बाबू मसीह, (2) मृतक नरेश कुमार (इनसैट) की माता श्रीमती रामलुभाया अंतिम संस्कार से लौटते समय (3) क्षेत्र फज्जूपुरा, जहां हत्या कांड हुआ (4) क्रोधित भीड़ ने एक प्राइवेट बस को आग लगा दी व पत्थर मार कर उसके शीशे तोड़ दिए ।

(फोटो : कोछड़)

बातें कर रहे थे । उग्रवादियों ने इन लोगों पर रिवाल्वर व स्टेनगन से गोलियां चलाईं, जिससे नरेश कुमार और चौकीदार बाबू मसीह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । तीसरा व्यक्ति ओम प्रकाश घायल हो गया ।

बताया जाता है कि ये सशस्त्र उग्रवादी पहले

बताया जाता है कि हत्यारे 'भिंडरांवाला जिंदाबाद' 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए वहां से गए ।

### तनाव व यातायात ठप्प

धारीवाल नगर में आज कर्फ्यू लागू किए जाने से

किया गया । उग्र भीड़ ने कुछ लोगों को नहर में उठा कर फैंक दिया जिन्हें कि बाद में पुलिस ने बाहर निकाला ।

### फायरिंग व लाठी चार्ज

क्रुद्ध भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव किया जिसमे

रोड पर नौ बजे प्रातः के उपरांत यातायात जारी हो सका ।

लोगों द्वारा पंजाब पुलिस के विरुद्ध नारे लगाते हुए मांग की जा रही थी कि जब तक हत्यारों को पकड़ने में लापरवाही दिखाने वाले पुलिस कर्मियों को

कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात थे परन्तु जनता द्वारा आग्रह करने पर भी उन्होंने उग्रवादियों का पीछा करने से इंकार कर दिया था ।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि मोटर साइकल पर सवार दो स्टेनगनधारी पुलिस वालों ने, जो उस मार्ग पर गश्त पर थे, भी अभियुक्तों का पीछा करने से इंकार कर दिया ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये उग्रवादी लैहल व ज़फ़रवाल गांवों की ओर जाते हुए देखे गए ।

### ए.डी.आई.जी. की कार का घेराव

धारीवाल के नागरिकों में इतना तनाव था कि लोगों ने जालंधर रेंज के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी की कार का घेराव किया ।

हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए धारीवाल में पुलिस ने जो हवाई फ़ायरिंग की, वह आधे घंटे तक होती रही, पर इसमें कोई हताहत नहीं हुआ । पुलिस ने नगर के छः लोगों को भी गिरफ्तार किया है ।

### आठ गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने उक्त हत्याकांड के अभियुक्तों की खोज में लगभग आधा दर्जन गांवों की नाकाबंदी कर रखी है । अब तक आठ लोगों को इस सम्बन्ध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

### मृतकों का अंतिम संस्कार

इस हत्याकांड में मृत नरेश कुमार तथा बाबू मसीह का गत रात्रि में पोस्टमार्टम किया गया तथा प्रातःकाल उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । सारा नगर शोक में डूबा हुआ था । नगर में आज किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला ।

### अर्जुन सिंह आएं

लोगों का कहना है कि जब तक पंजाब के राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह धारीवाल आकर शोक संतप्त परिवारों व जनता से सम्वेदना प्रकट नहीं करते हैं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी ।

इस हत्याकांड के प्रति रोष प्रकट करने के लिए धारीवाल मिल के भी एक समुदाय के कर्मचारियों ने हड़ताल की ।

### गुरदासपुर में तनाव व पथराव

गुरदासपुर में भी आज धारीवाल हत्याकांड के प्रति तनाव रहा । पोस्ट आफिस चौक पर क्रुद्ध-जन समूह ने पथराव किया । एक कार पर भी पथराव किया व कार के ड्राईवर की पिटाई की । भीड़ ने सरकारी बसों पर पथराव भी किया । बसें रोकने का प्रयास किया । कुछ राहगीरों को भी पीटा ।

गुरदासपुर नगर व बटाला में आज बंद रहा ।

फज्जूपुर में हुए हत्याकांड की सूचना मिलते ही

# धारीवाल में कर्फ्यू....

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिलाधीश श्री जे.एस. मैनी तथा पुलिस प्रमुख श्री विरदी धारीवाल में ही हैं ।

श्री सिद्दीकी ने नगर के प्रमुखजनों की एक बैठक भी बुलाई तथा उनसे नगर में शांति बनाए रखने में सहयोग देने का आग्रह किया ।

एक भेंट में श्री सिद्दीकी ने सम्वाददाताओं को बताया कि घटनास्थल पर मिले 9 एम.एम. के खाली कारतूसों से इस बात का अनुमान है कि ये किसी विदेशी हथियार से चलाए गए हैं,जो या तो स्टेनगन हो सकती है या फिर कोई पिस्तौल ।

कर्फ्यू के बावजूद धारीवाल नगर में आज लोग नगर में समूहों में 'पुलिस विरोधी' नारे लगा रहे थे ।

श्री विरदी ने बताया कि सारे जिला में भारी नाकेबंदी की गई है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

पंजाब पुलिस के विरुद्ध व्यापक असंतोष को देखते हुए अधिकारियोंने नगर में बी.एस.एफ. व सी.आर.पी. के जवानों को गश्त के लिए तैनात किया है ।

## धमकियां मिली थीं

मृत नरेश कुमार के पिता इंका नेता श्री राम लुभाया ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या पूर्व नियोजित थी । उनका बेटा प्रतिदिन रात्रि को राइस शैलर में बैठता था,जहां कि उग्रवादियों ने उसकी व चौकीदार की हत्या की । उन्होंने कहा कि उन्हें गत तीस अप्रैल को एक धमकीभरा पत्र मिला था,जिसमें कहा गया था कि फज्जूपुर गांव के पास तीन शहतूत के पेड़ों के पास दस हजार रुपए पहुंचा दें ।

श्री राम लुभाया ने बताया कि उन्होंने इस पत्र को धारीवाल थाने के एस.एच.ओ. श्री मंगत राम को अगले दिन ही दे दिया था,लेकिन एस.एच.ओ. ने इस पत्र को गम्भीरता से नहीं लिया था ।

पंजाब प्रदेश इंका के अध्यक्ष श्री संतोख सिं रंधावा तथा महासचिव डा. केवल कृष्ण ने नरेश कुमार आदि की हत्या पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हत्याओं का उद्देश्य पंजाब की स्थिति को सामान्य करने के प्रयासों में अवरोध पैदा करना है । उन्होंने सरकार से आग्रह कियाकि अपराधियों को पकड़ने के लिए कोई कसर न रखें ।

## शिक्षा संस्थाएं बंद

'कोछड़' के अनुसार जिलाधीश श्री जे.एस. मैनी ने जिला गुरदासपुर में 8 व 9 मई को सभी स्कूल व आई.टी.आई. बंद करने के आदेश दे दिए हैं । जिन कालेजों में विश्वविद्यालय परीक्षाएं चल रही हैं,वहां परीक्षाएं यथावत चलती रहेंगी । उन पर यह आदेश लागू नहीं होगा ।

## 2 दर्जन हिरासत में

धारीवाल नगर में पथराव आदि करने के आरोप में पुलिस ने 28 युवकों को हिरासत में लिया है । फज्जूपुर हत्याकांड के संबंध में भी दो दर्जन लोग हिरासत में लिये गये हैं ।

चंडीगढ़ में सैक्टर 26 की अनाज मंडी में एक व्यक्ति ने एयरगन चलाकर एक ट्रक चालक को घायल कर दिया ।

# उग्रवादियों के अड्डों पर छापे : सैनिक वर्दियां व हथियार मिले

चंडीगढ़, 10 मई (यू.प्रै.,संघी): पुलिस ने चंडीगढ़ में कल सारी रात उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मार कर भारी परिमाण में हथियार तथा बम पकड़े । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि पकड़े गये हथियारों में एक स्टेनगन और 32 गोलियां तथा एक मैगजीन, दो टाईम बम, तीन ग्रैनेड, 13 देसी बम, एक टैलीस्कोपिक उपकरण, डायनामाइट छड़ों का एक बाक्स, सेना और पुलिस की वर्दियां तथा बैजों से भरा एक बाक्स तथा 15 लिटर तरल विस्फोटक भी शामिल हैं ।

यह छापा लुधियाना की पुलिस पार्टी ने मारा था । शहर में छिपे हुए कथित उग्रवादियों को पकड़ने के लिए चंडीगढ़ पुलिस के साथ-साथ पंजाब पुलिस के कई दलों द्वारा जगह-जगह छापे मारने का क्रम जारी है ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार पंजाब पुलिस (मोहाली) ने चंडीगढ़ से गत छह मई को गिरफ्तार किए गए पांच कथित उग्रवादियों के नेता जुगराज सिंह के मोहाली स्थित एक अन्य साथी युवक महेंद्र सिंह सोढी उर्फ टिकू को गिरफ्तार कर लिया है । इस युवक पर जुगराज सिंह के साथ स्थानीय एक सिनेमा गृह में हथगोला फैंकने का आरोप है ।

### वह धमकी देता था

विलम्ब से प्राप्त समाचारों के अनुसार पता चला है कि गत चार मई को मुठभेड़ में चार बंदी बनाए गए उग्रवादी गुरेंद्र सिंह को जब आत्म समर्पण करने को कहा गया तो उसने पंजाब इंका के एक वरिष्ठ नेता का नाम लेकर कहा कि जब तक उसको यहां नहीं बुलाया जाता, वह आत्म समर्पण नहीं करेगा ।

मुठभेड़ के दौरान गुरेंद्र सिंह ने स्वयं को कांग्रेस (इ) का दायां हाथ बताया । पुलिस सूत्रों के अनुसार उसने पुलिस को यह धमकी भी दी थी कि उक्त इंका नेता उन्हें निलम्बित करा सकता है ।

### चंचल सिंह की दशा में सुधार

मुठभेड़ के दौरान घायल हुए लंगा पुलिस के ए.एस.आई. श्री चंचल सिंह की दशा में सुधार हो रहा है । इन्हें पदोन्नत करके सब-इंस्पैक्टर बना दिया गया है ।

Punjabi Sanatani

# दिल्ली में सेना तलब

(पृष्ठ 3 का शेष)

ज्यादातर पंजाब के गुरदासपुर तथा फिरोजपुर जिलों के हैं ।

उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है,जो इन आतंकवादियों की मदद करते थे ।

## पड़ोसी राज्यों में तलाश

श्री मरवाहा ने कहा कि अपराध शाखा के कर्मचारियों को पड़ोसी राज्यों में भेजा जा रहा है क्योंकि समझा जाता है कि आतंकवादी भाग कर पड़ोसी राज्यों में चले गये हैं । उन्होंने कहा कि राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा सभी रास्तों को सील कर दिया गया है ।

## बस में बम

सेना ने आज सवेरे राजधानी के संवेदनशील इलाकों में मोर्चा सम्भालने के बाद पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में दिल्ली परिवहन निगम की एक बस से एक बम बरामद किया । सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस बस में कोई यात्री नहीं था ।

विभिन्न डिपुओं से चलने वाली सभी बसों की सेना तथा पुलिस कड़ी चैकिंग कर रही है ।

## पूर्व सूचना थी

श्री मारवाह ने इस बात की पुष्टि की कि गुप्तचर विभाग ने पंजाब से आतंकवादियों के दिल्ली आने और उनके सम्भावित हमले के बारे में अधिकारियों को आगाह किया था । गुप्तचर विभाग की इस चेतावनी के फलस्वरूप पुलिस ने हवाई अड्डा,रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डों पर यात्रियों और सिनेमा घरों में छानबीन शुरू कर दी थी । उसने गाड़ियों की भी जांच पड़ताल शुरू की । उन्होंने कहा कि पुलिस ने बमों के विस्फोट के लिए इस्तेमाल किए गए ट्रांजिस्टरों के बारे में ट्रांजिस्टर निर्माताओं की राय मांगी है ताकि पता लगाया जा सके कि उनका निर्माण किसने किया ।

## षड्यंत्र केन्द्र पंजाब में

आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां कहा कि दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य राज्यों में विस्फोट की घटनाओं के षड्यंत्र का मुख्य केन्द्र पंजाब का कोई स्थान है । सूत्रों के अनुसार राजधानी में आतंकवादियों का एक आत्मघाती दस्ता आया है जिसे कुछ प्रमुख ठिकानों पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं । कल रात उत्तर दिल्ली में नेहरू-विहार के निकट जल वितरण के एक महत्वपूर्ण केन्द्र की ओर एक व्यक्ति को ट्रांजिस्टर के साथ जाते देखा गया । लेकिन उसके सही ठिकाने तक पहुंचने से पहले ही बम फट गया और उसकी मृत्यु हो गई । इस व्यक्ति के पास से बरामद डायरी में हमले के सम्भावित स्थानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है ।

## नई हिटलिस्ट

आज रात्रि नई दिल्ली से ही किसी व्यक्ति ने बब्बर खालसा संगठन की ओर से यू. न्यू. के कार्यालय को टैलीफोन करके कहा कि संगठन ने नई हिटलिस्ट बना ली है । फर्राटेदार अंग्रेजी में इस व्यक्ति ने अपना नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा कि नई हिटलिस्ट में पत्रकार अरुण शोरी, एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) अर्जुन सिंह, लैफ्टिनैंट जनरल (रिटायर्ड) जगजीत सिंह अरोड़ा, इन्द्र कुमार गुजराल, हिन्दुस्तानी

Punjabi Sanatani



शुक्रवार को उग्रवादियों की गोली से मारे गए पंजाब लोकदल के अध्यक्ष चौधरी बलबीर सिंह की शव यात्रा का एक दृश्य ।




शुक्रवार की सायं सिरसा से रूपाणा व जोगीवाला गांवों को जा रही हरियाणा राज्य परिवहन की दो बसों में बम विस्फोट हुआ, जिसमें तीन यात्री मारे गए व एक दर्जन घायल हो गए। चित्र में (बाएं से दाएं) (1) जोगीवाला जा रही बस में बेगू रोड पर हुए बम विस्फोट में मृत एक व्यक्ति के शव को बस से निकाला जा रहा है। (2) गांव रूपाणा जा रही बस में हुए विस्फोट में मृत कृषि विभाग के ग्राम प्रसार कार्यकर्त्ता राजेंद्र सिंह मलिक का शव बस से उतारा जा रहा है। (3) सुलतान पुरिया में विस्फोट में घायल गुरजंत सिंह एवं उसकी पत्नी गुरनाम कौर (4) जोगीवाला की एक मृत महिला। (5) बम विस्फोट की शिकार हरियाणा परिवहन की उक्त दोनों बसें।


(छाया : दिवाकर

# एती मार पई कुरलाणे, तैं की दर्द न आया



शुक्रवार की शाम को नई दिल्ली के अंतर्राज्यीय बस अड्डे पर हुए बम विस्फोट में हताहतों के शव । (छाया : पानो)





(बाएं) दिल्ली के अंतर्राज्यीय बस अड्डे पर शुक्रवार रात को बम धमाकों की शिकार दो बसों में से एक। (दाएं) सफदरजंग अस्पताल में लहू-लुहान हालत में पहुंचा एक बस यात्री।



वह अभागी रिक्शा, जिस पर रघुबीर नगर, दिल्ली में सवार दोनों व्यक्ति बम विस्फोट से मारे गए।





लहू-लुहान हालत में पहुंचा एक बस यात्री।


गए।



हिन्दू राव अस्पताल दिल्ली में बम विस्फोटों में मृत व्यक्तियों के शव।



दिल्ली अंतर्राज्यीय बस अड्डे पर बम धमाकों में मृत निर्दोष यात्री।



चंडीगढ़ के एक धार्मिक स्थल की रसोई से पुलिस द्वारा बरामद सैल्फ लोडिंग राईफल व कारतूस।
(छाया : पुरी)



चंडीगढ़-दिल्ली मार्ग पर ट्रैफिक रविवार को सड़क के निकट टाईम बम जैसी कोई वस्तु पड़ी होने के कारण रोक देना पड़ा। चार घंटे के परिश्रम के पश्चात् पता चला कि किसी शरारती ने वहां टूटा हुआ लाऊड स्पीकर और एम्प्लीफायर रखा था। चित्र में पुलिस अधिकारी टूटे हुए लाऊड स्पीकर को चैक करते हुए। (इनसैट) लाऊड स्पीकर जो टाईम बम जैसा लगता है।
(छाया : पुरी)

Punjabi Sanatani

# गुरदासपुर में उग्रवादियों की गोली से दो घायल: नगर में हड़ताल : पंजाब में 800 बंदी

गुरदासपुर, 13 मई (प्रै, कोछड़, ज्ञानी): एक इंका कार्यकर्ता श्री तीर्थ राम व उनके पुत्र बलदेव राज को गत रात्रि में यहां दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 46 वर्षीय श्री तीर्थ राम की दशा गम्भीर बताई जाती है। उन्हें 7 गोलियां लगी हैं। 18 वर्षीय बलदेव राज को 2 गोलियां लगी हैं।

गत रात्रि 9.15 बजे जब ये पिता-पुत्र रात को दुकान बंद करके घर जा रहे थे, रास्ते में पहले से ही तैयार खड़े दो उग्रवादियों ने उन पर एक साथ अनेक गोलियां चला दीं। बताया जाता है कि आक्रमणकारी घटनास्थल से पैदल ही फरार हो गए। इस कांड की सूचना प्राप्त होते ही गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री विरदी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

इस घटना के कारण शहर में आतंक व क्षोभ व्याप्त है। अभियुक्तों को पकड़ लाने में पुलिस की विफलता के विरुद्ध नागरिकों ने प्रदर्शन किया। सारे शहर में इस घटना के विरोध में आज हड़ताल रही।

विधायक श्री राज कुमार व अन्य नगरवासियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की व नगर निवासियों से शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इस बीच सारे जिले में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल होने के बावजूद दोनों पिता-पुत्र निकट ही स्थित अपने घर में पहुंच गए थे।

### 20 गिरफ्तार

श्री विरदी ने बताया कि 20 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि सतर्कता के तौर पर 88 व्यक्तियों की धर-पकड़ की गई है।

### धारीवाल में हड़ताल जारी

जिले के धारीवाल कस्बे में आज लगातार सातवें दिन भी हड़ताल रही। इस नगर के निवासियों की मांग है कि 6 मई को यहां हुए हत्याकांड के उपरान्त अगले दिन हुए उपद्रवों के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए 28 लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। कम्युनिस्ट नेता श्री राज कुमार तथा भूतपूर्व मंत्री श्री खुशहाल बहल ने जिलाधीश व एस.एस.पी. से भेंट कर नागरिकों की मांगों का समर्थन किया है।

### गिरफ्तारियां जारी

पंजाब में उग्रवादियों व समाज विरोधी तत्वों की गिरफ्तारियों का क्रम जारी है।

भटिंडा से प्राप्त समाचारों के अनुसार हाल ही में देश के विभिन्न भागों में हुए बम विस्फोट कांडों के उपरान्त मारे गए छापों में भटिंडा जिले में 60 समाज विरोधी व संदिग्ध तत्वों को गिरफ्तार किया गया है। जिलाधीश श्री ए.के. मिश्रा ने कल यहां उक्त जानकारी दी।

### दोहरी सवारी पर रोक

जिला मैजिस्ट्रेट ने नगर में मोटर साइकिलों व स्कूटरों पर दोहरी पुरुष सवारियों तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 4 बजे तक बसों के चलने पर तात्कालिक रूप से रोक लगा दी है। सभी सिनेमाघरों के

(शेष पृष्ठ 6 पर)


# मंडी में 25 मरे

शिमला, 13 मई (वार्ता): हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पिछले दो सप्ताह में खसरा और पेचिश से कम से कम 25 लोगों की जानें गई हैं। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। यहां प्राप्त एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इस महामारी से जिले के करसोग क्षेत्र के 11 गांव प्रभावित हुए हैं जहां एक ही गांव में 12 जानें गईं।

चिकित्सकों का दल वहां देखरेख के लिए पहले ही पहुंच चुका है। अब तक लगभग 200 बच्चों को वहां इलाज द्वारा ठीक किया जा चुका है किन्तु अभी भी 300 से अधिक लोग आंत्रशोध से पीड़ित हैं।

Punjabi Sanatani





गुरदासपुर के क्षेत्र संगलपुरा में गत दिनों दो अज्ञात युवकों की फायरिंग से घायल (ऊपर) 46 वर्षीय हलवाई तीर्थ राम, (नीचे) दूसरा घायल बलदेव राज, जो तीर्थ राम का बेटा है ।

## गुरदासपुर में 2 घायल

(पृष्ठ 3 से आगे)

प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने सिनेमागृहों को रात्रि 9.30 बजे बंद कर दें । भटिंडा के रोज़ गार्डन में भी रात्रि 8 बजे के बाद जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया है । श्री मिश्रा ने कहा कि जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है ।

### होशियारपुर में कर्फ़्यू बढ़ा

'वार्ता' के अनुसार होशियारपुर के जिलाधीश एस. आर. बंगड ने शहर में कर्फ़्यू की अवधि कल सुबह आठ बजे तक के लिए बढ़ा दी है । कर्फ़्यू में आज सुबह आठ बजे से दो घंटे की ढील दी गई थी जिसमें कोई अप्रिय घटना नहीं हुई । शहर में पंजाब लोकदल के अध्यक्ष और भूतपूर्व सांसद चौधरी बलबीर सिंह की हत्या के बाद भड़की हिंसा को देखते हुए शुक्रवार को कर्फ़्यू लगाया गया था ।

### प्रिंसीपल को धमकी-भरा पत्र

बटाला से 'चौधरी' के अनुसार गत दिवस स्थानीय एक प्राईवेट स्कूल आदर्श विद्या मंदिर के प्रिंसीपल को धमकी-भरा पत्र मिलने का समाचार मिला है । इस सम्बन्ध में पता चला है इस विद्यालय के प्रिंसीपल श्री केवल कृष्ण और उनकी पत्नी स्कूल के वार्षिकोत्सव की तैयारी में लगे हुए थे तो उन्हें प्रातः 5 बजे स्कूल के गेट पर एक पैकेट दिखाई दिया जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर पैकेट को खोला जिसमें ईंटें व गोबर के अलावा एक पत्र लिखा जिसमें श्री केवल कृष्ण को लिखा था कि अब तुम्हारी बारी है । पत्र भेजने वाले के स्थान पर सिख छात्र संघ लिखा हुआ था ।

## बम फटने से 2 मरे, 1 घायल

उज्जैन, 13 मई (प्रै.): यहां कालेलसेरी आबादी में आज बम फटने से दो व्यक्ति, जिनमें एक स्त्री भी शामिल है, मारे गए और एक स्त्री गम्भीर रूप से घायल हो गई । पुलिस ने सारे क्षेत्र को सील कर लिया है । विवरणों की प्रतीक्षा कर जा रही है ।

जयपुर (वार्ता): पुलिस ने आज अलवर जिले के विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर शुक्रवार की रात मंडावर में हुए ट्रांजिस्टर बम विस्फोट के सिलसिले में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । पुलिस मुख्यालय के एक प्रवक्ता के अनुसार बम कांड के सिलसिले में पुलिस ने अलवर शहर, खैरथल, रामगढ़, किशनगढ़ तथा कड़ाप में छापे मार कर ये गिरफ्तारियां कीं ।

लखनऊ (वार्ता): बरेली स्टेशन के यार्ड में रेलवे वैगन से गत नौ मई को चुराये गये बम के पलीतों से भरे दो बक्से सेना के नहीं हैं । गृह सचिव भोला नाथ तिवारी ने बताया कि गोमो आयुद्ध कारखाने में बने ये पलीते मैसर्स शिवालिक इंटरप्राइजेज के थे जो कि देहरादून में विस्फोटक पदार्थों का लाइसैंस प्राप्त डीलर है । गृह सचिव के अनुसार वैगन से इन पलीतों के दो बक्से स्थानीय चोरों ने चुरा लिये थे और वे उन्हें बेचने का असफल प्रयास कर रहे थे । बेच न पाने पर चोर इन बक्सों को अपने घर ले गये और उनमें से एक ने उन्हें खोलने का प्रयास किया । इसी प्रक्रिया में शरीफ नामक व्यक्ति घायल हो गया ।

## पीला स्कूटर किसका होगा ?

**बस्सी पठानां (रु.):** शुक्रवार के दिन होशियारपुर में पंजाब लोकदल के प्रधान और भूतपूर्व सांसद चौ. बलबीर सिंह की हत्या में प्रयुक्त पीले रंग के स्कूटर के बारे में लोगों में यह संदेह ज़ोर पकड़ता जा रहा है कि हत्यारों द्वारा प्रयुक्त पीले रंग का स्कूटर किसका हो सकता है,जबकि लगभग एक वर्ष से सरकार ने आम लोगों द्वारा पीले रंग वाले स्कूटर व मोटर साइकिलों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा रखी है । लोगों का यह भी कहना है कि ऐसी हालत में सम्बद्ध स्कूटर कभी भी चैकिंग के दौरान क्यों न पकड़ा गया ? इसका जवाब तो पुलिस ही दे सकती है, जिन पर चैकिंग के नाम पर वाहनों पर सवार लोगों को परेशान करने के आरोप खुलेआम लगते रहते हैं ।

**मोगा (अ):** सुरक्षा बलों ने पिछले 2 दिन में की गई धर-पकड़ के दौरान जिला फरीदकोट में 31 समाज विरोधी तत्वों को पकड़ा है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज यहां उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सारे फरीदकोट जिले को सुरक्षा बलों की सहायता से सील कर दिया गया है ।

पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 1200 लोग गिरफ्तार किए गए हैं । इनमें से 800 पंजाब में, 300 हरियाणा में, 80 चंडीगढ़ में गिरफ्तार किए गए ।

यहां प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पंजाब में अमृतसर में सर्वाधिक 194 गिरफ्तारियां हुई हैं । उसके बाद गुरदासपुर का स्थान है जहां 114 असामाजिक तत्व पकड़े गए हैं ।

**फिरोजपुर (धीमान):** भटिंडा में ए.एस.आई. गुरबचन सिंह की हत्या के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं ।

Punjab Panorama

## भाई मान सिंह की रक्षा का आश्वासन

पटना, 13 मई (प्रै.): बिहार सरकार ने पटना के तख्त हरमंदिर साहब के हैडग्रंथी भाई मान सिंह व अन्य प्रमुख सिखों को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया है । मध्य क्षेत्र के आई.जी. पुलिस ने भी आज उनसे भेंट की । यू.न्यू. के अनुसार भाई मान सिंह ने कहा है कि उनका राजनीति में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा नहीं है । अकाली दल अकाल तख्त को गिराए या बनाए, मुझ से कोई मतलब नहीं है ।

## अलैग्जैंडर उच्चायुक्त बने

नई दिल्ली, 13 मई (वार्ता): प्रधानमंत्री के भूतपूर्व प्रधान सचिव श्री अलैग्जैंडर को लंदन में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है । विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्री अलैग्जैंडर शीघ्र ही अपने पद का कार्यभार सम्भाल लेंगे ।

## बम धमाकों बारे लुधियाना में गिरफ्तारियां

लुधियाना, 13 मई (म.): दिल्ली पुलिस ने ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों के बारे में यहां छापे मार कर कई लोगों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की । उपायुक्त के.आर. लखनपाल ने बताया कि समाज विरोधी गतिविधियों में 100

# नारंग का घर विस्फोटों का भंडार : बम कई महीनों से बन रहे थे

नई दिल्ली, 14 मई (हि.): उत्तरी भारत के विभिन्न स्थानों तथा राजधानी दिल्ली में हुए बम विस्फोट के सम्बन्ध में दिल्ली में पकड़े गए उग्रवादियों से पूछताछ करने पर रहस्योद्‌घाटन हुआ है कि ट्रॉजिस्टर बम बनाने का कार्य पिछले कई महीनों से जारी था । पुलिस ने जिन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है उनमें पश्चिमी पटेल नगर निवासी आय कर के एक नामी वकील करतार सिंह नारंग शामिल हैं ।

इन उग्रवादियों से पूछताछ से यह भी पता चला है कि ये ट्रॉजिस्टर बम रघुबीर नगर में बनाए गए थे । इन पर लगभग 30 हजार रुपए खर्च हुए ।

## 1000 बम बनाने लायक विस्फोटक मिले

बताया जाता है कि करतार सिंह नारंग के वैस्ट पटेल नगर की कोठी से इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ है कि उससे सारी ही कोठी उड़ सकती थी । नारंग के पड़ौसियों के अनुसार यह भारी विस्फोटक सामग्री एक टिन के बाक्स में बंद थी तथा इसके ऊपर फटे पुराने कपड़े आदि डाल कर छिपाया हुआ था । जांच कर रहे गुप्तचरों को इस टिन बाक्स के भारी होने पर संदेह हुआ तथा उन्होंने पुलिस व सेना के विस्फोट विशेषज्ञों को बुला लिया । इस विस्फोटक सामग्री की विनाशकारी शक्ति को देखते हुए सुरक्षा बलों के विशेषज्ञ इसे तुरंत वहां से ले गए । यह टिन का बक्सा अन्य काठ कबाड़ के साथ पानी की टंकी के पास पड़ा हुआ था । इसमें बंद विस्फोटक सामग्री से एक हजार छोटे विनाशकारी बम बनाए जा सकते थे ।

उग्रवादियों के पास से जो हथियार और कारतूस बरामद हुए वे सभी अमरीकी हैं ।

करतार सिंह नारंग के घर की जांच-पड़ताल से पता चलता है कि बम में इस्तेमाल की जाने वाली बारूद की परत कमरे में लटके हुए पंखे, किताबों और अल्मारियों पर पड़ी हुई थी ।

नारंग के घर से एक ऐसी डायरी मिली है जिसमें ट्रॉजिस्टर बमों को बनाने में हुए खर्चे का विवरण दिया हुआ है, जिससे पता चलता है कि इन बमों के निर्माण में लगभग 30 हजार रुपयों का खर्चा आया है ।

सबसे आश्चर्य की बात यह है कि नारंग का लड़का रवींद्र पाल सिंह आप्रेशन ब्लू स्टार के समय से घर से गायब है । ऐसा समझा जाता है कि रवींद्र पाल सिंह उत्तर प्रदेश में उग्रवादियों के गिरोह का नेतृत्व कर रहा है । पुलिस के हाथ एक ऐसी डायरी लगी है जिससे पता चलता है कि उत्तर प्रदेश के दो नगरों—देहरादून और हापुड़ में इन्होंने अपने अड्डे बनाए हुए थे । इन अड्डों से ये लोग उत्तर प्रदेश में तोड़फोड़ में लगे हुए थे ।

इन तीनों उग्रवादियों में एक युवक मोहिन्द्र सिंह उर्फ खालसा शामिल था जो अपने पिता का नाम गोबिंद सिंह और घर का पता आनन्दपुर साहब बताता था ।

खालसा के अलावा पुलिस ने रघुबीर नगर में मनमोहन सिंह नामक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से अमरीकी कोल्ट की पिस्तौल और लगभग 50 अमरीकी कारतूस भी बरामद किए हैं । उसने पिस्तौल और कारतूस अपने स्कूटर में रखे हुए थे । पुलिस ने मनमोहन की निशानदेही पर रघुबीर नगर में ट्रॉजिस्टर के कैबिनेटों को भी बरामद किया है ।

पटेल नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार नारंग के घर से भी पुलिस ने प्वाईंट 455 की अमरीकी पिस्तौल और छह कारतूस की मैगजीन बरामद की है ।


नारंग के घर से पुलिस ने कुछ ऐसे उपकरण और औजार बरामद किए हैं जिससे पता चलता है कि इनका प्रयोग बम बनाने के काम में लिया जाता था ।

प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार बरामद औजारों और उपकरणों में हैंड ड्रिलिंग मशीन, एक छोटे बम का खोल, छह ब्लेडों से युक्त लोहा काटने की आरी, एक फीता, एक पंचिंग मशीन, ताम्बे का तार, प्लास्टिक के धागे, टैस्ट ट्यूब, बारूद, गुरुमुखी में लिखित कुछ कागजात और दस्तावेजों के अलावा भाषण की कुछ प्रतियां मिली हैं जो समाचार पत्रों के सम्पादकों के नाम लिखी गई थीं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वहां पंजाबी की कुछ पत्रिकाएं भी मिली हैं जिन पर सरकार ने पाबन्दी लगा रखी है । पुलिस ने नारंग और उसके साथियों को कल बड़े ही नाटकीय ढंग से गिरफ्तार किया । नारंग ने अपने घर में वायरलैस चालित टैलीफोन लगा रखा था । नारंग की संदिग्ध गतिविधियों और वायरलैस चालित टैलीफोन पर की जाने वाली बातों पर आसपास के पड़ौसियों को शक हो गया था ।

पता चला है कि ट्रॉजिस्टर बम षड्यंत्र में पश्चिमी पटेल नगर के वकील करतार सिंह नारंग को ठीक उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह अपने मकान के निचले हिस्से में स्थित ट्रॉजिस्टर बम बनाने की फैक्टरी में अपने दो सहयोगियों के साथ कथित रूप से काम कर रहा था । नारंग उस मकान में 1975 से रह रहा था ।

'वार्ता' के अनुसार करतार सिंह नारंग के पश्चिम पटेल नगर स्थित मकान पर सशस्त्र पुलिस पहरा दे रही है ।



दिल्ली में तथा पड़ोसी राज्यों में हुए बम विस्फोटों के संबंध में तीन व्यक्तियों में से एक करतार सिंह नारंग को तीस हजारी अदालत में पेश करने के लिए ले जाया जा रहा है ।

## बम मिले....

(पृष्ठ 3 का शेष)

### 7 और गिरफ्तारियां

उग्रवादियों द्वारा बम विस्फोट की घटनाओं के सिलसिले में जिला अलवर में 7 और गिरफ्तारियों के साथ कुल गिरफ्तारियों की संख्या 12 हो गई है । जिला अलवर में 5 स्थानों पर छापों के दौरान 3 देसी पिस्तौल पकड़े गये हैं । गंगानगर में भी कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

जयपुर में यात्री गाड़ी को लूटने की कथित योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार गंगानगर जिले के गजसिंहपुर और रायसिंह नगर के बीच ये लोग ट्रेन लूटने की योजना बना रहे थे । गाड़ी में सुरक्षा के लिये तैनात कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने इन्हें मौके पर ही पकड़ लिया । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

### हवाई अड्डे पर आतंक

कल जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे पर एक खाली डिब्बे ने हड़कम्प मचा दिया । पुलिस के अनुसार यहां सांगानेर हवाई अड्डे के बाहर बगीचे में किसी ने पोलीथीन में लिपटा एक डिब्बा रख दिया । बगीचे के माली ने बम समझ कर पुलिस को सूचित किया । यह खबर तुरन्त आस-पास फैल गई । लोग इधर-उधर भागने लगे । कुछ देर बाद जब वस्तु का निरीक्षण किया तो पोलीथीन में लिपटा कागज का डिब्बा मिला ।

### घबराहट

देवास (वार्ता): देवास में कल शाम दो स्थानों पर ट्रांजिस्टर पाये जाने के बाद बम होने की आशंका से लोगों में घबराहट फैल गई । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची । ट्रांजिस्टरों की जांच करने पर पाया गया कि वे असली ट्रांजिस्टर ही थे और उनमें बम जैसी कोई चीज नहीं थी ।

### सुरक्षा उपाय

अगरतल्ला (वार्ता): त्रिपुरा सरकार ने उत्तर भारत में हाल में हुए बम विस्फोट को नजर रखते हुये पूरे राज्य में सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिये हैं । आधिकारिक सूत्रों ने कल बताया कि केंद्र ने सभी उत्तर पूर्वी राज्य, एक केंद्र शासित क्षेत्र को सिख घुसपैठियों से आगाह कर दिया है । सूत्रों ने कहा है कि यह भी ध्यान में रखा जा रहा है कि आतंकवादी विद्रोहियों से किसी प्रकार की सांठ-गांठ न करने पाये । सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिये गये हैं ।

### 313 गिरफ्तार

कानपुर (वार्ता): कानपुर जिले में आतंकवादी हरकतों के लिये कल 36 और लोगों की गिरफ्तारी से अब तक इस संबंध में गिरफ्तार लोगों की संख्या 313 हो गई है । कानपुर के पुलिस अधीक्षक श्री बी. राजगोपाल ने आज बताया कि गिरफ्तार किये गये असामाजिक तत्वों के पास दो तमंचे भी बरामद किये गये ।

### यूथ इंका नेता की हत्या का प्रयास

चंडीगढ़ से यू.न्यू. के अनुसार पंजाब यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उसकी कार्यकारिणी के सदस्य श्री वृषभान शर्मा की फगवाड़ा में हत्या की उग्रवादियों ने दो बार कोशिश की लेकिन संगठन की

केसों की पैरवी करेगी ।

### सिनेमा को हथगोले से उड़ाने का प्रयास

रोहतक : (शिपा): आज एक उग्रवादी ने एक स्थानीय सिनेमा हाल को हथगोले से उड़ाने का प्रयास किया पर सिनेमा के गेटकीपर ने पहले ही उसकी तलाशी लेकर उसकी जेब से एच. ई. 36 किस्म का हथगोला बरामद कर लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया । यह उग्रवादी जिले के बल्लम गांव का है । उसने बताया कि उसका मौसा जो सेना में है, ऐसे दो बम लाया था । उसकी मौसी ने उसे एक बम कहीं रख आने के लिए दिया । पुलिस ने जब मौसा के घर पर छापा मारा तो वे लोग फरार हो गए । इस सम्बन्ध में गेटकीपर तथा दो सिपाहियों को पुरस्कार दिया गया है ।

कठुआ (म): पुलिस ने लखनपुर क्षेत्र में रेलवे पुल व लिफ्ट स्टेशन के पास फरीदकोट पंजाब के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

जम्मू की एक सूचना के अनुसार पंजाब से लखनपुर में प्रविष्ट होते समय चार उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

दिल्ली की एक विज्ञान पत्रिका के सम्पादक शास्त्री भवन के बाहर कल अपना ब्रीफकेस भूल गये । आज उन्हें याद आया तो वे उसे ढूंढने पहुंचे । उन्हें आशा नहीं थी कि उन्हें ब्रीफकेस मिलेगा । पर जब वे वहां पहुंचे तो वहां भीड़ एकत्र थी । लोगों ने उन्हें ब्रीफकेस नहीं छूने दिया और पुलिस बुला ली । पुलिस ने सम्पादक का बयान लेकर ब्रीफकेस उनके हवालेकर दिया ।

इसी बीच रघुबीर नगर क्षेत्र में विशाल सिनेमा के निकट एक पार्क में पड़े जो हथगोले कल सुबह मिले थे, पुलिस ने इनके सम्बन्ध में बताया कि इनमें से एक एच. ई. 36 टाइप का बम था जब कि दूसरा देसी बम था । ये दोनों बम कल लगभग 7.30 बजे बच्चों ने देखे थे । इस समय जब कि भीड़ अत्यन्त डर के वातावरण में खड़ी प्रतीक्षा कर रही थी, विस्फोटक सामग्री के विशेषज्ञ वहां पहुंच गए । एच. ई. 36 टाइप का बम जो कि अत्यन्त शक्तिशाली बम होता है, तो 'डम्मी' सिद्ध हुआ जब कि 'देसी बम' को एक कूड़ादान में डाल कर निर्जन स्थान पर ले जाकर नष्ट किया गया ।

### टैलीफोनों का जोर

इसी बीच पुलिस को कल सारा समय आपात्कालीन टैलीफोन आते रहे । सब्जी मंडी में एक दीवार के निकट पड़ी एक प्लास्टिक की वस्तु ने सनसनी पैदा कर दी । बाद में विशेषज्ञों ने वहां पहुंचकर देखा कि वह एक डिब्बा था । चांदनी चौक में एक ब्रीफ केस ने खूब सनसनी पैदा की लेकिन उसमें भी सिर्फ कागज ही थे । इसका मालिक बाद में इसे ले गया ।

परसों के बंद के बाद कल राजधानी में जनजीवन सामान्य रहा ।

शांति निकेतन के एक मकान में एक चार इंच का वैसा ही गोल बम देखने को मिला जैसा कि दीवाली पर इस्तेमाल किया जाता है । उस घर में रहने वालों ने बताया कि कोई बच्चा उसे छोड़ गया था । उसे नष्ट करने के लिए भी सेना का 'बम डिस्पोजल दस्ता' बुलाया गया ।

### दस्तावेज गायब

बम विस्फोटों के सिलसिले में गत दिवस गिरफ्तार करतार सिंह नारंग के कनिष्ठ सहयोगी ने

चंडीगढ़ से यू.न्यू. के अनुसार पंजाब यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उसकी कार्यकारिणी के सदस्य श्री वृषभान शर्मा की फगवाड़ा में हत्या की उग्रवादियों ने दो बार कोशिश की लेकिन संगठन की विज्ञप्ति में यह नहीं बताया कि यह घटना कब हुई । इस 'घटना' के बारे में सरकारी तौर पर कुछ नहीं कहा गया ।

हरियाणा पुलिस ने बम कांडों के सम्बन्ध में छापे मारने के लिए पुलिस के दस्ते पंजाब के जालंधर, लुधियाना व अन्य नगरों में भेजे हैं।हिसार बस स्टैंड पर मृत उग्रवदी चरनजीत सिह मोती जालन्धर का रहने वाला था और गुरेन्द्र सिह के गिरोह का सदस्य था गुरेन्द्र सिह की चंडीगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद मृत्यु हो गई थी । चरनजीत ने जालन्धर में एक ए. एस. आई. की भी हत्या की थी । बम विस्फोटों के सिलसिले में हरियाणा में 400 लोग गिरफ्तार किए गए हैं ।

## गुरेन्द्र के भाई से पूछताछ

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार 4 मई को सैक्टर 37 में हुई मुठभेड़ में पकड़े गए गुरेन्द्र सिह के भाई सुखजिन्दर सिह से भी कई मामलों में पूछताछ की जा रही है । उसे गत सप्ताह बंगा में गिरफ्तार किया गया था ।

पता चला है कि चंडीगढ़ प्रशासन के एक अधिकारी के सरकारी ड्राइवर का लड़का गुरदीप सिह सैक्टर 20 के एक मामले में शामिल है । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ।

## रिमांड बढ़ा

श्रीमती इंदिरा गांधी के एक हत्यारे बेअंत सिंह के भोग के दौरान भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार एक अकाली विधायक बसंत सिंह खालसा एक भूतपूर्व विधायक बचित्तर सिह व चार अन्य व्यक्तियों का न्यायिक रिमांड चंडीगढ़ की विशेष अदालत के प्रिजाईडिंग अफसर श्री ए.पी. चौधरी ने आगामी 21 मई तक के लिए बढ़ा दिया है ।

## सुनवाई 3 जून को

वकीलों की हड़ताल के कारण श्री चौधरी ने हिन्द सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान श्री पवन कुमार शर्मा व 16 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध गत वर्ष 19 अप्रैल को यहां हुई हिंसा की घटना के आरोप में रजिस्टर्ड केस की सुनवाई आगामी 3 जून तक के लिए स्थगित कर दी है ।

## स्कूटर छीना

रामपराफूल (जिला भटिंडा) में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया । उन्होंने पहले तो इस स्कूटर वाले को इस बात के लिए मजबूर किया कि वह उन्हें स्कूटर पर बैठा ले और कुछ दूरी पर जाने के बाद उन्होंने स्कूटर वाले को धक्का देकर गिरा दिया और उसका स्कूटर लेकर चम्पत हो गये ।

## जेल सुप्रिटेंडेंट के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

होशियारपुर (सूद): जिला बार एसोसिएशन के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री आर.पी. धीर एडवोकेट, श्री रामतीर्थ एडवोकेट गढ़शंकर, अश्विनी ओहरी एडवोकेट दसूहा, भारतीय युवा मोर्चा होशियारपुर के प्रधान पवन कुमार शर्मा और संजीव कुमार एडवोकेट ने एक संयुक्त वक्तव्य में जिला प्रशासन से मांग की है कि 12 मई को जिला

डिस्पोजल दस्ता बुलाया गया ।

## दस्तावेज गायब

बम विस्फोटों के सिलसिले में गत दिवस गिरफ्तार करतार सिह नारंग के कनिष्ठ सहयोगी ने गत सोमवार को उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के कार्यालय में नारंग की अलमारी से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज निकालकर गायब कर दिए ।

समझा जाता है कि नारंग का यह कनिष्ठ सहयोगी भी सिख है जिसकी गतिविधियां भी पिछले दिनों काफी संदिग्ध थीं और वह अक्सर नारंग के साथ रहा करता था तथा अक्सर उसे कुछ संदिग्ध लोगों के साथ देखा जाया करता था ।

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के कार्यालय में बैठे कुछ वकीलों ने बताया कि वे लोग नारंग की गिरफ्तारी की चर्चा कर रहे थे कि उसी समय उसका कनिष्ठ सहयोगी भागता हुआ कार्यालय में आया और नारंग के नाम पर आबंटित 'लाकर' में से बहुत से कागजात लेकर चलता बना ।

श्री नारंग का यह सहयोगी काफी घबराया हुआ था ।

श्री मरवाह ने बताया कि पुलिस को अब तक बम होने की 55 झूठी सूचनाएं मिली हैं । बाद में एक पुलिस प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि शाहदरा क्षेत्र में कोई बम बरामद नहीं हुआ । जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि पूर्वी दिल्ली के बाबरपुर इलाके में कोई व्यक्ति कपड़े में लिपटी बम जैसी किसी चीज को छोड़ गया था ।

बरेली (प्रे.): बिजनोर जिले के डेहर थाना क्षेत्र के एक जंगल में छिपे हुए एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । उसके पास से भारी परिमाण में शस्त्रादि बरामद किए गए हैं ।

## सर्वोदय एक्सप्रैस लेट

अहमदाबाद (वार्ता): बम रखा होने की झूठी खबर के कारण नई दिल्ली जा रही सर्वोदय एक्सप्रेस आज दो घंटे लेट हो गई । पूछताछ विभाग के एक क्लर्क को किसी व्यक्ति ने टैलीफोन पर खबर दी कि रेल गाड़ी में एक बम रखा हुआ है । दो घंटे तक यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली गई किन्तु निकला कुछ भी नहीं । बाद में सर्वोदय एक्सप्रैस पांच बजे यहां से रवाना हुई । इसी बीच आरक्षण विरोधियों के यात्रा नहीं करो आह्वान को देखते हुए यहां प्लेटफार्म पर सेना तैनात कर दी गई है ।

# 33 हजार रुपए लूट लिए

लुधियाना, 15 मई (जोशी): आज यहां चंडीगढ़ रोड पर दोपहर बाद एक फीयट कार में सवार तीन व्यक्तियों ने एक स्कूटर सवार दिलबाग सिह से 33 हजार रुपए बंदूक की नोक पर लूट लिए । दिलबाग सिह प्रतापगढ़ का रहने वाला है । लूटने वालों में से 2 ने दाढ़ी कटवा रखी थी जबकि तीसरे ने दाढ़ी और केस रखे हुए थे । पुलिस ने केस दर्ज करके नाकाबंदी कर दी है ।

# 'विक्स हर्बल थ्रोट ड्राप' की बिक्री शुरू

चंडीगढ़, 15 मई (सागर): पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ व जम्मू-कश्मीर में आज विक्स हर्बल थ्रोट ड्राप की बिक्री शुरू की गई । अज यहां एक सीमित समारोह में स्टाकिस्टों को इस नए उत्पादन के लाभ बताए गए । निर्माता कम्पनी रिचर्डसन हिंदुस्तान

# पंजाब में कई जगह बम, हथगोले, कारतूस बरामद, व्यापारी लुटा, बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 16 मई (प्रै. यू.): पंजाब में आज भी कई जगह से बम, हथगोले, शस्त्रादि बरामद हुए और लूटपाट की घटनाएं हुई । चंडीगढ़ की सुखना झील में एक एच. ई.-36 श्रेणी का हथगोला मिला, सैक्टर 28 में सैनिक अधिकारियों के आवास के पास मशीनगन के 12 पुराने कारतूस मिले, जालन्धर जिले में एक व्यापारी से 70 हजार रु. लूट लिए गए, लुधियाना में पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया गया ।

चंडीगढ़ पुलिस ने बताया कि आज सुखना झील में एक एच. ई.-36 हथगोला मिला जिसमें जंग लगी हुई थी । पिन भी लगी हुई थी । सूत्रों के अनुसार घटनास्थल के पास की पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही ने वहां एक सांप निकलते देखा । जब वह उसे मारने गया तो सांप झाड़ियों में छिप गया । सांप की तलाश के दौरान ही सिपाही ने हथगोला देखा ।

लुधियाना, (मुसाफिर): लुधियाना पुलिस ने पुलिस मुकाबले के पश्चात् दो कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार करने और उनके कब्जे से घातक शस्त्रास्त्र बरामद करने का दावा किया है ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री ए. पी. पांडे ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने सी. आई. ए. के डी. एस. पी. श्री राज किशन बेदी और इंस्पैक्टर संत सिंह के नेतृत्व में सिधवां नहर ब्रांच पर नाकाबंदी की हुई थी कि तड़के लगभग साढ़े तीन बजे पुलिस ने गांव सिधवां से स्कूटर पर दो उग्रवादियों को आते देखा । पुलिस ने जब इन को रुक जाने के लिए कहा तो अभियुक्तों ने फायरिंग शुरू करदी । पुलिस ने भी आत्म रक्षार्थ फायरिंग की और थोड़ी देर के बाद अभियुक्तों पर काबू पा लिया ।

अभियुक्तों की शिनाख्त चंडीगढ़ के महेंद्र प्रताप सिंह और ककराली जिला रोपड़ के बलराम सिंह के रूप में की गई । गिरफ्तारी के समय बलराम सिंह सैनिक हवलदार की वर्दी पहने हुए था, जबकि महेंद्र प्रताप सिंह के थैले से सैनिक वर्दी बरामद हुई है ।

पुलिस ने महेंद्र प्रताप के कब्जे से एक स्टेनगन और 9 एम. एम. के 32 कारतूस बरामद किए हैं जबकि बलराम सिंह से 45 बोर की एक अमरीकी पिस्तौल और एच. ई. 36 किस्म का एक हथगोला बरामद किया है । अभियुक्त सी. एच. बी. 1388 नम्बर के स्कूटर पर सवार थे, जो उन्होंने चंडीगढ़ में चोरी किया था ।

बताया गया है कि अभियुक्तों ने प्रारम्भिक जांच के पश्चात् स्वीकार किया है कि वे चंडीगढ़ के कुख्यात उग्रवादी गुरेंद्र सिंह, जो गत दिवस चंडीगढ़ में पुलिस मुकाबले में घायल होने के पश्चात् पी. जी. आई. चंडीगढ़ में मारा गया और जिसने दो पुलिस कर्मचारियों की हत्या की थी, के साथी हैं । उन्होंने जिला रोपड़ में कई वारदातें कीं तथा खन्ना के कांग्रेसी नेता श्री भीष्म प्रकाश की हत्या में भी उनका हाथ है । अभियुक्तों से आगे पूछताछ की जा रही है ।

**शस्त्रों के लाइसैंस रद्द, दोहरी सवारी की छूट भी खत्म**

हि. स. के अनुसार लुधियाना के जिला मैजिस्ट्रेट ने जिन हथियारों के लाइसैंस जिला भर में जारी किए हैं, उन सभी को रद्द कर दिया है । आज यहां जारी एक आदेश के अनुसार स्कूटर तथा मोटर साइकिल पर दोहरी सवारी के लिए भी जो परमिट जारी किए गए हैं, वे भी रद्द कर दिए गए हैं । पहले कुछ लोगों को स्कूटर तथा साढ़े तीन हार्स पावर के मोटर साइकिल पर दोहरी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# गुजरात के 7 नगरों में हिंसा

अहमदाबाद, 16 मई (वार्ता, प्रै.): अहमदाबाद शहर के कर्फ्यू मुक्त इलाके में कल रात छुरेबाजी की 3 तथा आगजनी व लूटपाट की अनेक घटनाएं हुई जिनमें एक व्यक्ति मारा गया तथा एक सख्त घायल हो गया ।

दरियापुर के इदगाचाकी इलाके में छुरा लगने से

की घटनाएं हुई । सुरेन्द्र नगर में 10 घटनाएं साड़फूंक की हुई । दूसरी ओर धार्मिक नेताओं ने शांति प्रयास के लिए कमेटियां बनाई हैं । मेहसाना जिले के विसनगर में 3 दुकानें जला दी गई ।

अहमदाबाद में आज एक व्यक्ति की छुरा मार कर हत्या कर दी गई । दो लोग पुलिस फायरिंग में

Punjabi Sanatam

# बम मिले

(पृष्ठ 1 का शेष)

## कठुआ क्षेत्र में रेल पटरी पर बम

कठुआ से हमारे संवाददाता के अनुसार कठुआ में कल रात और आज प्रातः 4 ट्रांज़िस्टर बम मिलने की सूचना से शहर में घबराहट फैली हुई है। रात को ट्रांज़िस्टर बम कठुआ रेलवे स्टेशन के यार्ड में और कठुआ तथा बुधी रेलवे स्टेशनों के बीच रेल पटरी पर मिले। बम मिलने के बाद जम्मू तवी-पठानकोट रेल खंड पर यातायात प्रभावित हुआ। कलकत्ता जा रही हिमगिरि एक्सप्रेस, मद्रास-जनता एक्सप्रैस, पुणे जा रही जेहलम एक्सप्रैस, नई दिल्ली जा रही शालीमार एक्सप्रैस और जम्मू तवी-स्यालदह एक्सप्रैस ट्रेनें इस घटना के कारण 5 से 9 घंटे लेट चल रही हैं। जम्मू तवी को जाने वाली शालीमार एक्सप्रैस आज आधी रात को दिल्ली से रवाना होगी। उसने शाम 4 बजे दिल्ली से रवाना होना था।

## ट्रक जला

कठुआ (भ.): कल रात रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में यहां एक ट्रक को आग लग गई। उसका ड्राइवर और कंडक्टर लापता पाए गए। फायर ब्रिगेड ने आकर आग बुझाई। दो रातों से यहां शरारतियों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाए जा रहे हैं।

## तलवारें, भाले बरामद

जम्मू (स.): पुलिस ने आज जम्मू में कई घरों पर छापे मारकर भारी संख्या में तलवारें और भाले बरामद किए। इस सिलसिले में चार केस दर्ज किए गए हैं और 3 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। उनसे पहले भी 200 तलवारें मिली थीं।

## टू-इन-वन बम

जम्मू से 'मेच्चर' के अनुसार बड़ी ब्राह्मण में जो बम मिला है वह टू-इन-वन किस्म का है। उस पर विदेशी मार्का है। उस पर अंग्रेजी में 'सान्य' लिखा है। खोलने पर पता चला कि उसके तीन हिस्से हैं एक में अडाप्टर दूसरे में प्लग और तीसरे में विस्फोटक पदार्थ हैं। उसमें सैल नहीं। बुधी स्टेशन पर जो बम मिला वह भी इसी से मिलता जुलता है। पुलिस ने यहां के इलाका सतवारी के 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन पर एक फोटोग्राफर पर घातक हमला करने का आरोप है, इनमें नई बस्ती का राजकुमार और एक अव्यस्क लड़का गुरविंद्र सिंह भी शामिल है।

## लैटर बाक्स में रहस्यपूर्ण पार्सल

शिमला में कल शाम एक लैटर बाक्स में एक रहस्यपूर्ण पार्सल मिला जिसमें बम का संदेह हो जाने पर चंडीगढ़ से विस्फोटक विशेषज्ञ शिमला बुलाए गए क्योंकि शिमला में ऐसा कोई विशेषज्ञ नहीं। यह पार्सल बम्बई के एक पते पर भेजा जाना अभीष्ट है। पुलिस ने उसे तुरन्त अपने कब्ज़े में ले लिया। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि लैटर बाक्स से डाक निकाल रहे डाकिये को यह पैकट, जिस पर 'रजिस्टरी द्वारा' लिखा था, मिलने पर संदेह हुआ और वह तुरन्त यह मामला डाक अधिकारियों के नोटिस में लाया, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। पार्सल पर कोई डाक टिकट नहीं लगी थी। इसका वज़न 100 ग्राम था।

## हथियार बरामद

संगरूर (यू.): पुलिस ने कालेके ग्राम पंचायत के

## हथियार बरामद

संगरूर (यू.): पुलिस ने कालेके ग्राम पंचायत के सदस्य करनैल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से निषिद्ध. बोर का एक रिवाल्वर और बहुत-सा गोली-बारूद बरामद किया ।

बम मिलने के बाद स्यालदह एक्सप्रैस को बुधी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया और दुर्घटना टल गई । ये बम रेलवे लाईन पर गश्त करने वालों ने देखे । सभी बम रेल पटरी के मध्य में रखे हुए थे और दिल्ली में रखे गए ट्रांज़िस्टर बमों से मिलते-जुलते बताए जाते हैं । बमों को तुरन्त पटरी से हटा कर निष्क्रिय बनाने के लिए कार्रवाई की गई । आज प्रातः बुधी के स्टेशन मास्टर ने एक बम मिलने की सूचना दी । रेल पटरी पर यह बम कश्मीर मेल के पठानकोट से आने के कुछ ही समय पहले मिला । रेल पटरी के साथ गश्त तेज़ कर दी गई है और पुलिस को चौकस कर दिया गया है ।

जम्मू से 'मुखबिर' के अनुसार एक बम आज बड़ी ब्राह्मणा के पास मिला जिससे क्षेत्र में मिले बमों की संख्या 5 हो गई । जम्मू में सारी स्थिति का उच्चतम स्तर पर अधिकारियों ने जायज़ा लिया और रेल पटरी की सुरक्षा के प्रबन्ध और कड़े करने का फैसला किया गया । एक बम गोबिन्दसर स्टेशन के पास मिला है ।

## माछीवाड़ा में 4 बम मिले

**लुधियाना (प्र.):** पुलिस ने माछीवाड़ा में प्लास्टिक के कवर में लिपटे 4 बम आज बरामद किए । एस. एस. पी. श्री ए. पी. पांडे ने कहा कि ये बम, जो सेना द्वारा अभ्यास के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं, सिर्फ आवाज पैदा करते हैं । ये एक गश्ती टुकड़ी को मिले ।

# नूरमहल में बैंक, धूरी में पैट्रोल पम्प लूटा : राज्यपाल को आध दर्जन धमकी भरे पत्र

चंडीगढ़, 22 मई (प्रै., यू.): पंजाब के राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह को करीब आधा दर्जन धमकी भरे पत्र मिले हैं जोकि पुलिस को दिए गए हैं । जब राज्यपाल से यह पत्र भेजने वाले संगठन का नाम बताने के लिए कहा गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि ऐसे दर्जनों संगठन हैं । इन्हें गम्भीरता से लेने की जरूरत नहीं ।

बहुत से राजनीतिक नेताओं, पंजाब, हरियाणा हाईकोर्ट के जजों तथा विभिन्न अखबारों के सम्पादकों को ऐसे धमकीपूर्ण पत्र मिलते रहे हैं ।

## बम आतंक से गाड़ी लेट

**गुरदासपुर** : कल पठानकोट से दो किलोमीटर दूर भड़ोली में रेलवे लाईन पर बम जैसी वस्तु का पता चलने पर जम्मू तवी-अमृतसर पैसेंजर गाड़ी तीन घंटे लेट हो गई । सेना के अधिकारियों ने मौका पर पहुंच कर बम जैसी चीज को हटाया जो कि कुछ और नहीं सिर्फ 'कचरा' था ।

## पाक नागरिक गिरफ्तार

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज जिला गुरदासपुर में बी.एस.एफ. की दनयाल सीमा चौकी पर एक पाक नागरिक को गिरफ्तार किया गया जो सीमा पार करके भारत में दाखिल हो रहा था ।

## बैंक लुटा : दो बंदी

**जालंधर, (भनोट)**: नवांशहर के निकटवर्ती कस्बा मजारा के देहाती सहकारी बैंक में से सशस्त्र उग्रवादियों ने आज 21 हजार रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए । इनमें से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने इनके द्वारा लूटे गए 21 हजार में से 11 हजार रुपए भी बरमद कर लिए । पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों अभियुक्त डल्ली गांव का अमरजीत सिंह व दोसांझ खुर्द गांव का दरबारा सिंह हैं । इनसे दो रिवाल्वर भी बरामद किए गए हैं ।

ये उग्रवादी एक पीले मोटर साइकल पर आए थे तथा पीली पगड़ियां बांधे हुए थे । इस लूटपाट के दौरान कोई घायल नहीं हुआ ।

## 2 गिरफ्तार

प्रै.ट्र. के अनुसार ग्राम का नाम माजरा कलां है तथा लुटेरे उग्रवादी चार थे जिनमें से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया । जिनके नाम अमरजीत सिंह डाली (भोगपुर), दरबारा सिंह दोसांझ (दोसांझ) बताये गये हैं । उनके पास से 11000 रु., 2 देसी पिस्तौलें, एक चेतक स्कूटर, एक रायल इन्फील्ड मोटर साइकिल बरामद हुई ।

## आढ़ती लुटा

दो उग्रवादियों ने मुकन्दपुर (जालन्धर) में एक आढ़ती हरिदेव से 70 हजार रु. लूट लिये ।

**अमृतसर (प्रै.)**: आज यहां महासिंह रोड पर एक कैमिस्ट की दुकान में एक पैकेट मिला जिससे वहां 'ट्रांजिस्टर बम' का आतंक फैल गया, दुकानदार दुकानें छोड़ कर भाग गये । बाद में पता चला कि वह पैकेट स्टेट बैंक आफ इंडिया के एक कर्मचारी का था जिसमें एक बिजली की घंटी और कुछ तार थे ।

## कुली गिरफ्तार

**अमृतसर** : कल घरिंडा सीमा क्षेत्र में बी.एस.एफ. ने एक भारतीय शहरी गुरमीत सिंह को पकड़ा । वह सीमा पार करके भारत में दाखिल हुआ था । गुरमीत सिंह जोकि अनपढ़ है, ने बी.एस.एफ. को बताया कि वह अटारी सीमा चौकी पर कुली के रूप में काम करता था । करीब चार मास पहले वह भटक कर पाकिस्तानी क्षेत्र में चला गया । उसने बताया कि पाक अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया और लाहौर की कोटलखपतराय जेल में रखा । 'उसकी सजा पूरी होने पर उसे वापस भारत धकेल दिया ।'

## 1.32 लाख की चरस पकड़ी

बी.एस.एफ. ने कल अमृतसर के राजा ताल सीमा क्षेत्र में एक अज्ञात तस्कर के साथ मुठभेड़ के बाद 1.32 लाख रुपए मूल्य की 45 किलोग्राम बढ़िया किस्म की चरस पकड़ी । तस्कर अंधेरे में भाग निकला लेकिन सामान पीछे छोड़ गया ।

## पाक निर्मित राइफल मिली

कल गत खालड़ा पुलिस ने विनोद कुमार नामक व्यक्ति को शस्त्र कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया । उसके कब्जे में एक पाकिस्तान-निर्मित राइफल व दो कारतूस पकड़े गए ।

## होशियारपुर में विस्फोट

**होशियारपुर : (प्र.)**: आज रात्रि लगभग 10.30 बजे गौरा गेट व म्युनिसिपल कमेटी के कार्यालय के पास दो बम फटे । कहा जाता है कि ये बम मोटर साइकिल सवार दो उग्रवादियों ने फैंके थे ।

गौरा गेट के पास हुए विस्फोट में एक प्रावीजन स्टोर के गेट को क्षति पहुंची । हताहतों की संख्या अज्ञात है ।

एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने बताया कि गौरां गेट पर विस्फोट पटाखे से हुआ था ।

## दो कांस्टेबल पुरस्कृत

**फिरोजपुर (धीमान)**: फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा ने बताया कि बाघा पुराना के दो कांस्टेबलों गुरदेव सिंह व बचन सिंह को पुलिस महानिदेशक द्वारा दो-दो हजार रुपए

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# नादौन के शह

दिया गया था ।

## नूरमहल में बैंक लुटा...

(पृष्ठ 3 का शेष)

नकद इनाम व प्रशंसा पत्र दिए जा रहे हैं । इन कांस्टेबलों ने बटाला के फरार अपराधी बलजीत सिंह उर्फ गोल्डी को पकड़ने में शानदार साहस का प्रदर्शन किया था । उसे बाघा पुराना के बस अड्डा पर गिरफ्तार किया गया था ।

### कथित हत्यारे पकड़े

मलोट (गोयल): जिला फरीदकोट के पुलिस चीफ श्री सुदर्शन लेखी ने बताया कि भटिंडा पुलिस ने एक केस में कई अभियुक्तों को पकड़ा तो जांच पर पता चला है कि उन्होंने मुक्तसर नगरपालिका के भूतपूर्व लेखाकार श्री हंसराज की हत्या की थी और घर से नकदी व आभूषण आदि लूटकर ले गए थे । भटिंडा पुलिस पूछताछ के बाद अभियुक्तों को मुक्तसर पुलिस को सौंप देगी । मुक्तसर के ही एक स्वर्णकार को लूटकर भागने वाले परमजीत सिंह और बलराज सिंह को भी पकड़ लिया गया ।

### नौ गिरफ्तारियों की पुष्टि

जम्मू : राज्य सरकार ने आज जम्मू में नौ हथियार तस्करों की गिरफ्तारी की पुष्टि की जिनमें राज्य सरकार का एक अधिकारी एन.पी. शर्मा भी शामिल है । अधिकृत विज्ञप्ति में बताया गया है कि पुलिस ने एन.पी. शर्मा के घर पर छापा मारा तथा वहां से एक पिस्तौल बरामद किया जिस पर कोई चिन्ह नहीं था । इसमें बताया गया कि उससे पूछताछ के बाद रणबीरसिंहपुरा व जम्मू से आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनको उसने कथित रूप से रिवाल्वर बेचे थे ।

### यूनिवर्सिटी में 'बम'

कुरुक्षेत्र : कल कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कैम्पस में एक बम जैसी चीज पाई गई जिससे नगर में भय फैल गया । बाद में पुलिस इस चीज को उठा ले गई ।

### पैट्रोल पम्प लूटा

धूरी (सिंगला): कल तीन सशस्त्र लुटेरों ने, जिनमें से एक स्टेनगन तथा दो रिवाल्वरों से लैस थे, शहर के केंद्र में स्थित मैसर्ज जगन्नाथ हेमराज के पैट्रोल पम्प से 8500 रुपए लूट लिए । लुटेरों ने 4500 रुपया कैश बाक्स से निकाला तथा 2600 रुपया पैट्रोल पम्प के एक कर्मचारी सुरेंद्र कुमार की जेब से निकाला । एक ग्राहक जोकि मोटर साइकल लेकर आया था, की जेब से 1400 रुपया निकाला गया । डाकू भागते हुए ग्राहक का मोटर साइकल भी ले उड़े ।

## हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

छोड़ने जा रहा था कि दो स्कूटर सवारों ने उसे रोकने की कोशिश की परन्तु मोहन लाल बच कर निकल गया । कुछ आगे जाकर उग्रवादियों ने अपना स्कूटर उसके स्कूटर में दे मारा जिससे मोहन लाल व उसकी साली गिर गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

राजपुरा (मासम): गत रात्रि एक व्यक्ति सुरेंद्र कुमार के स्कूटर की टोकरी में किसी ने नकली बम बना कर रख दिया । घर जाकर उसने देखा तो पुलिस को सूचना दी । 'बम' में तार भी लगी हुई थी । जब उसे खुलवाया गया तो रस्सियों के नीचे धागे व कपड़े के टुकड़ों में ट्यूब का स्टार्टर निकला ।

### बम नहीं कद्दू

फिल्लौर : यहां पुराने बाजार में कोई अपना नया साइकिल छोड़ गया जिसकी टोकरी में एक थैला था । जब शाम तक साइकिल का मालिक वहां नहीं पहुंचा तो लोगों को शक होने लगा । भारी संख्या में लोग इकट्ठे हो गये व पुलिस को सूचित किया गया । पहले तो पुलिस थैले को हाथ लगाने को तैयार नहीं थी लेकिन एक ने हिम्मत करके थैला उठा लिया व उसमें से बम नहीं कद्दू मिला व पुलिस वालों को नया साइकिल मिल गया क्योंकि उसका कोई भी मालिक नहीं आया ।

लुधियाना में सरकारी तौर पर कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों में स्थिति नियंत्रण में तथा सामान्य बताई गई है । कल की घटनाओं के दृष्टिगत पुलिस व सी.आर.पी. की गश्त बढ़ा दी गई है ।

लुधियाना में लगाया गया कर्फ्यू कल प्रातः 6 बजे तक लागू रहेगा ।

### हाकरों, दूध वालों को पीटा

आज प्रातः हाकरों तथा दोधियों ने शिकायत की कि जब वे अखबारें और दूध बांटने के लिये गये तो पुलिस वालों ने उन्हें मारपीट की ।

चंडीगढ़ में पुलिस के महानिदेशक श्री ढिल्लों से जब पूछा गया कि लुधियाना में गड़बड़ कैसे शुरू हुई तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्थिति 'भ्रमपूर्ण' है । घटनाओं के बारे में अलग-अलग बयान आ रहे हैं ।

### आधी रात को छोड़े गए

'भनोट' के अनुसार जालंधर में कल हिन्दू शिव सेना के सदस्यों की गिरफ्तारी तथा रिहाई के सम्बन्ध में एक युवक पप्पू जिसकी इमाम नासिर क्षेत्र में मीट की दुकान है, ने बताया कि वह तथा 'मोटा' नामक युवक बस्ती रोड पर स्थित झंडियां वाला पीर के मकबरे पर माथा टेकने के बाद शाम को साढ़े पांच बजे रिक्शा में वापस लौट रहे थे कि पुलिस वालों ने उन्हें रोक लिया तथा थाना डिवीजन चार ले गए । फिर उन्हें एस.एस.पी. के दफ्तर ले जाया गया । जहां उन्हें मारपीट की गई । बाद में सेना के पांच और युवक एस.एस.पी. दफ्तर पहुंचे और उनमें से एक ने बताया कि उन्हें भी त्रिशूल धारण करने के आधार पर पकड़ लिया गया । इन सभी को विभिन्न थानों में ले जाया गया तथा आधी रात के समय रिहा किया गया । उनके उतरवाए गए त्रिशूल वापस लौटा दिए गए । इस दौरान में सेना के कानूनी सलाहकार श्री एस.के. सरवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल

राज्य स्तरीय साम्प्रदायिक सद्भाव समिति का पुनर्गठन कर दिया है । इसमें सभी राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों व वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है । इनमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्त्ता, कर्मचारी प्रतिनिधि तथा चारों विश्वविद्यालयों के कुलपति भी शामिल हैं । कुल मिला कर 89 सदस्यीय यह समिति राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई है । समिति में दोनों अकाली दलों के प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं । इसमें जहां लौंगोवाल अकाली दल के 6 सदस्य शामिल किए गए हैं वहीं बाबा जोगेन्द्र सिंह की 9 सदस्यीय तदर्थ समिति के एक ही सदस्य जत्थेदार जगदेव सिंह तलवंडी को शामिल किया गया है । समिति की पहली बैठक यहां 30 मई को बुलाई गई है ।

इस समिति के गैर सरकारी सदस्य इस प्रकार हैं :-

---

पटियाला (भू.): पंजाब हिन्दू सुरक्षा समिति ने आज कल की घटनाओं के दृष्टिगत लुधियाना की स्थिति का अध्ययन करने के लिए दो सदस्यीय दल बनाया है । एक बयान में समिति के संगठन मंत्री श्री रमेश भारद्वाज ने कहा कि लुधियाना में जिला प्रशासन द्वारा सिख छात्र संघ को जलूस निकालने की अनुमति देने का कोई औचित्य नहीं था । दूसरी ओर पटियाला के जिलाधिकारियों ने जलूस की अनुमति न देकर बुद्धिमत्ता दिखाई है ।

### 2 घायल

पटियाला (भूषण): शाहपुर सेखवां के अमरजीत सिंह व उसके एक संबंधी जसपाल सिंह को गत सायं उनके घर में दाखिल होकर पांच व्यक्तियों ने गंडासों से घायल कर दिया । घायलों को यहां अस्पताल में दाखिल कराया गया है । अमरजीत सिंह की दशा गंभीर बताई जाती है ।

### कर्फ्यू बढ़ा

जिला मैजिस्ट्रेट श्री बंगड़ ने कर्फ्यू आज शाम सात बजे से कल प्रातः छः बजे तक बढ़ा दिया है ।

### 4 न्यायिक हिरासत में

मोहाली (नर्बदा): खरड के मैजिस्ट्रेट श्री डी.आर. बांसल ने मोहाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये चार कथित उग्रवादियों उपकार, भोला, अर्जुन सिंह व एक अन्य को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया । मालूम हुआ है कि इन गिरफ्तार व्यक्तियों की अन्य राज्यों की पुलिस को भी अनेक केसों में तलाश थी ।

चंडीगढ़ प्रशासन ने मोटर साइकिलों, स्कूटरों, मोपेडों पर 24 घंटे दोहरी सवारी पर 31 मई तक रोक लगा दी है ।

### पैट्रोल पम्प लुटा

पटियाला (भूषण): डकाला ग्राम में कल रात्रि पटियाला इंका के महासचिव छज्जू राम के पैट्रोल पम्प से उग्रवादियों ने 2 हजार रु. लूट लिये और मशीनरी तोड़-फोड़ दी ।

### बागी के घर के निकट 'बम'

पठानकोट (गुप्ता): रेलवे के गैंगमैन की सूचना पर आज प्रातः पुलिस ने विधायक श्री रामस्वरूप बागी के घर से थोड़ी दूर पर रेलवे लाइन पर एक ट्रांजिस्टर बम बरामद किया । पुलिस ने सैनिक विशेषज्ञों को बुलाया । जब इस ट्रांजिस्टर को खोला गया तो उसमें से कपड़ा निकला । इसके फलस्वरूप जोगेंद्रनगर को जाने वाली गाड़ी पठानकोट से तीन घंटे लेट चली ।

# दो मजदूरों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

जैसी हरकतें करने लगे । दोनों युवकों को पूछताछ के लिए जम्मू भेज दिया गया है ।

## हिमाचल में फ्लैग मार्च

शिमला : (यू.प्रै) : हिमाचल पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस ने हिमाचल के कई संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया । हिमाचल के मुख्य मंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि घल्लूघारा सप्ताह के दौरान हिमाचल में उग्रवादियों की गतिविधियों को रोकने के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं । पर इसके लिए बाहर से सुरक्षा बल नहीं बुलाए जाएंगे । उन्होंने कहा कि राज्य में शस्त्रों की चैकिंग शुरू कर दी गई है और शस्त्रों व विस्फोटकों की तस्करी रोकने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं ।

रोपड़ जिला मैजिस्ट्रेट ने भाखड़ा नहर तथा नंगल जल विद्युत नहर से 300 गज की दूरी तक किसी भी व्यक्ति के शाम साढ़े सात बजे से सवेरे पांच बजे तक चलने-फिरने पर 15 जून तक के लिए पाबंदी लगा दी । रोपड़ जिलों में बसों के रात में चलने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

## ट्रेन उड़ाने का प्रयास

लुधियाना : (म.) : आज रात्रि लुधियाना–फिरोजपुर लाइन पर एक बम बरामद हुआ । बताया जाता है कि लुधियाना और माडल ग्राम रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे लाइन पर यह बम रखा हुआ था । रात 9 बजे फिरोजपुर से लुधियाना आने वाली ट्रेन बाल-बाल बच गई । बम बरामद होते ही रेलवे ट्रैफिक रोक दिया गया और पुलिस व सुरक्षा बल घटना स्थल पर पहुंच गए ।

लुधियाना के उपायुक्त ने स्कूलों, कालेजों के होस्टलों को खाली कराये जाने का खंडन किया है ।

# होशियारपुर के निकट दुकानदार की हत्या : बस अपहरण का प्रयास

### अमृतसर में कपड़ा मार्केट को आग लगाने की कोशिश : चार पाकिस्तानी गिरफ्तार : लोपोके में पुलिस से भिड़ंत के बाद दो उग्रवादी गिरफ्तार : ऊना में फायरिंग : कपूरथला में छः हजार लूटे

## सुल्तानपुर लोधी के स्कूल में पानी पीने से कई बच्चे और अध्यापिकाएं बीमार

चंडीगढ़, 31 मई (वि.प्र., यू.प्रै.): कल शुरू हो रहे अकालियों के 'घल्लूघारा सप्ताह' के दृष्टिगत आतंकवादियों ने अचानक पंजाब व हरियाणा में अपनी गतिविधियां तेज कर दीं जबकि कल रात होशियारपुर के गांव चक राजू सिंह में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी गई । जिला कपूरथला के कस्बा सुल्तानपुर लोधी में एक सरकारी स्कूल के नलके के कथित रूप से खराब पानी को पीने से लगभग 25 छात्राएं, 5 अध्यापिकाएं तथा एक लेडी स्वीपर बीमार हो गईं जिनमें से 11 को बेहोशी की हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया । थाना लोपोके क्षेत्र में पुलिस से भिड़न्त के बाद 2 खतरनाक उग्रवादी गिरफ्तार किये गये । अम्बाला के निकट एक बस के अपहरण का प्रयास किया गया । अमृतसर में कपड़ा मार्कीट को आग लगाने की कोशिश की गई ।

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जिला होशियारपुर के गांव चक राजू सिंह में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी गई । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने दुकानदार से जो कि दुकान बंद कर रहा था, सिग्रेट का पैकेट मांगा । जैसे ही वह पैकेट लाने के लिये मुड़ा, आतंकवादियों ने उस पर गोली चला दी और उसे घायल कर दिया । दुकानदार को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई । आतंकवादी अंधेरे में फरार हो गये । मृतक सीता राम (60) के लड़के मंगत राम ने बताया कि हमलावर रात सवा 9 बजे के लगभग पैदल आये । उनमें से एक कुएं के निकट वृक्ष के नीचे खड़ा रहा जबकि दो अन्य दुकान पर आये । उसने बताया कि दो हमलावरों में से एक की दाढ़ी सफाचट थी लेकिन दूसरे की दाढ़ी कटी हुई थी और उसने पटका बांध रखा था । वृक्ष के नीचे जो तीसरा व्यक्ति खड़ा था, उसे पहचाना नहीं जा सका । गांव के सरपंच श्री हरमीत सिंह ने बताया कि पिछले 35 वर्षों में गांव में यह पहली हत्या है । एस.एस.पी. श्री चंद्र शेखर मौका पर पहुंच गये तथा उन्होंने जांच शुरू कर दी ।

दुकानदार की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई और आतंकवादी हवा में गोली चलाते भाग गये ।

कपूरथला (यू.प्रै., रघुनाथ): आज प्रातः सुलतानपुर लोधी में गवर्नमेंट गर्ल्ज स्कूल की 5 छात्राओं और उनकी 5 अध्यापिकाओं को बेहोशी की हालत में सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । इन छात्राओं व उनकी अध्यापिकाओं ने स्कूल के हैंड पम्प से पानी पिया था । पानी पीने के बाद उन्हें चक्कर आने लगे तथा अस्पताल ले जाने से पहले ही वह बेहोश हो गईं । स्कूल के हैंड पम्पों के पानी को रासायनिक परीक्षण के लिये भेजा गया है ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि लड़कियों व उनकी शिक्षिकाओं ने स्कूल के टैंक से पानी पिया था । पुलिस के अनुसार इनमें से 6 की दशा गम्भीर है जिनमें एक शिक्षिका भी शामिल है जबकि शेष को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई । यह घटना प्रातः 7.15 बजे स्कूल खुलने के शीघ्र बाद हुई ।

जिन लड़कियों की दशा गम्भीर बताई जाती है उनके नाम जसरूप कौर, जगजीत कौर, राज, कर्मजिंदर कौर, अविनाश और कुलबीर कौर हैं । सुलतानपुर लोधी की खबर में कहा गया कि बीमार होने वाली लड़कियों ने स्कूल के टैंक से पानी पिया जबकि पंजाब पुलिस के सूत्रों ने चंडीगढ़ में बताया कि इन लड़कियों ने हैंड पम्प से पानी पिया ।

इस खबर से सारे शहर में सनसनी फैल गई तथा भारी संख्या में लोग स्कूल में इकट्ठे हो गये । स्कूल की लेडी स्वीपर ने बताया कि प्रातः के समय दो सिख नौजवान स्कूल के तीन नलकों पर दातुन करते हुये हाथों में कुछ घोल कर नलकों में डाल रहे थे । जब लेडी स्वीपर ने पानी पिया तो उसने गला खराब होने व सिर दर्द की शिकायत की । इसके बाद नलकों का पानी पीने वाले स्टाफ व छात्राओं ने भी ऐसी ही शिकायत की जबकि माली ने पहले ही नलकों से पानी निकाल कर स्कूल में छिड़काव किया था, क्यारियों को पानी दिया था । इससे पानी में ज़हर का प्रभाव बहुत कम हो गया कहा जाता है । एस.पी. आदेशजंग श्री अनेजा ने बताया कि सुलतानपुर लोधी में दो दिनों से नलकों में ज़हर मिलाने की जबरदस्त अफवाह फैली हुई थी ।

जब लेडी स्वीपर व अन्य छात्राओं ने अस्वस्थ होने की शिकायत की तो मनोवैज्ञानिक प्रभाव के अंतर्गत कुछ छात्राओं व अन्य शिक्षिकाओं ने भी ऐसी शिकायत की । एक प्राइवेट क्लिनिक तथा सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने मुआइना करने के बाद बताया कि इन पर ज़हर का कोई प्रभाव नहीं है । स्कूल में प्रिंसिपल ने छुट्टी कर दी । तीनों नलके 'सील' कर दिये गये । लेडी स्वीपर से भी इसके बारे में पूछताछ की जा रही है । उच्च जिलाधिकारी मौका पर पहुंचे हुये हैं ।

### बस अपहरण का प्रयास

अम्बाला (हीरा): कल रात अम्बाला से लगभग 8 किलो मीटर पीछे 4 सशस्त्र पगड़ीधारी उग्रवादियों ने हिसार से अम्बाला आ रही हरियाणा राज्य पथ परिवहन की एक बस का अपहरण करने की असफल कोशिश की ।

पता चला है कि यह बस जब हिसार से चली तो रास्ते में कैथल से उक्त चार उग्रवादियों ने बस में सवार होकर पिहोवा के लिए टिकट लिए । रात 9.30 बजे अम्बाला से 8 किलो मीटर पीछे एक उग्रवादी ने ड्राइवर की ओर पिस्तौल करके उसे बस को अहमन-कपूरी मार्ग की ओर मोड़ने को कहा तथा साथ ही एक बम दिखाते हुए कहा कि यदि उसने ऐसा करने से इन्कार किया तो यात्रियों सहित बस को उड़ा दिया जाएगा । ड्राइवर ने उसका विरोध करते हुए कहा कि वह पहले ही लेट है, अतः उसे शीघ्र अम्बाला पहुंचना है । इससे उग्रवादी गुस्से से भड़क उठा । उग्रवादी बस का अपहरण करके उसे पटियाला-क्षेत्र में ले जाना चाहते थे । ड्राईवर ने उनसे कहा कि वह पहले पिस्तौल पीछे हटाए । उग्रवादियों के कहने के अनुसार बस को मोड़ने के उद्देश्य से ड्राईवर ने एकदम ब्रेक लगा दिए जिससे पिस्तौलधारी उग्रवादी लड़खड़ा गया । ड्राईवर ने बस की सभी बत्तियां बुझा दीं और खिड़की खोल कर भाग निकला । बस में सवार 40 यात्रियों में भी खलबली मच गई और अंधेरे का लाभ उठा कर वे भी इधर-उधर भाग निकले । निकटवर्ती गुलानी स्थान से एक व्यक्ति ने अम्बाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सूचित किया और वे भारी पुलिस-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने सारे इलाके की नाकाबंदी कर दी व पूछताछ के लिए अनेक व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

### बस में से बम मिला

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्त बच कर नहीं जा सकते उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । उधर पुलिस अधिकारियों ने बस के ड्राइवर श्री इंद्र सिंह की समझदारी व उसके हौसले के

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## हथियार फैक्टरी पकड़ी गई

(पृष्ठ 3 का शेष)

इन दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी से दिल्ली में चार विभिन्न स्थानों पर बम बनाने के अड्डों का पता चला है । श्री जाटव के अनुसार गिरफ्तार आयकर वकील करतार सिंह नारंग, उत्तरी दिल्ली क्षेत्र के माडल टाऊन में गिरफ्तार आतंकवादी सेवा सिंह, करोलबाग क्षेत्र में दो अन्य आतंकवादियों के घर तथा कीर्तिनगर व खजान बस्ती बम बनाने के मुख्य अड्डे थे ।

घरों में ही बम बना कर उन्हें अन्य अभियुक्तों की सहायता से इधर उधर रखा गया जहां उनके विस्फोट से कई लोग अकाल मृत्यु के ग्रास बन गए ।

गिरफ्तार उग्रवादियों के सरगना महेंद्र सिंह ओबराय तथा पुलिस हिरासत में मृत महेंद्र सिंह खालसा ने बम बनाने की तकनीक अन्य युवा आतंकवादियों को सिखाई थी ।

## स्कूटर छीना

**जालंधर (मनोट):** सूचना मिली है कि कल रात लगभग आठ बजे उधी का एक व्यक्ति रमेश चंद्र अपने विजय सुपर स्कूटर नम्बर पी.बू.एस. 8547 पर उधी से रहीमपुर को जा रहा था कि रहीमपुर के पुल पर दो सिख युवकों ने जिन की आयु 30 से 33 वर्ष के बीच थी उसे किरपाण दिखाकर उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए । इन में से एक ने खाकी पगड़ी पहनी हुई थी और उसके पास गातरे वाली किरपान थी । जबकि दूसरे ने पीला पटका बांधा हुआ था । नकोदर पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

## सशस्त्र लोगों ने गेहूं लूटा

**अमृतसर (अशोक):** अमृतसर के निकटवर्ती गांव चोलासाहिब में मार्कफेड के गोदाम से गत अर्द्ध रात्रि में 5-6 हथियारबंद लोगों द्वारा एक ट्रक गेहूं लूट लिए जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि आधी रात के समय कृपाणधारी 5-6 लोगों ने मार्कफैड के गोदाम पर धावा बोला तथा वहां के चौकीदार तथा एक अन्य व्यक्ति को बांधकर एक ट्रक में गेहूं भर कर ले गए । इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया है । पर लुटेरों का पता नहीं चल सका है ।

## हथियार लेकर चलने पर रोक

**अमृतसर (प्रै.):** सारे अमृतसर जिले में आग्नेयास्त्र व अन्य घातक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध दो माह के लिए और बढ़ा दिया गया है । यह आदेश आठ अगस्त तक जारी रहेगा । सिखों को धार्मिक प्रतीक के रूप में म्यान में डाली हुई कृपाण लेकर चलने की अनुमति होगी । जिला अधिकारियों ने धारा 144 के अंतर्गत जिले भर में आठ अगस्त तक लाऊडस्पीकरों के प्रयोग पर भी रोक लगा दी है ।

## नाले में कारतूस

धारीवाल : स्थानीय वूलन मिल के गंदे नाले से दो 303 बोर राईफल के कारतूस मिले हैं । उक्त जानकारी देते हुए मिल के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त कारतूस उस समय प्राप्त हुए जबकि मिल के नाले की सफाई की जा रही थी ।

यह उल्लेखनीय है कि कुछ मास पूर्व उक्त गंदे नाले में ही पांच हैंड ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद

है ।

## नाले में कारतूस

धारीवाल : स्थानीय वूलन मिल के गंदे नाले से दो 303 बोर राईफल के कारतूस मिले हैं । उक्त जानकारी देते हुए मिल के सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त कारतूस उस समय प्राप्त हुए जबकि मिल के नाले की सफाई की जा रही थी ।

यह उल्लेखनीय है कि कुछ मास पूर्व उक्त गंदे नाले से ही पांच हैंड ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद हुए थे ।

## संदिग्ध गिरफ्तार

कुल्लू (राणा): पुलिस ने भटिंडा निवासी अमरजीत सिंह को मनीकरण में संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पकड़ा । तलाशी लेने पर उससे अमृतसर के एक कंडक्टर का लाइसैंस तथा 1500 रुपये के बस टिकटों का बंडल बरामद हुआ जोकि 27 अप्रैल को छीना गया था ।

## सोए व्यक्ति पर हमला

जालन्धर (भनोट): पता चला है कि कल रात टांडा रोड की एक फैक्टरी के 25-26 वर्षीय कर्मचारी राम फेर पर रात लगभग दो बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट व बाजू पर घाव हो गए । उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया । राम फेर अपने कमरे के आगे सोया हुआ था । हमलावरों ने वहां से कोई चीज नहीं चुराई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

## त्रिपुरा ने अधिक अर्द्ध सैनिक बल मांगे

कलकत्ता (वार्ता): त्रिपुरा सरकार ने उग्रवादियों की नवीनतम हिंसक घटनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार से एक अतिरिक्त अर्द्ध सैनिक बल की मांग की है ताकि सुरक्षा व्यवस्था की जा सके । मुख्यमंत्री नृपेन चक्रवर्ती यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में भाग लेने आए हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार अर्द्ध सैनिक बल के अतिरिक्त दस्ते शीघ्र भेजेगी । राज्य सरकार ने हाल ही में असम रायफल्स की दो बटालियन की मांग की थी किन्तु इस संबंध में उसे कुछ भी नहीं मिला ।

बुलंदशहर (वार्ता): सिकन्दराबाद के एक घर पर कल मारे गए छापे में हथियारों का अवैध रूप से निर्माण करने वाली एक फैक्टरी प्रकाश में आई ।

पुलिस अधीक्षक इंदर सिंह मेहरा के अनुसार सिकन्दराबाद कोतवाली के इंस्पैक्टर कृपाल सिंह ने छापे के दौरान दो कट्टे तथा बंदूकों और पिस्तौलों की कई नालें बरामद करके दादरी, निवासी, मोहम्मद सुवालीन, उसकी पत्नी और सास को भी गिरफ्तार कर लिया है । सुवालीन की ससुराल सिकन्दराबाद में है ।

## खालिस्तानी झंडा पुलिस के कब्जे में

अमृतसर (यू.): पुलिस ने आज वह खालिस्तानी झंडा कब्जे में ले लिया जो कल दूसरे दिन भी दरबार साहब परिसर में टैंक पर लहराया गया था ।

गुरदासपुर पुलिस के प्रमुख श्री विरदी ने बताया कि पठानकोट में सदर पुलिस के 1 हवालदार व 2 सिपाहियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

## पाकिस्तानी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

अपील की । बैठक में सर्वश्री ओम प्रकाश मलिक, चौ. महाराज सिंह, रामदास धमीजा, फूलचंद, करतार सिंह टक्कर भी उपस्थित थे । डी.सी. ने बताया कि अम्बाला, जगाधरी, नारायणगढ़ और कालका में पुलिस कंट्रोल रूम बनाए गए हैं जो स्थिति पर नजर रखे हैं । किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में नागरिक इनसे सहायता ले सकते हैं ।

## रेल लाइन पर बम

**जालंधर** : यहां से 58 किलो मीटर दूर गिद्दड़पिंडी रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूरी पर आज प्रातः सतलुज नदी के रेलवे पुल के नजदीक लाइन पर बम जैसी वस्तु मिलने के बाद जालंधर-फिरोजपुर रेल मार्ग पर यातायात निलम्बित कर दिया गया । सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह पता नहीं चल सका कि बम असली था या नकली ।

इसी मध्य जालंधर जाने वाली 2 जे.एफ. पैसेंजर गाड़ी को प्रातः 7 बजे गिद्दड़पिंडी स्टेशन पर रोक लिया गया जबकि फिरोजपुर जाने वाली 1 जे.एफ को लोहियां स्टेशन पर रोक लिया गया । गिद्दड़पिंडी-लोहियां से अगला स्टेशन है । पुलिस ने लाइन से बम जैसी वस्तु को हटा दिया तथा यातायात चालू कर दिया गया ।

## खालसा को नोटिस

**अमृतसर** : आल इंडिया सिख स्टुडेंट्स फैडरेशन ने अपने संयोजक श्री हरविंद्र सिंह खालसा को अकाली दल (लौंगोवाल) का समर्थन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है । तदर्थ समिति की एक हंगामी बैठक में श्री खालसा के रवैये को 'अशोभनीय' बताते हुए उन्हें एक सप्ताह के अंदर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । श्री खालसा ने बाबा जोगेंद्र सिंह का समर्थन करने से इन्कार कर दिया था ।

## प्रमाण मिले

अमृतसर से 'सोनी' की खबर है कि पंजाब मे गड़बड़ कराने तथा साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने के लिए एक सम्प्रदाय के व्यक्तियों की हत्या की योजना तैयार करने के सिलसिले में पाकिस्तान सरकार का हाथ होने के स्पष्ट प्रमाण मिल गए हैं । पाकिस्तान सरकार के आदमी उग्रवादियों से मिलकर गड़बड़ और लूटमार कर रहे हैं । पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेने के बाद कुछ उग्रवादियों को भारत वापस आने पर बी.एस.एफ. ने पकड़ा है जिनसे पूछताछ पर सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन हुए हैं ।

## अर्जुन सिंह खेमकरण सैक्टर में

राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह अपने सुरक्षा सलाहकार लैफ्टीनैंट जनरल के. गौरीशंकर व

# लुधियाना

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि जिला में सुरक्षा बलों की गश्त तेज कर दी गई है ।

## बम की अफवाह

खरड़ (शशि) : गत रात्रि में यहां के जैन मंदिर के पास बम पड़े होने की अफवाह फैल जाने से लोगों में दो घंटे तक भगदड़ मची रही । सूचना मिलने पर डी.एस.पी. श्री सत्य प्रकाश पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए तथा वहां पड़े बम जैसी वस्तुओं के एक थैले को उन्होंने अपने कब्जे में ले लिया । जांच करने पर इसमें कपड़े की बनी हुई कई गेंद मिलीं । पुलिस का अनुमान है कि यह थैला किसी शरारती ने यहां रखा है ।

## आज का दिन 'नाजुक'

चंडीगढ़ (परवाना) : आज यहां सरकारी तौर पर बताया गया कि पंजाब में घल्लूघारा सप्ताह के दूसरे दिन भी कोई घटना नहीं हुई और इस तरह इस सीमांत राज्य में पूर्ण शांति रही । गत वर्ष आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान दरबार साहब परिसर में जो लोग मारे गए थे, उनकी स्मृति में गुरुद्वारों में रखे गए अखंड पाठ आज भी जारी रहे । कल 3 जून को इनका भोग डाला जाएगा । सम्भव है कि कल इस मौका पर होने वाले समारोहों को अकाली नेता संबोधित करें । सुरक्षा की दृष्टि से कल का दिन काफी 'नाजुक' है क्योंकि गत वर्ष 3 जून को ही आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सेना दरबार साहब परिसर में दाखिल हुई थी ।

आज भी पंजाब में कई स्थानों पर बी.एस.एफ. तथा सी.आर.पी.एफ. के फ्लैग मार्च हुए । 6 जून को काफी भीड़भाड़ होगी क्योंकि वह आप्रेशन ब्ल्यू स्टार का सैनिक दिन था । लौंगोवाल अकाली दल और बाबा जोगेन्द्र सिंह का अकाली दल 6 जून को क्रमशः जिला संगरूर के भलवन गांव तथा अमृतसर में शहीदी सम्मेलन कर रहे हैं । घल्लूघारा सप्ताह 7 जून तक चलेगा जबकि जोगेन्द्र सिंह की ओर मनाए जा रहे शहीदी दहाका का अंतिम दिन 10 जून है अतः सम्भव है कि अर्ध सैनिक बल 10 जून तक पंजाब भर में सतर्क रहें ।

## 4 उग्रवादी बंदी

दसूहा (झा) : यहां से 15 किलोमीटर दूर मुकेरियां में नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने चार उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए । इनके पास से दो शक्तिशाली बम, एक छुरा बरामद हुआ । पुलिस के अनुसार ये लोग डाक्टर केवल कृष्ण के घर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे । गिरफ्तार उग्रवादियों की आयु 22 वर्ष के लगभग है । इनमें जतिन्दर सिंह (मुकेरियां), शरण जीत सिंह पासी (अटलगढ़), सतबीर सिंह (मुकेरियां), सतनाम सिंह (धामियां) शामिल हैं । सतनाम सिंह अकाली दल यूथ विंग मुकेरियां का पदाधिकारी है । पुलिस के अनुसार जांच के दौरान इन अभियुक्तों ने बताया कि उनका इरादा बमों से रेलवे लाइन उड़ाने का था और वे डा. केवल कृष्ण के घर पर भी हमला करना चाहते थे । केवल कृष्ण कल प्रातः चंडीगढ़ से मुकेरियां आए थे । इनके खिलाफ विस्फोटक कानून के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया है । उनकी निशानदेही पर कुछ और गिरफ्तारियां भी संभव हैं ।

फरीदकोट (नि.): पुलिस ने बेअंत सिंह तथा बलविंदर सिंह नामक दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

जम्मू (प्रै.): 'घल्लूघारा' सप्ताह के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने कई संदिग्ध उग्रवादियों को हिरासत में ले लिया ।

## पाइलट इंजन

रेलवे सूत्रों ने बताया कि सभी महत्वपूर्ण एक्सप्रैस तथा मेल गाड़ियों के आगे-आगे खासकर शाम छह बजे से सवेरे छह बजे तक पाइलट इंजन चलेंगे ।

इसी बीच फरीदकोट जिला मैजिस्ट्रेट ने जिले में पांच या इससे अधिक लोगों के एक स्थान पर इकट्ठे होने, जलूस निकालने और सार्वजनिक स्थानों पर हथियार ले जाने पर 21 जून तक पाबंदी लगाई है ।

राज्यपाल के सलाहकार शिव स्वरूप ने आज कपूरथला, जालन्धर तथा अमृतसर जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति तथा सुरक्षा उपायों की समीक्षा की ।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखने के कार्य में अधिकारियों से सहयोग करें ।

गोरखपुर (वा.) : लौतनवां थानान्तर्गत ददी नदी के निकट ग्रामीणों को कल एक बैग में तीन बम मिले । ग्रामीण एक शव यात्रा में शामिल होने जा रहे थे । पुलिस ने इन बमों को अपने कब्जे में ले लिया है तथा इस संबंध में छानबीन शुरू कर दी है ।

## कर्फ्यू बढ़ा

**लुधियाना** (वा.) : शहर के कुछ हिस्सों में लागू कर्फ्यू आज अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया गया ।

**फगवाड़ा (सतीश):** कल शाम यहां से 5 किलो मीटर दूर गांव मेहटा के निकट एक उग्रवादी ने एक रिक्शा ड्राइवर को लूट लिया ।

**मद्रास** (प्रै.) : पंजाब के उग्रवादियों की गतिविधियों से निपटने के लिए मद्रास के मीनाम्बक्कम हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है ।

**लखनऊ** (वा.) : अकाली दल द्वारा आहूत 'घल्लूघारा' सप्ताह के दूसरे दिन आज उत्तर प्रदेश में स्थिति शांतिपूर्ण रही और प्रदेश के किसी भी भाग से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां चुस्त दुरस्त कर ली गई थीं । सूत्रों ने आज यहां बताया कि संवेदनशील घोषित 20 जिलों में सभी सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों और महत्वपूर्ण संस्थानों पर 24 घंटे कड़ी नजर रखी जा रही है ।

# दिल्ली में बाजार जला

नई दिल्ली, 2 जून (वार्ता): दक्षिण दिल्ली के बदरपुर में महरौली मार्ग पर एक बाजार में आग लगने से 5 व्यक्ति घायल हो गए और 7 मकान तथा तीन दुकानें जल कर नष्ट हो गईं ।

Punjabi Sangrahani

था ।

## टी.वी. मकैनिक के परिवार से पूछताछ

**चंडीगढ़ (प्रे.)** : गत दिवस यह मनघड़त कहानी बनाई थी कि सैक्टर-20 में उसके घर पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर गोली चला दी, उस सिलसिले में पुलिस पांच व्यक्तियों, जिनमें जसवन्त के माता-पिता भी शामिल हैं, से पूछताछ कर रही है । पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनमें जसवन्त का एक भाई और जसवन्त का दोस्त भी शामिल है, जिसने उसे अस्पताल लेकर जाने के लिए एक स्कूटर का प्रबंध किया था ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि एक अवैध रिवाल्वर कब्जे में ले लिया गया है । इस परिवार के उग्रवादियों के साथ सम्भावित सम्बन्धों की जांच जारी है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा जसवंत सिंह से व्यापक पूछताछ की जा रही है और इससे पहले भी उससे कुछ मामलों के बारे में पूछताछ की जा चुकी है । निम्न तीन कारणों से पुलिस को इस कहानी के मनघढ़ंत होने का संदेह हुआ : घर में खून का कोई धब्बा न था, कालबैल खराब थी और पड़ोस में किसी को भी गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी । सूत्रों के अनुसार बेटे के घायल होने पर उसके माता-पिता के व्यवहार में कुछ भी असाधारण न था ।

संघी की सूचना है कि कल शाम स्वदेशी पिस्तौल की सफाई करते समय जसवंत सिंह को एक गोली लग गई और उसने इस बात को छिपाने के लिये पिस्तौल को आटे की बोरी में छुपा दिया और कहा कि कोई 2 अज्ञात व्यक्ति उसे गोली मार गये हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार जसवंत की मां तीर्थ कौर ने अपने बेटे का पहले एक प्राईवेट डाक्टर से इलाज करवाने का प्रयास किया । लेकिन जब प्राईवेट डाक्टर ने इलाज करने से इन्कार कर दिया तो वह अपने बेटे को लेकर जनरल अस्पताल चली गई और अस्पताल के अधिकारियों ने जसवंत सिंह को गोली लगने की सूचना पुलिस को दे दी ।

इसी बीच जसवंत सिंह व उसके परिवार के सदस्यों ने अज्ञात व्यक्तियों की ओर से हमला करने की मनघड़ंत कहानी घड़ ली । पुलिस द्वारा जसवंत के घर की तलाशी लेने पर वह पिस्तौल, 2 जीवित कारतूस, भिंडरांवाले के भाषणों की टेपें व कुछ अन्य निषिद्ध सामग्री बरामद की गई । गत 24 मई से लागू हुये नये आतंकवादी कानून के अधीन दर्ज होने वाला शहर में यह पहला केस है । पुलिस जसवंत से पिस्तौल प्राप्त करने के स्रोत के बारे पता लगाने की भी कोशिश कर रही है ।

## बम के भ्रम से भगदड़

**जोधपुर (वार्ता)**: आज प्रातः यहां रेलवे लाइन पर रबड़ के एक टुकड़े को बम समझ लिए जाने के कारण भगदड़ मच गई, जिससे बीकानेर-मारवाड़ एक्सप्रैस 40 मिनट देर से रवाना हो सकी । पुलिस के अनुसार यह घटना राय-का-बाग व बनाड स्टेशन के बीच प्रातः चार बजे की है । गैंगमैनों ने रेलवे के पास बम जैसी एक वस्तु पड़ी देखी है । इस बीच

## अनेक दुकानें खुली रहीं

पटियाला में आज यहां अखिल भारतीय सिख छात्र संघ और प्रतिबंधित दल खालसा के आह्वान पर की गई हड़ताल के प्रत्युत्तर में अधिकांश सिख दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं पर शहर की बाहरी कालोनियों में काफी सिख दुकानें खुली रहीं । यह हड़ताल गत वर्ष जून में हुए आप्रेशन ब्लू स्टार के प्रति रोष प्रकट करने के लिए की गई थी ।

## कानपुर में बम विस्फोट

**कानपुर (वार्ता)**: शहर की घनी आबादी वाले गया प्रसाद लेन इलाके में आज यहां एक दुकान के पास रखे दो बमों में एक बम फट जाने से भगदड़ मच गई । पुलिस ने तुरन्त इलाके की नाकाबंदी करके घर-घर तलाशी ली लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई और विस्फोट से कोई हताहत नहीं हुआ । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक दुकानदार ने अपनी दुकानों के निकट रखे दो देसी बम देखे । उसने उन्हें हटाने की कोशिश की, जिससे उनमें से एक बम फट गया । बमों पर कोई भी निशान अंकित नहीं है । पुलिस ने कहा कि सम्भवतः क्षेत्र का कोई असामाजिक तत्व धरपकड़ के दौरान बढ़ती पुलिस चौकसी के कारण उन्हें यहां छोड़ गया ।

## सुरक्षा पर्बों का जायजा

**मोगा (बंसल)**: फिरोजपुर व पटियाला रेंजों के लिए नव नियुक्त आई.जी. पुलिस (फील्ड) डी.एस. मांगट ने फरीदकोट जिलों में पुलिस तथा अन्य सशस्त्र बलों के सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया । वह कोटकपूरा, बाघापुराना, फरीदकोट भी गए और अधिकारियों के साथ लम्बी बातचीत भी की । उन्होंने सुरक्षा बलों पर संतोष प्रकट किया ।

## अमृतसर में निरीक्षण

**अमृतसर (वि.प्र.)**: नए आई.जी. पुलिस (आपरेशन्स) श्री गिल ने अमृतसर के सीमांत क्षेत्रों का दौरा करके कानून व्यवस्था की स्थिति तथा सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया । उन्होंने सी.आर.पी. तथा पंजाब पुलिस की पिकेटों को भी चैक किया ।

**होशियारपुर** : (हि.स., सूद) : कल रात साढ़े नौ बजे मुहल्ला जगतपुरा में कांग्रेस (इ) कमेटी शहरी के प्रधान श्री वेद प्रकाश खुल्लर के घर जो बम धमाका हुआ था, उसका और विवरण प्राप्त हुआ है जिसके अनुसार श्री त्रिलोक राज, पवन कुमार खुल्लर, डाक्टर धवन, जितेन्द्र कुमार खुल्लर, विनोद कुमार अग्रवाल और राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं । इन सभी को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया है । जहां इनका आप्रेशन करके बम के टुकड़े निकाले गए हैं ।

बताया जाता है कि उग्रवादियों ने बम फैंकने से पहले ही खुल्लर के घर के लोहे के गेट को ईंटें मार कर तोड़ने का प्रयास किया, परन्तु वे असफल रहे । गेट पर ईंटों के लगने से आवाजें





(ऊपर) बी.एस.एफ. द्वारा फतेहगढ़ चूड़ियां से पकड़े गए उग्रवादी (1) ज्ञान सिंह, (2) नारायण दास उर्फ नारायण सिंह तथा (3) महेंद्र सिंह (नीचे) उग्रवादियों से बरामद हैंडग्रेनेड, पिस्तौल व गोलियां ।
(छाया : सुभाष शर्मा)

# पंजाब में दो हत्याएं, एक बैंक डकैती

चंडीगढ़, 21 जून (यू.प्री.): पिछले चौबीस घंटों के दौरान पंजाब में दो विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध-उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला अमृतसर में बैंक लूटा गया । भिंडरांवाले के तीन प्रमुख साथी गिरफ्तार किए गए । फगवाड़ा में 5 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनसे 2 बम भी मिले । जम्मू में तवी पुल के निकट बम पड़ा मिला ।

लुधियाना (ध): कल रात हलवाड़ा में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति महेंद्र सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा फरार हो गए । बताया जाता है कि महेंद्र सिंह सो रहा था कि दो व्यक्तियों ने उसे उठाया तथा थोड़ी दूर ले जाकर उसे 2 गोलियां मारीं । एक गैर सरकारी सूचना है कि यह वारदात करने वाले उग्रवादी थे ।

बताया जाता है कि महेंद्र सिंह की हत्या इसलिए की गई कि वह पुलिस का मुखबिर था । दूसरी ओर एस.एस.पी. श्री पांडे ने कहा कि यह अंधा कत्ल है । एस.पी. डिटैक्टिव मौका पर गए हुए हैं । उनके आने पर ही वास्तविकता का पता चल सकेगा ।

जिला गुरदासपुर में बटाला के निकट कादियां में एक मार्केट चौकीदार की दो संदिग्ध उग्रवादियों ने छुरा मार कर हत्या कर दी । चौकीदार बाबू राम को जब अस्पताल ले जाया गया तो वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

इसी बीच अमृतसर जिला पुलिस ने 4 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके कब्जे से पिस्तौलें, एक बंदूक तथा कारतूस बरामद किए । गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम बलजीत सिंह, राम सिंह, सतनाम सिंह तथा सरदार सिंह बताए गए हैं ।

### बैंक डकैती

दो अज्ञात सशस्त्र मोटर साइकल सवारों ने आज प्रातः अमृतसर से 40 किलो मीटर दूर लोपोके में पंजाब एंड सिंध बैंक से 14,400 रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि दोनों ने कैशियर से पिस्तौल की नोक पर नकदी छीनी तथा फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

अशोक सोनी के अनुसार गांव ब्याला में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को लूटने वाले दो उग्रवादियों में से एक की दाढ़ी सफाचट थी जब कि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahalani

## हथियार बरामद

जिला अमृतसर के एस.पी. हैडक्वार्टर श्री गोविंदराम ने पत्रकारों को बताया कि गत दो दिनों में जिला अमृतसर में छापे मार कर चार और अवैध हथियार बरामद किए गए जिनमें एक 12 बोर की बंदूक है जो सुरेन्द्र सिंह से बरामद हुई जबकि वह थाना सरहाली की एक पुलिस पार्टी के साथ भिड़ंत की तैयारी में था। एक 303 का भरा हुआ पिस्तौल करतार सिंह से बरामद किया गया। सुखदेव सिंह से भी एक 303 का रिवाल्वर बरामद हुआ। एक 12 बोर का देसी पिस्तौल रवेल सिंह से बरामद हुआ। यह रवेल सिंह कुख्यात आतंकवादी है जो रासुका के अन्तर्गत नजरबंद भी रहा है। इस अभियुक्त ने क्षेत्र में बड़ा आतंक फैला रखा था और क्षेत्र के लोगों से जबरदस्ती रुपया वसूल करता रहा है जबकि कोई भी उसके विरुद्ध पुलिस में रपट दर्ज कराने का साहस नहीं करता था। इन सातों गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ के लिए पुलिस की एक विशेष टीम तैयार की गई है और इन अभियुक्तों से उग्रवादियों की कार्रवाइयों के बारे में कई रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं।

## भिंडरां के साथी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने गत रात्रि तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे तीन पिस्तौल व 6 कारतूस पकड़े। जिला पुलिस चीफ श्री बुआ सिंह ने आज बताया कि इन आतंकवादियों के नाम बख्शीश सिंह, बलराज सिंह तथा सतनाम सिंह उर्फ पप्पी हैं और उन्होंने पूछताछ के दौरान एक बम विस्फोट तथा कुछ गोलीबारी के केसों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की। उन्होंने कहा कि यह तीनों भिंडरांवाले के निकट साथी थे। बलराज सिंह गत वर्ष जून में दरबार साहब में सैनिक कार्रवाई से थोड़ा पहले बच निकला था।

## दो हत्याएं
(पृष्ठ 1 का शेष)

दूसरा केशधारी था ।

### बीबियों का रिमांड

प्रै.य.की सूचना है कि नाभे वाली बीबियों सुरजीत कौर व जसपाल कौर जिन्हें गैर कानूनी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, का अदालत ने कल तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

### 19 तस्कर गिरफ्तार

गुरदासपुर पुलिस ने कल 19 तस्करों को पकड़ा जिनमें दो संदिग्ध आतंकवादी भी शामिल हैं जोकि पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी कर रहे थे । एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि दो अभियुक्तों के नाम रणधीर सिंह उर्फ धीरा तथा निर्मल सिंह हैं

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उनके दो पाकिस्तानी तस्करों अमानत तथा बन्ना के साथ सम्बन्ध हैं तथा उन्होंने 032 किस्म के रिवाल्वरों की तस्करी की है जोकि जिला में विभिन्न लोगों को वितरित किए गए हैं । पुलिस ने एक रिवाल्वर बरामद कर लिया है । इसी बीच पुलिस विशेष छापों के दौरान पकड़े गए अन्य 17 तस्करों से भी पूछताछ की जा रही है ।

### सी.बी.आई. की हिरासत में मौत

पटियाला (भूषण): यहां से 5 किलोमीटर दूर हसनपुर में एक प्राईवेट पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल बलदेव राज बग्गा जिसकी सी.बी.आई. द्वारा पूछताछ के दौरान मृत्यु हो गई थी, का कल यहां अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

पता चला है कि बग्गा को दो दिन पहले सी.बी.आई. ने हिरासत में लिया था और उससे जाली डिग्री केस में पूछताछ की जा रही थी । पूछताछ के दौरान उसकी मृत्यु हो गई तथापि सरकारी सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान उसे दिल का सख्त दौरा पड़ा जोकि घातक सिद्ध हुआ ।

### तवी पुल के निकट बम मिला

जम्मू : आज प्रातः तवी पुल के निकट सड़क के किनारे एक बम पड़ा मिला । सेना के विशेषज्ञ 'मोर्टार जैसी चीज' का निरीक्षण कर रहे हैं । पुलिस केस की जांच कर रही है ।

पुलिस अभी तक गत तीन सप्ताह के दौरान जम्मू में विभिन्न स्थानों पर बम रखे जाने के केसों का सुराग नहीं लगा पाई । हाल में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर अनेक विस्फोटक, जिनमें 14 प्लास्टिक बम व अनेक डेटोनेटर शामिल हैं पाए गए थे । विस्फोटकों के बरामद होने के बाद जांच का काम जम्मू के जिला पुलिस अधिकारियों व अपराध शाखा की संयुक्त टीम को सौंपा गया है ।

### शराबी से बम मिला

रोहतक (शिपा): कल यहां से 55 किलोमीटर दूर जींद नगर में एक बेरोजगार युवक जोकि शराब के नशे में गुलगपाड़ा कर रहा था, से सेना के चिन्हों वाला बम बरामद किया गया । जींद के पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार महंत ने इस पत्रकार को ट्रंक टैलीफोन पर बताया कि यह दो इंच परिधि का अभ्यास बम है ।

'सोनी' के अनुसार श्री बुआ सिंह ने बताया कि बख्शीश सिंह झब्बाल क्षेत्र में प्रमुख हिंदू नेता के मकान पर बम फैंकने वाले गिरोह में शामिल था । बलराज सिंह ने 24 फ़रवरी 1984 को छहर्टा गोली

बाबा नानक थाना के अन्तर्गत गांव फतेहपुर से एक कुख्यात उग्रवादी को गिरफ्तार किया । नरेन्द्र सिंह नामक यह उग्रवादी गत फरवरी में पुरुषोत्तम दास नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या करने के बाद से फरार था । एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सेना द्वारा तीन बार मारे गए छापों और पुलिस के कई प्रयत्नों के बावजूद वह काबू नहीं आ रहा था ।

उत्तरी बंगाल में सीमा सुरक्षा बल ने बंगला देश से 20 तोले सोना चोरी छुपे लाने पर एक भारतीय नागरिक को काबू किया ।

### पत्नी हत्यारे को उम्रकैद

फरीदकोट (यू.): विशेष अदालत के जज अमरजीत सिंह सोढी ने एक व्यक्ति मुख्तार सिंह को अपनी पत्नी की हत्या करने पर उम्रकैद की सजा दी । उन्होंने अपराधी के चार सम्बन्धियों को मृतका की लाश ठिकाने लगाने में मदद देने पर 2-2 वर्ष कठोर करावास की सजा दी ।

### मन्दिर को आग

गत रात्रि अमृतसर में तरनतारन रोड पर स्थित एक मन्दिर को आग लग जाने की सूचना मिली है । प्राप्त विवरण के अनुसार इस मन्दिर को जिसका नाम महेश दास कपूर मन्दिर है, को आग शार्ट सर्किट होने के कारण लगी जबकि घटनास्थल पर लोगों का कहना है कि आग लगाई गई है ।

### छुरेबाजी

अमृतसर के सुल्तान विंड रोड क्षेत्र में छुरेबाजी की घटना में केवल कृष्ण नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । इस सम्बन्ध में प्राप्त सूचनानुसार गत रात्रि दस बजे के करीब केवल कृष्ण का चुंगी के निकट अन्य दो व्यक्तियों से झगडा हो गया जिन्होंने उसकी टांगों के ऊपरी हिस्सों तथा छाती में चाकू घोंप दिए । वह अस्पताल में चिल्लाता रहा कि उसे उग्रवादियों ने कृपाणें मारी हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

### 5 गिरफ्तार

फगवाड़ा के एक समाचार में बताया गया है कि पुलिस ने 5 संदिग्ध आतंकवादियों को जिनमें उनका नेता शेरसिंह भी शामिल है, गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो बम तथा दो पिस्तौलें बरामद कीं । पुलिस ने बताया कि वे दिल्ली और पंजाब में कई अपराधों में वांछित थे । उनसे पूछताछ जारी है ।

### नशीली गोलियां बरामद

भटिंडा (प्रै.): जिला पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे एक लाख रुपये मूल्य की नशीली गोलियां बरामद की हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अभियुक्त गोनियाना मंडी का रहने वाला है ।

### सभी केस सुलझे

जिले के एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल के अनुसार पटियाला पुलिस के बर्खास्त कांस्टेबल बलविन्दर सिंह की गिरफ्तारी से भटिंडा जिले के ऐसे सभी केस, जिनमें आतंकवादी शामिल हैं, सुलझा लिये गये हैं ।

श्री गिल ने बताया कि बलविन्दर का गिरोह कौर सिंहवाला गांव में हत्याकांड में शामिल था ।

# उग्रवादियों द्वारा गनमैन की हत्या : 84000 रुपया छीन ले गए

कपूरथला, 24 जून (रघुनाथ शर्मा): तीन उग्रवादियों ने आज यहां माल रोड पर स्थित लैंड मोर्टगेज (भूमि बंधक) बैंक के एक गनमैन गुरमीत सिंह को गोली मार कर मार डाला तथा खजांची प्रदीप कुमार से 84 हजार रुपया छीन कर स्कूटर पर सवार होकर भाग गए । पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए चारों ओर से नाकाबंदी कर ली है ।

बताया जाता है कि उक्त बैंक का कैशियर प्रदीप कुमार गनमैन गुरमीत सिंह के साथ केनरा बैंक में 84000 रुपया जमा कराने के लिए जा रहा था । यह बैंक भूमि बंधक बैंक से केवल 25-30 गज की दूरी पर है । बैंक के पास ही तीन नवयुवकों ने पिस्तौल की नोक पर उन्हें रोक लिया और उनसे 84 हजार रुपया छीन लिया । गनमैन द्वारा प्रतिरोध किए जाने पर युवकों ने उसे गोली मार दी । इन आतंकवादियों में दो केशधारी व एक 'क्लीन शेवन' है । वारदात के बाद आतंकवादी नीले रंग के स्कूटर पर सवार होकर जालन्धर की ओर भाग गए । गोली लगने से घायल गनमैन को तुरन्त सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

## ए. एस. आई. की रिवाल्वर जब्त

**मोगा (यू.):** पुलिस ने फिरोजपुर में तैनात एक ए. एस. आई. की सर्विस रिवाल्वर को अपने कब्जे में ले लिया है । यह पग उक्त पुलिस कर्मी के कल रात एक पैट्रोल पम्प कर्मचारी के साथ हुए झगड़े के अंतर्गत उठाया गया है ।

पुलिस के अनुसार उक्त ए. एस. आई. जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, का पैट्रोल पम्प कर्मचारी के साथ तब झगड़ा हो गया था जब उस कर्मचारी ने रात के समय ए. एस. आई. की कार के लिए पैट्रोल देने में असमर्थता व्यक्त की । उक्त ए. एस. आई. उस समय सादे कपड़े में था और अवकाश पर था ।

## कांस्टेबल गिरफ्तार

**फगवाड़ा (यू.):** आज यहां विलम्ब से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने सराभा नगर पुलिस स्टेशन, लुधियाना के कांस्टेबल सरवन सिंह को यहां से दस किलोमीटर दूर गांव चक माई दास से एक मिस्त्री का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है । रिपोर्ट के अनुसार कांस्टेबल सरवन सिंह ने इस अपहरण में उसकी कथित रूप से सहायता करने वाले तीन अन्य पुलिस कर्मियों के नाम भी बताए हैं ।

## बस जल गई

**मोगा (यू.):** गत सायं यहां रोडवेज वर्कशाप में आग लग जाने से पंजाब रोडवेज की एक बस जल गई । सरकारी सूत्रों के अनुसार वर्कशाप में उक्त बस पर वैल्डिंग का काम किए जाते समय कथित रूप से एक चिंगारी से आग लगी ।

# पिस्तौल की नोक पर दुकानदार से 50 हजार रुपए लूट लिए

लुधियाना, 28 जून (हि.स.): गत शाम यहां बस्ती हैबोवाल में दो अज्ञात नवयुवक सुरजीत नामक एक नवयुवक से पिस्तौल की नोक पर 50 हजार रुपए, एक प्रिया स्कूटर छीन कर ले गए हैं और जाते समय लुटेरे सुरजीत को एक मकान में रस्सियों से बांध कर भाग गए ।

लेकिन सराभा नगर पुलिस थाने के अनुसार सुरजीत चौड़ा बाजार का एक दुकानदार है, दो नवयुवक उसके पास आए और कहने लगे कि वह दिल्ली से आए हैं और अपना रंगदार टी.वी., वी.सी.आर. व कुछ अन्य सामग्री बेचना चाहते हैं । 47 हजार रुपए में सौदा तय हुआ और उन्होंने कहा कि वह हैबोवाल रोड पर तीसरे ट्रांस्फार्मर वाले खम्बे के निकट उसकी प्रतीक्षा करेंगे । जब वह रुपया लेकर वहां पहुंचा तो उसे वह एक नव निर्मित खाली मकान में ले गए और वहां उसे बांध कर रुपए व स्कूटर छीन कर ले गए । केस दर्ज करके उनकी खोज आरम्भ कर दी है ।

## रक्त सना शव मिला

जबकि फोकल प्वाइंट पुलिस को यहां जमालपुर के निकट खेतों में एक अज्ञात नवयुवक का खून से लथ-पथ शव मिला है । उसके गले और पेट में किसी तेज धार वाले शस्त्र के घाव हैं ।

## चार अपराधी गिरोहों का पता चला

संगरूर (यू.): पुलिस ने पंजाब में सरगर्म चार अपराधी गिरोहों का पता लगाया है और इनके 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है । इस बात की जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुरजीत सिंह बैंस ने आज यहां दी ।

श्री बैंस ने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से एक स्कूटर, एक टेपरिकार्डर तांबे की तारें व अन्य सामग्री जो लगभग 65 हजार रुपए मूल्य की है, बरामद की । उन्होंने यह भी बताया कि इसी गिरोह का एक सदस्य बलौरा सिंह मुक्तसर सब जेल से भाग चुका है ।

## गनमैन की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

लिया है और उन्हें नौ-नौ महीने की सजा सुनाई गई है ।

### पाक प्रवेश के प्रयास में बंदी

सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी श्री वी. एस. वैनीवाल ने बताया कि एक महिला दलबीर कौर को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह बिना किसी पूर्ण कागजात के पाकिस्तान में प्रवेश करने का प्रयास कर रही थी । दलबीर कौर डेरा बाबा नानक सैक्टर से पाकिस्तान जाने की कोशिश कर रही थी । श्री वैनीवाल ने रहस्योद्घाटन किया कि दलबीर कौर के पाकिस्तानी उग्रवादियों से संबंध हैं । उन्होंने बताया कि अमृतसर में ब्लू स्टार आप्रेशन के समय एक ग्रंथी पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया था ।

### दुकान को आग

अमृतसर (वि.प्र.): मत रात्रि में इस्लामाबाद क्षेत्र व पुतलीघर के मध्य जूतों की एक दुकान को आग लगा दी गई । यह खोखानुमा दुकान बलविंदर कुमार की थी । उन्होंने इस दुकान में अग्निकांड को उग्रवादियों द्वारा की गई कार्रवाई बताया । दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल आज इस संबंध में जिलाधीश श्री रमेश इंदर सिंह व भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश से मिला । जिलाधीश ने एस.डी.एम. अमृतसर को इस घटना की जांच के लिये नियुक्त कर दिया है ।

## क्या कार्रवाई हुई

नई दिल्ली, 5 जुलाई (वा.) : लोकदल अध्यक्ष चरण सिंह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आज एक पत्र लिख कर पूछा है कि सरकार ने शाह आयोग, मारुति और अन्य ऐसे आयोगों की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की है ।

श्री चरण सिंह ने वैद्यलिंगम आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई न करने संबंधी सरकार के फैसले का हवाला दिया है । यह आयोग श्री मोरार जी देसाई और श्री चरण सिंह के खिलाफ आरोपों के संबंध में नियुक्त किया गया था ।


## बराड़ द्वारा इस्तीफा

चंडीगढ़, 5 जुलाई (यू.) : पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के प्रशासनिक सदस्य श्री जगमीत सिंह बराड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है । पंजाब राजभवन द्वारा जारी की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल श्री अर्जुन सिंह ने उनका इस्तीफा तात्कालिक रूप से स्वीकार कर लिया है ।

श्री बराड़ ने अपने त्यागपत्र में कहा है कि वह समाज सेवा के लिए अधिक समय देने के लिए ही अपने पद से त्यागपत्र दे रहे हैं ।

वि.प्र. के अनुसार श्री बराड़ का पहली जुलाई को कार्यकाल बढ़ा दिया गया था लेकिन श्री बराड़ ने तीन जुलाई को त्यागपत्र दे दिया ।

इस बीच पता चला है कि श्री बराड़ पंजाब युवक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष पद के लिए गम्भीर त्याशी हैं । यह पद श्री प्रताप सिंह बाजवा को





जालंधर छावनी के निकट सूफी पिंड में बम विस्फोट से मरे कश्मीरीलाल (इनसैट) की लाश (ऊपर), नीचे (बाएं) अस्पताल में मरा नरेन्द्र सिंह और (दाएं) घायल बलवंत सिंह । (फोटो : प्यारे लाल)

# मेरे विरुद्ध आरोप राजनीति से प्रेरित : भजनलाल

चंडीगढ़, 5 जुलाई (परवाना,यू.): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल ने विपक्ष द्वारा कल प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को दिए गए ज्ञापन में उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है । आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह ज्ञापन 'मेरी छवि को खराब करने' के लिए दिया गया है । उन्होंने कहा कि मैं अपने विरुद्ध लगाए गए इन आरोपों का कई बार सदन में व अन्य अवसरों पर स्पष्टीकरण दे चुका हूं ।

श्री भजन लाल ने कहा कि जिन विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री को मेरे विरुद्ध ज्ञापन दिया है वे सभी न केवल हारे हुए राजनीतिक जुआरी हैं बल्कि राजनीति के मैदान में पिटे हुए भी हैं ।

उन्होंने कहा कि सारी दुनिया जानती है कि श्री चरणसिंह, श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा तथा श्री देवीलाल का आजकल की राजनीति में कितना महत्व है, मैं निम्न स्तर तक की बातों में नहीं जाना चाहता । इन विपक्षी नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए ।

आरोप लगाए गए हैं मैं उनका कई बार जवाब दे चुका हूं ।

श्री भजन लाल ने कहा कि विपक्ष द्वारा दिए गए इस ज्ञापन के सम्बन्ध में मैंने कल प्रधानमंत्री से कोई भेंट नहीं की है, इस अवसर पर श्री भजन लाल ने अखिल भारतीय इंका की महासचिव डा. राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी का एक वक्तव्य दिखाया जिसमें उन्होंने विपक्षी दलों के ज्ञापन को राजनीति से प्रेरित बताया है । डा. वाजपेयी हरियाणा की मामलों की इंचार्ज भी हैं ।

## सभी हिंदुओं को भी रिहा करो : धीर

लुधियाना, 5 जुलाई (प्रै.) : हाल ही में गठित एक गैर राजनीतिक दल पंजाब देशम के अध्यक्ष श्री विजय धीर ने पंजाब में अकालियों की रिहाई का स्वागत किया है ।

श्री धीर ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह पिछले कुछ महीनों में पंजाब में गिरफ्तार

Punjabi Sanatani

# गनमैन की हत्या, बैंक डकैती, बम फटने से दो मरे

चंडीगढ़, 5 जुलाई (वार्ता): पंजाब में पिछले चौबीस घंटों में आतंकवादियों ने बैंक के एक पहरेदार की हत्या कर दी तथा बम विस्फोट में दो व्यक्ति मारे गए और हरियाणा रोडवेज की एक बस का अपहरण कर लिया गया।

एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार जालन्धर छावनी के निकट सूफी गांव में एक कबाड़ विक्रेता के मकान में आज सुबह हुए विस्फोट में दो व्यक्ति मारे गए।

अहमदगढ़ (संगरूर), (रवीन्द्र पुरी): यहां के एक निकटवर्ती गांव बरूंडी में दो सशस्त्र नकाबपोश युवकों ने पंजाब सिंध बैंक की शाखा के कैशियर को लूट लिया तथा उसके गनमैन गुरबख्श सिह को गोली मार दी। जो उसी समय दम तोड़ गया।

बताया जाता है कि यहां से 8 किलो मीटर दूर बरूंडी गांव में आज प्रातः 11 बजे दो युवक एक स्कूटर पर सवार होकर गांव में स्थित बैंक में आए और आते ही उन्होंने बैंक के गनमैन गुरबख्श सिह पर स्टेनगन से गोलियां चला दीं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। उसके बाद ये उग्रवादी बैंक के कैशियर मोहन सिह के पास गए। उग्रवादियों को देख कर कैशियर ने 20 हजार रुपया अपनी मेज के नीचे फैंक दिया जब कि 26,998 रुपए जो उसके आगे मेज पर पड़ा था, उसे उठाकर उग्रवादी भाग गए।

लुधियाना से वार्ता के अनुसार लुटेरों की गोलियों से बैंक का चपरासी गुरमेल सिह भी घायल हो गया। उसे क्रिश्चियन मैडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि कल रात जीप सवार कुछ लोगों ने एक स्थानीय आभूषण विक्रेता प्रमोद कुमार से पिस्तौल की नोक पर 20 हजार रु. नकद और 35 हजार रु. के जेवर लूट लिये। कल एक और घटना में कुछ व्यक्तियों ने स्थानीय इंडस्ट्रीयल एरिया में एक फैक्टरी का सेफ तोड़ कर 1,35,000 रुपये चुरा लिये।

## हिन्दू शिवसेना वर्कर को सजा

विशेष अदालत के अतिरिक्त जज श्री आर.एल. आनंद ने हिन्दू शिव सेना के एक वर्कर राजन कुमार को शस्त्र कानून के अंतर्गत 9 माह की कठोर कारावास और 200 रु. जुर्माना की सजा सुनाई। जज ने राज कुमार को एक माह के लिये जमानत पर रिहा कर दिया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में आवेदन कर सके।

## चोरी की बस बरामद

मोगा (प्रै.): फरीदकोट जिला में मलोट पुलिस ने कल सायं हरियाणा रोडवेज की बस नं. एच.आर. 2231 बरामद कर ली, जो एक दिन पहले हरियाणा रोडवेज के सिरसा डिपो से चुराई गई थी। एम.एस.पी. श्री सुदर्शन लेखी ने बताया कि हरियाणा से टैलीफोन मिलने पर कि संदिग्ध उग्रवादी बस चुरा कर पंजाब की ओर भागे हैं। पुलिस को एक दम सतर्क कर दिया गया। काफी भागदौड़ के बाद पुलिस ने बस बरामद कर ली। अनधिकृत सूत्रों के अनुसार अभियुक्त भी गिरफ्तार कर लिये गये हैं।

## बम फटा

जालंधर (भनोट): सूचना मिली है कि आज जालंधर छावनी के निकट एक गांव सोफी पिंड में एक कबाड़िया बलवंत सिह के घर बम धमाका हो गया जिससे उसका 25 वर्षीय नौकर कश्मीरी लाल मर गया, जबकि तीन व्यक्ति स्वयं बलवंत सिह (60 वर्ष), कश्मीर सिह (40-45 वर्ष) और नरेंद्र सिह (14-15 वर्ष) घायल हो गये।

तीनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। इनमें से नरेंद्र सिह की हालत गम्भीर है। बताया जाता है कि नरेंद्र सिह बलवन्त सिह का दोहता है। मगर उसने उसे अपना दतक पुत्र बनाया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरन्त घटना स्थल पर पहुंच गई। धमाका प्रातः 8 बज कर 55 मिनट पर हुआ था। जिलाधीश श्री एस.सी. अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक श्री विर्क घटना स्थल पर पहुंच गए। श्री अग्रवाल अस्पताल में घायलों को मिलने भी गये। बताया जाता है कि कश्मीरी लाल छावनी के निकट पड़ा हुआ लम्बी आकृति का यह बम ले आया। मगर उसके बम होने का ख्याल नहीं था। वह सुबह जब उसे तोड़ने लगा तो वह चल गया।

एक घायल की बाद में मृत्यु हो गई

## मरने वाले को सहायता

जालंधर के जिलाधीश श्री सुबोध चंद्र अग्रवाल ने जिला रैड क्रास के प्रधान के तौर पर आज प्रातः सूफी पिंड में बम धमाके में मरने वाले बाल्मीकि युवक कश्मीरा के परिवार को रैडक्रास फंड में से अढ़ाई हजार रुपए देने की घोषणा की है जबकि तीनों घायलों का अस्पताल का खर्चा भी रैडक्रास ही सहन करेगा।

भटिंडा और कपूरथला में आज 43 और बंदी रिहाकर दिए गए।

## पाकिस्तानी जेल भेजे

पटियाला (भूषण): तीन पाकिस्तानी नागरिक जो अनाधिकारिक रूप स भारतीय सीमा में प्रवेश करके आ घुसे थे, को स्थानीय न्यायाधिकारी श्री एच.पी. हांडा ने जेल भेज दिया है। इनके नाम हैं–मुहम्मद हुसैन (कसूर), मुहम्मद खलील (कराची), मुहम्मद उस्मान हीरा मंडी। इन्हें भारतीय पासपोर्ट कानून के अंतर्गत जेल भेजा गया है। उन्होंने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# सरकार आनंदपुर प्रस्ताव बारे बातचीत पर सहमत हो जाएगी

अमृतसर, 5 जुलाई (वि.प्र.): केंद्र सरकार तथा अकाली नेतृत्व में बातचीत के लिए मैदान काफी सीमा तक साफ हो गया है और अकाली क्षेत्रों ने भी इस बात का स्पष्ट संकेत दे दिया है कि पंजाब समस्या पर बातचीत के लिए अकाली नेता अब समझौतापूर्ण रवैया अपनाएंगे ताकि पंजाब में शांति व भाईचारे का वातावरण मजबूत हो और उग्रवादी तथा पृथकतावादी तत्व फिर से पंजाब में सिर न उठा सकें।

एक प्रमुख अकाली नेता ने यहां संकेत दिया कि समय आएगा जब इन पृथकतावादियों को अकाली दल समाप्त करके रख देगा। बशर्ते कि पंजाब में अकालियों की सरकार बने क्योंकि ये पृथकतावादी इंका के पैदा किए हुए हैं जो कि अकाली दल के शांतिपूर्ण संघर्ष को बदनाम करने के लिए पंजाब में छोड़े गए थे। अब केंद्र सरकार को भी वास्तविकता का पता चल गया है और इसीलिए पंजाब में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# ...लक्ष्य के निकट


काम है।"


## 103 शवों की शिनाख्त


अभी तक 103 शवों की शिनाख्त हो चुकी है। मरने वाले व्यक्तियों के चार अन्य शव आज तड़के बम्बई पहुंचे। तीन शवों को बेंगलर और अंकलेश्वर भेजा जा चुका है।

जापान एयर लाइंस के क्षेत्रीय प्रबन्धक ई.जी. किमूरा के अनुसार भारतीय हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच की व्यवस्था संतोषजनक एवं पर्याप्त है।

कनाडा के हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। सामान की जांच करने के लिए टोरंटो में लैस्टर पियरसन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छः नई मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों को अमरीका से आयात किया गया है तथा 16 अन्य मशीनें कनाडा में बनाई जा रही हैं। इसी बीच टोरंटो से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र 'दि ग्लोब एंड मेल' ने कल अपने सम्पादकीय में उग्रवादी









Punjabi Santari

जंडियाला थाने में उग्रवादियों की गोलियों से बुधवार की अर्द्धरात्रि में मृत कांस्टेबल जगजीत सिंह जिसके दाईं ओर कंधे, बाजू और छाती में स्टेनगन की गोलियां लगी नजर आ रही हैं । जगजीत सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । (मध्य में) जंडियाला पुलिस थाने के एस.एच.ओ. श्री हरचरण सिंह का भाई मनजीत सिंह जिसके पेट में नाभि के नीचे गोली का घाव आया है । वह अमृतसर के सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है । (नीचे चित्र में) मृतक कांस्टेबल जगजीत सिंह की सम्बन्धी महिलाएं विलाप करती हुईं । (छाया : भंडारी)

# डाकघर लुटा

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुरदासपुर में नागरिकों द्वारा पीले रंग के मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी लगा दी है । यह पाबंदी सात सितम्बर तक लागू रहेगी । यह पाबंदी पुलिस विभाग पर लागू नहीं होगी ।

## विरदी द्वारा खंडन

जिला गुरदासपुर पुलिस प्रमुख श्री जे. पी. विरदी ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य श्री अजीत सिंह सेखों के बयान का जोरदार खंडन करते हुए कहा कि जिला गुरदासपुर में विगत 15 दिनों में किसी भी स्कूल के विद्यार्थी को अवैध ढंग से गिरफ्तार नहीं किया गया न ही किसी स्कूल पर छापा ही मारा गया है । वैसे भी 8 जुलाई से पूर्व स्कूलों में छुट्टियां थीं ।

श्री विरदी ने कहा कि फिर भी श्री सेखों के बयान की सक्रियता से जांच की जा रही है । यदि किसी पुलिस थाना के अंतर्गत कोई विद्यार्थी अवैध ढंग से हिरासत में, पैसे बटोरने की नियत से पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि जिला गुरदासपुर में अब तक 18 लोगों को रिहा किया जा चुका है । इनमें स्त्री अकाली दल की जसबीर कौर व कर्लविंद्र कौर के साथ-साथ श्री प्रीतम सिंह भाटिया भी शामिल हैं और बंदियों की रिहाई के लिए सक्रियता व निष्पक्षता से जांच की जा रही है ।

## प्रतिबन्ध बढ़ा

लुधियाना (ने.): जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश द्वारा 7 सितम्बर तक जिले में जलूस निकालने और लाऊडस्पीकर के प्रयोग पर प्रतिबन्ध की अवधि बढ़ा दी है । इस अवधि में साधारण जनता द्वारा पीले रंग के मोटर साइकलों का प्रयोग न किया जा सकेगा ।

अमृतसर (वि.प्र.): आज सायं स्थानीय शास्त्री मार्किट में कुछ व्यक्तियों में झगड़ा हो जाने के परिणामस्वरूप वहां तैनात सी.आर.पी.एफ. को भीड़ पर पहले हल्का डंडाचार्ज करना पड़ा और बाद में अनियंत्रित हो रही भीड़ को भगाने के लिए एक हवाई फायर भी किया । पुलिस क्षेत्र हवाई फायरिंग की पुष्टि नहीं कर रहे ।

नई दिल्ली (वार्ता): भूमिगत पालिका बाजार की छत से आज 303 बोर के तीन कारतूस बरामद किये गये । पुलिस ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है ।

## जयवर्धने

# अमृतसर में पैट्रोल पम्प लूट लिया : थानेदार के पुत्र से स्कूटर छीन लिया

अमृतसर, 13 जुलाई (यू.प्रै.): पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत चौबीस घंटों के दौरान शहर में बंदूक की नोक पर तीन व्यक्तियों के गिरोह द्वारा डकैती की दो वारदातें किए जाने की सूचना है जबकि एक संदिग्ध आतंकवादी को सीमांत क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया गया ।

गिरोह ने गत सायं तरनतारन रोड पर एक पैट्रोल पम्प पर धावा बोल कर इसके कर्मचारी सीता राम से 1500 रुपए लूट लिए । गिरोह के सदस्य एक स्कूटर पर फरार हो गए जोकि उन्होंने इससे पूर्व शाम को चाटीविंड क्षेत्र में एक ए. एस. आई. के पुत्र मक्खन सिंह से छीना था । संदिग्ध आतंकवादी बेरहम सिंह को पुलिस ने घरेंडा सीमा क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से दाखिल होने पर पकड़ा ।

कत्थू नंगल पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति जैल सिंह को शस्त्रास्त्र कानून के अधीन पकड़ा जबकि उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस मिले ।

बी. एस. एफ. ने गत रात्रि घरेंडा क्षेत्र में सीमांत गांव दाओके में झाड़ियों में छिपाई हुई 10000 रुपए की भारतीय करंसी, 1615 रुपए की पाकिस्तानी करंसी, एक 12 बोर का देसी पिस्तौल व कारतूस बरामद किए ।

### नहर किनारे वाहनों पर पाबंदी

रोपड़, (प्रै.): रोपड़ के जिलाधीश ने भाखड़ा मेन लाइन तथा नंगल हाइडल चैनल के दोनों किनारों पर वाहन चलाने पर लगाई गई पाबंदी 11 अगस्त तक बढ़ा दी है तथापि जिला प्रशासन द्वारा जारी पासों पर पुलिस, सेना व सरकारी विभागों के वाहनों को इस पाबंदी से छूट होगी ।

### मोपेड पर दोहरी सवारी

जिला होशियारपुर में मोपेड पर दोहरी सवारी की पाबंदी अब नहीं रही लेकिन स्कूटर और मोटर साइकल पर प्रतिबंध यथापूर्व जारी रहेगा । एक सरकारी प्रवक्ता ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि मोपेड रात के वक्त भी चलाए जा सकते हैं ।

जालंधर—यहां लोग मांग कर रहे हैं कि मोपेड पर दोहरी सवारी पर पाबंदी हटाई जाए तथा रात में मोपेड के चलने पर लगाई गई पाबंदी भी खत्म की जाए । जिलाधीश ने दोहरी सवारी पर लगाई गई पाबंदी पर पुनर्विचार करने का विश्वास दिलाया था लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया ।

### ये किस मार्ग से आते हैं

सारे पंजाब में स्कूटर, मोटर साइकल पर दोहरी सवारी पर प्रतिबंध लगा हुआ है । गोली चलाने वाले, डाका डालने वाले उग्रवादी दो-दो ही नहीं तीन-तीन बैठ कर आते हैं लेकिन उन्हें कोई पकड़ता नहीं, न तो आते हुए और न ही जाते हुए । आखिर यह किस मार्ग से आते हैं । जब वे जाते हैं तो पुलिस सुरक्षा कर्मचारी क्या सो रहे होते हैं या फिर उनका लूट में हिस्सा रहता है । इसमें सच्चाई क्या है ? आम जनता में इसके लिए काफी बेचैनी पाई जाती है ।

### मोपेड चुराने वालों की धमकी

पटियाला (भूषण): पटियाला नगर पालिका के पूर्व प्रधान श्री सत प्रकाश कपूर, जिनका मोपेड कल दो अज्ञात लड़कों ने चुरा लिया था, को सम्भवतः दोनों अभियुक्तों की ओर से टैलिफोन पर धमकी दी गई है कि उनका मोपेड वापस नहीं किया जाएगा तथा उनके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा । श्री कपूर ने इस संबंध में पुलिस को सूचित कर दिया है । मोपेड का अभी तक पता नहीं चला । यद्यपि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# यदि मुझे मार दिया जाए तो नाम समर्पित की जाये : फा

श्रीनगर, 13 जुलाई (कौल): जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और फारूक नैशनल कांफ्रैंस के प्रधान डा. फारूक अब्दुल्ला ने आज शहीदों के मजार पर अपनी वसीयत की घोषणा की कि यदि मेरी मृत्यु हो जाए तो मेरी सारी सम्पत्ति राष्ट्र को दे दी जाए ।

उन्होंने एक जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल की घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे जीवन पर किसी भी समय हमला हो सकता है ।

रोष है ।

### लोग शांत रहें

इसी मध्य जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला ने लोगों से राज्य में शांति एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है । उन्होंने अपने निवास स्थान पर एकत्रित जनता को सम्बोधित करते हुए कहा

# उग्रवादियों द्वारा लौंगोवाल की हत्या

## संगरूर के पास सभा में फायरिंग, लौंगोवाल के दो समर्थक भी मरे

## भीड़ ने दो उग्रवादी पकड़ लिये : चवन, अरुण सिंह संगरूर पहुंचे

# जालंधर में उग्रवादियों द्वारा गुरदयाल सैनी की कोठी पर फायरिंग, खुल्लर की हत्या

## पूर्ण सम्मान के साथ अंत्येष्टि आज, दो दिन का राजकीय शोक घोषित, बुधवार को सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान बंद, झंडे आधे झुके रहेंगे, पटियाला में सैनिक छावनी से सम्पर्क

## पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, अन्य राज्यों में सेना सतर्क, वी.आई.पी. लोगों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, अकाली दल द्वारा आज पंजाब बंद का आह्वान

***चंडीगढ़, 20 अगस्त (प्रे.यू., वार्ता, वि.प्र., शर्मा, सिधवानी, सिंगला): आज सायं संगरूर जिले के ग्राम शेरपुर में एक जनसभा में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके अकाली दल अध्यक्ष संत हरचंद सिंह लौंगोवाल व उनके दो समर्थकों की हत्या कर दी ।***

***श्री लौंगोवाल गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गये थे । उन्हें तत्काल संगरूर अस्पताल ले जाया गया जहां पी.जी.आई. से आये डाक्टरों की विशेष टीमों ने उन्हें बचाने का हर सम्भव प्रयास किया परन्तु पंजाब में पुनः शांति स्थापना के प्रवर्तक संत जी को न बचाया जा सका ।***

***उनके एक समर्थक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा । केन्द्रीय गृहमंत्री एस.बी. चवन, संसदीय सचिव अरुण सिंह, पंजाब के राज्यपाल अर्जुन सिंह व अन्य वरिष्ठ नेता व अधिकारी संगरूर पहुंच गये ।***

### सेना सतर्क

पंजाब व पड़ोसी राज्यों में सेना को सतर्क कर दिया गया है । पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने गश्त कड़ी कर दी है और सभी महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है । आवश्यक होने पर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, ... दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है ।

### आज अवकाश

राज्य सरकार ने बुधवार को शोक अवकाश घोषित किया है ।

कल सभी सरकारी भवनों पर झंडे आधे झुके रहेंगे । शिक्षण संस्थान भी बंद रहेंगे ।

### राजकीय अंत्येष्टि

लौंगोवाल की कल पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक ग्राम लौंगोवाल में अंत्येष्टि की जाएगी ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी तथा दरबार साहब के स्वर्ण मन्दिर स्थित कार्यालय भी कल बंद रहेंगे ।

संत लौंगोवाल का पार्थिव शरीर कल प्रातः 9 बजे उनके रिश्तेदारों को दिया जाएगा । संगरूर से उनका शव एक जलूस के रूप में ग्राम लौंगोवाल के गुरुद्वारा कामोवाल ले जाया जाएगा ।

शेरपुर ग्राम में सभा में फायरिंग करने वालों में से दो उग्रवादियों को भीड़ ने पकड़ लिया था ।

आज प्रातः ही जालन्धर के ऊधम सिंह नगर में कुछ कार सवार उग्रवादियों ने भू. पू. इंका विधायक व जालन्धर इंका अध्यक्ष गुरदयाल सैनी की कोठी में घुस कर फायरिंग करके उनकी घायल कर दिया व एक अन्य इंका नेता डी. डी. खुल्लर की हत्या कर दी ।

दिल्ली के त्रिलोकपुरी क्षेत्र में बम फटने से एक व्यक्ति घायल हो गया । इस मामले में एक उग्रवादी गिरफ्तार कर लिया गया ।

अमृतसर के हरीके क्षेत्र के एक डेरे के महंत हरिदास की उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

प्रै. ट्र. के अनुसार हमलावरों ने लौंगोवाल पर 10 से 15 गज की दूरी से गोलियां चलाई ।

... हलविन्दर सिंह व ज्ञानसिंह बताए गए हैं जो लुधियाना के रहने वाले हैं । उनके पास से वे दोनों पिस्तौलें भी बरामद हो गई हैं जिनसे उन्होंने गोलियां चलाई ।

लौंगोवाल पर गोली चलाने वाले जो दो लोग गिरफ्तार किए गए वे लुधियाना के पास हलवाड़ा के ग्राम नीलान के रहने वाले हैं । वे मोटर साइकल पर शेरपुर गए थे । वे मोटर साइकल पर शेरपुर गए थे । हलविंदर सिंह पकड़े जाने के दौरान काफी घायल हो गया था और उसे घायलावस्था में पटियाला अस्पताल ले जाया गया ।

आज रात्रि सरकारी रिपोर्टों में कहा गया कि पुलिस ने शेरपुर के गुरुद्वारे को घेर लिया जहां दो अन्य हमलावर छिपे हुए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार लौंगोवाल की मृत्यु

### लौंगोवाल ने कहा था

## देश की एकता के लिए सब कुछ बलिदान कर दूंगा

सुनाम, 20 अगस्त (नागपाल): गत रात्रि यहां लक्ष्मी मन्दिर के पंडाल में सनातन धर्म प्रतिनिधिसभा की ओर से आयोजित सद्भावना सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अकाली दल के अध्यक्ष संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल ने कहा कि देश की अखंडता और एकता के लिए वे अपना सब कुछ बलिदान करने के लिए तैयार हैं ।

संत लौंगोवाल का यहां पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया । उन्होंने लक्ष्मी जी की मूर्ति के समक्ष माथा नवाया ।

संत लौंगोवाल ने कहा कि पंजाब समझौता, वाहेगुरु और परमेश्वर की लीला है । वे रब्बी बानी ...

... हिन्दुओं और सिखों के मध्य उत्पन्न की जा रही थी ।

### घटनाक्रम

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार संत लौंगोवाल आज सायं 5 बजे शेरपुर के गुरुद्वारे में जब एक धार्मिक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे तो किसी ने दूर से गोली चलाई पर वे बाल-बाल बच गए । इसपर लौंगोवाल को बैठा दिया गया । गोली चलाने वाला भीड़ में छिप गया । सभा समाप्त होने पर लौंगोवाल को सिरोपा भेंट किया गया । लौंगोवाल जब सिरोपा लेकर नीचे उतर रहे थे वहां से 10-12 गज दूर से उनपर गोलियां चलाई गई । लौंगोवाल घायल होकर मंच पर ही गिर पड़े ।


प्रै. ट्र. के संवाददाता ने जो वहां उपस्थित था, बताया कि उसने भीड़ में से दो व्यक्तियों को पिस्तौल हाथ में लेकर खड़े होकर लौंगोवाल की ओर गोलियां चलाते हुए देखा ।

घायलों में से तीन की हालत गम्भीर है । एक घायल मानसा के ट्रांस्पोर्टर हरदयाल सिंह मोफार को लुधियाना के क्रिश्चियन मैडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया । पटियाला से आज डाक्टरों की टीम को संगरूर भेजा गया ।

### हमलावर चार थे

भीड़ ने गोली चलाने वालों में से दो को वहीं पकड़ लिया परन्तु दो अन्य भाग कर गुरुद्वारे के अन्दर छिप गए । पुलिस ने गुरुद्वारे को घेर लिया । जैसे ही हमलावरों ने लौंगोवाल पर फायरिंग की, लौंगोवाल के अंगरक्षकों ने जवाबी गोली चलाई जिससे कम से कम एक हमलावर घायल हो गया पर भगदड़ में वह भी बच निकला । हमलावरों की फायरिंग से कई अन्य लोग भी घायल हो गए जिनमें से एक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जब कि दूसरे ने अस्तपाल में दम तोड़ दिया । तीन घायलों में से एक को लुधियाना के क्रिश्चन मैडिकल कालेज भेजा गया ।





सरहाली के निकट रतोके गांव में रविवार की सायं उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । चित्र में (1) उग्रवादियों की गोलियों से छलनी श्री अशोक कुमार का शव, (2) श्री सोहन लाल ने बचने का प्रयास किया लेकिन उग्रवादियों ने उन्हें भी मौत के घाट उतार दिया (3) चोला साहब में विलाप करते हुए मृतकों के सम्बन्धी (छाया : तजिन्दर नागी)

# सरहाली के निकट उग्रवादियों ने दो स्कूटर सवारों की हत्या कर दी

**मकान बेच कर लौट रहे थे कि तीन सिख उग्रवादियों ने दनादन गोलियां दाग दीं : तलाशी लेकर रुपये छीने और स्कूटर लेकर फरार : तीसरे व्यक्ति ने भाग कर जान बचाई : पूछताछ के लिए कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया : क्षेत्र में आतंक ।**

अमृतसर, 26 अगस्त (यू., प्रै.): तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने यहां से 40 किलो मीटर दूर सरहालीके निकट चोहलासाहब और रतोके मार्ग पर गत सायं अंधाधुंध गोलियां चलाकर स्कूटर पर सवार दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम अशोक कुमार तथा सोहन लाल हैं तथा वे चोहलासाहब कस्बे के रहने वाले हैं ।

उग्रवादी मृतकों का स्कूटर तथा वह थैला भी ले गए जिसमें वह कुछ धन राशि व ज़ेवर भारत-पाक सीमा के निकट स्थित रतोके गांव में एक सम्पत्ति को खरीदने के लिए ले जा रहे थे ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री सुदर्शन लेखी ने बताया कि मृतकों के साथ एक व्यक्ति जोधसिंह भी साइकल पर जा रहा था । उसी समय उग्रवादियों ने उनका पीछा किया तथा उन्हें रोक कर उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे स्कूटर पर सवार दोनों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । जोध सिंह ने एक नाले में कूदकर अपनी जान बचाई । श्री लेखी के अनुसार यह हत्याकांड रतोके गांव के पास हुआ ।

उग्रवादी 25-26 वर्ष की आयु के थे । वे मृतकों की घड़ियां, अंगूठी भी ले गए । मृतकों में से एक व्यक्ति के पास के दो हज़ार रुपए हत्यारे नहीं ले जा सके ।

पुलिस ने दोनों ही स्कूटरों को घटनास्थल से कुछ किलो मीटर दूर बरामद कर लिया । अभियुक्तों का स्कूटर भी चुराया हुआ निकला । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन अभियुक्तों ने स्वचालित रिवाल्वरों से लगभग एक दर्जन गोलियां अत्यन्त निकट से अशोक कुमार और सोहन लाल पर चलाईं ।

पुलिस प्रमुख ने बताया कि निकटवर्ती गांव के कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । खोजी कुत्तों का दल अभियुक्तों की खोज के दौरान उक्त गांव तक गया था ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । अभियुक्तों की व्यापक रूप से खोजबीन की जा रही है ।

उक्त हत्याकांड गत सायं लगभग 7 बजे हुआ, पर पुलिस को इसकी सूचना काफी विलम्ब से वहां से गुजर रहे एक साइकल चालक ने दी । यह घटनास्थल अमृतसर जिले के पट्टी सब-डिवीजन में पड़ता है तथा उग्रवादियों का गढ़ समझा जाता है ।

पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी करके हत्यारों की खोज प्रारम्भ कर दी है । अभी तक किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

सरहाली पुलिस थाने ने इस हत्याकांड के सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

'वि. प्र.' के अनुसार उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक व्यक्ति को 3 तथा दूसरे को दो गोलियां लगीं । इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में उनके साथ साइकल पर आ रहे जोधसिंह नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई । मृतक कर्मों गांव से मकान बेचकर आ रहे थे ।

इस बीच लोगों में यह धारणा प्रकट की जा रही है कि चुनावों के निकट आने के कारण उग्रवादी इस प्रकार आतंक फैलाने का प्रयास कर रहे हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर से हमारे संवाददाता सोनी के अनुसार चोला साहब के अशोक कुमार और सोहन लाल की रत्तोके निकट उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने का और विवरण मिला है । इस बारे में कहा गया है कि ये दोनों एक ही स्कूटर पर सवार थे जबकि उनका तीसरा साथी जोध सिंह साइकल पर आ रहा था । वे कर्मोवाला गांव जा रहे थे जहां सोहन लाल ने अपना मकान किसी को बेचा था और वह मकान की चाबियां खरीदार को देने जा रहे थे । जब स्कूटर रत्तोके गांव के निकट पहुंचा तो दो उग्रवादियों ने जोकि स्कूटर पर थे उनके आगे स्कूटर खड़ा करके रोक लिया और रिवाल्वरों से एक को तीन और दूसरे को चार गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनका स्कूटर छीन कर ले गए । जोध सिंह जो साइकल पर पीछे आ रहा था यह घटना देख कर पीछे को भाग गया।

कहा जाता है कि उग्रवादी उनका केवल स्कूटर ही ले गए हैं । उनके पास जो रुपए थे वह उग्रवादियों को न मिल सके । बाद में दोनों स्कूटर रत्तोके गांव के एक जमींदार के घर के बाहर खड़े मिल गए हैं । पुलिस ने जमींदार को हिरासत में ले लिया है । अशोक कुमार की आयु 38 वर्ष थी । उसके दो छोटे लड़के और पत्नी और मां है जबकि सोहन लाल 45 साल का था उसकी तीन लड़कियां दो लड़के और 80 वर्षीय बाप और पत्नी है । यह घटना कल शाम साढ़े छः बजे घटी । उनका पोस्टमार्टम तरनतारन में किया गया । चोला साहब में आज शोक में हड़ताल रही अमृतसर करियाना एसोसिएशन ने भी इस कत्ल की निंदा की है ।

## अंधाधुंध फायरिंग

एक अन्य संवाददाता दीपक शर्मा ने घटना का विवरण देते हुए लिखा है कि इस क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति जसदेव नायर ने बताया कि 23 अगस्त शनिवार से यह सूचना थी कि कुछ उग्रवादी इसी क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की हत्या करने के लिए उनका पीछा कर रहे हैं ।

23 अगस्त को कुछ उग्रवादी सुबह 10 बजे चोला साहिब के एक अध्यापक केवल कृष्ण को मारने के लिए गांव धुन में उसके स्कूल में गए परन्तु वह दिल्ली गए हुए थे । इस बात की सूचना 23 अगस्त शाम को इलाके के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को मिली । अगले दिन रविवार को जसदेव नायर, केवल कृष्ण नायर, सुखदेव राज चोला साहिब स्थित चौकी के इंचार्ज ए.एस.आई. पूर्णचन्द के पास गए और उग्रवादियों की गतिविधियों की सूचना दी । यह सभी लोग पूर्णचंद के साथ स्कूटरों पर सवार होकर पास के थाने हरिके में गए परन्तु रास्ते में इस थाने के थानाध्यक्ष देवराज पराशर मिल गए जिनकी बदली हो चुकी थी और वह अपना कार्यभार आने वाले नए थानाध्यक्ष को देकर वापिस अमृतसर आ रहे थे । इन लोगों ने देवराज को यह सूचना दी परन्तु देवराज ने इन्हें तुरंत अपने गांव में जाकर लोगों की हिफाजत करने के लिए सतर्क किया । यह सभी व्यक्ति रविवार शाम को वापिस अपने गांव में आ गए और चोला साहिब की चौकी के इंचार्ज पूर्णचंद केंद्रीय रिजर्व पुलिस के करीब बीस जवानों को लेकर चोला साहिब पहुंच गए ।

चोला साहिब के दो व्यक्ति, लकड़ी और लोहे का व्यापारी अशोक कुमार इसी गांव के अपने दोस्त सोहन लाल को लेकर सोहन लाल के पैतृक गांव करमूवाला स्कूटर पर सवार होकर शाम के 6.30 बजे चल पड़े । सोहन लाल ने अपने पैतृक गांव में बंता सिंह नामक एक व्यक्ति को आठ हजार रुपए में पुरानी हवेली बेची थी और वह उसका कब्जा देने के लिए बंता सिंह की बटवी पर पहुंचे, कब्जा देने के बाद जब यह दोनों व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर वापिस आ रहे थे तब करम वाला गांव में चोला साहिब के निवासी जो बंता सिंह के घर से राजगीरी का काम समाप्त करके मिस्त्री शिंगारा सिंह और जोध सिंह तथा एक अन्य मजदूर इन दोनों से बातें करते हुए साईकल पर जा रहे थे । बातचीत समाप्त होने के बाद सोहन लाल और अशोक कुमार दोनों इन लोगों से करीब एक चौथाई किलोमीटर आगे निकल गए । इतने में एक स्कूटर पर सवार तीन सिख युवकों ने सड़क के बीच अपना स्कूटर खड़ा करके इन्हें रोका और इन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इन दोनों व्यक्तियों को वह घसीट कर धान के खेत में ले गए । यह दोनों व्यक्ति इन तीनों हमलावरों से हाथापाई करते रहे परन्तु इन निहत्थे व्यक्तियों की पेश न चली और तीनों हमलावरों ने इन्हें मौत के घाट उतार दिया । इस घटना को उन तीनों मिस्त्री और मजदूरों ने झाड़ियों में छिप कर देखा जब इन्होंने करीब बीस गोलियों के राऊंड चलने की आवाज सुनी तो वह झाड़ियों में छिप गए थे । इन तीनों के पास पिस्तौलें थीं जिनमें से घटनास्थल पर से 12 गोलियां 455 बोर रिवाल्वर की और 8 गोलियां 38 बोर की बरामद की गईं ।

हमलावरों ने उनका स्कूटर छीन लिया और एक हमलावर अपने अन्य दो साथियों को लेकर पास ही के गांव की तरफ फरार हो गए। यह तीनों मिस्त्री और मजदूर अपनी साइकलों पर चोला साहिब पहुंचे और गांव वालों को सूचना दी । ए.एस.आई. पूर्णचन्द अपने कुछ कर्मचारियों को साथ लेकर तथा गांव के करीब बीस लोग भाले, तलवारें और बंदूकें लेकर घटनास्थल पर रात 9 बजे पहुंचे परन्तु हमलावर फरार हो चुके थे ।

मिस्त्री जोधसिंह ने बताया कि सोहन लाल और अशोक कुमार ने भाग कर हत्यारों से जान बचाने की कोशिश की परन्तु हत्यारों ने उनका दूर तक पीछा करके उन पर गोलियां चलाईं । पुलिस ने रात भर इस इलाके की छानबीन की और घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर यह दोनों स्कूटर बरामद किए । हमलावरों द्वारा प्रयोग किया गया पहला बजाज

## संशोधन

25.8.85 के पंजाब केसरी के पृष्ठ 5 पर प्रकाशित कुबेर वीकली लाटरी के दूसरे ड्रा के परिणाम में दूसरा पुरस्कार में D-255029 की बजाए D-225029, चौथा पुरस्कार में E-397402, की बजाए E-394702, छठा पुरस्कार के सामने 50 रुपये प्रत्येक की बजाए 20 रुपये प्रत्येक और नौवां पुरस्कार के सामने लिखे (24,0000) की बजाए (24,000) और सैलर्ज प्राइज शब्दों के बीच में 'लक्की' शब्द भी पढ़ें । नीचे 'फोन' के सामने 'जे' शब्द गलती से छप गया है ।


## कन्या महाविद्यालय, जालंधर

ड्राइवरों सहित गैर शिक्षक स्टाफ द्वारा की गई अवैध, अन्यायोचित और अवांछित हड़ताल के कारण कालेज की बसें आज नहीं चल सकीं । इससे मां-बाप/छात्राओं को हुई असुविधा का भारी खेद है । छात्राओं को परामर्श दिया जाता है कि वे अपने व्यक्तिगत प्रबंध करके श्रेणियों में उपस्थित हों । हमारे साथ कष्ट उठाने के लिये धन्यवाद ।

**(एस.सी.नंदा)**
**कार्यकारी प्रिंसीपल**
**कन्या महाविद्यालय, जालंधर**

(Direct-C)



Ah!

YASHICA
KERO GAS STOVE

Without any Smoke or Smell.
so Economical to Run and Easy to operate.
above all no Blackening of Utensils.

# उग्रवादियों द्वारा पंजाब में तीन लोगों की हत्यायें

## होशियारपुर में चार जगह फ़ायरिंग, आज हड़ताल, अमृतसर में हत्याओं के बाद उग्रवादी पाकिस्तान चले गये

# सरहाली के पास दो, होशियारपुर में एक की मृत्यु

## मतदान केंद्र बनाए गए तो और हत्यायें होंगी : उग्रवादियों की धमकी

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (प्रै. यू.): आज साय उग्रवादियों ने पंजाब में दो जगह अंधाधुंध फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी ।

होशियारपुर में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने टांडा रोड पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई । उन्होंने इससे पूर्व बाबा भंडारी की बावली पर उपस्थित लोगों पर भी गोलियां चलाई ।

अमृतसर के सरहाली थाने के ग्राम मंडा में दो उग्रवादियों ने बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही समुदाय के दो किरयाना विक्रेताओं हंसराज व. श्याम लाल की हत्या कर दी और नदी पार करके पाकिस्तान भाग गये ।

अमृतसर (सोनी, दीपक, प्रै. यू.): थाना सरहाली के गांव मंडा में 2 उग्रवादियों द्वारा चलाई गई अंधाधुंध गोलियों से 2 व्यक्तियों हंसराज और श्याम लाल की मृत्यु हो गई तथा लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए । घायलों में से 2 व्यक्तियों के नाम यशपाल और पूरन सिंह बताए जाते हैं ।

पुलिस से मिली सूचनाओं में कहा गया है कि दोनों स्टेनगन धारी गांव के बाजार में सायं 6.45 बजे आए और उन्होंने दुकानों में खड़े लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी ।

मृतक हंसराज किरयाने का दुकानदार था । घायलों में से यशपाल मृतक हंसराज का पुत्र है । अन्य तीन घायल होने वाले दुकान पर आए ग्राहक थे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तीनों उग्रवादी पैदल आए थे तथा गोलियां चलाकर हत्या करने के बाद गांव से आसानी से बाहर चले गए ।

बताया जाता है कि ये उग्रवादी गांव से निकलकर नदी की ओर गए । समझा जाता है कि वे नदी पारकर पाकिस्तान चले गए ।

इस घटना में घायलों को सरहाली अस्पताल में भेज दिया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरन्त ही घटनास्थल पर पहुंच गए । इस सारे क्षेत्र की पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी कर दी है । अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

घायलों में से 2 व्यक्तियों यशपाल व पूरन सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

**मतदान केन्द्र बनाए गए तो...**

एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने मुंह ढके हुए थे और उन्होंने धमकी दी यदि आगामी चुनाव के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sahatani

# उग्रवादियों द्वारा पंजाब में तीन लोगों की हत्यायें

## होशियारपुर में चार जगह फ़ायरिंग, आज हड़ताल, अमृतसर में हत्याओं के बाद उग्रवादी पाकिस्तान चले गये

## सरहाली के पास दो, होशियारपुर में एक की मृत्यु

### मतदान केंद्र बनाए गए तो और हत्यायें होंगी : उग्रवादियों की धमकी

चंडीगढ़, 3 सितम्बर (प्रै. यू.): आज साय उग्रवादियों ने पंजाब में दो जगह अंधाधुंध फायरिंग करके तीन लोगों की हत्या कर दी ।

होशियारपुर में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने टांडा रोड पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई । उन्होंने इससे पूर्व बाबा भंडारी की बावली पर उपस्थित लोगों पर भी गोलियां चलाई ।

अमृतसर के सरहाली थाने के ग्राम मंडा में दो उग्रवादियों ने बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही समुदाय के दो किरयाना विक्रेताओं हंसराज व, श्याम लाल की हत्या कर दी और नदी पार करके पाकिस्तान भाग गये ।

अमृतसर (सोनी, दीपक, प्रै. यू.): थाना सरहाली के गांव मंडा में 2 उग्रवादियों द्वारा चलाई गई अंधाधुंध गोलियों से 2 व्यक्तियों हंसराज और श्याम लाल की मृत्यु हो गई तथा लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए । घायलों में से 2 व्यक्तियों के नाम यशपाल और पूरन सिंह बताए जाते हैं ।

पुलिस से मिली सूचनाओं में कहा गया है कि दोनों स्टेनगन धारी गांव के बाजार में सायं 6.45 बजे आए और उन्होंने दुकानों में खड़े लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी ।

मृतक हंसराज किरयाने का दुकानदार था । घायलों में से यशपाल मृतक हंसराज का पुत्र है । अन्य तीन घायल होने वाले दुकान पर आए ग्राहक थे ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तीनों उग्रवादी पैदल आए थे तथा गोलियां चलाकर हत्या करने के बाद गांव से आसानी से बाहर चले गए ।

बताया जाता है कि ये उग्रवादी गांव से निकलकर नदी की ओर गए । समझा जाता है कि वे नदी पारकर पाकिस्तान चले गए ।

इस घटना में घायलों को सरहाली अस्पताल में भेज दिया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरन्त ही घटनास्थल पर पहुंच गए । इस सारे क्षेत्र की पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी कर दी है । अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

घायलों में से 2 व्यक्तियों यशपाल व पूरन सिंह की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

**मतदान केन्द्र बनाए गए तो...**

एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने मुंह ढके हुए थे और उन्होंने धमकी दी यदि आगामी चुनाव के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjhi

# उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दौरान मतदान केन्द्र बनाए गए तो ऐसी ही हत्याएं और होगी ।

उधर सरकारी रिपोर्टों में कहा गया है कि चुनाव के दौरान उग्रवादियों की गतिविधियों पर काबू पाने के लिए, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं और भारत-पाक सीमा पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है ।

होशियारपुर (मुकेश, सूद, प्रै., अ.) : आज यहां टांडा रोड पर अज्ञात स्कूटर सवारों द्वारा चलाई गई गोलियों से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने तथा एक अन्य व्यक्ति के घायल होने का समाचार मिला है ।

इससे पूर्व आज शाम 8 बजे स्थानीय भंगी चो के पार इन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बाबा भंडारी की बावली पर मौजूद लोगों पर गोलियां चलाई गई । वहां कोई व्यक्ति हलाक नहीं हुआ । हमलावरों ने वहां पर 8 गोलियां चलाई ।

## होशियारपुर में आज हड़ताल

होशियारपुर में आज उग्रवादियों द्वारा 4 जगह की गई फायरिंग, एक व्यक्ति की हत्या किए जाने के विरोध में पंजाब हिन्दू शिव सेना ने बुधवार को होशियारपुर में हड़ताल का आह्वान किया है ।

होशियारपुर में उग्रवादियों के दो ग्रुपों ने हमला किया । स्कूटर सवार उग्रवादियों ने टांडा रोड पर तीन जगह फायरिंग की जब कि मोपेड सवार उग्रवादियों ने डविड्डा में फायरिंग की । पहले ग्रुप ने एक धर्म स्थान, एक आलू फार्म व खानपुर ग्राम के मोड़ पर फायरिंग की । खानपुर की घटना में जसवन्त मारा गया ।

## होशियारपुर में 4 जगह फायरिंग

प्र. के अनुसार होशियारपुर जिले में चार जगह उग्रवादियों ने फायरिंग की ।

बाबा भंडारी की बावली पर घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि एक उग्रवादी मुंह ढककर अन्दर आया और गोलियां चलाई । लंगर की दीवार को भी गोलियां लगीं । सभी लोग वहां से उठकर भाग गए लेकिन बाबा भंडारी वहीं बैठे रहे । यह उग्रवादी बाहर खड़े स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गया और टांडा रोड पर खानपुर गांव की तरफ भाग निकला और वहां से 4 किलो मीटर दूर स्टोर के निकट इसने साइकल सवारों पर फायरिंग की जिससे एक व्यक्ति जसवन्त राय की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जब कि सुखदेव घायल हो गया । जसवन्त राय साइकल पर पथियाल जा रहा था । वह वहां नलकों का काम करता था । वहां से थोड़ा आगे जाकर बलदेव राज नामक साइकल सवार को गोली मारकर घायल करदिया । उसके शोर मचाने पर लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया ।

होशियारपुर से 15 किलो मीटर दूर रेहाणाके गांव डविड्डा रेहाणामें परदेसी साइकल वर्क्स के मालिक ज्ञान चन्द को मोपेड पर होशियारपुर आते समय रास्ते में दो उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया ।

एक सूचना के अनुसार आज सायं जालन्धर जिले के बंगा पुलिस थाने के ग्राम सजान के पास कुछ उग्रवादियों ने एक अस्पताल के कैशियर को लूटने

# आदमपुर में ब्लाक इंका नेता की उग्रवादियों द्वारा हत्या

### पौने सात बजे हलवाई की दुकान पर चाय पीने बैठा था : छः गोलियां छाती, सिर और कमर में लगीं

## क्रुद्ध लोगों का पंजाब पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन

### आक्रमणकारी भागने में सफल : जाती बार चप्पल और पिस्तौल का एक कारतूस छोड़ गया

जालंधर, 8 सितम्बर (भनोट): आज प्रातः पौने सात बजे के लगभग यहां से लगभग 14 मील दूर स्थित आदमपुर में ब्लाक युवा इंका के महामंत्री श्री सुभाष चंद्र शृंगारी को कत्ल कर दिया गया । श्री शृंगारी की रेलवे रोड चौक के निकट शृंगारी फ्लोर मिल्स के नाम से आटा चक्की है और वहीं राशन डिपो भी है । श्री शृंगारी यथापूर्व प्रातः अपनी दुकान के निकट स्थित हलवाई की दुकान पर चाय पीने आए थे । वह बैंच पर बैठे थे कि एक बादामी रंग के बजाज चेतक स्कूटर पर दो सिख उग्रवादी आए । एक स्कूटर पर बैठा रहा दूसरा उतर कर उनकी तरफ आया और अपनी पगड़ी में से रिवाल्वर निकाल कर फायर शुरू कर दिए । सभी लोग तुरन्त हलवाई की दुकान के अंदर की ओर भागे ।

सुभाष चंद्र अभी बाहर ही था उसको गोली लगी और वह अपनी दुकान की ओर भागा । उस पर और गोलियां चलाई गई और वह दोनों दुकानों के बीच गिर पड़े । बताया जाता है कि उसकी दाईं ओर एक गोली छाती में, एक कमर में और जांघ में लगी । दो गोलियां सिर में दाईं ओर और एक बाएं हाथ पर लगी । उसके बाद आक्रमणकारी भागने लगा तो निकटवर्ती गांव डेंगरियां के एक व्यक्ति ने जो अपनी टोका मशीन के गंडासे ठीक करवाने आया हुआ था, उसे जप्फा मार लिया । आक्रमणकारी रिवाल्वर में पुनः गोलियां भरने लगा था । उसकी एक जीवित गोली गिर पड़ी । मगर वह अपने को छुड़ाने में सफल हो गया और स्कूटर पर बैठ गया और दोनों उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

भागते समय आक्रमणकारी की एक चप्पल भी वहीं गिर गई । पुलिस ने जीवित गोली और चप्पल के गिर्द ईंटें रख कर जगह को सुरक्षित रखा हुआ था । बाद में खोजी कुत्ता भी वहां ले जाया गया । घटनास्थल से एक चला हुआ कारतूस भी मिला है ।

घटनास्थल पर उपस्थित लोगों का कहना है कि चौक में से सी.आर.पी. का एस.आई. गोरंग बहादुर थापा घटनास्थल पर भाग कर आ गया । उनके पीछे ही सी.आर.पी. का हवालदार सूबे सिंह भी पहुंच गया । श्री थापा ने किसी व्यक्ति से स्कूटर लेकर आक्रमणकारी का पीछा करने की भी कोशिश की मगर इतने में वह बहुत दूर निकल चुके थे । मगर पंजाब पुलिस के बारे में कहा जाता है कि हालांकि थाना बिल्कुल पास ही है वह लगभग सवा घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची ।

जब एस.एच.ओ. होशियार सिंह घटनास्थल पर पहुंचा तो लोगों ने पंजाब पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए । एस.एच.ओ. को सी.आर.पी. की जीप में भाग कर शरण लेनी पड़ी । जालंधर से पुलिस अधीक्षक श्री विर्क और अन्य अधिकारी दस बजे के लगभग वहां पहुंचे ।

श्री सुभाष चंद्र की आयु केवल 34-35 वर्ष की थी वह अपने पीछे पत्नी, तीन लड़कियां और एक लड़का छोड़ गया है । लड़का सबसे छोटा है । सबसे बड़ी लड़की आठवीं कक्षा में पढ़ती है और लड़का अभी प्रथम श्रेणी में ही है । सुभाष शृंगारी के मां-बाप नहीं हैं । मगर तीन भाई हैं एक हाल ही में अभी विलायत से आया है । एक टैक्सी चलाता है । उसकी अपनी टैक्सी है जबकि तीसरे भाई की रुई धुनने की मशीन है । जालंधर सिविल अस्पताल में लाश पोस्टमार्टम के लिए लाई गई । वहां पर कोई प्रमुख कांग्रेसी नेता दिखाई नहीं दिया ।

'हि.स.' के अनुसार श्री शृंगारी की मृत्यु का समाचार सुनते ही शहर और आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और वहां रुके हुए लोगों की भीड़ ने पंजाब सरकार के विरुद्ध रोष स्वरूप नारे लगाए । लोगों की भीड़ ने कुछ घंटों तक रोड ट्रैफिक को भी जाम किए रखा । इस घटना के होने से उक्त क्षेत्र में भारी आतंक फैल गया है । पुलिस ने इस क्षेत्र की नाकाबंदी करके आक्रमणकारियों की तलाश शुरू कर दी है । यहां यह बात उल्लेखनीय है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति को मारे जाने की इस क्षेत्र में यह पहली घटना है ।


**एस. एच. ओ. निलम्बित**

आदमपुर के एस. एच. ओ. को निलम्बित कर दिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



रविवार सुबह उग्रवादियों द्वारा आदमपुर में युवा इंका के सचिव आटा चक्की मालिक व डिपो होल्डर श्री सुभाष चन्द्र शृंगारी की गोली मार कर हत्या कर दी




श्री सुभाष चन्द्र की आटा चक्की, जिसके निकट वे चाय की दुकान के बाहर बैंच पर बैठे थे ।

# चुनाव से पूर्व व्यापक हिंसा, आतंक फैलाने के षड्यंत्र का पर्दाफाश

नई दिल्ली, 8 सितम्बर (प्रे. यू.): आतंकवाद विरोधी कानून के अन्तर्गत दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 6 दुर्दान्त उग्रवादियों ने कड़ी पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे पंजाब में

अपराध शाखा के लोग तथा केन्द्रीय गुप्तचर विभाग के लोग कड़ी पूछताछ कर रहे हैं ।

पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने अति

वाला था । जगदीश सिंह ने वीरवार को पकड़े जाने पर आत्म हत्या कर ली थी ।

सूत्रों ने आशा व्यक्त की कि बलबीर सिंह,



# उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

## 2 घायल चल बसे

'हि. स.' के अनुसार गत दिनों इंडस्ट्रियल एरिया जालन्धर में जे. एम. पी. फैक्टरी के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों की फायरिंग से कुछ श्रमिकों के घायल होने की जो वारदात हुई थी, उनमें एक गम्भीर रूप से घायल रणजीत सिंह राणा की आज सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

होशियारपुर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों की फायरिंग में ही घायल एक अन्य युवक बलदेव राज आज लुधियाना अस्पताल में दमतोड़ गया । मृतक गांव शेरपुर का रहने वाला था । यह जानकारी होशियारपुर के एस. एस. पी. श्री डी. आर. भट्टी ने पत्रकारों को दी ।



...वार की रात को माडल हाऊस जालंधर में दो व्यक्तियों ने इंद्रमोहन को गोली मारकर ... करके उनका स्कूटर छीन लिया । (छाया : कपूर)

# जालन्धर में गोली मार कर स्कूटर छीन लिया गया

...धर, 11 अक्तूबर (प्रै.): दो अज्ञात ... ने आज रात्रि यहां माडल हाऊस कालोनी ... पर जा रहे श्री इन्द्र मोहन वालिया को गोली ... घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार श्री ... को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने श्री वालिया का बजाज स्कूटर पी. ए. जे. नं. 9296 भी छीन लिया और उस पर सवार होकर भाग निकले ।

'यू. न्यू.' के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावरों के दाढ़ियां थीं पर वे नकली लगती थीं । पुलिस ने कहा कि गोलियां 12 बोर की देसी पिस्तौल से चलाई गईं । इंद्र मोहन के शरीर पर कई जगह छर्रों के घाव आए हैं ।

कपूर के अनुसार घटना 'आज की आवाज' पत्र के गुरु तेग बहादर नगर स्थित कार्यालय के सामने रात पौने नौ बजे हुई । इन्द्र मोहन वालिया गवर्नमैंट कांट्रैक्टर है और वह माडल टाऊन से माडल हाऊस स्थित अपने घर जा रहा था । उसने छर्रे लगने के बाद शोर मचाया पर कोई बचाने न आया । बाद में बजरी ले जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली से उसे अस्पताल ले जाया गया । हमलावर बूटा मंडी, नकोदर रोड की ओर फरार हो गए ।

# ...लीकाप्टर का निर्माण

...दिल्ली, 11 अक्तूबर (वार्ता): हिन्दुस्तान ...टिक्स लि. (एच.ए.एल.) दो इंजन का एक ... हैलीकाप्टर (ए.एल.एच.) बना रहा है, ... 13 व्यक्ति बैठ सकेंगे । प्रतिष्ठान ... असैनिक प्रयोग के लिए विभिन्न तरह की ... प्रणाली भी बना रहा है ।

# ...ल्यू स्टार आप्रेशन में गिरफ़्तार 7 उग्रवादी रिहा

...याला, 11 अक्तूबर (भूषण): स्थानीय ... अधीन तथा शस्त्र कानून के अधीन । 4 सर्वजीत

Punjabi Sanatani

# अमृतसर जेल में उग्रवादियों ने 5 व्यक्तियों को घायल कर दिया

अमृतसर, 11 सितम्बर (वि.प्र.): आज बाद दोपहर अमृतसर जेल में नजरबंद उग्रवादियों ने तीन व्यक्तियों सुरजीत सिंह (45), गुरलाल सिंह (20) और अवतार सिंह (55) पर तेजधार हथियारों से हमला करके उन्हें गम्भीर घायल कर दिया । इन घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

अस्पताल में घायल पड़े सुरजीत सिंह ने बताया कि उसकी जेल में नज़रबंद उग्रवादियों से गर्मागर्मी हो गई, जब वे ललकार रहे थे कि वे पंजाब में चुनाव नहीं होने देंगे । सुरजीत सिंह ने बताया कि इसके इलावा भी वे कई उत्तेजक धमकियां दे रहे थे जिस पर उसने (सुरजीत सिंह ने) उन्हें ऐसी बातें करने से रोका और उन्हें कहा कि आप लोगों की इन्हीं हरकतों से कई बेगुनाह मारे जा रहे हैं और कई जेलें भुगत रहे हैं ।

सुरजीत सिंह ने बताया कि इस पर उग्रवादी नज़रबंद नेता काफी तैश में आ गए और मुझे भी धमकियां दीं । श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि उनकी धमकियों की वजह से मैंने जेल अधिकारियों को अपनी बैरक तबदील करने को कहा । सुरजीत ने अनुसार आज करीब 12.30 बजे जब डिप्टी सुपरिंटैंडेंट जेल व कुछ अन्य जेल कर्मचारी उसकी बैरक तबदील करने के लिए उसे ले जा रहे थे तो 15-16 उग्रवादियों ने मिल कर उस पर जेल में ईंधन हेतु लाई गई लम्बी-लम्बी लकड़ियों से हमला कर दिया । सुरजीत के बचाव में गुरलाल सिंह और अवतार सिंह आए, जिस पर उग्रवादियों ने उन पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया । गुरलाल सिंह के पेट में तेज़धार हथियार के ज़ख्म आए हैं । सुरजीत सिंह के सिर, छाती और टांगों पर गम्भीर घाव आए हैं । अवतार सिंह के भी एक बाजू की हड्डी में घाव आया है ।

बताया जाता है कि यह झगड़ा आज बाद दोपहर 12.30 बजे हुआ और उग्रवादियों के हमला में डिप्टी सुपरिंटैंडेंट व दो अन्य जेल पुलिस कर्मचारी भी घायल हुए हैं । हमला होते ही जेल का खतरे की घंटी बजा दी गई और पुलिस बुला ली गई ।

'यू.टू.' के अनुसार झगड़े से पूर्व दोनों धड़े जेल के अन्दर बैरक नं. 10 में इकट्ठे ही रह रहे थे । सरकारी सूत्रों के अनुसार दोनों धड़ों की गत रात्रि गर्मागर्मी हुई थी, जिस पर अधिकारियों ने एक धड़े को दूसरे स्थान पर ले जाना उचित समझा । पुलिस, जो स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए जेल में गई, ने दोनों धड़ों को अलग-अलग किया ।

पुलिस ने उपकार सिंह संधु, उपकार सिंह सहिया, नरेन्द्र सिंह और जसपाल सिंह के विरुद्ध दंगा करने का केस दर्ज कर लिया है । कहा जाता है कि कुछ उग्रवादियों ने भिंडरां समर्थक नारे लगाए । जेल अधिकारियों के अनुसार स्थिति आज रात सामान्य थी ।

## कपड़ा मिलों द्वारा मूल्य घटाने में आनाकानी

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वार्ता) पालिएस्टर कपड़ा निर्माता संघ ने कहा कि

Punjabi Sanatan

# दो लोगों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

निकटवर्ती गांव महराज से सबध रखत है ।

## दो हत्याएं

गुरदासपुर से प्रे. के अनुसार प्राप्त जानकारी सूचनाओं के अनुसार कल रात गुरदासपुर जिले में उग्रवादियों ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार बटाला तहसील के गांव मीके में कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर वहां रहने वाले गोपाल सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार गोपाल सिंह का भाई भी उग्रवादी था जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था ।

दूसरी घटना पठानकोट में हुई जिसमें कश्मीर सिंह नामक व्यक्ति की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज करके जांच शुरु कर दी ।

Punjabi Sanatani

# पंजाब में 7 जगह बम फटे, 3 मरे

## बटाला, धारीवाल, अमृतसर, दीनानगर, भागोवाल, तलवंडी साबो, फरीटकोट में बम विस्फोट

## सुरक्षा बलों के वाहन बमों से उड़ाने का षड्यंत्र

### इंका सांसदों, प्रत्याशियों की कारों में बम फटे, 3 उग्रवादी कैदी वार्डनों सहित फरार

चंडीगढ़, 23 सितम्बर (प्रै.यू.वा.): अब जबकि पंजाब में लोकसभा तथा विधानसभा के चुनावों के लिये मतदान में केवल 48 घंटे का समय शेष बचा है, आतंकवादियों ने अचानक अपनी कार्रवाईयां तेज़ कर दी हैं । आज प्रात: अमृतसर में इंका प्रत्याशी श्री बृज भूषण मेहरा की कार के नीचे बम विस्फोट हुआ । बाद दोपहर बटाला बस स्टैंड के बाहर शक्तिशाली बम धमाके में 3 छोटी बच्चियों की मृत्यु हो गई । दीनानगर में इंका प्रत्याशी जय मुनि के बेटे के चुनाव प्रचार टैम्पो में जबरदस्त बम विस्फोट हुआ । अमृतसर के गुरुतेग बहादुर अस्पताल से दो उग्रवादी कैदी पुलिस हिरासत से फरार हो गये ।

एक अन्य धमाका जिला गुरदासपुर में धारीवाल में हुआ जो अकाली दल लौंगोवाल के प्रत्याशी जत्थेदार सुच्चा सिंह छोटेपुर की कार में हुआ जिससे कार को क्षति पहुंची लेकिन कोई घायल नहीं हुआ ।

राज्य में कुल 7 स्थानों पर बम विस्फोट हुए जिनमें अमृतसर, बटाला, दीनानगर, धारीवाल, तलवंडी साबो और फरीदकोट शामिल हैं ।

बी. बी. एफ. के एक प्रवक्ता के अनुसार अमृतसर में इंका प्रत्याशी बृजभूषण मेहरा की कार को बम से उड़ाने के प्रयास में घटनास्थल पर गिरफ्तार साधु सिंह ने बताया कि उन्हें गोइंदवाल ग्राम के सुखदेव सिंह ने सुरक्षा बलों के वाहन उड़ाने के लिए बम दिए थे । भागने की कोशिश कर रहे उग्रवादी को काबू करने वाले बी.एस.एफ. के कांस्टेबल एच.बी. अंजैया को शौर्य प्रदर्शन के लिए लांस नायक बना दिया गया है । बी.एस. एफ. के एक प्रवक्ता ने बताया कि पहली बार उग्रवादी घटनास्थल पर ही काबू किया गया है ।

बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री नरपत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बी.एस.एफ. ने यह सूचना मिलने पर कि वाहनों को उड़ाने के लिये इसी प्रकार के बम बांटे गये हैं, शहर के कई हिस्सों में छापे मारे ।

डी.आई.जी. ने कहा कि यह बम ट्रांजिस्टर बमों की सुधरी हुई किस्म है जिन्होंने गत मई में उत्तरी भारत में बहुत-सी जानें ली थीं । उन्होंने कहा कि मैगनेटिक टाईम बम वाहनों में किसी भी जगह आसानी से रखा जा सकता है जिसका किसी को पता भी नहीं चलता और यह निश्चित समय पर फट सकता है ।

### 3 बच्चे मरे

बटाला (कोछड़, प्रै.): आज बाद दोपहर बटाला क्लब के बाहर लगभग 2 बजे इंका की सांसद शीला दीक्षित की कार में जोरदार बम विस्फोट के कारण कार के निकट खेल रहे तीन बच्चों की मृत्यु हो गई ।

श्रीमती दीक्षित इंका की एक चुनाव रैली को संबोधित करने के बाद यहां आई थीं । आज प्रात: से अमृतसर लोकसभा क्षेत्र के इंका प्रत्याशी श्री आर.एल. भाटिया के निर्वाचन क्षेत्र में यह दूसरा बम. विस्फोट है ।

चुनाव जलसे में बिहार के इंका सांसद महेंद्र प्रताप सिंह, शीला दीक्षित ने भाषण किये । जलसा समाप्त होने के बाद दोनों गनमैन, ड्राइवर के साथ कार नं. डी.आई.ए. 9298 में बटाला क्लब के निकट होटल में दोपहर के भोजन के लिये गये । चारों अभी होटल के गेट तक ही गये थे, अचानक विस्फोट हुआ । कार के पास खड़ी जीप को भी क्षति पहुंची । कार ड्राइवर ने बताया कि कार अंदर से 'लाक' थी और बम डिक्की के रास्ते फैंका गया । घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर सेना का कैम्प भी है ।

पुलिस का ख्याल है कि इंका प्रेक्षक की कार में 'मैगनेटिक टाईम बम' रखा गया था । पहले की सूचनाओं में कहा गया था कि एक 10 वर्षीय लड़की लोविंगा की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई जब कि दो अन्य घायलों को अमृतसर के अस्पताल में ले जाया गया लेकिन अमृतसर से 'अशोक सोनी' की सूचना है कि दोनों घायल बच्चियां घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गईं । 'चौधरी' के अनुसार जब विस्फोट हुआ उस समय कार के निकट कोई सुरक्षा गार्ड भी नहीं था । बम धमाका से कार की पैट्रोल टैंकी को आग लग गई जिससे फुटपाथ पर पुराने कपड़े बेचने वाली महिलाओं की 3 कमसिन लड़कियां आग की लपटों में आकर दम तोड़ गईं । विस्फोट से होटल की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए । धमाके के बाद देखते ही देखते सैंकड़ों लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए और क्षेत्र में आतंक फैल गया । दूसरी दो मृत लड़कियों के नाम बबली और नाजी बताए गए हैं ।

अमृतसर : श्री मेहरा की कार में विस्फोट उस समय हुआ जब वह धर्मसिंह मार्केट में कार खड़ी करके चुनाव अभियान के सिलसिले में गए थे । जिला पुलिस चीफ श्री सुखदर्शन लेखी ने कहा कि अभियुक्त को मौका पर ही काबू कर लिया गया । उसके विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ कानून अधीन केस दर्ज कर लिया गया है । पुलिस के अनुसार उक्त विस्फोटक पदार्थ एक पटाखे की तरह दिखाई देता था । श्री मेहरा के कार से उतर कर जाने के शीघ्र बाद ही धमाका हो गया । बी. एस. एफ. के डी. आई. जी. ने बताया कि साधु सिंह भगतांवाला का रहने वाला है और बम को रखते समय उसके दाएं हाथ पर चोटें आईं । श्री मेहरा की कार को भी थोड़ी क्षति पहुंची ।

डी. आई. जी. ने अभियुक्त को पकड़ने वाले जवान को एक हजार रुपया पुरस्कार देने की घोषणा की ।

अभियुक्त ने भागने की कोशिश की लेकिन लोगों तथा सुरक्षा बलों के जवानों ने उसका पीछा किया तथा बी. एस. एफ. के एक जवान ने उसे पकड़ लिया । उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा विस्फोट था तथा क्षेत्र के लोगों ने भी इस बात की पुष्टि की है । यह विस्फोट सिटी कोतवाली से मुश्किल से 200 मीटर तथा रामानन्द सराय पुलिस चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर हुआ । धर्म सिंह मार्केट व आस-पास के क्षेत्र में अर्ध सैनिक बल बड़ी संख्या में तैनात हैं ।

### दो कैदी वार्डनों सहित भागे

आज प्रात: अमृतसर के सरकारी अस्पताल (गुरु तेग बहादुर अस्पताल) में मैडीकल चैकअप कराने के लिए आए दो कथित उग्रवादी मनजीत सिंह तथा इकबाल सिंह, जो कि जंडियाला व जिला गुरदासपुर के रहने वाले हैं, हथकड़ियों समेत फरार हो गए । इसके साथ ही उन्हें जेल से लाने वाले दोनों जेल वार्डन सुरजीत सिंह व स्वर्ण सिंह भी फरार हैं ।


आज इस सम्बन्ध में जिला पुलिस चीफ श्री एस. लेखी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस पार्टियां जिला गुरदासपुर, जंडियाला व अन्य स्थानों को रवाना कर दी गई हैं और इस घटना के सिलसिले में दोनों फरार अभियुक्तों व जेल वार्डनों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन्ज में केस रजिस्टर कर लिया गया है । जिला

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## बस-ट्रैक्टर टक्कर में 6 मरे

फाजिल्का, 23 सितम्बर (यू.): गत रात्रि यहां से 12 किलो मीटर दूर इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निकट एक ट्रैक्टर और बस की टक्कर होने पर 6 व्यक्ति मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए । घायलों में से 12 की दशा गम्भीर है । 3 घायलों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि 3 घायलों की अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार दुर्घटना का शिकार हुए लोग प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा सम्बोधित की गई सभा में भाग लेने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली में लौट रहे थे ।

Punjabi Sahatani



(1) सोमवार को बटाला क्लब में हुए बम विस्फोट में बुरी तरह से जले दो बच्चे बबली और तेजी । (2) 10 वर्षीय मृतका लीगां । (3) कार, जिसमें विस्फोट हुआ । (छाया : कोछड़)

# बम विस्फोट . .

(पृष्ठ 3 का शेष)

म सभी थानों को वायरलैस पर सतर्क किया गया है । बताया जाता है कि प्रातः के समय दोनों अभियुक्तों ने पेट में दर्द की शिकायत की जिस पर जिला वार्डन उन्हें मैडीकल चैकअप के लिए अस्पताल लाए । अभियुक्तों ने जेल वार्डनों के साथ सांठ-गांठ कर ली और वे अभियुक्तों के साथ स्वयं भी भाग गए । उनके काफी देर तक वापस न आने पर जेल अधिकारियों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी ।

## 18 हिरासत में

'कोछड़' के अनुसार बटाला से 8 किलोमीटर दूर गांव भागोवाल में गत रात एक बम धमाका हुआ । कोई क्षति नहीं हुई । एस. एस. पी. ने विस्फोट स्थलों का दौरा करने के बाद बताया कि विस्फोटों के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए 18 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं ।

## टैम्पो में विस्फोट

दीनानगर (कपूर): आज प्रातः सवा छः बजे के लगभग दीनानगर के इंका प्रत्याशी जयमुनि के बेटे के अनाज मंडी के बाहर खड़े एक चुनाव टैम्पो से जबरदस्त विस्फोट हुआ जिससे टैम्पो का कुछ हिस्सा उड़ गया, सुरक्षा बलों के कर्मचारी और लोग तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है । अकाली नेता शाम सिंह मगराला का कहना है कि यह विस्फोट केवल चुनाव स्टंट है । यह घटना रेलवे रोड के निकट घटी है ।

साधु सिंह ने बताया कि जो बम उसने श्री मेहरा की कार में रखने का प्रयास किया, वह एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखा था और उसमें टाईम फ्यूज फिट था । बटन दबते ही यह बम फट गया ।

उसने बताया कि उसे यह बम गोइंदवाल साहब निवासी सुखदेव सिंह ने दिया था जो कि इस समय थाना तरनतारन के गांव पधरी में रह रहा है । उसने उसे यह बम सशस्त्र सेनाओं के किसी वाहन में रखने के लिए दिया था । राज्य के अन्य भागों में भी ऐसे बहुत से बम बांटे गए हैं ।

इसी बीच बी.एस.एफ. ने साधु सिंह के एक साथी हरजिंद्र सिंह को भी उसके मकान पर छापा मार कर गिरफ्तार कर लिया । डी.आई.जी. श्री नरपत सिंह के अनुसार हरजिंद्र सिंह भी धर्म सिंह मार्किट में घटनास्थल पर मौजूद था लेकिन बाद में साइकल पर सवार होकर भाग निकला । हरजिंद्र सिंह को साधु सिंह के साथ उसका एक फोटो मिलने पर गिरफ्तार किया गया । श्री नरपत सिंह के अनुसार दोनों कथित अपराधियों के बड़े-बड़े लोगों से सम्बन्ध हैं जिनकी जांच की जा रही है । दोनों अभियुक्त बी. एस. एफ. की हिरासत में हैं ।

सुखदेव सिंह की तलाश में तरनतारन के पाधरी ग्राम में छापा मारकर महेन्द्र सिंह व निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

Punjabi Sanatani

# अमृतसर में बम से कार उड़ा दी गई

**अमृतसर, 2 अक्तूबर (प्रे.): आज रात यहां गुरुतेग बहादुर अस्पताल के पास बम विस्फोट से एक कार नष्ट हो गई । कोई हताहत हुआ है या नहीं, यह तुरन्त पता नहीं चल सका ।**

**धमाके से अस्पताल के दो किलो मीटर के घेरे में सारा इलाका कांप उठा ।**

अशोक सोनी के अनुसार आज सायं 7.40 बजे कम्पनी बाग में स्थित प्रसिद्ध लम्सडन क्लब में एक फिएट कार नं. जे. के. आर. 1796 में जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे कार का पिछला भाग उड़ गया । एक भाग क्लब के बाहर गेट पर गिरा और दूसरा भाग इससे तीस गज दूर । यह कार यहां के एक व्यापारी रामस्वरूप चोपड़ा की थी ।

बताया जाता है कि किसी व्यक्ति ने बाहर से कार के अन्दर बम फैंका, जो तत्काल फट गया । बम फटने से जो जबरदस्त धमाका हुआ वह सारे शहर में सुना गया ।

बम विस्फोट के पश्चात जिलाधीश और एस. एस. पी. तत्काल मौके पर पहुंच गए । जिलाधीश ने आदेश दिया है कि कारों को एकांत स्थान पर खड़ा न किया जाए ।

'दीपक शर्मा' के अनुसार जिस समय कार में विस्फोट हुआ, उस समय क्लब में लगभग 100 व्यक्ति उपस्थित थे । कार के टुकड़े पचास गज दूरी तक गिरे । पुलिस कई थ्यूरियों पर काम कर रही है ।

'यू. न्यू.' के अनुसार कार में टाइम बम फटा । विस्फोट के तुरन्त बाद कार को आग लग गई धमाका होते ही क्लब के सदस्यों में भगदड़ मच गई । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई पुलिस का यह विश्वास है कि यह बम उसी तरह का था जैसा पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष बृजभूषण मेहरा की कार के नीचे 24 सितम्बर को रखा गया था । पुलिस ने सारे इलाके को घेरे में ले लिया है ।

सेना के विशेषज्ञों की राय है कि यह टाइम बम कार की पैट्रोल टैंकी के साथ पिन निकालने के बाद चुम्बक से जोड़ दिया गया । यह बम 3 मिनट बाद फटा और बाद में टैंकी भी फट गई, जिससे भीषण विस्फोट हुआ ।

यह कार जम्मू के कपड़ा व्यापारी आर. एस. चोपड़ा की थी जिनका अमृतसर में सब-आफिस है । वह हाल ही में क्लब के सदस्य बने थे और नियमित रूप से क्लब आया करते थे । विस्फोट से कुछ ही मिनट पूर्व वे कार से उतर कर क्लब में गए थे ।


क्लब के चौकीदार का कहना है कि विस्फोट के बाद वह एक कार के पिछवाड़े से नीचे गिर पड़ा । कार को लगी आग को दो दमकलों ने 15 मिनट में बुझा दिया ।

## सरकार की चेतावनी

**चंडीगढ़ (वार्ता) :** पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने आज रात कार मालिकों को सलाह दी कि वे अपना वाहन अकेला सड़क पर न छोड़ें । यह चेतावनी अमृतसर में आज रात एक कार में हुए बम

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahitani



बटाला में संगलपुर रोड पर झाड़ियों में पड़ा ट्रांज़िस्टर बम,जिसे सेना के विशेषज्ञों ने नष्ट कर दिया ।

## अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

विस्फोट को देखते हुए दी गई है । प्रवक्ता ने लोगों को सलाह दी कि वे इधर-उधर पड़ी कोई चीज न छूएं ।

### गुरदासपुर में 3 बम मिले

गुरदासपुर (प्रै.): आज यहां शहर में 3 बम मिले जिनमें से 2 पैन बम थे और एक ट्रांजिस्टर बम । सेना के विशेषज्ञों ने मौके पर पहुंच कर उन्हें निष्क्रिय बना दिया । गत सोमवार को यहां एक बाइसिकल के कैरियर पर एक बम मिला था तथा एक भाजपा नेता के निवास के बाहर भी मिला था ।

गुरदासपुर से 'ज्ञानी' के अनुसार यहां छत्ती खुई के निकट जो बम मिला है, उसके साथ दो रुपए का नोट भी धागे से बंधा हुआ था । सूचना मिलने पर पुलिस ने इसे कब्जे में ले लिया और निष्क्रिय करने के लिए सैनिक विशेषज्ञों को सौंप दिया गया । पुलिस इस संबंध में सक्रियता से जांच कर रही है यद्यपि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । उल्लेखनीय है कि गत पांच दिन से गुरदासपुर और उसके सीमावर्ती क्षेत्रों में कई बम मिले हैं । पुलिस क

## 2 और बम मिले

बटाला, (प्रै.): पुलिस ने यहां से 33 किलो मीटर दूर टिबरी रोड पर आज प्रातः दो और बम बरामद किए । ये बम कस्टम चैक पोस्ट के निकट पड़े थे । जिला पुलिस अधीक्षक श्री जे. पी. विरदी के अनुसार बम सेना के विशेषज्ञों को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है । उन्होंने बताया कि इस जिला में गत एक सप्ताह के दौरान दो दर्जन से भी अधिक बम बरामद हुए हैं ।.

## लूट के केस में कई हिरासत में

होशियारपुर, (अश्विनी): कल गढ़शंकर में सिविल अस्पताल के वरिष्ठ क्लर्क देव राज से पिस्तौल की नोक पर 36461 रुपए छीन कर फरार हो जाने वाले उग्रवादियों को पकड़ने के लिए जिला पुलिस सरगर्म है । पुलिस ने गत रात्रि और आज कई स्थानों पर छापे मारे और पूछताछ के लिए कई व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया, लेकिन अभी तक उग्रवादियों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला ।

### कश्मीरा गिरोह के साथी ?.

एस.एस. पी. श्री डी. आर. भट्टी ने आशा व्यक्त की है कि अभियुक्तों का सुराग लगा लिया जाएगा । पुलिस का विचार है कि इस घटना में संलिप्त उग्रवादियों का संबंध उग्रवादियों के एक गिरोह के सरगना कश्मीरा सिंह के साथ है, जिसे गत दिनों दो साथियों सहित गिरफ्तार किया गया था । कल की वारदात में संलिप्त उग्रवादी कश्मीरा सिंह और उसके साथियों की तरह वारदात के बाद दूसरे कपड़े पहने हुए थे । वारदात के बाद ये लोग अपनी नीली पगड़ी और खाकी कमीज उतार कर फैंक गए थे और नीचे पहने कपड़ों में फरार हो गए ताकि उन्हें आसानी से पहचाना न जा सके ।

### स्कूटर छीना

लुधियाना, (धीमान): कल शाम यूनियन बैंक आफ इंडिया जस्सोवाल ब्रांच के मैनेजर श्री सुदर्शन लाल, जो स्कूटर नं. पी.ए.एम. 760 पर लुधियाना आ रहे थे, को धांधला गांव के निकट दो युवक जिन की आयु 22 और 25 साल के बीच थी, ने पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया और दोनों फरार हो गए । आज पुलिस ने शहर के तमाम चौकों पर स्कूटरों की सख्त चैकिंग की मगर कोई विशेष सुराख नहीं मिला । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

Punjab Sabataan

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

विस्फोट की आवाज 2-2 किलो मीटर दूर तक सुनाई दी । कार से कुछ दूरी पर एक रिक्शेवाला अपनी रिक्शा पर बैठा था जब कार में विस्फोट हुआ तो रिक्शेवाला रिक्शे से नीचे गिर पड़ा ।

कार मालिक के अनुसार कार की टंकी में 14 लिटर पैट्रोल था । कार की टंकी फटने के साथ ही पैट्रोल ऊपर को उड़ा तथा उससे आग की लपटें इतनी ऊंची उठ रही थीं कि वृक्षों के पत्ते तक जल उठे ।

क्लब के चौकीदार ने बताया कि वह विस्फोट होने से पहले क्लब के गेट तक चक्कर लगाकर आया था । उसने वहां किसी को नहीं देखा । सिर्फ एक रिक्शा व उसका चालक वहां पर थे ।

थाना सिविल लाइन्स ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

अमृतसर के जिलाधीश श्री रमेश इन्द्र सिंह तथा पुलिस प्रमुख श्री सुखदर्शन लेखी भी घटनास्थल पर गए तथा कार के मालिक श्री चोपड़ा से मिले ।

श्री चोपड़ा ने बताया कि उनका किसी भी राजनीतिक दल से सम्बन्ध नहीं है तथा न ही उनकी किसी से दुश्मनी है ।

समझा जा रहा है कि उग्रवादियों ने इस कार के निकट प्लास्टिक बम फैंक दिया । पुलिस ने कार के टुकड़ों को रसायनिक विश्लेषण के लिए अपने कब्जे में ले लिया है ।

प्रै.ट्र. के अनुसार उल्लेखनीय है कि जफ्फरवाल गांव के लोगों ने संयुक्त अकाली दल के आह्वान पर चुनावों का बहिष्कार किया था । यह गांव भिंडरांवाला समर्थकों का गांव माना जाता है ।

मोहल्ला ओंकार नगर में एक पैन बम पाया गया ।

### रात्रि बसों पर रोक

इस बीच अधिकारियों ने जिला गुरदासपुर भर में तात्कालिक रूप से रात्रि दस बजे से प्रातः चार बजे तक बसों के चलने पर रोक लगा दी है । शराब के ठेके रात्रि आठ बजे बंद कर देने के भी आदेश दिए गए हैं । अन्य व्यवसायिक संस्थान यथा समयानुसार कार्यरत रहेंगे ।

### कार विस्फोट में छः हिरासत में

'यू.न्यू.' के अनुसार कल यहां कार में हुए विस्फोट के संबंध में पुलिस ने नगर के विभिन्न भागों में छापे मारकर छः व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

इस विस्फोट से दो किलोमीटर क्षेत्र में मकानों के दरवाजे व खिड़कियों के शीशे हिल गए ।

### व्यापारियों की हत्या में बंदी

इस बीच पुलिस ने एक व्यक्ति नरवैल सिंह उर्फ

Punjabi Sahitya




बुधवार रात को लम्सडन क्लब अमृतसर में खड़ी एक फ़ीएट कार को उग्रवादियों ने बम से उड़ा दिया । (ऊपर)—कार का पूरी तरह ध्वस्त हुआ पार्श्व भाग । (नीचे बाएं)—बाहरी गेट के करीब पड़ा कार के पिछले भाग का एक टुकड़ा । (बीच में) अन्दर वाले गेट के करीब पड़ा कार का एक अन्य भाग । (दाएं)—आग लगने से बुरी तरह जली हुई हालत में खड़ी कार । (फोटो—रवि भंडारी)

# अमृतसर और बटाला में बम विस्फोट, थानेदार घायल

बटाला, 5 अक्तूबर (रखी): थाना कत्थूनंगल के गांव जयंतीपुर के निकट आज एक कार पर बमनुमा चीज फैंके जाने से कार को क्षति पहुंची । कार के मालिक योगेश सानन ने बताया कि वह कार में अपने परिवार के साथ अमृतसर से बटाला आ रहे थे कि रास्ते में सामने से आ रहे एक ट्रक में सवार कुछ लोगों ने कार पर धमाके वाली कोई बमनुमा चीज फैंकी जिससे कार के शीशे टूट गए और आसपास धुआं फैल गया । ट्रक चालक ने थोड़ा आगे जाकर ट्रक रोका और मुड़कर देखा कि कार को क्षति पहुंची है या नहीं । इसके बाद ट्रक आगे बढ़ गया । थाना कत्थूनंगल में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

शारीरिक रोगों की सही जांच
y Ultrasound Scan
एंड डायागनास्टिक क्लीनिक
, गुरुनानक चौक, जालंधर



## अमृतसर में ट्रांजिस्टर बम फटा

अमृतसर (यू.): आज रात मजीठा रोड पर एक ट्रांजिस्टर बम फट गया जिससे गश्ती ड्यूटी पर जा रहा एक पुलिस इंस्पैक्टर रणजीत सिंह घायल हो गया ।

पुलिस का कहना है कि इंस्पैक्टर यह सूचना मिलने पर वहां गया था कि मैंटल हास्पिटल के पास सर्कुलर रोड पर एक घर के सामने बम पड़ा है । उसके वहां पहुंचते ही अचानक बम फट गया और इंस्पैक्टर के माथे पर उसके टुकड़े लगे । लेकिन घाव गम्भीर नहीं है । सारे क्षेत्र को पुलिस ने घेरे में ले लिया है ।

यू.एन.आई. के अनुसार पुलिस का कहना है कि ट्रांजिस्टर बम सर्कुलर रोड पर एक इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारी विनोद कुमार के घर के दरवाजे पर रखा गया था । गत दस बजे जब श्री कुमार के परिवार का एक सदस्य दरवाजे पर ताला लगाने आया तो उसने दरवाजे के सामने तीन इंच लम्बे एरियल वाला ट्रांजिस्टर पड़ा देखा । संदेह होने पर परिवार ने पुलिस बुला ली ।

पुलिस वालों ने सेना के विशेषज्ञों को बुलाने की बजाए दूर से ही बम पर पत्थर मारने शुरू कर दिए । एक पत्थर ट्रांजिस्टर को लगा और वह जोरों की आवाज के साथ फट गया । बम इतना शक्तिशाली था कि इंस्पैक्टर रणजीत सिंह और एक कांस्टेबल जो काफी दूर खड़े थे टुकड़े लगने से घायल हो गए । उन्हें तुरन्त अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस ने अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की है ।

पुलिस प्रमुख श्री सुदर्शन लेखी ने बताया कि कैनेडी एवेन्यू में आज प्रातः एक कोठी के बाहर बम पड़े मिलने की जो सूचना मिली थी उसके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की गई पर वो बम नहीं निकला बल्कि रस्सियों में लिपटा एक डिब्बा निकला ।

Punjabi Sahaitani

# उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अस्पताल लाया गया तो उन्हें मामूली होश था । डाक्टरों ने लगभग आठ बजे उन्हें मृत घोषित किया । अस्पताल में वह दृश्य बड़ा हृदय विदारक था जब अस्पताल की चारपाई पर से श्री राम लुभाया का शव उठाने के लिए उनके लड़के व अन्य रिश्तेदारों ने उनकी टांगों व बाजुओं को थामकर उन्हें उठाना चाहा तो शोकातुर होने के कारण वे लाश को उठा न पा रहे थे ।

## एक को पहचानते हैं

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने हमलावरों को देखा तथा वे उनमें से एक को पहचानते हैं । बताया जाता है कि वह तरनतारन का ही रहने वाला है ।

## लोगों की ओर फायर

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोलियों की आवाज सुनकर लोगों ने उग्रवादियों पर पत्थर फैंकने शुरू कर दिए । पत्थर फैंकने वालों का घेरा जब तंग होने लगा तो उग्रवादियों ने लोगों की ओर एक फायर किया जिससे लोग तितर-बितर हो गए । इसी कारण उग्रवादियों को भाग निकलने का मौका मिल गया ।

## एक हत्यारा सिपाही निकला

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सुखदर्शन लेखी ने घटनास्थल से लौटने पर बताया कि श्री राम लुभाया की हत्या करने वाले उग्रवादियों में से एक की पहचान हो गई है. वह थाना वल्टोहा के एक गांव का निवासी प्रताप सिंह है, जो फरीदकोट में पुलिस कांस्टेबल के रूप में ड्यूटी पर तैनात है और वह 15 दिन की छुट्टी पर आया हुआ है । वह नहीं पकड़ा गया लेकिन उसके घर के सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

## प्रतिशोध भावना हत्या का कारण ?

श्री लेखी ने बताया कि अभियुक्त प्रताप सिंह अच्छे चरित्र वाला नहीं, वह प्रायः श्री राम लुभाया की गली में व्यभिचार के लिए शराब पीकर अक्सर आता रहता था, श्री रामलुभाया उसे रोकते रहते थे । कुछ वर्ष पूर्व भी श्री राम लुभाया की कहासुनी उस सिपाही से हुई थी । संभव है कि इसी प्रतिशोध में श्री राम लुभाया की हत्या की गई ।

श्री लेखी ने बताया कि हत्या के पश्चात् जब अभियुक्त भागने लगा तो स्कूटर स्टार्ट न हो सका और वहां मौजूद लोगों ने भी हत्यारे उग्रवादियों पर पत्थर फैंके । इस पर दोनों अभियुक्त स्कूटर वहीं फैंककर भाग निकले । वहां उन्होंने पुनः पिस्तौल भरा । जब लोग इनका पीछा करते वहां पहुंचे तो ये गांव चाटला से एक साईकल छीन कर होशियारनगर गांव से होते हुए संभवतया पट्टी की ओर निकले और बस ले ली होगी । उन्होंने कहा कि कुत्ता स्कवैड द्वारा साइकल सूंघ कर आगे सड़क पर जाने से यह निष्कर्ष निकाला गया है । उन्होंने बताया कि लोगों से पुलिस को पता चला है कि खेतों में से भागने के दौरान उनके कपड़े विशेष रूप से पाजामा कीचड़ से भर चुका था, जिससे पुलिस सुराग लगाते आगे निकली थी ।

## राजीव गांधी द्वारा शोक व्यक्त

अमृतसर (प्रै. ट्र.) : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने श्री रामलुभाया की दुखद एवं आकस्मिक मृत्यु पर शोक व्यक्त किया । श्री गांधी ने अमृतसर के जिलाधीश के माध्यम से शोक संतप्त परिवार के साथ इस नृशंस हत्याकांड पर दुख प्रकट किया है ।

## एस.एच.ओ. मुअत्तिल

इसी मध्य तरनतारन थाने के एस.एच.ओ. सब-इंस्पैक्टर बलवंत सिंह को मुअत्तिल कर दिया गया है । उस पर लापरवाही, समय पर घटना स्थल पर न पहुंचने और अभियुक्तों का पीछा न करने के आरोप हैं । उसे लाईन हाजिर कर दिया गया है ।

## सरकार कठोर रवैया अपनाए

अमृतसर कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के प्रधान श्री हरबीर सिंह ढिल्लों, महामंत्री श्री मनजीत सिंह और शिरोमणि कमेटी के भूतपूर्व वरिष्ठ उपप्रधान श्री अजीत सिंह मान ने एक बयान में श्री राम लुभाया की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि इससे फिर साबित हो गया है कि उग्रवादियों की कार्रवाइयां जारी हैं । बरनाला सरकार को उग्रवादियों को दबाने के लिए कठोर रवैया अपनाना चाहिए । गांवों व क़स्बों में सी.आर.पी.एफ. तथा बी.एस.एफ. की गश्त बढ़ाई जाए ।

## पुनः कर्फ्यू

गुरदासपुर के जिला मैजिस्ट्रेट ने जिला के 4 सीमांत गांवों धर्मकोट, चंदू वडाला, घनिके बेट तथा सहूर में सूर्यास्त से सूर्योदय तक का कर्फ्यू फिर लगा दिया है । आदेश आगामी 30 अक्तूबर तक लागू रहेगा । जिला मैजिस्ट्रेट ने एक अन्य आदेश द्वारा सीमा के साथ-साथ 500 मीटर की पट्टी में शाम 7 बजे से प्रातः 5 बजे तक लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है ।

# किश्तों में मौत

मिचीगन नगर (इंडियाना), 16 अक्तूबर (यू.पी.आई.) : विलियम वैन डाईवर को अपने ससुर की हत्या कर उनके शव के टुकड़े करने के आरोप में फांसी की सजा हुई । फांसी बुधवार को प्रातः बिजली के झटकों से दी जानी थी । परन्तु बिजली के पांच झटकों द्वारा उसके किश्तों में प्राण निकले ।

इंडियाना अधिकारियों का कहना है कि 37 वर्षीय वैन डाईवर की मृत्यु 1.20 प्रातः पर घोषित की गई । इंडियाना में चार वर्षों में यह दूसरा व्यक्ति था जिसने अपने फांसी के मुकद्दमे में अपनी पैरवी करने से इंकार कर दिया । मिचीगन नगर के डाक्टर रोजर्ज सेंलर्ज का कहना है कि अभियुक्त वैन डाईवर को 2300 वोल्ट का बिजली का पहला झटका 10 सैकेंड तक दिया गया जिससे उसका मस्तिष्क मृत हो गया । परन्तु उसमें सांस शेष थी अगला 500 वोल्ट का झटका 20 सैकेंड तक दिया गया । उसकी सांस फिर भी चलती रही ।

इसके बाद 2300 वाल्ट तथा 500 वाल्ट के अतिरिक्त बिजली के झटके दिए गए तथा पांच मिनट के बाद मुआयना किया गया तब वैन डाइवर की हृदय गति रुकी ।

डाक्टर सेलर्ज का कहना है कि यह बहुत असामान्य बात थी । आम तौर पर पहली बार बिजली का झटका लगते ही व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है । अटर्नी हरबर्ट शेपरू एक और गवाह थे उन्होंने कहा फांसी देखना इतना वीभत्स है कि जिसे देखा नहीं जा सकता ।" मैंने देखा उसके सिर से धुआं-सा

E BEST

Colour

# तरनतारन के इंका नेता की उग्रवादियों द्वारा हत्या

## आक्रमणकारी स्कूटर पर आए और हत्या करके पैदल भाग निकले

## क्षेत्र की नाकाबंदी : पुलिस द्वारा घरों की तलाशी

[illegible]र, 16 अक्तूबर (यू.,प्रै.): तरनतारन [illegible] के प्रधान तथा प्रमुख कांग्रेस (इ) नेता [illegible] लभाया [illegible] आज प्रातः दो संदिग्ध [illegible] ने तरनतारन में उनकी डेरी पर गोली [illegible] कर दी । पुलिस ने कहा कि दो स्कूटर [illegible] हमलावरों ने 55 वर्षीय श्री रामलुभाया को [illegible] पर जाकर गोलियां मारीं । हमलावरों [illegible] 20-25 के मध्य थी ।

[illegible] भाया को चार गोलियां लगीं, जिनमें से [illegible] पर लगी । उन्हें गुरु तेग बहादुर सिविल [illegible] अमृतसर ले जाया गया, जहां उन्हें मृत [illegible] दिया गया ।

[illegible] ने कहा [illegible] हमलावरों ने 455 बोर के [illegible] कार्यवाही के बाद डेरी के बाहर खड़े [illegible] पर सवार होकर भागने की कोशिश की [illegible] कुछ लोगों ने उनका पीछा किया तो वे [illegible] भाग निकले ।

[illegible] ने बताया कि हमलावरों द्वारा इस्तेमाल [illegible] स्कूटर [illegible] दिन पहले पट्टी से चोरी [illegible] था । पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी करके [illegible] तलाशी लेनी शुरू कर दी ।

[illegible] तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी । [illegible] शहर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है [illegible] ने [illegible] दुकानें नहीं खोलीं ।

[illegible] के अनुसार यह वारदात प्रातः लगभग [illegible] हुई जब श्री रामलुभाया अपनी डेरी [illegible] रहे थे । उन्हें नाज़ुक हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों की एक टीम द्वारा दो घंटे तक सर्वोत्तम प्रयास किये जाने के बाद भी उनकी जान न बचाई जा सकी ।

जिला पुलिस चीफ श्री सुखदर्शन लेखी ने बताया कि डेरी में मौजूद लोगों ने आतंकवादियों पर ईंटों, पत्थरों से हमला किया, जिसके फलस्वरूप वे स्कूटर वहीं छोड़ कर पैदल भाग निकलने में सफल हो गये । बाद में पुलिस ने अभियुक्तों का पीछा करना शुरू कर दिया । जिला-भर में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ।

जिलाधीश श्री रमेश इंद्र सिंह व श्री लेखी तुरन्त अस्पताल पहुंचे तथा बाद में तरनतारन में घटनास्थल को देखने गये । श्री रामलुभाया क्षेत्र के एक लोकप्रिय व्यक्ति थे तथा वह कभी भी आतंकवादियों की हिट-लिस्ट में नहीं रहे ।

इस हत्या के बाद तरनतारन में तनाव की हालत को देखते हुये भारी संख्या में पुलिस व सी.आर.पी.एफ. तैनात कर दी गई है ।

पुलिस का ख्याल है कि हमलावरों ने एक निकटवर्ती मकान में शरण ली ।

### हिंसात्मक घटनाएं पुनः शुरू

आर.के. सोनी के अनुसार हमलावर दो सिख नवयुवक थे । पंजाब में अकाली सरकार के गठन के बाद हत्याओं व लूटमार में संलिप्त उग्रवादियों की अंधाधुंध रिहाइयों से राज्य में हिंसा की घटनाएं पुनः शुरू हो गई हैं । श्री रामलुभाया की हत्या के बाद उच्च पुलिस अधिकारी अमृतसर से तरनतारन पहुंचे । इस घटना से सारे शहर में शोक का वातावरण बन गया और वहां पूर्ण शोक हड़ताल है । वहां के हिन्दुओं के अलावा सिख भी इस शोक में शामिल हैं ।

इस सम्बन्ध में प्राप्त विवरण के अनुसार श्री रामलुभाया अपने मकान के आगे दूध की डेरी पर बैठे थे कि सफ़ेद पगड़ियों वाले 25-26 वर्ष की आयु के दो सिख उग्रवादी बिना नम्बर स्कूटर पर वहां पहुंचे । स्कूटर उन्होंने डेरी के बाहर खड़ा किया । एक उग्रवादी उसके पास खड़ा रहा । उसने स्कूटर को स्टार्ट रखा । दूसरा उग्रवादी डेरी के अंदर गया और रामलुभाया के निकट जाकर उन पर अपने पिस्तौल से चार गोलियां चलाईं । एक गोली उनके चेहरे पर लगी, दूसरी बाज़ू पर तथा तीसरी छाती में । डाक्टरों के अनुसार छाती में लगने वाली गोली घातक सिद्ध हुई और इससे श्री रामलुभाया दम तोड़ गए ।

### हत्यारे के पीछे दौड़े

मृत रामलुभाया की विधवा श्रीमती निर्मला देवी ने पत्रकारों को रोते हुए बताया कि तीन गोलियां लगने के बाद भी वह हत्यारे के पीछे दौड़े परन्तु कुछ दूर जाकर गिर गए । यह वारदात खूह वाला मुहल्ला में हुई । मृतक रामलुभाया अपने पीछे एक लड़का और तीन लड़कियां छोड़ गए हैं । इनमें से एक लड़का व एक लड़की विवाहित हैं ।

### धमकियां मिली थीं





(ऊपर) तरनतारन नगरपालिका के प्रधान श्री राम लुभाया की बुधवार प्रातः 2 सिख उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । घातक गोली उनकी छाती में बाएं तरफ लगी । (नीचे) श्री राम लुभाया के परिजन अमृतसर अस्पताल में विलाप करते हुए । (छाया : ओम भण्डारी)

# कनाडा द्वारा प्रत्यावर्तन कानून भारत पर भी लागू

[illegible] अक्तूबर (प्रै.,यू.): कनाडा [illegible] वर्तन कानून का प्रभाव क्षेत्र [illegible] फैसला किया है । यह निर्णय [illegible] होगा ।

[illegible] की एक विज्ञप्ति में कहा गया [illegible] वर्तन कानून का प्रभाव क्षेत्र [illegible] भारत सरकार 31 अक्तूबर [illegible] मे अपराध करके कनाडा में [illegible] को कनाडा से वापस ले [illegible] ने आर्डर-एन-कौंसिल के [illegible] कानून का भाग दो लागू कर [illegible] 31 अक्तूबर 1985 से [illegible] होगा ।

[illegible] इस निर्णय से भारत सरकार [illegible] के खिलाफ भी कार्रवाई कर [illegible] अड्डा बना कर भारत के [illegible] नाएं कर रहे हैं अथवा भारत [illegible] डा में जा छिपे हैं ।

[illegible] भारत के प्रधानमंत्री राजीव [illegible] प्रधानमंत्री श्रीमती मार्गरिट [illegible] के दौरान भारत व ब्रिटेन के [illegible] संधि कराने के प्रयास शुरू [illegible] में रह कर भारत विरोधी [illegible] या भारत में आतंकवादी [illegible] टेन में जा छिपने वाले [illegible] रत प्रत्यावर्तित करे ताकि [illegible] कार्रवाई की जा सके ।

[illegible] के विदेश विभाग के एक [illegible] कहा था कि कनाडा सरकार [illegible] की उदार नीतियों का [illegible] । श्रीमती गांधी की हत्या [illegible] विमान को 329 यात्रियों [illegible] कनाडा सरकार को पंजाब [illegible] नाक गतिविधियों की गम्भीरता की जानकारी नहीं थी ।

पिछले कुछ वर्षों में पंजाब में विघटनात्मक गतिविधियां करने वाले उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में भारत को अमरीका, कनाडा व ब्रिटेन से सहयोग नहीं मिल रहा था ।

कल भारतीय विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कनाडा की प्रत्यावर्तन संधि की पेशकश को रचनात्मक और अच्छी बताया था ।

## उग्रवादी भयभीत

लंदन (यू.): ब्रिटेन में रह रहे पंजाब के उग्रवादी प्रधानमंत्री राजीव गांधी व ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मार्गरिट थैचर के बीच हुए प्रत्यावर्तन समझौते से भयभीत हैं । श्री राजीव गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी सरकार उग्रवादियों को भारत लाकर उन पर मुकद्दमा चलाएगी । उधर ब्रिटेन सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के षड्यंत्र के सिलसिले में चार सिख उग्रवादियों के खिलाफ अदालत में केस दायर कर दिया है । ब्रिटिश संसद शीघ्र ही नई प्रत्यावर्तन संधि और ब्रिटेन के उग्रवाद दमन कानून का कार्य क्षेत्र भारत तक बढ़ाने के संशोधन पर विचार करेगी ।

सूत्रों ने बताया कि इस समय भारत के पंजाब राज्य में अपराध करके फरार होने वाले एक सौ से अधिक सिख उग्रवादी ब्रिटेन आ गए हैं और यहां राजनीतिक शरण मांग रहे हैं । उनमें से ऐसे कुछ को शरण मिल भी गई है, जिनके खिलाफ अपराध के केस साबित नहीं हुए हैं ।

तथाकथित खालिस्तान के स्वयंभू राष्ट्रपति जगजीत सिंह चौहान ने राजीव-थैचर प्रत्यावर्तन संधि समझौते को सिखी के लिए चुनौती बताया है और कहा है कि सिख किसी भी परिणाम को भुगतने के लिए तैयार हैं । "भारत में हिम्मत हो तो वह हमारे खिलाफ मुकद्दमा चला कर देखे । संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेजों में सभी को आत्म निर्णय का अधिकार है, यह अधिकार सिखों को भी प्राप्त है और भारत भी इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर चुका है ।"

लंदन टाइम्स ने एक सम्पादकीय में कहा है कि प्रत्यार्वतन संधि में कई जटिलताएं हैं । वैसे ब्रिटेन निवासी कुछ उग्रवादी सिख भारत की सुरक्षा को खतरा पहुंचा रहे हैं, दूसरे यह संधि वस्तुतः उग्रवाद के खिलाफ राष्ट्रों में सहयोग का उदाहरण है जिसका सभी प्रजातांत्रिक देशों को आदर करना चाहिए ।

## बैंक लूटने का प्रयास

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (संघी): यहां सैक्टर 20 में स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा को गत रात्रि में लूटने का विफल प्रयास किए जाने का समाचार मिला है । पुलिस सूत्रों के अनुसार चोर दरवाजे का ताला तोड़कर कैश रूम में प्रवेश करने में तो सफल हो गए लेकिन वे कैश-बाक्स का ताला नहीं खोल सके और इस प्रकार चोर वहां से धन राशि नहीं ले जा सके ।

पुलिस को घटना स्थल से ताला तोड़ने में प्रयुक्त किए गए औजार भी घटनास्थल से मिले हैं । पुलिस का अनुमान है कि किसी डर के कारण चोर तिजोरी का ताला तोड़ने का काम बीच में ही छोड़कर भाग खड़े हुए ।



(बाएं) फिरोज़पुर के विजय कुमार, जिन्हें वीरवार को मल्लांवाला के पास दो उग्रवादियों ने गोलियों से मार डाला (दाएं) मृतक का शोक संतप्त परिवार विलाप करते हुए ।

(छाया व विवरण : जगदीप, राकेश मलिक)

Punjab Sanatani

उनके कर्मचारी गुरचरण सिंह (30) की अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी और उनका ट्रैक्टर छीन कर भाग गये । जोगेन्द्र सिंह चार बच्चों का पिता है । महन्त लाल दास का फार्म रामगढ़ ग्राम में है और मृतक पटियाला से ट्राली-टायर की मरम्मत करवा कर रामगढ़ ट्रैक्टर में जा रहे थे जबकि मार्ग में अज्ञात व्यक्तियों ने इन्हें रोक लिया और गोलियां बरसानी आरम्भ कर दीं । इनकी हत्या करने के उपरान्त दोषी ट्रैक्टर जो फोर्ड नम्बर 3600 ब्रांड 78 माडल नम्बर पी.यू.सी. 7202 है, भगा कर ले गये । दोषियों का कोई अता-पता नहीं मिला । पुलिस ने इस मामले में उग्रवादियों का हाथ होने का खंडन किया ।

पटियाला के भाजपा नेता श्री शम्भू प्रसाद ने एक विज्ञप्ति में लूटमार की बढ़ती हुई घटनाओं पर चिन्ता प्रकट की है और बरनाला सरकार की गलत नीतियों को इसका जिम्मेदार करार दिया है, जिसने हत्या और डकैती के केसों में संलिप्त आतंकवादियों को रिहा करना आरम्भ कर दिया है । उन्होंने कहा है कि बरनाला सरकार अल्पसंख्यकों को संरक्षण दे और अपराधियों की रिहाई का सिलसिला बन्द कर दे । पटियाला जिला ग्रामीण इंका के महासचिव श्री दर्शन सिंह घुम्मन ने बरनाला सरकार से मांग की है कि वह आतंकवादियों की रिहाई की नीति छोड़ दे और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए सख्त पग उठाये ।

## 2 पुलिस कर्मी गिरफ्तार

पटियाला में एस.एस.पी. श्री जी.आई.एस. भल्लर ने बताया कि सहायक सब-इंस्पैक्टर पुलिस श्री ओम प्रकाश तथा कांस्टेबल सोहन सिंह को पुलिस ने डकैती के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। श्री भल्लर के अनुसार दोनों पुलिस कर्मियों के विरुद्ध पहले ही जांच चल रही है तथा इन्हें जिला पुलिस लाइन्स में भेज दिया गया था । उन्होंने शेरांवाला गेट के नज़दीक लुधियाना के वेद प्रकाश से 400 रुपए छीन लिए थे । श्री भल्लर ने बताया कि एक पुलिस कांस्टेबल को मंडी गोबिन्दगढ़ में निलम्बित किया गया है क्योंकि वह पुलिस की वर्दी में एक ठेके पर शराब पीता पकड़ा गया था । उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स में अनुशासनहीनता सहन नहीं की जाएगी ।

महंत लाल दास के पुत्र तथा उसके नौकर की हत्या के बारे में श्री भल्लर ने कहा कि 6 पुलिस पार्टियां अभियुक्तों की खोज के लिए विभिन्न स्थानों को भेजी गई हैं ।

## पैट्रोल पम्प कर्मियों पर आक्रमण

पटियाला (भूषण): गत रात यहां से 9 किलोमीटर दूर गांव पासियां में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आक्रमण करके एक पैट्रोल पम्प के तीन कर्मचारियों को घायल कर दिया,जिनमें से एक की स्थिति गम्भीर है । अभी तक आक्रमणकारियों द्वारा पैट्रोल पम्प में 'कैश' लूटे जाने संबंधी कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ ।

## निहंग द्वारा धर्मस्थान पर धावा

सामाना (वर्मा) : स्थानीय एस.एस. जैन सभा के धर्मस्थल दादावाड़ी में रात लगभग 11 बजे एक निहंग ने अचानक 'धावा' बोल दिया और यहां पड़ी गोलक को लूटने का प्रयत्न किया परन्तु वह इसमें सफल न हुआ,क्योंकि यहां पर सो रहा सेवादार राम प्रसाद अचानक जाग उठा और उसने बड़ी निडरता के साथ निहंग का मुकाबला किया,जिसमें सेवादार की एक अंगुली कट गई तथा हाथ व गर्दन पर घाव हो गए । निहंग के पास तलवार थी । सेवादार ने ज्यों ही ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना शुरू किया, निहंग भाग गया और भारी संख्या में वहां लोग इकट्ठे हो गए । निहंग की इधर-उधर तलाश की गई,वह कहीं न मिला ।

श्रद्धालुओं ने स्थानीय थाना में इस बारे सूचना दी । पुलिस ने केस दर्ज किया और निहंग को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापे भी मारे मगर अभी तक उसका पता नहीं चल सका ।

## सराफ़ को लूटने का प्रयास

अमृतसर (आर.के. सोनी) : कल शाम 7 बजे के लगभग अमृतसर के सराफा बाजार चौरस्ती अटारी में एक सराफ श्री रमन कुमार की दुकान को 4 उग्रवादियों ने लूटने की चेष्टा की लेकिन नाकाम रहे क्योंकि बाजार में शोर मच गया तथा लोगों व सी.आर.पी.एफ. वालों ने दो उग्रवादियों सुखदेव सिंह व हरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

इस बारे ब्यौरा इस तरह बताया जाता है कि शाम के समय अंधेरा होने पर अभियुक्त सुखदेव सिंह अपने तीन साथियों के साथ रमन कुमार की दुकान पर, जोकि कोठे पर स्थित है, सोने की अंगूठियां देखने गया तथा वहां जाकर पिस्तौल तान लिया । यह पिस्तौल नकली था । रमन कुमार उस समय दुकान बंद करने की तैयारी में था तथा आभूषण व नकदी समेट रहा था । अभियुक्त ने, जिसके हाथ में नकली पिस्तौल था, रमन कुमार का मुंह हाथ से बंद कर दिया ताकि वह शोर न मचा सके तथा दूसरे अभियुक्त ज़ेवरात थैले में भरने लग गए परन्तु रमन कुमार ने ज़ोर लगा कर अभियुक्त का हाथ अपने मुंह से हटाया और उसकी चीख निकल गई, जिस पर बाजार में दुकानदार चौकन्ने हो गए और चौक में खड़े सी.आर.पी.एफ. के जवान भी पहुंच गए ।

चारों अभियुक्त जल्दी से सीढ़ियां उतर कर भागे जिनमें से दो काबू कर लिए गए और दो दौड़ गए । सिटी पुलिस ने उस घटना के सिलसिले में धारा 93 के अन्तर्गत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है । दूसरे दो अभियुक्तों की तलाश जारी है ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि कुछ अर्सा पहले रमन कुमार तथा अभियुक्त सुखदेव सिंह में मैत्री थी लेकिन बाद में वहां से दुकान छोड़ कर चला गया तथा कल सायं अपने तीन साथियों के साथ रमन कुमार की दुकान लूटने के लिए आ गया ।

## कैश, घड़ी, स्कूटर छीन लिया

नई दिल्ली (हि.स.): गत रात्रि नजफगढ़ में दो सशस्त्र युवकों ने लूटमार की और नकदी तथा अंगूठी छीन कर ले गए । पालम कालोनी के रहने वाले 45 वर्षीय श्री रवि शंकर कल रात्रि जब स्कूटर पर अपने घर जा रहे थे तो रास्ते में दो लुटेरों ने उन्हें रोककर मारपीट की और उन से 4080 रुपए नकद, घड़ी, सोने की अंगूठी और स्कूटर छीन कर भाग गए ।

DAYA NAND MODEL

## फतेहगढ़ में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

बाद जालंधर रेंज के डी.आई.जी. ए.ए. सिद्दीकी कल रात्रि फतेहगढ़ चूड़ियां पहुंच गए थे । आज प्रातः रैस्ट हाऊस में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह कहना गलत है कि राजपाल की राजनीतिक कारणों के आधार पर हत्या की गई है । उनकी उग्रवादियों ने हत्या की है, मृतक का नाम उग्रवादियों की हिट-लिस्ट पर था ।

### एस.एच.ओ. लाईन हाज़िर

फतेहगढ़ चूड़ियां थाने के एस.एच.ओ. को लापरवाही के आरोप में लाईन हाज़िर कर दिया गया है । घटना की जांच का कार्य सी.आई.ए. इंस्पैक्टर गुरदासपुर को सौंप दिया गया है । उन्हें 48 घंटे के अंदर-अंदर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है ।

फतेहगढ़ चूड़ियां से 'सुभाष' के अनुसार राजपाल कद्द के अन्तिम संस्कार में पंजाब इंका के भूतपूर्व प्रधान श्री संतोख सिह रंधावा भी उपस्थित थे । शव यात्रा में शामिल लोग स्थानीय पुलिस और अस्पताल कर्मचारियों के विरुद्ध नारे लगा रहे थे ।

उग्रवादियों ने राजपाल को गोलियां मारने के बाद अच्छी तरह उसे हिला कर देखा और उसके सिर पर दो और गोलियां दाग दीं । बाद में वह खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए भाग गए । लोगों ने उनका पीछा किया और उन्हें पत्थर मारे तो उन्होंने फिर फायर किए तथा स्थानीय श्मशान घाट की ओर भाग गए । राजपाल के शरीर पर गोलियों के ग्यारह घाव थे । लोगों ने पुलिस स्टेशन का बोर्ड भी तोड़ दिया ।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, लोक सेवा समिति, ब्लाक इंका अध्यक्ष बसन्त सिह, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष श्री सतपाल और आर्य समाज के अध्यक्ष श्री जैदेव कुन्दरा ने भी इस घटना की निन्दा की और हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की ।

जालंधर (यून्यू.): आज इंडस्ट्रियल एरिया के नेकट नहर के किनारे दो युवकों ने पिस्तौल की नोक पर कैलाश सहगल नामक एक व्यक्ति का स्कूटर छीन लिया । पुलिस के अनुसार उक्त दोनों लुटेरे छीने गये नीले रंग के बजाज चेतक स्कूटर पर करतारपुर की ओर भाग गये । कैलाश सहगल ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक 'क्लीन शेव्ड' थे और उनमें से एक ने हरे रंग की कमीज़ पहनी हुई थी ।

कैलाश सहगल ने बताया कि उसने सहायता के लिये पुकारा, परन्तु कोई भी आगे नहीं आया । यह घटना लगभग साढ़े 12 बजे हुई । स्कूटर का नंबर पी.एन.के. 7278 ...

Punjabi Sangam

## उग्रवादियों द्वारा

(3 का शेष)

अपनी जान खेल कर सरकारी कोष को बचाने वाले उन कर्मचारियों के साथ ही ड्यूटी दे रहे थे। उप इंस्पैक्टर देक हुसैन के अनुसार ये सभी कर्मचारी 'विशेष ड्यूटी' पर थे कि रात्रि साढ़े 12 बजे शोर । टोल पोस्ट का किसी ने दरवाजा खटखटा श्री श्रीनिवास शर्मा ने चूंकि अभियुक्तों को देखा था, इसलिए वे आगे बढ़े क्योंकि हमलावर के दरवाजे को धक्का देने से दरवाजा खुल गया । श्री शर्मा ने दरवाजे को बंद किया रखा लेकिन हमलावरों ने दरवाजे का कुछ भाग तोड़ दिया और गोलियों की बौछार कर दी । श्री शर्मा को गोली लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़े जबकि चुंगीकर्ता तरसेम लाल भाग निकला लेकिन अभियुक्त उसे सेल टैक्स की चौकी के निकट गोलियां मारी और वह वहीं ही गिर पड़ा ।

श्री सादिक अनुसार अभियुक्तों ने पहले चौकी की ओर बढ़ते हुए हवाई फायरिंग की, इसके पश्चात उन्होंने चौकी में फायरिंग की, बाद में सेल टैक्स की चौकी के पास तरसेम लाल पर फायरिंग की और में हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले । सादिक के अनुसार अभियुक्तों की संख्या 6-7 थी उन्होंने केवल दो केशधारी अभियुक्तों को देखा शेष 4-5 भी थोड़ी दूर मौजूद थे । लेकिन सरकारी तौर पर अभियुक्तों की संख्या तीन बताई गई है श्री सादिक ने बताया कि सभी अभियुक्त पैदल आए थे और पैदल ही वारदात के बाद रावी नदी की ओर भाग गए । इन सभी ने कम्बल ओढ़ रखे ।

घटनास्थल थोड़ी दूर पुलिस को रेत से भरा एक जूता मिला जबकि जूते का दूसरा पांव रावी नदी के किनारे पड़ा पाया गया । मृतकों का पोस्टमार्टम चार डाक्टरों ने करके शव उनके वारिसों को सौंप दिए हैं

पुलिस को घटनास्थल से स्टेनगन के चार बरामद कारतूस एक चला हुआ, रिवाल्वर का एक खाली और एक बरामद कारतूस और एक अमरीकन स्टेनगन का चला हुआ कारतूस और दो गोलियों के निशान मिले हैं ।

इसी मध्य आबकारी विभाग ने इस समाचार का खंडन किया है कि भाग रहे उग्रवादियों का स्थानीय पुलिस ने पीछा किया था ।

### उग्रवादी चार थे : डी.आई.जी.

पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू-कश्मीर आबकारी विभाग के सब इंस्पैक्टर और निवासमा रिकलर्क तरसेम लाल के हत्यारों की खोज संयुक्त अभियान शुरू किया है ।

घटनास्थल का निरीक्षण और पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ बातचीत करने के बाद जम्मू रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक एस.एस. बजीर ने घटना का विवरण दिया । उन्होंने बताया कि चार अज्ञात सिख युवकों ने लखनपुर चौकी से 12 लाख रुपए नकद लूटने का प्रयास किया । वहां मौजूद दोनों अधिकारियों के प्रतिरोध करने पर उन्होंने स्टेनगन और रिवाल्वर से उन पर गोलियां चलाईं ।

### दूसरे दिन भी हड़ताल : 6 व्यक्ति हिरासत में

फतेहगढ़ चूड़ियां से 'सुभाष' के अनुसार आज यहां दूसरे दिन भी हड़ताल रही । लोगों में रोष पूर्ववत् है। पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है । डी. आई. जी. श्री बी. एस. धालीवाल ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया ।

### अस्पताल कर्मियों के बयान

गुरदासपुर के डिप्टी सी. एम. ओ. ने आज अस्पताल कर्मचारियों के बयान दर्ज किए ।

जिलाधीश गुरदासपुर ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी का शोक पत्र मृतक राजपाल कद्द के परिवार को दिया ।

### नया एस.एच. ओ.

इसी दौरान नए एस. एच. ओ. श्री मंगल सिंह ने कार्यभार सम्भाल लिया है ।

### कोई विधायक शामिल नहीं

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार श्री कद्द की शव यात्रा में गुरदासपुर का कोई भी विधायक शामिल नहीं हुआ ।

### दिल्ली में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली (प्रै.): गत रात्रि दक्षिण दिल्ली में पंजाब नैशनल बैंक की एक ब्रांच तथा एक सिनेमा घर को लूटने की योजना बना रहे 6 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । यह जानकारी दक्षिण दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर पुलिस श्री मैक्सवैल परेरा ने आज दी । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों से तीन देसी पिस्तौल, 20 कारामद कारतूस जिनमें दो प्रतिबंधित के.एफ. स्पैशल्ज भी शामिल हैं बरामद किये गये, जो कि आम तौर पर दूर के निशाने के लिये इस्तेमाल किये जाते हैं ।

श्री परेरा ने बताया कि 6 आतंकवादियों और उनके एक साथी से जिसे आज सुबह गिरफ्तार किया गया, बारीकी से पूछताछ की जा रही है । श्री परेरा ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उनके आतंकवादियों से संबंध हैं । सम्भव है कि उनकी राजधानी में बड़े पैमाने पर वारदातें करने की योजना हो । उन्होंने कहा कि पुलिस को इस बात से पूर्व जानकारी मिली थी कि आतंकवादियों का एक गिरोह पंजाब से दिल्ली में दाखिल हुआ है तथा दक्षिणी दिल्ली में प्रैस एन्क्लेव के निकट स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूट सकता है ।

पुलिस पार्टी, जिसे बैंक पर निगाह रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, ने एक कार को, जिसमें 6 व्यक्ति सवार थे, रात्रि 8 बजे के लगभग बैंक के निकट देखा । एक कांस्टेबल संदेह होने पर कार के निकट गया तथा एक किट बैग बाहर निकाला । उसे खोलने पर सबसे पहले उसे एक खून के धब्बों वाली कमीज मिली ।

'यू.न्यू.' के अनुसार अभियुक्तों की संख्या सात थी और उनकी बैंक के साथ-साथ दक्षिण दिल्ली के एक सिनेमा घर के खजांची को लूटने की भी योजना थी । अभियुक्तों के कब्जे से 3 बारह बोर के देसी शस्त्र, 20 कारामद कारतूस, आरी और ताले तोड़ने के उपकरण भी मिले हैं । हरबंस लाल पंजाब के एक कालेज का भूतपूर्व लैक्चरार है ।

संदिग्ध अभियुक्तों में हरबंस लाल (35) जो कि स्नातकोत्तर और भूतपूर्व सरकारी कर्मचारी है जिसे 1979 में भ्रष्टाचार के आरोपों में नौकरी से निकाल दिया गया था, हरबंस सिंह जिसकी शक्ल अमरीका में प्रशिक्षित उग्रवादी लाल सिंह से मिलती-जुलती है, नरेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, फकीर चंद और लक्ष्मी चंद शामिल बताए गये हैं । ये सभी जालंधर के रहने वाले हैं तथा दो और तीन के ग्रुपों में राजधानी आए थे । उनका स्थानीय साथी बी.वी. प्रसाद है । हरबंस लाल के अलावा सभी आतंकवादी 20 और 25 वर्ष के मध्य हैं ।


श्री परेरा ने कहा कि रक्तरंजित कमीज कार के ड्राइवर की है । उन्होंने दिल्ली में दाखिल होने के बाद गुड़गांव जाकर इस कार का अपहरण किया था । श्री परेरा ने कहा कि आतंकवादियों ने ड्राइवर को मारपीट कर कार से बाहर फैंक दिया तथा फिर उस पर गोली चला दी । लेकिन ड्राइवर जिसे एक निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल कराया गया, भाग्यशाली निकला कि गोली उसके पास से निकल गई । उसने गुड़गांव पुलिस को बताया था कि 6 डकैतों ने उसकी कार का अपहरण कर लिया है । पुलिस का ख्याल है कि एक और अभियुक्त भी इसमें संलिप्त है लेकिन अभी तक उसका पता नहीं लग सका ।

### अकाली सरकार उग्रवादियों से कड़ाई से निपटेगी

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार अकाली विधायक श्री दलीप सिंह पांधी ने कहा है कि पंजाब की अकाली सरकार समाज विरोधी तत्वों तथा उग्रवादियों के साथ कड़ाई से निपटेगी । उन्होंने कहा कि ये तत्व बरनाला सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं ।

श्री पांधी ने गत दिवस अमलोह क्षेत्र में

Punjabi Sanatani



लखनपुर कल्ट में गत दिवस उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गए सरकारी कर्मचारी (1) नोटिफाईड एरिया कमेटी लखनपुर का टैक्स कुलैक्टर श्री तरसेम लाल, (2) आबकारी विभाग के सब-इंस्पैक्टर श्री निवास शर्मा के शव, (3) टोल पोस्ट, जहां दुखपूर्ण घटना हुई । (4) सब-इंस्पैक्टर श्री निवास शर्मा के परिवार-जन विलाप करते हुये । (5) वह खिड़की, जहां से आने-जाने वाले वाहनों से टौल टैक्स वसूल किया जाता है । (6) टोल-पोस्ट का दरवाजा, जिसे उग्रवादियों ने [illegible] फायरिंग की ।

(छाया : महाजन, केरनी, सच्चर

## बाबा काहन सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

### मोटर साइकल पर पाबंदी

इसी दौरान जिला मैजिस्ट्रेट ने 3.5 हार्स पावर या इससे आधी शक्ति वाले मोटर साइकल चलाने पर अमृतसर जिला में 21 से 31 अक्तूबर तक पाबंदी लगा दी है ।

### 2 व्यक्ति घायल

जालन्धर (यू.): प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कल रात नकोदर के निकट दो विभिन्न घटनाओं में दो व्यक्ति रहमानपुर गांव में तेजधार हथियारों से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घायल कर दिए गए । घायल व्यक्ति मनोहर लाल (50) और सुरिंदर (20) हैं । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

### लूट का दूसरा अभियुक्त भी गिरफ्तार

**मोगा (बांसल):** जिला फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गुरेंद्र सिंह भल्लर ने बताया कि मोगा-बरनाला सड़क पर माछीके गांव के निकट आक्रमण करके लूटने के कथित प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया है । उन्होंने बताया कि 19 अक्तूबर को दो व्यक्ति स्कूटर पर जा रहे थे । जब वे माछीके गांव के निकट पहुंचे तो दो सशस्त्र सिख युवकों ने उन्हें लूटने का प्रयास किया । उनके शोर मचाने पर लोगों ने उनमें से एक को पकड़ लिया । श्री भल्लर ने स्पष्ट किया कि अभियुक्त उग्रवादी नहीं हैं । परन्तु बेरोजगार होने के कारण उन्होंने यह कार्यवाही की ।

### कद्द हत्या कांड में 13 बंदी

अमृतसर से 'प्रै.ट्र' के अनुसार फतेहगढ़ चूड़ियां (गुरदासपुर) में शनिवार को हुए इंका नेता राजपाल कद्द की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने कम से कम 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार लोगों से फतेहगढ़ चूड़ियां व डेरा बाबा नानक में पूछताछ की जा रही है । ये गिरफ्तारियां फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक, कलानौर व उग्रवादियों के गढ़ माने जाने वाले अन्य ग्रामों से की गईं ।

फतेहगढ़ चूड़ियां में धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य हो रहा है । दो दिन वहां हड़ताल रही और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई । दुकानें आज खुलीं पर लोग समूहों में इसी बारे में बातचीत करते देखे गए । मृतक राजपाल कद्द के परिवार वालों से मिलने वालों में पंजाब के पुलिस महानिदेशक बी. एस. धालीवाल, पंजाब के भू. पू. इंका मंत्री संतोख सिंह, इंका नेता बृजभूषण मेहरा, सतनाम सिंह बाजवा आदि शामिल हैं । प्रधानमंत्री राजीव गांधी सहित विभिन्न लोगों ने शोक संदेश भेजे हैं । राजपाल के छोटे भाई सतपाल कद्द ने बताया कि पिछले दो वर्षों से राजपाल को उग्रवादी धमकियां दे रहे थे । एक धमकी भरा पत्र आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक वरिष्ठ नेता ने भेजा था । 15 दिन पूर्व एक धमकी भरा पत्र मिला था जिसमें कहा गया था कि 7 अक्तूबर तक उनकी हत्या कर दी जाएगी । यह पत्र ड्राइंग रूम के टेबल पर मिला था । सतपाल कद्द का आरोप है कि राजपाल की हत्या करने वाले उग्रवादियों से पुलिस मिली हुई थी । सतपाल कद्द की किरयाने की दुकान राजपाल की कैमिस्ट की दुकान के पास ही है । सतपाल ने कहा कि उग्रवादियों ने राजपाल के .45 कैलिबर की रिवाल्वरों से गोलियां मारीं । बाद में मृत राजपाल के शरीर को उग्रवादियों ने हिलाया तथा दोबारा रिवाल्वर में गोलियां भर कर दो और गोलियां राजपाल के सिर में मारीं । फिर वहां से पैदल ही

# भटिंडा बम कांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिह बरनाला ने बाबा काहन सिंह की हत्या की निंदा की है । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेदों का बदला हिंसक साधनों से नहीं लिया जाए । ऐसे कुकृत्यों की सभी को निंदा करनी चाहिए ।

**अमृतसर (प्रे.):** अकाली दल (लौंगोवाल) ने निहंग चीफ़ बाबा काहन सिंह और उनके अंगरक्षक की नांदेड़ में हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया । दल के सचिव श्री गुरदेव सिंह ने हत्या की निंदा करते हुये इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की । बाबा काहन सिंह 1981 से 83 तक तलवंडी अकाली दल के कार्यकारी प्रधान रहे थे। वह गत वर्ष आपरेशन,ब्ल्यू स्टार के बाद अकाली दल (लौंगोवाल) में शामिल हो गये थे । अकाली दल के यूथ विंग ने अलग से शोक प्रस्ताव पास किया ।

# कल क्या होगा ?

दिल्ली, 25 अक्तूबर (एन.एन.एस.): शुक्रवार-आसोज सुदी बारस की चांदी, सोना, अलौह धातुओं व लोहा कम्पनी वाले शेयरों में कुछ गिरावट आनी संभव है । सरसों, सींगदाना, अलसी, अरंडा आदि तिलहनों में भी नरमी रहेगी । अनाज व दलहनों में सीमित घटा-बढ़ी रहे । गुड़ व चीनी में नरमी आयेगी । कुंभ, मेष, तुला, वृश्चिक, मकर राशि वालों को उत्तर की यात्रा से फल प्राप्त होगा । धन, मीन, सिंह राशि वालों को लड़ाई-झगड़े की संभावना है । संयम से काम लें । शेष राशि वालों को मिश्रित फल मिलेंगे ।

# चंडीगढ़ और बटाला में दो बैंक लूटने का प्रयास

## *बटाला में एक उग्रवादी लुटेरा गिरफ़्तार : गोली से कैशियर घायल*

## फिरोज़पुर डिवीजन में धर्मस्थानों की 24 घंटे चौकसी

## मुठभेड़ के बाद सुखदेव सिह फरार, उग्रवादिन गुरदेव कौर बंदी

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (संघी, प्रै., यू., नि.स.): पंजाब और चंडीगढ़ में विगत 24 घंटों में दो बैंकों को लूटने का असफल प्रयास किया गया, जब कि बटाला में आज दोपहर को बैंक लूटने का प्रयत्न करने वाले 3 में से एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया, चंडीगढ़ में कल रात्त छत को तोड़कर बैंक को लूटने की कोशिश की गई ।

'इसी बीच अधिकारियों ने फिरोज़पुर डिवीजन के तीनों जिलों में सभी धर्म स्थानों की 24 घंटे सुरक्षा का निर्देश दिया है । यह पग भटिंडा में एक धर्मस्थान पर बम फैंके जानेके बाद' उठाया गया है। अमृतसर में आज युवक का शव मिला ।

जम्मू में पुलिस ने पाकिस्तान से हथियार तस्करी में 45 व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं । बटाला सीमा पर 52 बंगला देशीय भारत में घुसते समय गिरफ्तार किए गए ।

फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शीतल दास ने बताया कि चार कुख्यात बैंक अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ बैंक लूटने की एक योजना विफल कर दी गई है । श्री दास ने बताया कि सुखा सिह और जरनैल सिह दोनों नौ केसों में वांछित थे । इनके अतिरिक्त बख्शीश सिह और अमर सिह को गिरफ्तार किया गया है । इनके कब्जे से चार रिवाल्वर बरामद हुए हैं ।

पुलिस चीफ ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त कर रहे होमगार्ड के जवानों से बंदूकें छीनने की भी योजना बनाई थी ताकि सशस्त्र होकर वे कुछ बैंक लूट सकें ।

भटिंडा, भटिंडा पुलिस ने एक डकैती के सिलसिले में एक महिला उग्रवादी गुरदेव कौर को दुतरफा फायरिंग के बाद गिरफ्तार कर लिया जब कि उसका साथी कुख्यात उग्रवादी सुखदेव सिह फरार हो गया । सुखदेव सिह के सिर पर इनाम घोषित है । पुलिस ने गुरदेव कौर के पास से .45 बोर के 20 कारतूस बरामद किए ।

इन दोनों ने 15 अक्तूबर को जिले के भगता भाई का ग्राम के सुभाष चन्द्र की पिस्तौल की नोक पर लूटा था । एस. एस. पी. आर. एस. गिल ने बताया कि इस लूट के बाद सुखदेव सिह व गुरदेव कौर दोनों ही पास के भगता ग्राम के एक धर्मस्थल के कमरे में छिप गए । सूचना मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी । चुनौती दिए जाने पर दोनों ने पुलिस पर फायरिंग की । जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । सुखदेव सिह अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया जब कि गुरदेव कौर को गिरफ्तार कर लिया गया ।

श्री गिल ने इस सम्वाददाता को बताया कि सुखदेव सिह की कड़ी तलाश की जा रही है । वह चरिक बस हत्या कांड में भी शामिल था जिसमें एक वकील की हत्या की गई थी । जब उसे पुलिस के पहरे में बस से अदालत से जेल ले जाया जा रहा था, कुछ उग्रवादियों ने बस पर हमला करके उसे छुड़ा लिया था । सुखदेव सिह एक अन्य कुख्यात उग्रवादी बर्खास्त और गिरफ्तार पुलिस सिपाही बलविंदर सिह का भाई है । सुखदेव सिह ने भटिंडा में एक ए. एस. आई. गुरबचन सिह की हत्या की थी । वह फरीदकोट के कई उग्रवादी मामलों में शामिल है ।

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार गत रात वहां सैक्टर 17 में स्थित बैंक आफ़ इंडिया के मुख्यालय को कुछ अज्ञात व्यक्तियों की ओर से लूट लिए जाने का असफल प्रयास किया गया । चोर रस्सियों की सहायता से बैंक की छत से जालियां काट कर अन्दर घुसने में सफल हो गए और 'टायलैट' का शीशे तोड़कर 'स्ट्रांग रूम' तक पहुंचने में सफल हो गए । परन्तु 'स्ट्रांग रूम' के मज़बूत द्वार देखकर वे अपना काम बीच में ही छोड़कर चले गए । घटना की सूचना मिलने पर प्रातः चंडीगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री आर. के. नियोगी घटनास्थल पर पहुंच गए और बैंक परिसर का निरीक्षण किया । पुलिस को घटनास्थल से भारी मात्रा में रस्सियां और 'सेफ़' काटने वाले हथियार मिले हैं । अभियुक्तों का पता लगाने के लिए कुत्तों की सहायता ली गई परन्तु कोई सफलता नहीं मिली ।

### द्वार से हौसले-पस्त

बैंक के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कैप्टन अमरनाथ के अनुसार 'स्ट्रांग रूम' का दरवाज़ा इतना मज़बूत है कि उसे काटने के लिए कम से कम 36 घंटे का समय चाहिए । सम्भवतः इसी कारण वे अपना निश्चय अधूरा छोड़ गए । गत दस दिनों में बैंक को लूटने का प्रयासे करने की यह दूसरी घटना है । उल्लेखनीय है कि गत 12 अक्तूबर को इसी बैंक की सैक्टर 20 में स्थित शाखा को लूटने का प्रयास किया गया था । वहां भी अभियुक्त हथियार छोड़कर चले गए थे ।

### कर्मचारी का हाथ ?

इन दोनों घटनाओं से विचार व्यक्त किया जा रहा है कि इनमें बैंक के किसी ऐसे कर्मचारी का भी हाथ है,जो बैंक के 'स्ट्रांग रूम' तक पहुंचने के रास्ते से परिचित है । पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 457 के अन्तर्गत केस दर्ज करके मामले की छानबीन आरम्भ कर दी है और इस सम्बन्ध में बैंक के कई कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है ।

### बैंक में डाके का प्रयास विफल

गुरदासपुर (प्रै.): यहां से 33 किलो मीटर दूर बटाला में तीन उग्रवादियों द्वारा दोपहर के समय पंजाब नैशनल बैंक की शाखा लूटने के प्रयास को बैंक के सुरक्षा कर्मचारी ने असफल बना दिया । बैंक

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# नौशहरा पुन्नुआं में इंका नेता की हत्या : समराला में पैट्रोल पम्प लूटा

अमृतसर, 29 अक्तूबर (प्रै.): पुलिस ने बताया है कि आज दोपहर बाद नौशहरा पन्नुआं गांव के इंका वर्कर यशपाल की दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

यू. न्यू. का कहना है कि अभियुक्तों के आतंकवादी होने का संदेह है ।

श्री यशपाल, जो कि अपने गांव से स्कूटर पर तरनतारन जा रहे थे, को अभियुक्तों ने पिद्दीपिंड के निकट घेर लिया, जहां सड़क की मुरम्मत हो रही थी । उसके सिर में निकट से गोली मारी गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । अभियुक्त मृतक के स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरन्त घटनास्थल की ओर रवाना हो गए जो कि यहां से 35 किलो मीटर दूर है । क्षेत्र को 'सील' कर दिया गया है और जिला भर में तथा आसपास के क्षेत्रों में पुलिस को सतर्क कर दिया गया ।

इसी मध्य पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह कांग्रेस (इ) वर्करों की हत्या का एक और आतंकवादी मामला है या सिर्फ डकैती के लिए हत्या का साधारण मामला है? अपुष्ट समाचारों के अनुसार मृतक,जो कि गांव में कमीशन एजैंट था, के पास धन राशि भी थी ।

16 अक्तूबर से लेकर यह इंका नेताओं की हत्या का तीसरा केस है । तरनतारन नगर पालिका के प्रधान श्री रामलुभाया की 16 अक्तूबर को गोली मारकर हत्या की गई थी । इसके तीन दिन बाद फतेहगढ़ चूड़ियां के इंका वर्कर राजपाल कद्द की उसकी दुकान में अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी ।

जिला के वरिष्ठ इंका नेताओं सर्वश्री हरवीर सिह ढिल्लों, एम. एस. वेरका ने इस हत्या की निंदा करते हुए हिंसा को रोकने के लिए कड़े पग उठाए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थिति फिर बिगड़ रही है ।

वि.प्र. के अनुसार यशपाल को संदिग्ध आतंकवादियों ने सिर में दो-तीन गोलियां मारीं, जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया । अभी यह पता नहीं चल सका कि मृतक के पास कितना रुपया था । यशपाल की लाश पोस्टमार्टम के लिए तरनतारन भेजी गई है । अमृतसर के कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि पंजाब में हत्याएं बढ़ती जा रही हैं । पंजाब की बरनाला सरकार की ओर से उग्रवादियों की अंधाधुन्ध रिहाइयों से ऐसी हिंसक घटनाओं में वृद्धि होने की आशंका है ।

## इंका विधायक दल द्वारा निंदा

चंडीगढ़ (य): पंजाब कांग्रेस (इ) विधायक दल की श्रीमती गुरबिंद्र कौर बराड़ की अध्यक्षता में आज यहां हुई एक बैठक में नौशहरा पन्नुआं, जिला अमृतसर में कांग्रेसी वर्कर यशपाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की है । पार्टी ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नियंत्रण रखने में बुरी तरह असफल रही है ।

## एक और स्कूटर छीना

तरनतारन से शास्त्री के अनुसार तीन उग्रवादियों ने शाहबाज रोड पर पिस्तौल दिखाकर डाक्टर शर्मा का स्कूटर छीन लिया है । स्कूटर का नम्बर था पी.जे.डब्ल्यू 8215 ।

## पैट्रोल पम्प लुटा

समराला से अश्विनी के अनुसार गत सायं लगभग साढ़े पांच बजे यहां से डेढ़ किलो मीटर दूर लुधियाना रोड पर स्थित नैनीमल फिलिंग स्टेशन पर दो स्कूटर सवारों ने कैशियर मनजीत सिंह से 6600 रुपए नकद और एक टेप रिकार्डर छीन लिया और भाग निकले ।

लखनऊ, (वार्ता): रामपुर पुलिस ने कल कुख्यात उग्रवादी रछपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से एक अमरीकन कारबाइन, एक बुलेट प्रूफ, जैकेट तथा एक देशी पिस्तौल बरामद की । सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए जाने से पहले उसने दो गोलियां चलाईं, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ । रछपाल सिंह रामपुर जिले के स्वार थाना क्षेत्र के अरुसलू परसाल गांव का निवासी है । पुलिस उससे पूछताछ करके उग्रवादियों से सम्बन्धित होने की पुष्टि कर रही है । प्रदेश पुलिस द्वारा तराई क्षेत्र में उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत यह 16वीं गिरफ्तारी है । इस अभियान में नैनीताल रामपुर तथा बिजनौर जिलों से कारबाइनों सहित काफी आग्नेयास्त्र तथा भारी मात्रा में गोली-बारुद बरामद किया गया है ।

# 'खामोश करने ...त्र नहीं था : गवाह

साजिश की जाच कर रहे थे, श्री पंडित ने कहा कि उन्होंने इस बात का पता लगाने की कोशिश की कि कहीं बेअन्त सिह को खामोश करने की कोई साजिश तो नहीं थी और कहीं उसकी मृत्यु का इंदिरा गांधी की हत्या से कोई सम्बन्ध तो नहीं था ।

गवाह ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फिल्म अभिनेता पीटर उस्तिनोव के नेतृत्व में आए विदेशी टैलीविजन दल को जल्दी में भारत से चले जाने की अनुमति दी गई थी । पुलिस अधिकारी ने अपनी गवाही में कहा कि उन्हें इस बात की भी कोई जानकारी नहीं है कि गत वर्ष 31 अक्तूबर को श्रीमती गांधी के घर पर उनके एक कार्यक्रम को रिकार्ड करने वाले इस टैलीविजन दल को इस पर एक फिल्म बनाने की अनुमति दी गई थी ।

यह पूछे जाने पर कि नम्बर-एक सफदरजंग रोड पर गत वर्ष 31 अक्तूबर को कितनी 'हत्याएं' हुई थीं, श्री पंडित ने कहा कि उस दिन वहां केवल इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी । विशेष सरकारी वकील के. एल. अरोड़ा ने इस सवाल पर कई बार आपत्ति व्यक्त की । न्यायाधीश ने भी गवाह को निर्देश दिया कि वह हत्या कांड से सम्बन्धित सवालों के ही जवाब दें ।

# तमिलनाडु के ... ने एम.जी. को ...

मद्रास, 29 अक्तूबर (वार्ता): तमिलनाडु के सभी 24 मंत्रियों ने आज मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन को मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के लिए अपना इस्तीफा सौंप दिया ताकि वह मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर सकें । वित्त मंत्री वी.आर. नेदुचेझियन ने सभी मंत्रियों का संयुक्त इस्तीफा श्री रामचंद्रन को सौंपा ।

मंत्रियों ने अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक और सरकार के हित में श्री रामचंद्रन से कोई भी कदम उठाने का अनुरोध किया है ।

श्री नेदनचेझियन ने यह जानकारी मंत्रिमंडल की तीन घंटे की बैठक के बाद संवाददाताओं को दी ।

श्री रामचंद्रन ने सभी मंत्रियों के विचार सुने । श्री नेदनचेझियन ने बताया कि सभी का मत था कि श्री रामचंद्रन ही मुख्यमंत्री रह सकते हैं । श्री रामचंद्रन ने दल में फूट को देखते हुए कल अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी । एक सवाल के जवाब में श्री नेदनचेझियन ने कहा कि तमिलनाडु मंत्रिमंडल को कभी भी खतरा नहीं था ।

श्री नेदनचेझियन ने बताया कि कृषि मंत्री के. कालीमुथु तथा दल की प्रचार सचिव जयललिता के बीच बैंक धांधली को लेकर हुए सार्वजनिक विवाद के बारे में चर्चा नहीं हुई । उन्होंने कहा कि बैठक में कहा गया कि मंत्री व दल के पदाधिकारी आपसी

विश्व भर ...

# नौशहरा पुन्नुआं में इंका नेता की हत्या : समराला में पैट्रोल पम्प लूटा

अमृतसर, 29 अक्तूबर (प्रै.): पुलिस ने बताया है कि आज दोपहर बाद नौशहरा पन्नुआं गांव के इंका वर्कर यशपाल की दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

यू. न्यू. का कहना है कि अभियुक्तों के आतंकवादी होने का संदेह है ।

श्री यशपाल, जो कि अपने गांव से स्कूटर पर तरनतारन जा रहे थे, को अभियुक्तों ने पिद्दीपिंड के निकट घेर लिया, जहां सड़क की मरम्मत हो रही थी । उसके सिर में निकट से गोली मारी गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । अभियुक्त मृतक के स्कूटर पर ही फरार हो गए ।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरन्त घटनास्थल की ओर रवाना हो गए जो कि यहां से 35 किलो मीटर दूर है । क्षेत्र को 'सील' कर दिया गया है और जिला भर में तथा आसपास के क्षेत्रों में पुलिस को सतर्क कर दिया गया ।

इसी मध्य पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह कांग्रेस (इ) वर्करों की हत्या का एक और आतंकवादी मामला है या सिर्फ डकैती के लिए हत्या का साधारण मामला है? अपुष्ट समाचारों के अनुसार मृतक,जो कि गांव में कमीशन एजैंट था, के पास धन राशि भी थी ।

16 अक्तूबर से लेकर यह इंका नेताओं की हत्या का तीसरा केस है । तरनतारन नगर पालिका के प्रधान श्री रामलुभाया की 16 अक्तूबर को गोली मारकर हत्या की गई थी । इसके तीन दिन बाद फतेहगढ़ चूड़ियां के इंका वर्कर राजपाल कद्द की उसकी दुकान में अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी ।

जिला के वरिष्ठ इंका नेताओं सर्वश्री हरबीर सिंह ढिल्लों, एम. एम. बेरका ने इस हत्या की निंदा करते हुए हिंसा को रोकने के लिए कड़े पग उठाए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थिति फिर बिगड़ रही है ।

वि.प्र. के अनुसार यशपाल को संदिग्ध आतंकवादियों ने सिर में दो-तीन गोलियां मारीं, जिससे वह मौका पर ही दम तोड़ गया । अभी यह पता नहीं चल सका कि मृतक के पास कितना रुपया था । यशपाल की लाश पोस्टमार्टम के लिए तरनतारन भेजी गई है । अमृतसर के कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि पंजाब में हत्याएं बढ़ती जा रही हैं । पंजाब की बरनाला सरकार की ओर से उग्रवादियों की अंधाधुन्ध रिहाइयों से ऐसी हिंसक घटनाओं में वृद्धि होने की आशंका है ।

### इंका विधायक दल द्वारा निंदा

चंडीगढ़ (यू): पंजाब कांग्रेस (इ) विधायक दल की श्रीमती गुरबिंद्र कौर बराड़ की अध्यक्षता में आज यहां हुई एक बैठक में नौशहरा पन्नुआ, जिला अमृतसर में कांग्रेसी वर्कर यशपाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की है । पार्टी ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नियंत्रण रखने में बुरी तरह असफल रही है ।

### एक और स्कूटर छीना

तरनतारन से शास्त्री के अनुसार तीन उग्रवादियों ने शहबाज रोड पर पिस्तौल दिखाकर डाक्टर शर्मा का स्कूटर छीन लिया है । स्कूटर का नम्बर था पी.जे.डब्ल्यू 8215 ।

### पैट्रोल पम्प लूटा

समराला से अश्विनी के अनुसार गत सायं लगभग साढ़े पांच बजे यहां से डेढ़ किलो मीटर दूर लुधियाना रोड पर स्थित नैनीमल फिलिंग स्टेशन पर दो स्कूटर सवारों ने कैशियर मनजीत सिंह से 6600 रुपए नकद और एक टेप रिकार्डर छीन लिया और भाग निकले ।

लखनऊ, (वार्ता): रामपुर पुलिस ने कल कुख्यात उग्रवादी रछपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके पास से एक अमरीकन कारबाइन, एक बुलेट प्रूफ, जैकेट तथा एक देशी पिस्तौल बरामद की । सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां सम्वाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए जाने से पहले उसने दो गोलियां चलाईं, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ । रछपाल सिंह रामपुर जिले के स्वार थाना क्षेत्र के अरुसल परसाल गांव का निवासी है । पुलिस उससे पूछताछ करके उग्रवादियों से सम्बन्धित होने की पुष्टि कर रही है । प्रदेश पुलिस द्वारा तराई क्षेत्र में उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत यह 16वीं गिरफ्तारी है । इस अभियान में नैनीताल रामपुर तथा बिजनौर जिलों से कारबाइनों सहित काफी आग्नेयास्त्र तथा भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया गया है ।

# 'खामोश करने ... नहीं था : गवाह

... साजिश की जांच कर रहे थे, श्री पंडित ने कहा कि उन्होंने इस बात का पता लगाने की कोशिश की कि कहीं बेअन्त सिंह को खामोश करने की कोई साजिश तो नहीं थी और कहीं उसकी मृत्यु का इंदिरा गांधी की हत्या से कोई सम्बन्ध तो नहीं था ।

गवाह ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फिल्म अभिनेता पीटर उस्तिनोव के नेतृत्व में आए विदेशी टैलीविजन दल को जल्दी में भारत से चले जाने की अनुमति दी गई थी । पुलिस अधिकारी ने अपनी गवाही में कहा कि उन्हें इस बात की भी कोई जानकारी नहीं है कि गत वर्ष 31 अक्तूबर को श्रीमती गांधी के घर पर उनके एक कार्यक्रम को रिकार्ड करने वाले इस टैलीविजन दल को इस पर एक फिल्म बनाने की अनुमति दी गई थी ।

यह पूछे जाने पर कि नम्बर-एक सफदरजंग रोड पर गत वर्ष 31 अक्तूबर को कितनी 'हत्याएं' हुई थीं, श्री पंडित ने कहा कि उस दिन वहां केवल इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी । विशेष सरकारी वकील के. एल. अरोड़ा ने इस सवाल पर कई बार आपत्ति व्यक्त की । न्यायाधीश ने भी गवाह को निर्देश दिया कि वह हत्या कांड से सम्बन्धित सवालों के ही जवाब दें ।

# तमिलनाडु के ... ने एम.जी. को ...

मद्रास, 29 अक्तूबर (वार्ता): तमिलनाडु के सभी 24 मंत्रियों ने आज मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन को मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के लिए अपना इस्तीफा सौंप दिया ताकि वह मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर सकें । वित्त मंत्री वी.आर. नेदुंचेझियन ने सभी मंत्रियों का संयुक्त इस्तीफा श्री रामचंद्रन को सौंपा ।

मंत्रियों ने अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक और सरकार के हित में श्री रामचंद्रन से कोई भी कदम उठाने का अनुरोध किया है ।

श्री नेदुनचेझियन ने यह जानकारी मंत्रिमंडल की तीन घंटे की बैठक के बाद संवाददाताओं को दी ।

श्री रामचंद्रन ने सभी मंत्रियों के विचार सुने । श्री नेदुनचेझियन ने बताया कि सभी का मत था कि श्री रामचंद्रन ही मुख्यमंत्री रह सकते हैं । श्री रामचंद्रन ने दल में फूट को देखते हुए कल अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी । एक सवाल के जवाब में श्री नेदुनचेझियन ने कहा कि तमिलनाडु मंत्रिमंडल को कभी भी खतरा नहीं था ।

श्री नेदुनचेझियन ने बताया कि कृषि मंत्री के. कालीमुथु तथा दल की प्रचार सचिव जयललिता के बीच बैंक धांधली को लेकर हुए सार्वजनिक विवाद के बारे में चर्चा नहीं हुई । उन्होंने कहा कि बैठक में कहा गया कि मंत्री व दल के पदाधिकारी आपस...

विश्व भार...

# हत्याकांडों की पंजाब विधानसभा में गूंज : स्थगन प्रस्ताव की अनुमति न मिली

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर (परवाना): पंजाब में आए दिन इंका कार्यकर्ताओं की हत्याओं की जो घटनाएं हो रही हैं, उसकी गूंज आज यहां प्रदेश विधानसभा में भी सुनाई दी । कई इंका विधायकों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर सरकार से यह जानना चाहा कि वह इन घटनाओं को रोकने के लिए तात्कालिक रूप से क्या कदम उठा रही है ।

इस सम्बन्ध में एक इंका सदस्य ने स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत करने की पेश की जिसको अध्यक्ष श्री रविइंद्र सिंह ने अस्वीकार कर दिया । इंका सदस्य श्री ओम प्रकाश गुप्ता गर्मा-गर्मी के वातावरण में यह कहते हुए सुने गए कि यह एक ऐसा अत्यन्त तात्कालिक महत्व का मामला है जिससे सारे पंजाब के लोगों में चिंता व्याप्त है । इसलिए सरकार इस सम्बन्ध में सदन में बयान दे ।

प्रतिपक्ष की नेता श्रीमती गुरबिंदर कौर बराड़ ने कहा कि हमारे स्थगन प्रस्ताव को या तो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में परिवर्तित किया जाए या फिर सरकार बयान दे ।

आज इस मामले पर सदन में गर्मा-गर्मी सी हो गई ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला सदन में उपस्थित नहीं थे । श्रीमती बराड़ ने कहा कि वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह को सरकार की ओर से बयान देना चाहिए ।

जब अध्यक्ष ने इंका सदस्यों से बार-बार आग्रह किया कि वह या तो इस मामले को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान उठा लें या फिर उनके चैम्बर में आ जाए वहां इसका कोई न कोई हल निकाल लिया जाएगा ।

जब इंका सदस्यों को इससे संतोष नहीं हुआ तो एक अवसर पर अध्यक्ष ने टिप्पणी की कि "मैं नियमों के अनुसार चलूंगा । अगर फिर भी इंका सदस्य शोर मचाना चाहते हैं तो यह उनकी मर्जी । लेकिन मैं उनसे यह आग्रह करूंगा कि वे इस मामले में उत्तेजित न हों ।"

## नई परिवहन नीति विचाराधीन

वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह ने रहस्योद्घाटन किया है कि बरनाला सरकार नई परिवहन नीति बनाने पर विचार कर रही है । इस सम्बन्ध में वर्तमान परिवहन नीति की समीक्षा की जा रही है ।

आज विधानसभा में अकाली विधायक दिलीप सिंह पांधी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री बरनाला की ओर से उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों में पंजाब में जो स्थितियां उत्पन्न हो गई हैं, उससे हर चीज़ अव्यवस्थित हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप बसों में सफर करने वालों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि बसों में छतों पर सवारियां ले जाने की अनुमति न होने व बसों के समय में परिवर्तन के कारण अब रोडवेज़ की बसों में निर्धारित से 25 प्रतिशत अधिक सवारियां ले जाने की अनुमति दे दी गई है, लेकिन यह अनुमति केवल 31 अक्तूबर तक ही है ।

श्री पांधी ने अपने प्रस्ताव में बसों में कुप्रबन्ध तथा मुसाफिरों को होने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया था ।

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि नई बसें न खरीदे जाने के कारण प्रदेश रोडवेज़ की स्थिति खराब है ।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# उग्रवादियों द्वारा लूट

(पृष्ठ 3 का शेष)

गया । बैंक के साथ ही महेंद्र सिंह साइयांवाला का मकान है ।

फरीदकोट से जिंदल के अनुसार फरीदकोट जिले में रात में मोटरसाइकलें चलाने पर रोक लगा दी गई है ।

## बस लूटने की कोशिश

**फिरोज़पुर (धीमान) :** फिरोज़पुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा यह सूचना मिलने पर भारी पुलिस फ़ोर्स लेकर मोहकमवाला गांव में गए हैं जहां कल रात दो सशस्त्र उग्रवादियों ने बस लूटने की कोशिश की । बताया जाता है कि बस कंडक्टर बाल कृष्ण ने बड़ी सूझबूझ से बस को लूटने से बचाया । श्री डोगरा ने बताया कि श्री बाल कृष्ण को राज्य स्तर के किसी समारोह में सम्मानित करने की सिफारिश करेंगे ताकि अन्य लोगों को भी उनकी तरह साहस दिखाने की प्रेरणा मिले ।

## कंडक्टर ने उग्रवादी से रिवाल्वर छीना

जलालाबाद से 'राकेश' के अनुसार कल शाम 7.10 बजे मुक्तसर से जलालाबाद आ रही बस को दो 'क्लीन शेव' सशस्त्र युवकों ने जो उग्रवादी समझे जाते हैं लूटने का प्रयास किया । उक्त बस में 12 सवारियां थीं, इनमें उक्त दो युवक भी थे जिन्होंने कि जलालाबाद तक के टिकट ले रखे थे । इन युवकों ने जलालाबाद से पांच किलोमीटर पहले ही बस को रुकवाया तथा वहां उतरने लगे । इन दोनों लुटेरों में से एक ने कंडक्टर का कैश का थैला छीन लिया जिसमें लगभग एक हजार रुपए था ।

जब ये दोनों भागने लगे तो बस के कंडक्टर ने उनमें से एक लुटेरे को पकड़ लिया । इस पर उसके दूसरे साथी ने रिवाल्वर निकालकर कंडक्टर पर गोली चलानी चाही लेकिन कंडक्टर ने अत्यन्त साहस का परिचय देते हुए उससे रिवाल्वर छीन लिया ।

इस बीच बस की अन्य सवारियां भी वहां पहुंच गईं तथा उन्होंने भी इन उग्रवादियों का पीछा किया, लेकिन उक्त दोनों अभियुक्त भागने में सफल हो गए ।

कंडक्टर व सवारियों ने जलालाबाद थाने में जाकर केस दर्ज कराया ।

मुक्तसर से एस.एस.पी. व डी.एस.पी. घटनास्थल का निरीक्षण करने गए ।

उग्रवादियों से छीना गया रिवाल्वर पुलिस को सौंप दिया गया है । यह देसी बना हुआ रिवाल्वर नया बना हुआ विदेशी रिवाल्वर सा लगता है ।

**होशियारपुर (अश्विनी) :** पंजाब सरकार ने प्रदेश में हुई हत्याओं का कड़ा नोटिस लिया है । पंजाब के डी.आई.जी. पुलिस ने प्रदेश की सारी रेंजों के डी.आई.जी. तथा जिलों के पुलिस कप्तानों को पत्र लिखे हैं, जिनमें कहा गया है कि वे आगामी तीन सप्ताह के लिए ऐसे ही सुरक्षा प्रबंध करें जैसे गत जून में घल्लूघारा सप्ताह के दौरान किए गए थे । पत्रों में कहा गया है कि अगले तीन सप्ताह में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक चौकसी बरतने की ज़रूरत है । उन लोगों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं जिन के नाम हिट लिस्ट में हैं । जिन

होशियारपुर (अश्विनी) : पंजाब सरकार ने प्रदेश में हुई हत्याओं का कड़ा नोटिस लिया है। पंजाब के डी.आई.जी. पुलिस ने प्रदेश की सारी रेंजों के डी.आई.जी. तथा जिलों के पुलिस कप्तानों को पत्र लिखे हैं, जिनमें कहा गया है कि वे आगामी तीन सप्ताह के लिए ऐसे ही सुरक्षा प्रबंध करें जैसे गत जून में घल्लूघारा सप्ताह के दौरान किए गए थे। पत्रों में कहा गया है कि अगले तीन सप्ताह में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक चौकसी बरतने की ज़रूरत है। उन लोगों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं जिन के नाम हिट लिस्ट में हैं। जिन स्थानों व महत्वपूर्ण ठिकानों पर उग्रवादियों के हमले होने का खतरा है, वहां विशेष चौकसी रखी जाए। सभी स्थानों पर सशस्त्र पुलिस की गश्त बढ़ा दी जाए। मोटरों, साईकलों, स्कूटरों, मोपेडों पर सवार सभी लोगों की तलाशी ली जाए।

इस बीच दूसरे प्रबंधों के मिलने वाले समाचारों के अनुसार गुप्तचर सूत्रों ने कहा है कि पंजाब में नवम्बर के दौरान फिर गड़बड़ का डर है तथा पाकिस्तान से कुछ प्रशिक्षित उग्रवादी पंजाब में दाखिल हो गए हैं। ये आतंकवादी जम्मू-कश्मीर, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों में फैल गए हैं।

## ट्रांज़िस्टर बम

अमृतसर (कमलेश) : आज प्रात: 9.30 बजे के लगभग रेलवे कालोनी बी-ब्लाक रेलवे अस्पताल के सामने एक ट्रांज़िस्टर बम झाड़ियों में पड़ा मिला है। तुरन्त रेलवे प्रैटेक्शन फ़ोर्स ने मौके पर पहुंच कर जगह का घेरा डाल लिया। बाद में थाना लाहौरी गेट की पुलिस उसे उठा कर थाना में ले गई है। सैनिक विशेषज्ञों को सूचित किया गया है।

अमृतसर (अ.स.) अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार 3.5 हार्स पावर या अधिक शक्ति के मोटर साइकलों पर पाबंदी 20

# उग्रवादियों ने फगवाड़ा के निकट चाचोकी का पैट्रोल पम्प लूटा

फगवाड़ा, 5 नवम्बर (खोसला, कौड़ा): फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव चाचोकी के पैट्रोल पम्प को गत रात तीन सशस्त्र उग्रवादी लूट ले गए । ये तीनों सिख उग्रवादी एक ट्रैक्टर पर आए थे और वहां मौजूद 1600 रुपये उठा कर ट्रैक्टर पर ही फरार हो गए । घटना इस प्रकार बताई जाती है कि रात के 12 बजे के लगभग पिस्तौलों से ससज्जित तीन उग्रवादी ट्रैक्टर पर सवार होकर गोराया रोड पर यहां से 4 किलोमीटर दूर चाचोकी के पैट्रोल पम्प पर पहुंचे । पैट्रोल पम्प के दो कर्मचारी उस वक्त वहां सो रहे थे । उग्रवादियों ने कर्मचारियों को जगाया और पैट्रोल देने को कहा । कर्मचारियों ने बताया कि पैट्रोल खत्म है । इस पर उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प के केबिन का दरवाजा तोड़ दिया ।

उनमें से दो अंदर दाखिल हो गए जबकि एक बाहर खड़ा रहा । पिस्तौल की नोक पर उग्रवादियों ने कर्मचारियों को सारा कैश उनके हवाले करने को कहा । 1600 रुपए उन्हें दे दिए गए । सौभाग्य से कर्मचारियों ने दिन भर की बिक्री 16 हजार रुपए शाम को मालिक के हवाले कर दिए थे, जो बच गए ।

जाने से पहले उग्रवादियों ने कर्मचारियों को कमरे में बंद कर दिया और स्वयं फरार हो गए । भय और आतंक के कारण कर्मचारी कुछ देर तक तो मौन रहे, जब उग्रवादियों का ट्रैक्टर दूर चला गया तो वह बाहर आए और थाना सदर में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई । पुलिस ने दंड विधान की धारा 342, 380, 458 के अंतर्गत मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । फगवाड़ा के डी. एस. पी. जोगेंद्र सिंह खेड़ा के नेतृत्व में पुलिस के दस्तों ने कई जगह छापे मारे मगर अभी अभियुक्तों के बारे में कोई पता नहीं चला ।

प्रै. ट्र. के अनुसार डी. एस. पी. खेड़ा ने इस घटना में उग्रवादियों का हाथ होने की सम्भावना रद्द कर दी है और कहा है कि यह आम घटना ही है ।

अशोक कौडा के अनुसार पैट्रोल पम्प के कर्मचारियों के नाम हैं भगवान दास और छोटे लाल। यह भी मालूम हुआ है कि फरार होने से पहले उग्रवादियों ने पैट्रोल के प्लास्टिक के दस टीन भी उठा लिए और अपने ट्रैक्टर में रख कर चले गए ।

### डाक्टर पर आक्रमण

**पटियाला (भूषण)** : बख्शीवाला ग्राम के एक डाक्टर श्री गोपाल चन्द वर्मा ने पुलिस के पास रपट दर्ज करवाई है कि वह घटना के दिन सायं समय जब अपनी दुकान बंद करने लगे तो एक व्यक्ति ने भीतर आकर धमकी दी कि जो कुछ पास है रख दो वरना तुम्हें खत्म कर देंगे । डा. ने इंकार किया और आक्रामक के साथ गुत्थमगुत्था हो गए आक्रामक ने मारपीट की । डा. वर्मा के शोर मचाने पर पड़ोस के लोग आ गए और उन्होंने उसे बचाया । डा. वर्मा ने पुलिस को आक्रामक बारे बता दिया है। वह भी बख्शीवाला ग्राम का ही रहने वाला है परन्तु अभी तक आक्रामक को गिरफ्तार नहीं किया गया ।

संगरूर (गर्ग): कल यहां दिन-दहाड़े तपा-पखो बाइपास पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने यद्यपि केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई अभियुक्त गिरफ्तार नहीं किया जा सका ।

### 'सब अच्छा है'

जिला संगरूर में पुलिस ने अपराधों की रोकथाम के लिए सभी मुख्य मार्गों और बाइपासों पर मोटर साइकल स्कवैडों को तैनात किया है । पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां पत्रकारों को यह जानकारी दी और कहा कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति पूर्णतया नियंत्रण में है ।

### 3 उग्रवादी, लुटेरे गिरफ्तार शस्त्र बरामद

श्री संधु ने पत्रकार सम्मेलन में एक अन्तर्राज्यीय लुटेरा गिरोह, जो सम्भवतया उग्रवादी गतिविधियों में सरगर्म था, के 8 में से 3 सदस्यों को गिरफ्तार करके इस गिरोह का भांडा फोड़ करने का दावा किया है । उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से 2 रिवाल्वर और 1 पिस्तौल तथा भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद हुआ है । उन्होंने कहा कि 8 सदस्यीय यह गिरोह, जिसने आधा दर्जन से अधिक डकैतियां और अन्य गम्भीर अपराध किए, ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के बाद जिले में सरगर्म था । उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस गिरोह के अमरजीत सिंह आफ अमरगढ़, होकम सिंह आफ बरनाला और शमशेर सिंह आफ गांव धूदोगल को गिरफ्तार किया है । अभियुक्तों ने पूछताछ के बाद अपने साथियों के पते बताए हैं ।

### आत्म समर्पण

श्री संधु ने यह भी बताया कि आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन जिला संगरूर का प्रधान गांव बदवार का निवासी रणजीत सिंह गत डेढ़ वर्ष से फरार था, उसने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया है ।

# इक्वाडोर द्वारा अ

वाशिंगटन, 5 नवम्बर (वार्ता): इक्वाडोर सरकार अपने देश की ज्यादातर बंजर जमीन को पंजाब के किसानों की मदद से उपजाऊ बनाने के लिए यहां खुले 'खालिस्तान दूतावास' की सहायता कर रही है ।

स्थिति पर नजर रखने वाले सर्वज्ञ सूत्रों ने बताया कि इक्वाडोर में खेती की जमीन उपजाऊ नहीं है इसलिए इन मुट्ठी भर अलगाववादियों के नापाक इरादों के जरिए उसे अपने यहां अच्छी पैदावार करने का एक मौका दिखाई दे रहा है ।

सिख आतंकवादियों को इक्वाडोर द्वारा समर्थन दिए जाने का पहला प्रत्यक्ष प्रमाण तीन अक्तूबर को उस दिन सामने आया जिस दिन 'खालिस्तान

Punjabi Sanatani

लगा था । यह बस शिलाई मे तीन किलोमीटर दूर बांदली गांव में गिरी और 30 व्यक्ति दम तोड़ गए और 15 बुरी तरह घायल हो गये । हिमाचल के राज्यपाल ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है । परिवहन मंत्री ने घोषणा की है कि मृतकों के परिवारों को उनकी बीमा राशि के 30-30 हजार रुपये भी मिलेंगे । ये 30 हजार रुपये हर मृतक के परिवार को मिलेंगे । हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के मैनेजिंग डायरैक्टर श्री जी.एम. चम्बियाल दुर्घटना स्थल को शिमला से रवाना हो गये हैं । सिरमौर के जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुंच गये हैं ।

आज सायं तक सभी शव निकाल लिये गये । अधिकांश मृतक हरिपुर धार के पास के दो ग्रामों के थे । पोस्टमार्टम कल किया जायेगा ।

# हिटलिस्ट में शामिल हैडकांस्टेबल की हत्या

अमृतसर, 6 नवम्बर (वि. प्र.): उग्रवादियों की हिट लिस्ट में शामिल एक और पुलिस कर्मचारी श्री मदन लाल हैड कांस्टेबल की आज बाद दोपहर करीब 3.40 पर दो उग्रवादियों ने कचहरी रोड पर स्थित सेल्स टैक्स कार्यालय में गोलियां मारकर हत्या कर दी,जब कि उसके साथ तैनात पुलिस कांस्टेबल राम लभाया,जो कि उग्रवादियों के पीछे भागा था, को उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । दोनों उग्रवादी बड़े आराम से जिन साइकलों पर घटनास्थल पर आए थे, उन्हीं साइकलों पर भाग जाने में सफल हो गए ।

सूचना पाकर पुलिस चीफ़ श्री सुखदर्शन लेखी और अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे तथा


(शेष पृष्ठ 10पर)

अवसर दिया जाएगा ।

श्री मालवीय ने अपने पत्र में लिखा है विपक्ष के नेता जस्टिस जसवन्त सिह को सहयोग देना चाहते थे और उन्होंने इस उद्देश्य से श्री भजन लाल द्वारा जस्टिस जसवन्त सिह के समक्ष दायर बयान की प्रति मांगी लेकिन उन्हें यह बताया गया कि यह एक गोपनीय जांच है और उसमें किसी पक्ष को सम्बद्ध नहीं किया जा रहा । उन्हें बयान की प्रति नहीं दी गई, लेकिन बाद में जज ने श्री भजन लाल को जांच में शामिल करके कई लोगों के बयान दर्ज किए । ऐसा करते समय न्यायिक जांच के सिद्धांतों की उपेक्षा की गई । यह सब ज्ञापन देने वालों की जानकारी के बिना किया गया ।

श्री मालवीय को पत्र की पहुंच की रसीद मिल गई है लेकिन उसमें कोई जानकारी नहीं दी गई ।




*(1) आबकारी विभाग अमृतसर के हैड कांस्टेबल मदन लाल का शव, जिसकी बुधवार को तीन उग्रवादियों ने गोलियां मार कर कचहरी रोड, अमृतसर में हत्या कर दी । (2) इसी गोली कांड में घायल सिपाही राम लुभाया, जो सिविल अस्पताल (अमृतसर) में दाखिल है । राम लुभाया की गर्दन के नीचे छाती में गोली लगी है । राम लुभाया के शौर्य के दृष्टिगत उसे हैड कांस्टेबल बना दिया गया है ।*

(छाया : भंडारी)

Punjabi Sanatam

# हैड कांस्टेबल की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

कचहरी रोड को घेरे में ले लिया गया जब कि उग्रवादी सेल्ज़ टैक्स दफ्तर के अहाता से निकलकर कचहरी रोड को पार करके सामने कैनेडी एवेन्यू की ओर भागे तथा फिर ग्रीन एवेन्यू की ओर निकल गए । इस सम्बन्ध में जो ब्यौरा मिला है, उसके अनुसार मदन लाल हैड कांस्टेबल लगभग एक वर्ष से सेल्स टैक्स दफ्तर में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात था और उसके साथ तीन पुलिस कांस्टेबल भी थे । इन पुलिस वालों को सेल्स टैक्स दफ्तर के अहाते में अलग-अलग कमरा मिला हुआ था । दोनों उग्रवादी अपने-अपने साइकल एक ओर खड़े करके पुलिस रूम में गए तथा अन्दर बैठे मदन लाल के सिर में गोली मारी ।

गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर सेल्स टैक्स व एक्साइज़ दफ्तरों के लगभग 50 कर्मचारी अपने कमरों से निकलकर बाहर की तरफ भागे । इस पर दोनों उग्रवादियों ने अपने-अपने पिस्तौलों से हवा में फायर किए । पुलिस कांस्टेबल राम लुभाया जो एक उग्रवादी को जफ्फा मार चुका था, को दूसरे उग्रवादी ने गोली मारकर घायल कर दिया तथा अपने साथी को छुड़ा लिया । आश्चर्य की बात है कि एक्साइज़ इंस्पैक्टरों, जिनके पास सर्विस रिवाल्वर हैं, ने उग्रवादियों के पीछे भागने या उन्हें ललकारने का साहस न किया ।

सिर में गोली लगने के बाद मदन लाल हैड कांस्टेबल सिर्फ 15 मिनट जीवित रहा और अस्पताल लेकर जाते हुए रास्ते में ही दम तोड़ गया जब कि राम लुभाया कांस्टेबल की हालत खतरे से बाहर बताई गई है । उसे कंधे के करीब छाती में गोली लगी है । इस सम्बन्ध में यह भी ज्ञात हुआ है कि मदन लाल हैड कांस्टेबल डी. एस. पी. ज्ञानी बचन सिंह, जिनकी गत वर्ष परिवार समेत उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, के साथ ड्यूटी पर रहा था और उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई में भी हिस्सा लिया था । सी. आई. ए. में तैनात पुलिस सब इंस्पैक्टर श्री परमानन्द, जिसे गत वर्ष उग्रवादियों ने प्रात: के समय अपने घर से निकलते ही गोलियों का निशाना बना दिया था, के साथ भी मदन लाल ड्यूटी पर रह चुका था ।

मदन लाल को धमकी भरे पत्र भी मिलते रहते थे और उसकी हत्या करने के लिए उस पर दो बार हमले भी हुए थे । पहला हमला 15 जनवरी 1984 को उग्रवादियों ने उस पर किया था जब कि अपने भाई दर्शन लाल के साथ वह कहीं जा रहा था । दूसरी बार हमला 11 अप्रैल 1984 को हुआ था, जिसमें मदन लाल तो बच गया था लेकिन उसका भाई दर्शन लाल मारा गया था ।

प्रै. ट्र. के अनुसार एस. एस. पी. श्री लेखी के अनुसार उग्रवादी पुलिस लाइन की ओर फरार हुए । मदन लाल की हत्या के पहले प्रयास में पकड़े गए सम्पूर्ण सिंह से भी पूछताछ की जा रही है । सिपाही रामलुभाया जिसने आज गोली लगने के बाद भी उग्रवादियों का पीछा किया था, को पदोन्नत करके हैड कांस्टेबल बना दिया गया है ।

अशोक के अनुसार राम लुभाया ने बताया कि दो उग्रवादी उनके कमरे में घुसे, जबकि तीसरा बाहर खड़ा रहा । तीनों कुरते पायजामे पहने हुए थे । अंदर घुसे दो उग्रवादियों में से एक ने नीली व एक ने पीली पगड़ी पहनी थी और उनकी आयु 25 से 30 वर्ष के बीच थी । अंदर घुसने वालों दोनों में से एक ने मदन लाल के गोली मारी जबकि दूसरे ने राम लुभाया को गोली मारी । इसके बाद दोनों मदन लाल की रिवाल्वर लेकर बाहर चले गये । इस पर राम लुभाया ने शोर मचाया । बाहर लोग आने लगे तो

# हैडकांस्टेबल हत्याकांड में राम दास सराय पर छापा, छात्र संघ का सचिव मुखविंदर हिरासत में

अमृतसर, 7 नवम्बर (वा.,प्रै.,वि.प्र.): पुलिस ने आज बड़े तड़के अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ के सचिव मुखविंदर सिंह संधू को एक पुलिस हैड कांस्टेबल की हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार संधू को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित गुरु नानक निवास के एक कमरे से पकड़ा गया । इस पुलिस दल का नेतृत्व एक पुलिस अधीक्षक कर रहे थे ।

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने निवास के तीन और कमरों की भी तलाशी ली, जहां पर महासंघ के लगभग एक दर्जन कार्यकर्त्ता ठहरे हुए थे । पुलिस को संदेह है कि हैड कांस्टेबल मदन लाल की हत्या में महासंघ के सक्रिय कार्यकर्त्ताओं का हाथ है । सूत्रों के अनुसार पुलिस ने यहां पर महा संघ के लगभग आधा दर्जन सक्रिय कार्यकर्त्ताओं के घरों की भी तलाशी ली तथा एक सक्रिय कार्यकर्त्ता भूपिंदर सिंह बिट्टू को हिरासत में ले लिया ।

हैड कांस्टेबल मदन लाल जब यहां अपने कार्यालय में ड्यूटी दे रहा था तभी तीन अज्ञात युवकों ने उस पर गोली चला कर उसकी हत्या कर दी थी, और एक कांस्टेबल राम लुभाया गंभीर रूप से घायल हो गया था ।

सूत्रों के अनुसार इस हैड कांस्टेबल का नाम उग्रवादियों द्वारा बनाई गई हिट लिस्ट में था, क्योंकि मदन लाल ने अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ के भूतपूर्व अध्यक्ष तथा भिंडरांवाले के निकट साथी भाई अमरीक सिंह से पूछताछ की थी । इससे पूर्व दो वर्ष पहले भी हैड कांस्टेबल की हत्या का प्रयास किया गया था, लेकिन तब उसकी शक्ल से मिलती-जुलती शक्ल वाला उनका भाई उग्रवादियों के हमले का शिकार हो कर मारा गया था ।

## हत्यारों की शिनाख्त

पुलिस ने कल रात और आज तड़के जिला में इस हत्या कांड में संलिप्त दो उग्रवादियों, जिनकी शिनाख्त हो गई है, की तलाश में कई जगह छापे मारे । जालंधर रेंज के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री सिद्दीकी के अनुसार पुलिस को इस केस में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर पुलिस पार्टियां मेहता चौक, भिखीविंड तथा पट्टी क्षेत्रों में भेजी गई हैं, जहां पर इनके छिपे होने की सूचनाएं मिली हैं । उन्होंने हत्यारों के नाम तुरन्त बताने से इन्कार कर दिया । उन्होंने बताया कि जो पांच व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं, उनकी केस में संलिप्तता निश्चित नहीं है ।

संयुक्त अकाली दल के आरोप के संबंध में श्री सिद्दीकी ने कहा कि आज तड़के पुलिस पार्टियां सादे कपड़ों में गुरु राम दास सराय में कुछ समाज विरोधी तत्वों की खोज में गई थीं । इन तत्वों के वहां होने की सूचनाएं पुलिस को मिली थीं । वहां से सुखविंदर सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया ।

## मृतक के परिवार को डेढ़ लाख रुपए

डी.आई.जी. ने मृतक के परिवार को 1.50 लाख रुपए तथा घायल कांस्टेबल को पदोन्नति की घोषणा करते हुए बताया कि राम लुभाया, जिसकी छाती में गोली लगी थी, की हालत में सुधार हो रहा है ।

## हत्या-कांड की पृष्ठभूमि

'दीपक' के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया है कि मृतक मदन लाल पंजाब पुलिस के उस विंग के साथ था, जो आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ों में शामिल होता था । इनमें ज्ञानी गुरबचन सिंह डी.एस.पी., मक्खन सिंह हवालदार, परमानंद इंस्पैक्टर और अमृतसर के वह पुलिस कर्मी शामिल थे जो आतंकवादियों की सूची में थे और गोलियों का शिकार हो चुके हैं । मदन लाल 5.5.1964 को भर्ती हुआ था और भिखीविंड के पास के गांव का रहने वाला था । मृतक के तीन बच्चे हैं । सूत्रों से पता चला है कि भाई अमरीक सिंह प्रधान सिख छात्र संघ और गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश के ठारा सिंह से स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ में मदन लाल ने पूछताछ की थी । इस पूछताछ में परमानंद इंस्पैक्टर भी शामिल था, जिसे 29.9.83 को मार डाला गया । मदन लाल उच्च पुलिस अफसरों की नजर में अच्छा और योग्य हवलदार था । 29.11.83 को सी.आई.ए. स्टाफ में तैनात मदन लाल हैड कांस्टेबल और इंस्पैक्टर कुलवंत सिंह के विरुद्ध एक व्यक्ति को अमानवीय ढंग से मारपीट करने और उसकी 'हत्या करने' के संबंध में धारा 302 का मुकद्दमा दर्ज हुआ था, परन्तु बाद में मदन लाल मुकद्दमे से बरी हो गया । 11 अप्रैल 1984 को मदन लाल के जुड़वां

(शेष पृष्ठ 7 पर)

---

# ...र्ग लोगों की ...क्तर' होंगे ?

लिए आए तो उन्होंने श्री तिवाड़ी की हत्या कर दी । यह मामला भी सी.बी.आई. को जांच के लिए सौंपा गया था लेकिन इस मामले में भी जांच में कोई प्रगति नहीं हो सकी है ।

दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री मनचंदा की भी दिन दहाड़े दिल्ली में प्रदर्शनी मैदान के निकट हत्या कर दी गई थी । इस संबंध में सिख छात्र संघ के दो नेताओं हरमिंदर सिंह संधू और मनजीत सिंह को जोधपुर जेल से इस मामले में पूछताछ के लिए दो बार दिल्ली लाया गया लेकिन इस केस की जांच के बारे में भी कोई प्रगति नहीं हो सकी है ।

Punjabi Sanatani

# रामदास सराय पर छापा

(पृष्ठ 1 का शेष)

भाई दर्शन लाल का आतंकवादियों ने मदन लाल समझ कर भिखीविंड में मार डाला था । ये दोनों भाई 3 मार्च 1946 को इकट्ठे पैदा हुए थे । हैड कांस्टेबल पी.पी. 63 नं. मदन लाल को यह पता चल गया कि उसका नाम हिट लिस्ट में है और उसने अपने आपको दो वर्ष तक अमृतसर से दूर रखा । भूतपूर्व एस.एस.पी. श्री बुआ सिंह ने भी उसे अपने आपको सुरक्षित रखने के लिए हिदायत दे रखी थी और लाइसैंसी पिस्तौल भी दी हुई थी । कल जब मदन लाल पर हमला हुआ तो उसके पास अपना लाइसैंसी पिस्तौल था, जो वह चला नहीं सका । 6 मई, 1985 को श्री बुआ सिंह ने इसका तबादला एक्साईज विभाग में बचाव के तौर पर कर दिया था, जबकि पहले यह अधिकतर छुट्टी पर रहता था । 1984 को मदन लाल के भाई दर्शन लाल की हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए अमृतसर पुलिस ने कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया । इन व्यक्तियों में वे लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम पंजाब सरकार की उस घोषित सूची में भी हैं, जो रिहा किए जा चुके हैं । तथ्यों से यह ज्ञात हुआ है कि अमृतसर पुलिस दर्शन लाल के हत्यारों की खोज कर रही है ताकि मदन लाल की हत्या के दोषियों का पता लगा सके । सूत्रों से इस बात का भी पता चला है कि उग्रवादियों की सूची में सी.आई.ए. स्टाफ का एक और इंस्पैक्टर भी शामिल है, जिसका तबादला अमृतसर से कुछ माह पहले किसी स्थान पर किया जा चुका है ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि एक लाख रुपए मुआवजे के तौर पर और 15 हजार रुपए पुलिस कल्याण कोष से दिए जा रहे हैं । श्री सिद्दीकी ने यह भी घोषणा की कि मृतक मदन लाल के छोटे भाई चरणजीत लाल को कांस्टेबल के रूप में भर्ती किया जाएगा ।

## पुलिस अधिकारियों की बैठक

डी.आई.जी. ने बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ गत पखवाड़े के दौरान जिला में उग्रवादी गतिविधियों में हुई वृद्धि से उत्पन्न स्थिति पर विचार-विमर्श किया ।

इसी दौरान संयुक्त अकाली दल के कन्वीनर बाबा जोगेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि सरकार धर्म स्थानों को अपराधियों का अड्डा समझती है और बरनाला सरकार उनका साथ दे रही है । 25-26 अक्तूबर को भी पुलिस ने 'परिसर में दाखिल' हो कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई थी । एक अन्य वरिष्ठ 'संयुक्त' अकाली नेता मेजर जनरल नरिंदर सिंह ने मुखविंदर सिंह की वहां से गिरफ्तारी की निंदा की है ।

## छीना स्कूटर मिला

**तरनतारन (हि.स.):** गत दिनों यशपाल नामक आढ़ती, जिसको उग्रवादियों ने कत्ल करके उसका स्कूटर छीन लिया था, का स्कूटर पिछले दिन गांव घसीटपुर के निकट मिल गया । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

दो अज्ञात सिख युवकों ने कैलाश चंद्र नामक एक व्यापारी को लूट लिया । पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पिस्तौल और चाकू से लैस हमलावरों ने रास्ते में ही व्यापारी को धर दबोचा तथा उससे 16500 रुपए लूट लिए । हमलावरों ने व्यापारी पर चाकूओं से प्रहार भी किया ।

जालंधर के डी.एस.पी. हरपाल सिंह भैय्या ने आज यहां बताया कि यूनियन बैंक नवांशहर से जाडला के एक व्यक्ति कैलाश चंद्र ने 30000 रुपए निकलवाए और 16500 रुपए अपने पिता को देने के बाद शेष रकम लेकर वह अपने स्कूटर पर गांव बरनाला से निकल कर जी.टी. रोड पर आया तो स्कूटर पर सवार दो सिख युवकों ने उसे घेर लिया और चाकू की नोक पर जिससे उसकी छाती पर मामूली घाव आया, रुपए छीन कर फरार हो गए । स्कूटर पर महंगा राम सरपंच भी सवार था, उसे इन युवकों ने कुछ नहीं कहा । श्री भैय्या ने बताया कि यह उग्रवाद का केस नहीं, बल्कि आम अपराध का केस था । यदि यह केस उग्रवाद का होता तो दूसरे उग्रवादी युवक के पास पिस्तौल था, और वे इन दोनों की हत्या भी कर सकते थे ।

## पैट्रोल पम्प लूटा

**संगरूर :** यहां से 35 कि. मी. दूर बरनाला के निकट स्कूटर सवार काली पगड़ी धारी दो युवकों ने पिस्तौल की नोक पर पैट्रोल पम्प लूट लिया । यह युवक उग्रवादी समझे जा रहे हैं । उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प में घुस कर पिस्तौल दिखा कर सेल्जमैन से 58,00 रुपए छीने और फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

## पिस्तौल बरामद

**होशियारपुर (अश्विनी):** होशियारपुर के थाना सदर की पुलिस ने चब्बेवाल के एक व्यक्ति सतनाम सिंह को संदिग्ध परिस्थितियों में फिरते गिरफ्तार किया । तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12 बोर का एक पिस्तौल मिला ।

# वकील के मुंशी को पीटने के केस में पुलिस इंस्पैक्टर समेत 5 मुअत्तिल

जालन्धर, 7 नवम्बर : डी. एस. पी. श्री हरपाल सिंह भैय्या ने आज यहां बताया कि स्थानीय वकील के मुंशी के मामले में पुलिस इंस्पैक्टर मेजर सिंह, ए.एस. आई. गुरदयाल सिंह और तीन कांस्टेबलों को मुअत्तिल कर दिया गया है और इस मामले की मैजिस्ट्रेटी जांच करवाने के लिए लिख दिया गया है ।

इस मामले के सम्बन्ध में पुलिस के व्यवहार के दृष्टिगत बार एसोसिएशन जालन्धर ने कल विरोध स्वरूप सारा दिन हड़ताल रखी । नकोदर बार एसोसिएशन ने भी हड़ताल रखी । बार एसोसिएशन जालन्धर ने आरोप लगाया है कि परसों रात्रि कुछ पुलिस वाले एक वकील के कार्यालय में बलात् घुस गए और वहां कार्यरत मुंशियों को मारपीट की ।

# उग्रवादियों ने बस लूटी, सरपंच की हत्या : स्कूटर छीना

*डकैत 20 हजार रुपये, 15 तोले स्वर्ण आभूषण, घड़ियां छीन ले गए*

## पुलिस की खोजी पार्टियां सक्रिय

बटाला, 8 नवम्बर (कोछड़, प्रै., हि. स.) : यहां से 15 किलो मीटर दूर थाना मेहता के गांव ऊधोके के 35 वर्षीय सरपंच तरसैम सिंह की 3 अज्ञात युवकों, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, ने गत दिवस गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि पट्टी क्षेत्र में कोट पढ़ा में उग्रवादियों ने एक बस लूट ली और एक स्कूटर छीन कर फरार हो गये ।

तरसेम सिंह को गोली मारने वाले 3 युवक स्कूटर पर सवार थे । बटाला के सिविल अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु रास्ते में हुई । बताया जाता है कि तरसेम सिंह ट्रैक्टर-ट्राली का पंक्चर लगवा कर घर की ओर आ रहा था, रास्ते में 3 स्कूटर सवारों ने उस पर फायरिंग की । कुछ लोगों ने उनका पीछा किया, परन्तु वह गोलियां चलाते हुये फरार हो गए । 'यू.न्यू.' का कहना है कि मृतक साईकल पर घर लौट रहा था जब उस पर हमला हुआ ।

अमृतसर से 'अशोक' का कहना है कि हमलावर 2 थे और उन्होंने पिस्तौल से गोलियां चलाईं ।

जिला पुलिस चीफ श्री सुखदर्शन लेखी ने कहा कि इस बारे में जांच जारी है कि यह उग्रवादी घटना है या नहीं । अभियुक्तों को पकड़ने और घटना की जांच के लिये स्थानीय पुलिस की सहायता करने के लिये अमृतसर से एक विशेष पुलिस दस्ता घटना स्थल पर भेजा गया है ।

### बस लूटी

कल लगभग 5.15 बजे पट्टी क्षेत्र में कोट पढ़ा के निकट चार हथियारबंद लुटेरों ने पंजाब रोडवेज की बस की सवारियों को लूट लिया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त लुटेरों ने पहले बस को रोका और फिर बाद में सवारियों को बस के नीचे उतार लिया और उन्होंने एक चादर बिछाई और सवारियों को कहा कि जो कुछ भी नकदी, कीमती सामान आदि आपके पास है वह इस चादर पर रख दें । लुटेरों ने बस के कंडक्टर नरेंद्र से बिक्री की हुई 800 रुपये की राशि भी छीन ली । एक अनुमान के अनुसार लुटेरे 20 हजार रुपये नकद, अनेक घड़ियां तथा 15 तोले सोने के आभूषण आदि छीन कर ले गये और पास से गुजर रहे एक तिलक राज नामक व्यक्ति का स्कूटर छीन कर फरार हो गये ।

बताया जाता है कि लुटेरों की आयु 20-22 वर्ष के मध्य थी । पुलिस ने केस दर्ज करके पड़ताल शुरू कर दी है ।

### ट्रक छीना

होशियारपुर (प.): यहां से 40 किलोमीटर दूर दसूहा में कल दो सिख युवकों ने एक ट्रक नं. डी.एच.एल. 3150 छीन लिया और उसे लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि ड्राइवर निर्मल सिंह ट्रक से धान उतरवा रहा था । जब अनाज उतर चुका तो दो सिख दूसरी खिड़की से ट्रक में दाखिल हो गए । ड्राइवर की गर्दन पर चाकू रख कर उससे चाबियां छीन लीं और ट्रक लेकर चलते बने । पुलिस को रिपोर्ट दे दी गई है । पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह छापे मारे मगर कोई पता नहीं चला ।


### 12 बंगलादेशी काबू

सीमा सुरक्षा बल ने डेरा बाबा नानक सीमा से कस्सोवाल गांव के निकट भारत में बिना वैध दस्तावेजों के घुसने का प्रयास कर रहे 12 बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया । बी.एस.एफ. कमांडेंट के अनुसार इनसे भारतीय और पाकिस्तानी करंसी के अलावा 10 गज कपड़ा भी बरामद हुआ ।

### सीमा क्षेत्र में पाबंदी बढ़ी

फिरोजपुर : अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट एम.आर. धवन ने उग्रवादियों तथा शरारती तत्वों के सीमा पार करने के प्रयास रोकने के लिये सायं 6 बजे से प्रात: 6 बजे से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ 500 मीटर क्षेत्र में आम जनता के चलने-फिरने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह आदेश 31 दिसम्बर तक लागू रहेगा ।

एक अन्य आदेश जारी करके जिला के सभी गुरुद्वारों तथा मंदिरों के प्रबंधकों, ग्रंथियों, पुजारियों और सेवादारों को निर्देश दिया गया है कि वह चौबीस घंटे इनकी सुरक्षा के लिये निगरानी रखें ।



उधोके गांव में शुक्रवार को उग्रवादियों ने सरपंच तरसेम सिंह (ऊपर) की गोली मार कर हत्या कर दी । तरसेम की मां (नीचे बाएं) तथा बहन व संबंधी (नीचे दाएं) बटाला के अस्पताल में विलाप करते हुए । (छाया : कोछड़)

## सम्पर्क नहर के निर्माण का काम केंद्र सम्भाले : भजन लाल


नई दिल्ली, 8 नवम्बर (वा): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल ने प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी का ध्यान पंजाब के किसानों के मोर्चे के कारण सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर की खुदाई बंद होने की ओर आकर्षित कराया और पंजाब समझौते में प्रस्तावित तिथि (15 अगस्त 1986) तक इस नहर के खुद नहीं पाने की आशंका व्यक्त की । श्री भजन लाल ने आज यहां राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में सतलुज-यमुना नहर को 'केंद्रीय परियोजना' घोषित करने और इसका निर्माण कार्य केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का सुझाव दिया ।

सतलुज-यमुना नहर के निर्माण के लिए केंद्रीय सहायता का धन्यवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि हरियाणा को राष्ट्रीय राजधानी योजना के पहले चरण के कार्य को कार्यान्वित करने के लिए कम से कम दो हजार करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता दी जाए और इस राशि को लौटाने के लिए ड्यूटी में राज्यों को कुछ हिस्सा देने के अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने के लिए राज्यों को उनके द्वारा जुटाए गए साधनों का एक चौथाई भाग अनुदान के रूप में देने का सुझाव दिया ।

उन्होंने कहा कि कृषि उपज का मूल्य निश्चित करते समय उत्पादन खर्च का ध्यान रखना चाहिए । यदि ऐसा संभव नहीं हो तो केंद्रीय भंडार में खाद्यान्न देने वाले राज्यों को बोनस दिया जाए ।

औद्योगिक विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "विभिन्न राज्य अलग-अलग दरों पर उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए रियायतें दे रहे हैं, इससे अनुचित होड़-सी लग गई है । उचित यह होगा कि इस संबंध में एक राष्ट्रीय नीति का निर्माण हो ।"

श्री भजन लाल ने राज्य की अपनी राजधानी के लिए केंद्र से 200 करोड़ रुपए की सहायता मांगी है ।



## बिजली उत्पादन के लिए ज्यादा धन रखा

# उग्रवादियों द्वारा फिल्लौर में शिव सेना अध्यक्ष सहित दो की हत्या

## बटाला बैंक डकैती के अभियुक्तों ने राजपाल व तरसेम की हत्या की : सिद्दीकी

जालन्धर, 9 नवम्बर (य., प्र.): आज सायं पौने सात वजे यहां से 40 किलो मीटर दर फिल्लौर कस्बे में स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने बबली जनरल स्टोर पर अंधाधुंध फायरिंग करके शिवसेना की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष विजय कुमार बख्शी की तथा पड़ोसी दुकानदार जीत मोहन पासी की हत्या कर दी । बख्शी की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई जब कि जीत मोहन पासी की लुधियाना के अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

बताया जाता है कि हमलावर एक सिख और एक क्लीनशेव था ।

इस मम्बन्ध में फिल्लौर स हमारे प्रतिनिधि भाखड़ी ने बताया कि उग्रवादियों की फायरिंग में मरने वाला व्यक्ति शिव सेना का प्रधान विजय बख्शी है । भाखड़ी की रिपोर्ट के अनुमार हमलावर दो सिख उग्रवादी थे । उन्होंने अपना स्कूटर सब्जी मंडी में श्री बख्शी की दुकान के पास ही खड़ा कर दिया । एक उग्रवादी स्कूटर स्टार्ट करके वहीं उसके पास खड़ा रहा, जबकि दूसरा उग्रवादी, जिसने अपने बाल बिखेरे हुए थे, श्री बख्शी की दुकान के अंदर चला गया और उन्हें दुकान से बाहर बुला लाया । श्री बख्शी के बाहर आते ही उस उग्रवादी ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे श्री बख्शी की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

श्री बख्शी के पड़ौसी दुकानदार श्री जीत मोहन पासी ने हमलावर को पकड़ने की कोशिश की तो उन्हें भी उग्रवादियों ने गोली मार दी । श्री पासी गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए । बाद में अभियुक्त स्कूटर पर फरार हो गए ।

वारदात के बाद सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और वे श्री पासी को फिल्लौर के अस्पताल में ले गए, जहां डाक्टर नहीं था, लेकिन कम्पाऊंडर उपस्थित था, जिसने उन्हें बताया कि उसके पास आवश्यक दवाइयां नहीं हैं । इस पर श्री पासी को लुधियाना के अस्पताल में ले जाया गया ।

वारदात की सूचना मिलते ही एस.एच.ओ. बलदेव सिंह, डी.एस.पी. श्री गुरचरण सिंह तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए । सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई है, लेकिन अभियुक्तों का कोई सुराग नहीं मिला । जालंधर के जिलाधीश और एस.एस.पी. भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

बताया जाता है कि श्री पासी ने श्री बख्शी को गोली मार कर भाग रहे उग्रवादी को 'जप्फा' मार लिया था । जिस पर उग्रवादी ने श्री पासी को उसे छोड़ देने के लिए कहा । जब श्री पासी ने उस



शनिवार को फिल्लौर में उग्रवादियों द्वारा मारे गये शिवसेना अध्यक्ष विजयकुमार का शव ।

उग्रवादी को और भी जकड़ लिया तो उग्रवादी ने श्री पासी के सिर में गोली मार दी ।

श्री पासी, जिन की लुधियाना के अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए बाद में मृत्यु हो गई, 35 वर्ष के थे । वे अपने पीछे दो बच्चे व विधवा छोड़ गए हैं ।

'न.न.ए.' के अनुसार उग्रवादियों ने अपने चेहरे ढांप रखे थे । श्री बख्शी ने भी उग्रवादियों का पीछा करना चाहा, लेकिन वे अपनी दुकान की सीढ़ी पर ही गिर गए । इस घटना की थाने में सूचना नगरपालिका के अध्यक्ष श्री प्रीतम लाल ने दी ।

### दीवाली न मनाएं : टांगड़ी

लुधियाना (जोशी): हिन्द शिव सेना के प्रधान श्री जगदीश टांगड़ी ने फिल्लौर हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि इस प्रकार की हरकतों को शिव सेना कदापि स्वीकार न करेगी और उनका मुंह तोड़ उत्तर देगी । उन्होंने इन हत्याकांडों के विरुद्ध रोष स्वरूप जनता को दीवाली न मनाने का आह्वान किया । उन्होंने शिवसेना के पदाधिकारियों की कल लुधियाना में बैठक बुलाई है, जिस में रणनीति का निर्णय किया जाएगा ।

बटाला से कोछड़, यू.न्यू. के अनुसार पुलिस ने थाना कलानौर के गांव बंगोवाली में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से गत 15 अक्तूबर को 9139 रुपए लूटने वाले चार सदस्यों के गिरोह से दो को गिरफ्तार करके इस केस को सुलझा लेने का दावा किया है । पुलिस के अनुसार उनसे लूट के 6000 रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं ।

पुलिस के जालन्धर रेंज के डी. आई. जी. श्री ए. सिद्दीकी, जो गत दिवस यहां निकटवर्ती गांव में हुई सरपंच की हत्या के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण करने आए थे, ने पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार लुटेरों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है । दो अभियुक्तों में से एक सुखदेव सिंह को औद्योगिक क्षेत्र में बैंक डकैती के प्रयास में गिरफ्तार कर लिया गया था । बाद में पुलिस ने उसके एक और साथी अवतार सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया ।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की भी शिनाख्त हो चुकी है परन्तु वह अभी तक गिरफ्तार नहीं किए जा सके । उन्होंने कहा कि सभी तीनों अभियुक्तों की शिनाख्त हो चुकी है और पुलिस को संदेह है कि फतेहगढ़ चूड़ियां में इंका नेता श्री राजपाल कद्द और ऊधोके गांव के सरपंच तरसेम सिंह की हत्या भी इन तीनों ने ही की है ।

श्री सिद्दीकी ने दो अभियुक्तों दलबीर सिंह और सुखबीर सिंह उर्फ सुखा के नामों का रहस्योद्घाटन किया परन्तु तीसरे अभियुक्त का नाम गोपनीय रखा । उल्लेखनीय है कि श्री कद्द की 19 अक्तूबर को और गत दिवस सरपंच तरसेम की हत्या तीन स्कूटर सवारों द्वारा कर दी गई है ।

डी. आई. जी. श्री सिद्दीकी ने सरपंच की हत्या के मामले में व्यक्तिगत शत्रुता की सम्भावनाओं को भी रद्द नहीं किया । उन्होंने बताया कि गत कुछ वर्षों के दौरान ऊधोके गांव का यह चौथा सरपंच है, जिसकी हत्या हुई है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों हत्याओं का मामला शीघ्र ही सुलझा लिया जाएगा ।

श्री सिद्दीकी ने लोगों से अपील की है कि जो आतंकवादी पुलिस के डर से घरों में छिपे बैठे हैं, वे यदि आत्मसमर्पण कर दें, तो उनके साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार किया जाएगा । इसके अतिरिक्त जो आतंकवादी किसी घटना में शामिल हैं, उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी । यदि यह सब पुलिस के जिला प्रमुखों के सामने आत्मसमर्पण कर दें ।

पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर बताया कि

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## सिपाही की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अशोक सोनी के अनुसार एस.पी. आपरेशन का नाम एम.एस. सेठी है । पाकिस्तान से आए उग्रवादी गिरोह का सरगना बाबा गुरबचन सिंह ही है । भूपेंद्र सिंह काजल सिंह के ट्यूबवैल पर मारा गया । बाबा गुरबचन सिंह ने धन्ना सिंह को गुरदासपुर, मनबीर सिंह को जालंधर में उग्रवादी कार्यों के लिए इंचार्ज बनाया था, स्वयं उसने अमृतसर में उग्रवाद करने का बीड़ा उठाया था और लौंगोवाल के हत्यारे जरनैल सिंह को लुधियाना व पटियाला के जिले दिए थे । बाबा गुरबचन सिंह भिंडरांवाला के बाप जोगेंद्र सिंह के धड़े से सम्बद्ध है ।

### काहन सिंह की हत्या का मामला

श्री सिद्दीकी ने बताया कि तरणादल के डिप्टी चीफ बाबा काहन सिंह की हत्या टोगा सिंह तथा जौरा ग्राम के अमरीक सिंह ने की थी । ये उग्रवादी अकाल रैस्ट हाऊस में बैठकें करते थे ।

### उग्रवादियों को पाकिस्तान से आदेश मिलते हैं

'प्रै.ट्र.' के अनुसार श्री सिद्दीकी ने बताया कि पंजाब में इस समय सक्रिय बहुत से उग्रवादी गिरोह पाकिस्तान में बैठे 'आका' से आदेश प्राप्त करते हैं । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह बात सुल्तानपुर लोधी के पास डविडा रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए गए देवेंद्र सिंह तथा मानोचाल में पकड़े गए सर्वजीत सिंह ने स्वीकार किया है । श्री सिद्दीकी ने उनके आका का नाम बताने से इंकार कर दिया पर कहा कि इन बारह उग्रवादियों के गिरोह को पाकिस्तान में उग्रवाद की पूरी ट्रेनिंग दी गई थी । देवेंद्र सिंह ने स्वीकार किया है कि उसका गिरोह राजस्थान में घुसा था और बगीचा सिंह के घर में छिपा था । उसके बाद वे लोग मल्हौट में छिपे थे । पंजाब आकर ये उग्रवादी विभिन्न स्थानों पर छिप गए पर सम्पर्क बनाए रहे और समय-समय पर स्वर्ण मंदिर के अकाल रैस्ट हाऊस के एक कमरे में बैठकें करते रहे ।

12 सदस्यीय गिरोह का प्रत्येक सदस्य पंजाब के 12 जिलों में से एक-एक का इंचार्ज था । ये सभी आपरेशन ब्लू स्टार से पूर्व स्वर्ण मंदिर में छिपे हुए थे ।

### ठेका लूट लिया

संगरूर (देव): कल रात गांव गंदूआं में अज्ञात युवकों ने एक देसी शराब का ठेका लूट लिया । यह लुटेरे स्कूटर पर आए और पिस्तौल की नोक पर नकदी और शराब की बोतलें लूट लीं और फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

### चौकसी प्रबंध

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): कल दीपावली के अवसर पर पंजाब में कुछ सम्भावित हिंसक घटनाओं व आतंकवादियों द्वारा लूटमार, कत्ल व डकैतियों की घटनाओं की शृंखला पुन: आरम्भ हो जाने के दृष्टिगत पंजाब सरकार अति चिंताजनक स्थिति में है व राज्य भर में चौकसी प्रबन्ध अति कड़े किए जा रहे हैं ।

सविज्ञ सरकारी क्षेत्रों से विदित हुआ है कि आल इंडिया सिख स्टूडैंटस फैडरेशन की हड़ताल की अपील के संदर्भ में भी राज्य सरकार अति सतर्कता से कार्य कर रही है । इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि राज्य सरकार ने राज्य भर के जिलाधीशों को सम्बन्धित जिलों में हड़ताल के दृष्टिगत शिक्षा संस्थान बंद रखने के आदेश जारी करने बारे अधिकार दिए हैं ताकि वे कानून व्यवस्था की हालत नियंत्रण में रखने के लिए उचित पग उठा सकें ।

पता चला है कि राज्य सरकार ने राज्य भर में धार्मिक स्थानों, बिजली घरों, टैलीफोन एक्सचेंजों, रेलवे स्टेशनों, थर्मल प्लांटों, पुलों व डाकघरों इत्यादि पर दिन-रात चौकसी का प्रबन्ध किया है ।

### उग्रवाद में वृद्धि आशंकित

सरकारी क्षेत्र यह अनुभव करते हैं कि सम्भवत: इन तीन दिनों में उग्रवादी घटनाओं में वृद्धि हो व समाज विरोधी तत्व पुन: सिर उठाने का प्रयास करें ।

सरकारी क्षेत्रों की गुप्तचर विभागों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विदेशी ताकतें पुन: एक बार पंजाब में 'साम्प्रदायिक टकराव' करवाने का प्रयास कर रही हैं परन्तु वर्तमान अकाली सरकार इन साजिशों को असफल बनाने में ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है । राज्य के मुख्यमंत्री स. सुरजीत सिंह बरनाला राज्य में कानून व्यवस्था प्रबन्धों की स्वयं गहराई से समीक्षा कर रहे हैं व केंद्र को भी पूरी स्थिति से अवगत रख रहे हैं । पता चला है कि पंजाब में पाकिस्तान से लगने वाली सीमा में से घुसपैठ को रोकने हेतु भी अति कड़े प्रबन्ध किए गए हैं ।

### आधी रात को जलूस

जालंधर (भनोट): ज्ञात हुआ है कि कल आधी रात के समय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के लगभग दो दर्जन वर्करों ने साइकलों पर जलूस निकाला । इन वर्करों के कंधों पर केसरी पट्टियां बंधी हुई थीं । सबसे आगे एक मोटर साइकल था, जिस पर केसरी निशान साहिब लहरा रहा था । यह वर्कर नारे लगाते हुए नई कचहरियों की ओर से आकर शास्त्री मार्केट चौक से शहर में दाखिल हुए । वे नारे लगा रहे थे "राज करेगा खालसा", "अड़ेगा सो झड़ेगा", "खालिस्तान ज़िंदाबाद" आदि ।

### ग्रंथ का शव मिला

जींद (गुप्ता): सफीदों के एक गुरुद्वारे के एक ग्रंथी दलीप सिंह की कल रात्रि कुछ व्यक्तियों ने हत्या कर दी ।

### बैंक से 4.45 लाख लूटे

इलाहाबाद, 11 नवम्बर (वार्ता): सिविल लाइन इलाके के एक बैंक को आज दोपहर लूट लिया गया । 6-7 युवक एक एमबैसेडर कार से बैंक पहुंचे और 4 लाख 45 हजार रुपए लूट ले गए । यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊमा शंकर बाजपेयी ने यूनीवार्ता को दी ।






कोहिमा में 10.11.85 को निकाले गए 63वें ड्रा के परिणाम

**1st Prize : Rs. 5,00,000/-**
**Ticket No. OS-10/63-234858**

| | |
|---|---|
| 2nd PRIZE Rs. 20,000/- each | 34858 |
| (All tickets bearing the last 5 digits of the First Prize) | |
| 3rd PRIZE Rs. 1,000/- each | 4858 |
| (All tickets bearing the last 4 digits of the First Prize) | |
| 4TH PRIZE Rs. 100/-each | 858 |
| (All tickets bearing the last 3 digits of the First Prize) | |
| 5TH PRIZE Rs. 20/- each | 58 |
| (All tickets bearing the last 2 digits of the First Prize) | |







गत सोमवार को प्रातः थाना झब्बाल (अमृतसर) के गांव मानोचहल में उग्रवादियों को पकड़ने के लिए गई सुरक्षा बल की एक टुकड़ी के साथ मार्ग दर्शक के रूप में गया थाना झब्बाल का कांस्टेबल भूपेन्द्र सिह (मध्य में) जो उग्रवादियों की गोली का निशाना बन गया । अन्य सुरक्षा कर्मी भाग गए । (ऊपर चित्र में) भूपेन्द्र सिह के पिता को सांत्वना देते हुए निकट सम्बन्धी । (नीचे) मृतक की पत्नी अपने चार बच्चों के साथ विलाप करते हुए । (छाया : भंडारी)

## अकाली हाई कमान

(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री श्री बरनाला को एक पत्र लिखा था । इस पत्र में उन्होंने कहा था कि इस मामले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की उपेक्षा की गई है ।

'यू. न्यू.' के अनुसार इस बीच अकाली संसदीय दल के मुख्य सचेतक श्री चरणजीत सिंह वालिया ने इन समाचारों का खंडन किया है कि संसदीय दल में नेतृत्व के प्रश्न पर कोई मतभेद है । उन्होंने इस सम्बन्ध में प्रकाशित समाचारों को निराधार बताया है तथा कहा है सभी अकाली सांसद एकजुट हैं ।

## हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

### बख्शी की रस्म पगड़ी

फिल्लौर (न.न.अ.): गत 9 नवम्बर को उग्रवादियों द्वारा कत्ल किये गये स्थानीय शिवसेना के अध्यक्ष विजय बख्शी व जीत मोहन पासी की रस्म पगड़ी आज यहां सम्पन्न हुई । इस अवसर पर जालन्धर के उपायुक्त, एस.एस. पी., पंजाब शिव सेना के अध्यक्ष जगदीश तागड़ी, रमाकांत जलोटा, अकाली विधायक स्वर्ण सिंह व सुरेन्द्र सिंह थम्मनवाल आदि उपस्थित थे । इस अवसर पर विजय बख्शी तथा जीत मोहन पासी की विधवाओं को प्रशासन की ओर से 20-20 हजार रु., शिवसेना की ओर से 20-20 हजार रुपए तथा जनता द्वारा एकत्र किये गये 38-38 हजार रु. दिये गये । एस.एस.पी. की ओर से जीत मोहन की विधवा को 5000 रु. का वीरता पुरस्कार दिया गया । कमल स्टोर लुधियाना की ओर से 5 हजार रु. विजय बख्शी की मां को दिये गये ।

## जैनेवा शिखर वार्ता

(पृष्ठ 3 का शेष)

बातचीत के स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बहुत कड़ी थी तथा सारे क्षेत्र में मशीनगनधारी सुरक्षा सैनिक गश्त कर रहे थे । दोनों नेताओं के आवास तक जाने वाले रास्तों पर भारी सुरक्षा थी । स्विस पुलिस के अलावा 2000 सुरक्षा सैनिक तैनात थे ।

दोनों महाशक्तियों के बीच छह वर्ष के अंतराल के बाद यह पहली शिखर वार्ता है । छः वर्ष पर्व 1979 में अमरीकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर और सोवियत राष्ट्रपति लियोनिद ब्रेझनेव के बीच वियना में शिखर वार्ता हुई थी ।

आज की बातचीत जैनेवा झील के पास एक निजी बंगले में हो रही है जबकि कल की बातचीत सोवियत दूतावास में होगी ।

Punjabi Sanatani

# आतंकवादियों द्वारा लूटमार की 3 घटनाएं

अमृतसर, 21 नवम्बर (दीपक): पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आज तरनतारन रोड पर 5 आतंकवादियों ने लूटमार की तीन घटनाएं कीं । इन 5 आतंकवादियों ने तरनतारन रोड पर तीन स्कूटर सवारों से 2 स्कूटर, 8 हजार रुपए नकद तथा दो घड़ियां छीनीं । इस लूटपाट के उपरांत ये लोग झब्बाल की ओर जाने वाली सड़क की ओर पैदल गए । जब ये लोग झब्बाल के पास गगोबुआ गांव के पास पहुंचे तो सड़क पर खड़े गांववासियों को इनपर शक हो गया । लोगों ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया । ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचना दे दी ।

इस बीच ये आतंकवादी गांव के निकट एक गन्ने के खेत में छिप गए । लोगों ने इन्हें घेरे में रखा । आतंकवादियों ने लोगों को डराने के लिए हवा में दो फायर भी किए ।

एस. एस. पी. श्री विर्क के नेतृत्व में झब्बाल के थानाध्यक्ष तथा सी. आर. पी. व पंजाब पुलिस के दस्ते घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया । डी. आई. जी. जालन्धर रेंज के निर्देश पर इस क्षेत्र में सर्च लाइटों का प्रबन्ध किया गया है । श्री विर्क स्वयं इस नाकाबंदी की कमान सम्भाले हुए थे ।

**स्कूटर व कपड़ा छीन लिया**

कपूरथला (शर्मा) : हुसैनपुर-तलवंडी चौधरियां सड़क पर मुरादपुर के पास आज तीसरे पहर दो अज्ञात युवकों ने एक बजाज सुरजीत सिंह से पिस्तौल की नोक पर नकदी, कपड़ा और पी. ए.-क्यू. 1060 नम्बर का स्कूटर छीन लिया । बजाज जालन्धर से उगाही करने आया था । अभियुक्त फ्रैंच कट दाढ़ी वाले थे । छीना गया कपड़ा 5-6 हजार का था जब नकदी सिर्फ 50-60 रुपए थी ।

## बरनाला के सिक्योरिटी स्टाफ को स्थायी शिनाख्ती कार्ड

लुधियाना, 21 नवम्बर (म): पंजाब के मुख्यमन्त्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला के सिक्योरिटी स्टाफ को स्थायी शिनाख्ती कार्ड जारी कर दिए गए हैं । सिपाही से लेकर थानेदार तक सिक्योरिटी अधिकारी के हस्ताक्षरों के साथ ऐसे कार्ड दिए गए हैं, जिन पर उनके चित्र होंगे । मुख्यमन्त्री कोठी और उनके साथ सिक्योरिटी स्टाफ को ऐसे शिनाख्ती कार्ड इसलिए दिए गए हैं ताकि कोई दूसरा व्यक्ति न आ सके ।

## बम्बई 'जपा' का एक वर्ग पार्टी छोड़ने के मूड में

बम्बई, 21 नवम्बर (स. अ.): बम्बई महानगर का जनता पार्टी का एक वर्ग जिसका नेतृत्व भूतपूर्व मेयर श्री मनमोहन सिंह बेदी कर रहे बताए जाते हैं, इंका खेमें में प्रवेश के लिए तैयार-बर-तैयार है । अन्य प्रमुख जनता सदस्यों में भूतपूर्व मेअर डा. ए. यू. मैमन तथा घाटकोपर क्षेत्र से भूतपूर्व विधायक जयन्ती पारेख के नाम लिए जा रहे हैं । मैमन ने इन समाचारों की पुष्टि करते हुए गत दिवस इस सम्वाददाता को बताया कि हालांकि उन्होंने अभी कोई वादा नहीं किया है । लेकिन उनसे इस सम्बन्ध में बेदी तथा उनके मित्रों ने सम्पर्क अवश्य किया है ।

## ...दल में ठन गई

...लिए दुरुपयोग किया गया । इस प्रकार की रिपोर्ट भी है कि श्री टोहरा ने भिंडरांवाला को अपनी गतिविधियां जारी रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया था । गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि श्री टोहरा के अभी भी सिख छात्र संघ के कार्यकर्त्ताओं से सम्बन्ध हैं, जिन्होंने कि गुरुद्वारों पर लगभग कब्जा कर लिया है ।

अकाली दल द्वारा भी अपने कार्यालय का संचालन अमृतसर में शिरोमणि कमेटी के दफ्तर से नहीं बल्कि चंडीगढ़ से किया जा रहा है ।

जानकार सूत्रों के अनुसार एक प्रमुख केन्द्रीय

## ...रे इंका में शामिल

नई दिल्ली, 21 नवम्बर (प्रै.): अखिल भारतीय इंका महासचिव जी. के. मूपनार ने घोषणा की कि कांग्रेसाध्यक्ष राजीव गांधी ने प. बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री सिद्धार्थ शंकर रे को तत्कालिक रूप से इंका में शामिल कर लिया है । श्री रे 16 दिसम्बर को होने वाले बोलपुर (प. बंगाल) लोकसभाई सीट के उपचुनाव में अधिकृत इंका प्रत्याशी होंगे ।

# ट्रेन उड़ाने का प्रयास, बोगी नष्ट, 3 यात्रियों की मृत्यु

**चंडीगढ, 22 नवम्बर (यू.,प्रै.,वि.प्र.,नि.स.): आज सायं उत्तर रेलवे के अम्बाला-दिल्ली प्रखंड पर शम्भू रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी पर बम रख कर उग्रवादियों ने अम्बाला-नंगल पैसेंजर ट्रेन उड़ाने का प्रयास किया। जिसमें ट्रेन की एक बोगी नष्ट हो गई और 3 यात्रियों की मृत्यु हो गई। उधर पंजाब पुलिस ने राज्य भर में छापे मार कर कई उग्रवादियों को पकड़ने का दावा किया। अमृतसर के पास हुई एक मुठभेड़ में चार उग्रवादी पकड़े गए जिनमें एक सैनिक भी शामिल है।**

## ट्रेन उड़ाने का प्रयास

फगवाड़ा से 'अशोक कौड़ा' के अनुसार आज रात्रि उत्तर रेलवे के अम्बाला-दिल्ली प्रखंड पर शम्भू के निकट रेलवे लाईन पर बम फटने से अम्बाला-नंगल शटल पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी नष्ट हो गई तथा उसमें बैठे 3 यात्रियों की मृत्यु हो गई व कई दर्जन अन्य यात्री घायल हो गए।

बम विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुई बोगी के अन्य यात्रियों में कोहराम मच गया और यात्रियों में आतंक फैल गया।

रेलवे पुलिस व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

यह बम शम्भू रेलवे स्टेशन के आऊटर व होम सिगनलों के बीच फटा जिससे अम्बाला-नंगल शटल पैसेंजर 2 यू.एस.एन. की बोगी नष्ट हुई है।

यू.न्यू. के अनुसार विस्फोट चलती हुई छ: यू.एस.एन. अम्बाला-नंगल ट्रेन में रात्रि नौ बजे के लगभग हुआ।

बम नंगल बांध से अम्बाला जा रही ट्रेन की बोगी नम्बर डब्ल्यू.जी.एस. 9575 में उस समय फटा जब ट्रेन शम्भू रेलवे स्टेशन में प्रविष्ट हो रही थी। शम्भू रेलवे स्टेशन पंजाब की हरियाणा से मिलने वाली सीमा पर पंजाब का अंतिम रेलवे स्टेशन है।

अम्बाला से सरहदी के अनुसार विस्फोट से बोगी की छत का दो वर्ग मीटर भाग तथा दीवार का भी दो वर्ग मीटर भाग उड़ गया। गम्भीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेजा गया है। अम्बाला सिविल अस्पताल में रात्रि 12 बजे तक घायल भर्ती कराए जा चुके थे।

## गिरफ्तारियां

चंडीगढ़ से वि.प्र. के अनुसार पंजाब सरकार ने दावा किया है कि पिछले कुछ दिनों के दौरान पुलिस ने कई ऐसे कुख्यात उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है जो बैंक डकैतियों, हत्याओं, राहजनी के मामलों में वांछित थे। इनके कब्जे से कई रिवाल्वरें व देसी पिस्तौलें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार लोगों में कपूरथला के देवेन्द्र सिंह, संतोख सिंह, गुरदेव सिंह, गुरदासपुर का कुलविन्द्र सिंह, अमृतसर के बलदेव सिंह, मिल्खा सिंह, बलविंदर सिंह, लखविंदर सिंह, जसविंदर सिंह आदि शामिल हैं और पूछताछ के दौरान इन्होंने कई अपराध स्वीकार किए हैं। जंडियाला पुलिस ने सकत्तर सिंह, गुरदीप सिंह, सुखदेव सिंह, हरदेव सिंह, को भी गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 4 पिस्तौलें एक हथगोला व चोरी के कई स्कूटर व घड़ियां आदि भी बरामद हुई हैं। अमृतसर, कपूरथला, फिरोजपुर में कई उग्रवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया है।

## स्कूटर व नकदी छीनी

चंडीगढ़ से ही यू. न्यू. के अनुसार गत दिवस यहां से 20 किलो मीटर दूर मुरादपुर के निकट दो अज्ञात युवकों ने एक कपड़ा के व्यापारी सुरजीत सिंह से स्कूटर, नकदी और कपड़ा छीन लिया।

पुलिस के अनुसार कपड़ा व्यापारी अपने ग्राहकों से उधार वसूलने जा रहा था। पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है।

## मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारियां

अमृतसर से दीपक के अनुसार थाना झब्बाल के गांव भैनी (गंगूबुआ) के गन्ने के खेत में कल दोपहर को पांच आतंकवादी छिपे थे। लगभग नौ घंटे की घेराबंदी के बाद पुलिस ने चार आतंकवादियों को पकड़ लिया जबकि एक आतंकवादी बलजीत सिंह फरार होने में सफल हो गया। घटनास्थल से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इन पांच आतंकवादियों ने कल ही तरनतारन रोड से तीन लूटमार की घटनाएं की थीं जिसमें दो स्कूटर, आठ हजार रुपया नकदी और दो घड़ियां लूटी थीं। ज्ञात हुआ है कि पुलिस ने गन्ने के खेत से यह सारा माल बरामद कर लिया है।

पता चला है कि इन पांचों आतंकवादियों को गांव के लोगों ने लगभग दो घंटे अपने घेरे में रखा। हाथों में डंडे लिए गांववासियों ने इन आतंकवादियों को गन्ने के खेत से बाहर नहीं आने दिया। बाद में भारी पुलिस फोर्स ने एस.एस.पी. श्री विर्क के नेतृत्व में नाकाबंदी की। आतंकवादियों ने अपने चार देसी पिस्तौल और एक विदेशी पिस्तौल से पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस और आतंकवादियों के बीच फायरिंग लगभग छ: घंटे चलती रही। कारतूस समाप्त होने के बाद इनमें से चार आतंकवादियों ने हथगोलों का प्रयोग शुरू कर दिया। हथगोला लगने से धर्म सिंह नामक थाना झब्बाल का एक थानेदार मामूली-सा घायल हुआ। परन्तु जब सारा गोला बारूद समाप्त हो गया तो लगभग रात बारह बजे पुलिस ने सर्चलाईटों की सहायता से गन्ने के खेत में इनकी खोज शुरू की और बाहर से भी घेरा जारी रखा। पुलिस के हाथ केवल तीन आतंकवादी लगे जबकि बलजीत सिंह नामक एक कुख्यात आतंकवादी फरार हो गया। एक आतंकवादी भाग कर पास के एक डेरे में चला गया जिसका नाम हरदेव सिंह था। पकड़े गए आतंकवादियों में मेहम पंडोरी गांव का कुम्हार प्रताप सिंह, दयाल राजपूतां गांव का जाट गुरदीप सिंह, सुखदेव सिंह और एक छुट्टी पर आया सैनिक हरदेव सिंह शामिल है। सूत्रों से यह ज्ञात हुआ है कि यह सैनिक 11 गार्ड रेजीमेंट का है और प्राय: अवकाश पर आकर ऐसी गतिविधियों में भाग लेता रहा है।

रात देर गए आप्रेशन सफल होने से लगभग कुछ घंटे पहले जालंधर रेंज के डी.आई.जी. श्री भल्लर भी वहां पहुंचे और सारा आप्रेशन अपनी उपस्थिति में करवाया। यह आप्रेशन कल शाम तीन बजे शुरू हुआ और साढ़े बारह बजे समाप्त हुआ। गन्ने के खेतों के आसपास भारी संख्या में क्षेत्र के गांवों के लोग रात भर यह कार्रवाई देखते रहे और पुलिस कर्मियों के लिए खाने इत्यादि का प्रबन्ध भी गांव के लोगों ने ही किया। पुलिस द्वारा इन चार आतंकवादियों से पूछताछ जारी है और पुलिस को विश्वास है कि इन आतंकवादियों से बहुत से रहस्य तथा लूटमार की घटनाओं का पता चलेगा।

पुलिस के एक उच्च अधिकारी के अनुसार एक आतंकवादी सैनिक हरदेव सिंह जिसने खेत से भाग कर एक डेरे में शरण ली थी, जब पुलिस पार्टी ने उस मकान (डेरे) को घेरे में ले लिया तो हरदेव सिंह ने पहले तो पुलिस पर फायर किया और बाद में एच.ई.-36 के हथगोले पुलिस पार्टी पर फैंके। गोला बारूद समाप्त होने के बाद हरदेव सिंह इस घर में डेरे से बाहर नहीं निकला कि कहीं पुलिस वाले उसे जान से मार न डालें। वहां तैनात एस.एस.पी. श्री विर्क ने उसे आवाज़ देकर बार-बार बाहर आने के लिए कहा, परन्तु जवाब में हरदेव सिंह ने कहा कि वे उसे गोली न मारने का आश्वासन दें और दरबार साहब की शपथ लें। एक अधिकारी ने इस डेरे को

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

## ट्रेन उड़ाने का प्रयास

(पृष्ठ 1 का शेष)

आग लगाने का प्रयास किया परन्तु डेरे में एक परिवार के लोग भी रह रहे थे जिसके कारण आग लगाने का विचार पुलिस ने बदल दिया । बाद में एक पुलिस अधिकारी ने शपथ लेकर हरदेव सिंह से कहा कि वह उसे गोली नहीं मारेंगे । इस आश्वासन से सैनिक हरदेव सिंह बाहर आया । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि जो हथगोले एच.ई.-36 पुलिस पर फैंके गए वे हरदेव सिंह ने सेना के भंडार से चुराए थे ।

'प्रै.' के अनुसार गांव भैणी मल्लुयां के निकट हुए मुकाबले में अतिरिक्त सब्-इंस्पैक्टर घायल हुआ । गिरफ्तार आतंकवादियों में एक का नाम प्रताप सिंह के स्थान पर एकतार सिंह बताया गया है ।

एस.एस.पी. श्री विर्क ने एक पत्रकार सम्मेलन में इस आप्रेशन का विवरण देते हुए बताया कि कल गांव सोहल में ईंटों के भटठे के पास ये आतंकवादी एक ही समुदाय के लोगों के दो वैस्पा स्कूटर, 8500 रुपए नकद, तीन घड़ियां और दो अंगूठियां छीनने के बाद झब्बाल की तरफ भागे । सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा किया । एक स्कूटर रास्ते में खराब हो गया जो इन आतंकवादियों ने वहीं छोड़ दिया और पांचों एक स्कूटर पर सवार हो गए । मेन रोड पर मोटर साइकल सवार पुलिस पार्टी के सामने से जब ये गुजरे तो पुलिस पार्टी ने पीछा किया । एक किलोमीटर दूर जाकर दूसरा स्कूटर भी खराब हो गया और वह पैदल भागे । इतने में तरनतारन की पुलिस ने इनका पीछा किया और चार गन्ने के खेत में छिपे और एक डेरे में छिपे आतंकवादियों को घेरे में ले लिया । एस.एस.पी. श्री विर्क ने बताया कि पूछताछ के बाद इन आतंकवादियों ने बताया कि वह किसी प्रमुख नेता की हत्या की योजना बनाकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे जिसे पुलिस ने असफल बना दिया । श्री विर्क ने इस नेता का नाम बताने से इंकार कर दिया । श्री विर्क ने बताया कि सैनिक हरदेव सिंह को अश्रुगैस के गोले छोड़ कर गिरफ्तार किया गया । इन आतंकवादियों की जेबों से मिले कुछ कागजों के आधार पर काफी रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

अमृतसर से 'वि.प्र.' के अनुसार पुलिस पार्टी ने अंधेरे का लाभ उठा कर आतंकवादियों के भाग निकलने की सम्भावना के दृष्टिगत गन्ने के खेत को आग लगा दी और आतंकवादियों को चेतावनी दी ।

हरदेव सिंह पर बार-बार दी गई चेतावनी का कोई प्रभाव नहीं हुआ और अंत में पुलिस के कुछ जवानों ने 'कोठे' की छत तोड़ कर अश्रुगैस के गोले फैंके । दम घुटने पर उसने लगभग आधी रात पुलिस को आत्मसमर्पण किया ।

## पिस्तौल दिखाकर घी-व्यापारी लूटा

बाबा बकाला, (प्रेम): गत रात मेहता के एक घी के व्यापारी सुखदेव सिंह से कुछ लुटेरों ने प्रिया स्कूटर और चार हजार रुपए लूट लिए । प्राप्त विवरण के अनुसार सुखदेव सिंह उधार वसूल कर वापस आ रहा था कि दोपहर के समय दो आतंकवादियों ने पिस्तौल दिखाकर उसे रोक लिया उनमें से एक ने अपना चेहरा कपड़े से ढांप रखा था ।

## इंका नेता को धमकी

फिरोजपुर : धीमान : फिरोजपुर छावनी ब्लाक इंका अध्यक्ष संत नारायण अग्रवाल कोउग्रवादियों ने हत्या की धमकी दी है । किन्हीं नारायण सिंह रेजीमैंट तथा गुरतेज सिंह आफ आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, पाकिस्तान ने गत 17 नवम्बर की तिथि से भेजे एक पत्र में उन्हें धमकी दी है कि यदि 75 हजार रुपए की फिरौती उन्हें न दी गई तो उनकी हत्या कर दी जाएगी । पत्र में यह भी कहा गया है कि दशहरे के दिन उन पर तीन गोलियां उन्हें चेतावनी देने के लिए चलाई गई थीं । पत्र में निर्देश थे कि वे फिरौती की रकम 19 नवम्बर को एक विशेष जगह भेजें । उस दिन रकम भेजी गई पर कोई लेने न आया ।

## राहजनी

कपूरथला : यू. : कल यहां से 20 किलो मीटर दूर मुरादपुर के पास दो उग्रवादियों ने एक वस्त्र विक्रेता से उसका स्कूटर नकदी व कपड़ा छीन लिया ।

## दो पिस्तौलों सहित युवक गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी) : गढ़शंकर पुलिस ने गत रात मोरांवाली में नाकाबंदी करके नहर के किनारे से एक युवक दलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । यह युवक हरसाछीना गांव का रहने वाला है । उसके कंधे पर लटके प्लास्टिक के बैग से 32-32 बोर के दो रिवाल्वर और कुछ जीवित कारतूस बरामद हुए हैं । उससे पूछताछ की जा रही है । इस बात की छानबीन की जा रही है कि क्या वह कोई कत्ल करने या डाका डालने जा रहा था ।

## कार ले उड़े फिर छोड़ कर भाग गए

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न) : यहां से तीस किलो मीटर दूर मोरांवाली के करीब दो व्यक्ति एक फीएट कार सी. एच. 1907 उड़ा ले जाने में सफल हो गए । बताया गया है कि दोनों व्यक्ति किसी शादी पर जाने के बहाने से कार कुराली से किराया पर लेकर आए । सैलाखुर्द से उन्होंने


# कपूरथला इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कपूरथला

# सूचना


उन आवेदकों को, जिन्होंने स्कीम नं. 1, कांजली रोड, कपूरथला में प्लाटों की अलाटमैंट के लिये आवेदन किया है, सूचित किया जाता है कि ट्रस्ट ने 26.11.85 को सुबह 10 बजे, ट्रस्ट कार्यालय में सम्बद्ध आवेदकों की उपस्थिति में, 100, 150, 200, 300, 400 और 500 वर्ग गज के प्लाटों को लाटरी द्वारा अलाट करने का फैसला किया है ।


सभी इच्छुक आवेदकों से, उक्त तिथि को प्लाटों की अलाटमैंट के समारोह में भाग लेने की प्रार्थना की जाती है ।


इस सम्बद्ध में कोई जानकारी ट्रस्ट कार्यालय से किसी कार्य दिवस को अलाटमैंट की तिथि से पहले प्राप्त की जा सकती है ।

| | |
|---|---|
| हस्त. | हस्त. |
| (एस. के. मित्तल) | (कंवर गुलवंत सिंह) |
| बी.ए.एल-एल.बी., | आई.ए.एस., |
| एग्जैक्टिव अफसर | चेयरमैन, |


Punjabi Sanatani




(1) शम्भू स्टेशन में दाखिल हो रही नंगल डैम-अम्बाला शटल ट्रेन का बम विस्फोट से ध्वस्त डिब्बा, (2) ध्वस्त डिब्बे का आंतरिक भाग, (3) पटियाला के एस.एस.पी. श्री जी.आई.एस. भुल्लर और सेना के विशेषज्ञ डिब्बे के ऊपर मुआइना करते हुए । (छाया : सरहदी अम्बाला)

# शक्तिशाली बम विस्फोट से बोगी की छत उड़ गई

अम्बाला, 23 नवम्बर (सरहदी, हीरा): कल रात अम्बाला-नंगल सैक्शन पर 6 यू. एस. एन. शटल ट्रेन की जिस बोगी नं. 9574 में कल धमाके से 2 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और 23 अन्य घायल हो गए थे, को ट्रेन से शम्भू स्टेशन पर अलग कर दिया गया है । शेष ट्रेन बाद में अम्बाला चली गई । पटियाला के एस. एस. पी. श्री जी. आई. एस. भुल्लर ने बताया कि जांच कर रहे सैनिक विशेषज्ञों का मत है कि यह बम हैंड ग्रेनेड से भी शक्तिशाली था । वहां से मिले एक लावारिस ट्रांसिस्टर और एक वी. आई. पी. बैग की जांच जारी है । एक घायल ने बताया कि जब गाड़ी शम्भू स्टेशन में प्रवेश करने वाली थी तो धमाके के साथ डिब्बे का एक पंखा नीचे गिरा और गाड़ी में धुआं फैल गया और आग लग गई । विस्फोट से डिब्बे की छत उड़ गई ।

एरिया रेलवे सुप्रिटैंडैंट जसजीत सिंह ने मौके पर ही मृतकों के लिए साढ़े बारह सौ, गभीर घायल के लिए 750 और मामूली घायलों के लिए 500 रु. नकद एक्सग्रेशिया जारी किया । उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर श्री एस. के. खोसला घायलों को देखने गए और इन घायलों को मुफ्त उनके गंतव्य तक पहुंचाने की घोषणा की । पुलिस ने विस्फोट कानून की धारा 3 और 4 के अलावा धारा 302, 307, 338, और 427 में केस दर्ज किया है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । समझा जाता है कि यह अति शक्तिशाली बम उग्रवादियों ने गाड़ी के अंतिम डिब्बे में रखा था ।

मृतकों के नाम राजनंद साहा (40) और सहदेव साहा (20) हैं । दोनों बिहार के मोतीहारी निवासी हैं । इस डिब्बे में अधिकांशत: श्रमिक थे । गम्भीर रूप से घायल हमीरपुर जिला के गांव कक्कड़ के निवासी प्रेम दास को पी.जी.आई. भेजा गया है । उसके 2 साथी जी.सी. कोमल और विनोद कुमार को प्राथमिक चिकित्सा देकर प्रेम दास के साथ ही चंडीगढ़ भेज दिया गया है । शेष घायलों को अम्बाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनके नाम हैं:सीता राम भगत बजरंगी शाह, किशोर शाह, सुरेश चंद दास, प्रयास मेहता, परमेश्वर राम, गोपाल शाह, पशु राम रावत, रामजी शाह, कुमर, सुखयारी, भैया लाल शाह, बली राम, निरंजन, राम लोचन, राज कुमार शाह, राम पुकार, शम्भू शाह और महातम ।

घटना की सूचना मिलते ही अम्बाला के जिलाधीश विवेक मेहरोत्रा, एस.एस.पी. सतिंदर, पटियाला के जिलाधीश एस.के. सिन्हा, एस.एस.पी. जी.आई.एस. भल्लर व अन्य अधिकारी डाक्टरों की टीम के साथ मौका पर पहुंचे । कांग्रेस (एस) के श्री ओ.पी. मलिक, इका नेता कृष्ण लाल, हरियाणा अकाली दल प्रधान करतार सिंह टक्कर और डा. वाई.के. मोंगा घायलों को देखने गए और उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए घायलों को हर प्रकार की सहायता की अपील की ।

प्रै.ट्र. के अनुसार रेलवे अधिकारियों ने घटना की विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं ।

## टाईम बम

'यू.न्यू.' के अनुसार यह बम शक्तिशाली टाईम बम समझा जा रहा है । दो घायलों के अनुसार उन्होंने दो युवकों को डिब्बे जैसी चीज सामान रखने वाले रैक के ऊपर टिकाते हुए देखा गया । उन्होंने बताया कि अपने 30 साथियों सहित वह सरहंद से चढ़े और उन्होंने अपना सामान रैक के ऊपर रखा । वहीं से चढ़े दो युवकों ने कपड़े में लिपटा बक्सा उनके सामान के ऊपर रख दिया और दूर वाले दरवाजे से अगले स्टेशन पर उतर गए । हम इतने डर गए कि न तो हमारी उन युवकों से कुछ पूछने की हिम्मत हो रही थी, और न इस बक्से को छूने की । इसके तुरन्त बाद बक्सा फट गया । उन्होंने बताया कि कुछ तो बेहोश हो गए जबकि कइयों के शरीर से खून के फव्वारे छूट गए । जब गाड़ी शम्भू पहुंची तो बचे हुए यात्रियों ने गार्ड को घटना की सूचना दी ।

यह ट्रेन लगभग नौ बजे पहुंची, जो समय से 45 मिनट लेट चल रही थी । ट्रेन क्योंकि लूप लाईन पर खड़ी थी, इसलिए यातायात अवरुद्ध नहीं हुआ । बाद में उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर श्री खोसला ने मुख्यमंत्री श्री बरनाला से भेंट करके उन्हें घटना की जानकारी दी ।

श्री बरनाला ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि कुछ शरारती तत्व ऐसी घटनाएं करते हैं । उन्होंने मृतकों तथा घायलों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की है ।

पटियाला (भूषण): रेलवे पुलिस के डी.आई.जी. श्री डी.एस. भुल्लर के अनुसार शंभु रेलवे स्टेशन के पास नंगल-अम्बाला पैसेंजर ट्रेन के डिब्बे में कल रात हुआ विस्फोट स्पष्टतया एक आतंकवादी कार्रवाई है । आज शाम यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री भुल्लर ने कहा कि आतंकवादियों का उद्देश्य बिहार और उत्तर प्रदेश से पंजाब में मजदूरी करने के लिये आने वाले मजदूरों में आतंक फैलाना है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

पाकिस्तान के पास

Sudhir Dar

## बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

उन्होंने कहा कि विस्फोट उस समय हुआ जब ट्रेन शंभू स्टेशन से 5 किलोमीटर दूर थी । उन्होंने बताया कि दोनों मृतकों की आज राजपुरा में सरकारी खर्च से अंत्येष्टि कर दी गई । उन्होंने कहा कि दोषियों की खोज के लिये रेलवे पुलिस की दो पार्टियां भेजी गई हैं ।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व मंडी गोबिन्दगढ़ में भी एक ट्रेन उल्टा दी गई थी और दुर्घटना के अधिकांश मृतक बिहारी मजदूर थे ।

घायलों की सूची इस प्रकार है—सुरेश चन्द (उड़ीसा), प्रेमचन्द, जे. टी. कंबल, विनोद (हिमाचल), कमार, सखली, बिशु लाल, किशोरी साहा, बालीराम, परमेश्वर, बासूराम, फरियाद, गोपाल साहा, राम जी साहा, रामलोचन, निरंजन हाजरी, राम प्रवेश, राजकुमार साहा, बैरागी, सीता राम, शाहान (सभी बिहार) ।

### तोप के खाली गोले मिले

भटिंडा (प्र.): पुलिस ने आज यहां बताया कि जिला में तलवंडी साबो के निकट सड़क किनारे 23 इंच लम्बे तोप के खाली गोले बड़ी संख्या में पड़े मिले हैं । सैनिक विशेषज्ञों को जांच के लिए बुलाया गया, जिन्होंने इन्हें खाली पाया । पुलिस ने गोले कब्ज़े में ले लिए हैं ।

अमृतसर (प्र.): जिला अमृतसर के प्रशासन ने जिले में रेल लाइनों पर 24 घंटे ठीकरी पहरा देने की अवधि में 6 मास की वृद्धि करके 23.1.1986 तक बढ़ा दी है । यह आदेश जुलाई, 1982 से लागू है ।

Punjabi Sanstani

# पिस्तौल की नोक पर 2 टैक्सियां छीनीं : गोली से 1 घायल

## जालन्धर के इर्द-गिर्द एक रात में दो वारदातें : मोगा के निकट स्कूटर छीना : जेलों से रिहा हुए अनेक उग्रवादी पुनः गिरफ्तार

जालंधर, 25 नवम्बर (यू., प्रै.) : जालंधर के इर्द-गिर्द कल रात दो अलग-अलग वारदातों में दो कार टैक्सियां पिस्तौल की नोक पर छीन ली गई जबकि एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । मोगा के निकट एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया गया । 'स' के अनुसार हाल ही में पंजाब की विभिन्न जेलों से रिहा किए गए कई उग्रवादियों को पुलिस ने अब पुनः गिरफ्तार कर लिया है । इनमें से अधिकांश उग्रवादी वही हैं, जिनको गत दिनों या तो पंजाब सरकार के आदेश पर रिहा किया गया था या बैंस कमेटी की सिफारिश पर रिहा किया गया था । पता चला है कि कुछ नए गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों ने पुलिस को बताया है कि जिन उग्रवादियों को पिछले दिनों रिहा किया गया था, उनमें से अधिकांश उग्रवादी लूटमार की वारदातें कर रहे हैं ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन अज्ञात सशस्त्र युवकों ने एक स्थानीय टैक्सी स्टैंड से रायपुर फराला के लिए एक टैक्सी किराया पर ली। जब टैक्सी थाना सदर के अंतर्गत गांव रायपुर फराला के निकट पहुंची तो उन्होंने टैक्सी चालक को पिस्तौल की नोक पर रुकने के लिए कहा । जब चालक ने उनकी बात मानने से इन्कार किया तो उन्होंने चालक अशोक कुमार को जांघ में गोली मार कर घायल कर दिया । टैक्सी में भागने से पहले उन्होंने चालक से एक सोने की अंगूठी तथा 250 रुपए छीन लिए ।

पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । दूसरी घटना में गत आठ बजे के लगभग दो सशस्त्र सिख युवकों ने गत रात्रि अमृतसर से जालंधर के लिए टैक्सी किराया पर ली । जब वे यहां से 15 किलो मीटर दूर थाना करतारपुर के अंतर्गत जंड सरावां के निकट थे, तो उन्होंने चालक सुभाष को पिस्तौल की नोक पर रुकने के लिए कहा । उन्होंने चालक को धक्का देकर बाहर फैंक दिया तथा टैक्सी को भो. पुर की तरफ भगा कर ले गए । जंड सरावां के निकट छीनी गई टैक्सी का नम्बर जे.के.पी. 6247 बताया जाता है जबकि रायपुर फराला के निकट छीनी गई टैक्सी का नम्बर पी.एन.एल. 7788 था । अशोक कुमार को जालंधर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

'अशोक कौड़ा' के अनुसार अशोक कुमार के भाई रमेश ने अभियुक्तों का प्रतिरोध किया तो उन्होंने गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया । इस दौरान कुछ लोगों को उधर आते देख कर अभियुक्त टैक्सी छोड़ कर पैदल ही फरार हो गए ।

### एमरजैंसी कार्यालय खुले

ज्ञात हुआ है कि शम्भू रेलवे स्टेशन पर अम्बाला-नंगल यात्री गाड़ी में बम विस्फोट के बाद उत्तरी रेलवे ने कई सतर्कता पग उठाए हैं । इस फैसले के अंतर्गत फिरोजपुर डिवीजन के छः बड़े रेलवे स्टेशनों जम्मू-तवी, अमृतसर, पठानकोट, जालंधर, लुधियाना व फिरोजपुर में एमरजैंसी कार्यालय खोल दिए गए हैं । इन्हें हाट लाइन द्वारा डिवीजनल हैड क्वार्टर से मिला दिया गया है ताकि पल-पल की खबर पहुंचाई जा सके । रेलवे के दिल्ली सैक्टर के बड़े-बड़े स्टेशनों पर भी एमरजैंसी कार्यालय खोलने की सूचना मिली है ।

### मोगा में स्कूटर छीना

मोगा : तीन अज्ञात मोटर साइकल सवारों ने, जिन पर आतंकवादी होने का संदेह है, कल मोगा सब डिवीजन में चूहड़ चक नवां गांव के निकट शिव कुमार नामक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया । आतंकवादी भागने में सफल हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

### सीमा पार करने पर गिरफ्तार

अमृतसर : एक भारतीय शहरी मुहम्मद इब्राहीम को बी.एस.एफ. ने घरेंडा क्षेत्र में रत्न खुर्द गांव के निकट गिरफ्तार किया जबकि वह गैर कानूनी तौर पर पाकिस्तान से यहां पहुंचा । पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश में नासरगंज से संबंध रखता है । इसी बीच मजीठा पुलिस ने एक व्यक्ति भीरा को गिरफ्तार करके उससे एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

### जान से मारने की धमकी दी

अमृतसर से वि. प्र. के अनुसार कल शाम साढ़े सात के करीब तीन सिख युवकों ने करतारपुर के निकट टैक्सी चालक सुभाष को जान से मारने की धमकी देकर उससे टैक्सी छीन ली । बताया जाता है कि दो युवकों ने रेलवे स्टेशन अमृतसर के बाहर टैक्सी स्टैंड से टैक्सी किराया पर ली । रैया और ब्यास के मध्य बाबा बकाला मोड़ पर एक और

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 26 नवम्बर, 1985 (6)

## टैक्सियां छीनीं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नौजवान चालक के साथ आगे की सीट पर सवार हो गया और टैक्सी करतारपुर से आगे आदमपुर को जाने वाली लिंक सड़क पर ले जाई गई । लिंक रोड पर पहुंचने के बाद पिछली सीट पर बैठे दो युवक उतर कर पेशाब करने चले गए तथा ड्राइवर सुभाष भी गाड़ी से उतर कर बीड़ी पीने लगा । जब पिछली सीट पर बैठे दोनों युवक वापस गाड़ी के निकट आए तो चालक के साथ आगे की सीट पर बैठा युवक चालक की सीट पर जा बैठा तथा गाड़ी स्टार्ट कर दी । नीचे खड़े दोनों युवकों ने चालक की कनपटी पर पिस्तौल रख दिया तथा कहा कि चुपचाप चले जाओ । हम भिंडरांवाले के आदमी हैं, जान से मार डालेंगे । इस तरह वे टैक्सी ले गए । चालक रात के समय करीबी गांव में पहुंचा और ग्रामीणों की सहायता से थाना करतारपुर पहुंच कर रपट दर्ज करवाई ।

## लावारिस चीजें न छुएं

**चंडीगढ़, (प्र.)** : पंजाब सरकार ने आज लोगों को सलाह दी है कि वे रेल/बस द्वारा सफर करते समय या सार्वजनिक स्थानों पर लावारिस पड़े सामान, ट्रांजिस्टर, बैग, ब्रीफ-केस, सूट-केस आदि को न तो छुएं और न ही उनसे किसी तरह की छेड़-छाड़ करें । सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि गत शुक्रवार को शम्भू रेलवे स्टेशन पर नंगल डैम-अम्बाला यात्री गाड़ी के पिछले डिब्बे में एक लावारिस पड़े ट्रांजिस्टर में हुए धमाके से दो व्यक्ति मर गए और कुछ घायल हो गए ।

## पुलिस का बयान

**पटियाला (भूषण)**: एस. एस. पी. श्री जी. आई. एस. भुल्लर ने आज शाम यहां दावा किया कि कल हुई हिंसा की घटना, जिसमें महेन्द्र सिंह की छुरा मारकर हत्या कर दी गई थी और दो अन्य लोग घायल हो गए थे, का उग्रवादी गतिविधियों से कोई सम्बन्ध नहीं है । घटना के बारे में बयान में श्री भुल्लर ने कहा कि पांच व्यक्ति कार में नाभा से लौट रहे थे । जब वे गांव ढढेरा के निकट पहुंचे तो कार का पिछला पहिया पंक्चर हो गया । कार रुकते हुए एक राहगीर हरबंस सिंह से टकरा गई जिस पर हरबंस सिंह तथा कार सवारों में झगड़ा हो गया । हरबंस सिंह ने कृपाण से तीन कार सवारों पर हमला किया जिससे महेन्द्र सिंह मर गया और दो अन्य घायल हो गए । इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया और जांच जारी है ।

## पाबंदी बढ़ी

अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने मोटर साइकलों पर आम लोगों द्वारा पीला रंग किए जाने पर पाबंदी अगले वर्ष 24 जनवरी तक बढ़ा दी । केवल पुलिस कर्मचारी ही पीले रंग के मोटर साइकल इस्तेमाल कर सकते हैं ।

## गोली मार कर घायल कर दिया

जालन्धर (स.): गत दिवस थाना नूरमहल के कस्बा बिलगा के एक व्यक्ति सुरेन्द्र पाल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पिस्तौल की गोलियां मार कर घायल कर देने की सूचना मिली है । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी तक कोई अभियुक्त गिरफ्तार नहीं किया जा सका । घायल को सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल सका कि हमलावर उग्रवादी थे या क्या यह शत्रुता का मामला था ।

## बरनाला को अधिकार मिले

(पृष्ठ 3 का शेष)

पहले पृष्ठ पर केवल 13 हस्ताक्षर हैं, जबकि दो अन्य पृष्ठों पर 27 हस्ताक्षर हैं । उन्होंने कहा कि क्योंकि दो सदस्यों शेर सिंह और सुरिंदर सिंह धुरी ने कहा है कि उनके हस्ताक्षर जाली हैं, इसलिए शेष हस्ताक्षरों की भी पुष्टि कराई जाएगी ।

संत अजीत सिंह के दो स्थानों पर हस्ताक्षर हैं, जबकि कुछ हस्ताक्षरों की क्रम संख्या काटी गई है ।

### खंडन

संसदीय बोर्ड के सदस्य और संत लौंगोवाल के भतीजे शेर सिंह तथा विधायक सुरिंदर सिंह धुरी ने इस बात का खंडन किया कि उन्होंने इस तरह के कागज पर हस्ताक्षर किए हैं ।

मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला और दो अन्य मंत्रियों के सामने इन दोनों ने संवाददाताओं से यह बात कही ।

इन नेताओं ने कहा कि इस तरह की बैठक बुलाने की मांग करना संत लौंगोवाल की नीतियों के साथ गद्दारी है । उन्होंने कहा कि वे पार्टी मामलों में श्री बरनाला के निर्देशों का पालन करेंगे और पार्टी इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जाली हस्ताक्षर करने वालों के विरुद्ध अदालत में जाएंगे तो उन्होंने कहा कि इसके लिए वह श्री बरनाला से दिशा निर्देश प्राप्त करेंगे ।

हमारे 'वि. प्र.' का कहना है कि संत लौंगोवाल के रिश्तेदारों ने इस अभियाचना पर हस्ताक्षर किए हैं । शेर सिंह ने दूसरे और सुरजीत सिंह धुरी ने


# क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

## नर्सरी

**सफेदा HBD-871** तथा सुबबल के पौधे उपलब्ध हैं । संजय गांधी सफेदा नर्सरी, रविदास नगर, मकसूदां, जालंधर । फोन : 73278/74861. ब्रांच : गांव खीरांवाली, कपूरथला ।

## व्यापार

## साड़ियां

**भसीन साड़ी सैंटर**, कटड़ा जैमलसिंह, अमृतसर में आकर्षक रंगों-डिज़ाइनों में साड़ियां, सूट, शालें खरीदने हेतु पधारें ।

## रोज़गार

**एयरफोर्स, बैंकों**, रेलवे तथा SSC की पोस्टों के लिए-मैट्रिक (10) पास 15-25 वर्षीय लड़के 15


Punjabi Sangrahi

# रामामंडी कांड में गिरफ्तार उग्रवादी गुरविन्दर सिह दस माह पाकिस्तान में प्रशिक्षण लेने के बाद भारत लौटा था, गिरोह का नेता गुरु नानक निवास में

**डेढ़ माह हुआ भारत वापिस पहुंचने पर उसने अपने तीसरे साथी बलदेव सिह के नाम पर डिफ़ैंस कालोनी में मकान किराये पर लिया : बलदेव सिह गिरफ्तार : मकान की तलाशी पर सरकार को शेष बचे 1400 रुपये मिले : बलदेव सिह से भी एक विदेशी रिवाल्वर के अतिरिक्त 49 कारतूस बरामद : कुछ चले हुए कारतूस मिले : पुलिस की पूछताछ जारी : नवांशहर में स्कूटर छीना : फिरोज़पुर में दुकानदार की हत्या : दो व्यक्ति बंदी, उनसे दो पिस्तौल, एक प्लास्टिक बम और 8 कारतूस मिले ।**

जालंधर, 26 नवम्बर (भनोट): रामामंडी जालंधर छावनी के रेलवे फाटक पर एक ट्रांसपोर्टर खान चंद से स्कूटर छीनने की कोशिश करने पर जनता और पुलिस द्वारा पीछा करने के बाद पकड़े गये दो उग्रवादियों गुरविंदर सिह और कुलवरण सिह के तीसरे साथी बलदेव सिह को भी आज पुलिस ने डिफैंस कालोनी में इन तीनों के निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्जे से 455 बोर का एक रिवाल्वर, 25 कारतूस 455 बोर के, 24 कारतूस 38 बोर के बरामद किये गये हैं । उनमें से 455 का एक और 38 बोर के तीन कारतूस चले हुये थे । उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने यह कारतूस कब किस अवसर पर चलाए ।

गुरविन्दर सिह ने पुलिस को बताया है कि वह डेरा बाबा नानक सीमा से पाकिस्तान गया था और वहां दस महीने रहने और प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद लगभग डेढ़ महीना हुआ वापिस आया था । उसने वापिस आने के बाद अन्य दो अभियुक्तों को भी साथ मिलाया । यहां जालंधर की डिफैंस कालोनी में एक कमरा और रसोई बलदेव सिह के नाम पर किराए पर ली । तीनों वहीं पर रहने लगे ।

उन्हें तीन व्यक्तियों को कत्ल करने के निर्देश थे—(1) फगवाड़ा के इंका विधायक श्री जोगेंद्र सिह, (2) स्टुडैंट्स फैडरेशन आफ इंडिया के नेता श्री मक्खन सिह, (3) थाना सदर जालंधर के एस.एच.ओ. इन्स्पैक्टर कुलतार सिह । इनका नेता चहेड़ू गांव का मनवीर सिह है, जो गुरुनानक निवास अमृतसर में रहता है । वह उनसे समय-समय पर मिल कर उन्हें निर्देश देता रहता था । गुरविंदर सिह ने बताया कि जब वह पाकिस्तान से आया था तो उसके पास काफी रुपया था और उससे ही वह अब तक गुजारा चला रहे थे । बलदेव सिह को जब गिरफ्तार किया गया तो घर की तलाशी के समय 1400 रुपये मिले । यह रुपये उसमें से शेष बचे थे । मनवीर सिह का काम यह था कि वह उनकी ड्यूटी लगाए । निर्देश देने के अतिरिक्त जरूरत पड़ने पर उन्हें रुपये भी दे ।

जब 23 नवम्बर को गुरविंदर सिह और कुलवरण सिह पकड़े गये तो उनसे भी 38 बोर का विदेशी रिवाल्वर और 11 कारतूस पकड़े गये थे । दोनों पकड़े गये रिवाल्वर विदेशी हैं और उनके बनने के स्थान का नाम रगड़-रगड़ कर मिटा दिये गये थे । याद रहे कि पाकिस्तान से जो भी विदेशी हथियार उग्रवादियों को दिये जाते हैं उन पर से उनके बनाने की जगह और नम्बर आदि मिटा दिये जाते हैं । पहले पकड़े गये दोनों अभियुक्त भी कपूरथला जिला नरूड़ पाछटा के हैं, जो तहसील फगवाड़ा में हैं । पुलिस की ओर से यह भी सूचना दी गई है कि थाना नूरमहल ने गांव बडाला के दो व्यक्तियों कुलविन्दर सिह और सुख देव सिह से दो 12 बोर के पिस्तौल, एक प्लास्टिक बम, 12 बोर के आठ कारतूस बरामद किये हैं । दोनों अभियुक्त गिरफ्तार कर लिये गये हैं ।

## स्कूटर छीन लिया

नवांशहर (गौतम): गत शाम लगभग साढ़े छः बजे स्थानीय भीड़ भरे क्षेत्र सब्जी मंडी के सामने दिनेश किरयाना शाप के मालिक श्री वीरेंद्र कुमार चोपड़ा से दो उग्रवादी स्कूटर सवार पिस्तौल की नोक पर स्कूटर नम्बर पी.ए.यू. 1707 तथा साढ़े तीन हजार रुपये नकद छीन कर ले गये ।

बताया जाता है कि श्री चोपड़ा दुकान बंद करने के बाद वापस घर जाने वाले ही थे कि दो नकाबपोश, जो कि क्लीन शेव थे तथा जिनकी आयु 22-24 वर्ष थी, वहां आए और श्री चोपड़ा को जान से मार देने की धमकी देने के बाद स्कूटर और नकदी लेकर फरार हो गये । इन नकाबपोशों ने एक हवाई फायर भी किया ।

इन उग्रवादियों ने एक अन्य दुकानदार को चुप रहने की धमकी दी । यह घटना पुलिस स्टेशन से सिर्फ आधा फ्लांग की दूरी पर हुई ।

एस.एच.ओ. श्री गुरदयाल सिह ने इलाका की नाकाबंदी करके अभियुक्तों की तलाश आरम्भ कर दी है ।

फगवाड़ा से हमारे संवाददाता (कौड़ा) के अनुसार एक अभियुक्त ने चादर ओढ़ रखी थी । छीना गया स्कूटर बजाज चेतक सलेटी रंग का था । पुलिस ने इस संबंध में धारा 382 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । इस घटना से क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है ।

## दुकानदार की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): फिरोज़पुर छावनी निवासी 24 वर्षीय दुकानदार गोबिंद राम पर गत रात चार व्यक्तियों ने, जोकि तेज धार हथियारों से लैस थे, आक्रमण कर दिया । जिससे उसकी मृत्यु हो गई जबकि उसका साथी सुभाष चंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गया । यह घटना फिरोज़पुर सदर पुलिस थाने के निकट हुई जबकि ये दोनों साइकलों पर सवार होकर पुल पार कर रहे थे । अभियुक्त रात के अंधकार में भाग खड़े हुये । सदर पुलिस थाने ने केस दर्ज कर लिया है ।

## खतरनाक आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): जिला संगरूर के लौंगोवाल गांव के खतरनाक आतंकवादी भूरासिह को पटियाला पुलिस ने सामाना सब-डिवीजन के अरई माजरी गांव के निकट एक नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । वह एक घोषित भगौड़ा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पंजाब सरकार ने 5000 रुपए का इनाम घोषित कर रखा था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री भुल्लर के अनुसार अभियुक्त पुलिस थाना गुहला (हरियाणा) स्थित धर्म स्थान के पुजारी की हत्या, बायना गांव में पुलिस पार्टी पर फायरिंग, गुहला पुलिस थाने के एक डकैती के केस व अन्य अनेक केसों में पुलिस को वांछित था ।

इसी बीच हाल ही में कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा पटियाला जिले में डेरा बस्सी के निकट कथित रूप से गोली चलाए जाने की घटना का रहस्य सुलझा लिया गया है । इसमें एक होम गार्ड वालंटियर स्वर्णराम की मृत्यु व उसका भतीजा जंत सिह जो कि उसके साथ ही होमगार्ड के रूप में ड्यूटी पर था, घायल हो गया था ।

श्री भुल्लर ने सम्वाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि जंत सिह की पत्नी श्रीमती भागो से मृतक अवैध सम्बन्ध स्थापित करना चाहता था व कुछ दिन पूर्व उसने उससे बलात्कार का प्रयास किया था । भागो ने इस सम्बन्ध में अपने पति को बता दिया ।

उस रात जंत सिह स्वर्णराम के साथ ड्यूटी पर था तथा उसने अपनी राइफल से स्वर्णराम की हत्या कर दी और उसके बाद अपने बाएं हाथ व बाएं जांघ पर कुछ चोटें लगा लीं । डाक्टरी रिपोर्ट से सारा भेद खुल गया तथा रहस्य सुलझाने में पुलिस को सहायता मिली ।

जंतसिह ने अब यह स्वीकार कर लिया है कि उसने अपने चाचा स्वर्णराम की इसलिए हत्या की क्योंकि वह उसकी पत्नी की इज्जत लूटना चाहता था । उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है ।

## दो पिस्तौल बरामद : 2 काबू

अमृतसर (य.): पुलिस ने कश्मीरा सिह और दलबीर सिह नामक दो व्यक्तियों को गत रात्रि सरहाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से दो 12 बोर के रिवाल्वर और कारतूस बरामद हुए ।

# उग्रवादियों द्वारा अमृतसर में 4 जगह फायरिंग, 1 मरा, 5 घायल, एस.पी. की कार व पुलिस जीप पर गोली चलाई

चंडीगढ़, 28 नवम्बर (यू. प्रै.): उग्रवादियों ने पंजाब में अपनी गतिविधियां एकदम से तेज कर दीं और अमृतसर जिले में चार जगह फायरिंग करके एक सरपंच की हत्या कर दी और तीन पुलिस कर्मियों सहित 5 लोगों को घायल कर दिया । उग्रवादियों ने एक पुलिस जीप व एस. पी. आप्रेशन की कार पर भी फायरिंग की ।

## सरपंच की हत्या

पुलिस के अनुसार आज सायं वल्टोहा क्षेत्र के घड़याल ग्राम में तीन उग्रवादियों ने पीताम्बर दास नामक सरपंच की हत्या कर दी । घटना के समय सरपंच स्कूटर पर जा रहा था । उग्रवादी उसके स्कूटर पर ही फरार हो गए । पीताम्बर दास पुलिस इंस्पैक्टर बुआ दास का रिश्तेदार था जिसकी उग्रवादी पहले ही हत्या कर चुके हैं ।

अमृतसर से दीपक शर्मा के अनुसार आज सायं जिला अमृतसर में डेढ़ घंटे के अन्दर-अन्दर 3 हिंसक घटनाएं हुईं । बताया जाता है कि एस. पी. आप्रेशन श्री एस. एस. सैंठी की कार पर सायं 6.15 बजे 3 अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग की । श्री सैंठी उस समय नौशहरा से सरहाली में एक नाकाबंदी का निरीक्षण करने जा रहे थे । उनके साथ कार में 2 गनमैन और एक ड्राइवर सवार था । फायरिंग करने वाले अभियुक्त एक मोटर साइकल पर सवार थे । श्री सैंठी की कार में सवार सभी व्यक्ति बाल-बाल बच गए ।

दूसरी घटना सायं साढ़े छः बजे थाना नौशहरा के गांव खब्बे राजपूतां में हुई । बताया गया है कि थाना सरहाली के एस. एच. ओ. सब इंस्पैक्टर चरण सिंह थाने से गांव की मुख्य सड़क पर एक जीप में अपने सहयोगियों के साथ गश्त का निरीक्षण कर रहे थे कि दो युवकों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग की । ये दोनों अभियुक्त स्कूटर नं. पी. जे. ई. 3125 पर सवार थे, जो कल पट्टी से एक व्यक्ति संजीव कुमार से छीना गया था । पता चला है कि जब पुलिस पार्टी ने अभियुक्तों का पीछा किया तो वे स्कूटर को खेतों में फैंक कर छिपते-छिपाते भाग जाने में सफल हो गए ।

उग्रवादियों की गोली से जीप में सवार होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया, जबकि एस. एच. ओ. चरण सिंह को हाथ पर गोली लगी ।

पुलिस ने कहा है कि गांव खब्बे राजपूतां में उग्रवादियों द्वारा कथित फायरिंग करने से सब-इंस्पैक्टर चरण सिंह और एक कांस्टेबल घायल हो गए, जब कि एक कांस्टेबल गांव मानोचाल के निकट घायल पड़ा मिला । उसे यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है, उसकी दशा नाजुक है ।

'प्रै. ट्र.' के अनुसार सरहाली क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से एस. एच. ओ. सरहाली भी घायल हो गया ।

तीसरी घटना थाना वल्टोहा के गांव घड़याला में हुई । बताया गया है कि गांव का आढ़ती पदम्बर दास सायं 5.50 बजे अपनी दुकान पर बैठा हुआ था कि दो युवक पैदल आए, जिनके हाथों में पिस्तौलें थीं । उन्होंने आते ही पदम्बर दास की दुकान को निशाना बना कर फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे दुकान पर बैठा एक पल्लेदार और पदम्बर दास गम्भीर रूप से घायल हो गए । कहा गया है कि फायरिंग की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए तो अभियुक्त हवाई फायरिंग करते हुए वहां से पैदल ही भाग निकले । पदम्बर दास की बाद में यहां सरकारी अस्पताल में मृत्यु हो गई ।


एक अन्य घटना में कमालपुर ग्राम के पास दो उग्रवादियों ने बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।



Punjabi Sahatani







(1) शुक्रवार को घड़ियाल ग्राम में उग्रवादियों द्वारा मारे गये पीताम्बर दास का शव (पूर्व चित्र में इनसैट में), (2) मृतक का शोक संतप्त परिवार विलाप करते हुए । (3) इसी फायरिंग कांड में घायल पल्लेदार ।

# एक उग्रवादी पीताम्बर पर गोलियां चलाता रहा, दो शस्त्र ताने रहे

अमृतसर, 29 नवम्बर (अशोक सोनी): अमृतसर से लगभग 60 किलो मीटर दूर गांव घरियाला थाना वल्टोहा तहसील पट्टी में एक आढ़ती पीताम्बर दास की गत सायं उग्रवादियों ने घरियाला अनाज मंडी में लगभग 200 पल्लेदारों की मौजूदगी में गोलियां मारकर हत्या कर दी । उग्रवादियों का लोगों ने राइफलें, बंदूकें लेकर तथा पुलिस ने लगभग एक किलो मीटर तक पीछा किया परन्तु उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए गांव काली तलवंडी के मंड क्षेत्र की ओर निकल भागने में सफल हो गए ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पीताम्बर दास (43) जिनकी अपनी आइस फैक्टरी भी है, कल सायं करीब पौने पांच बजे अपने घर से एफ. सी. आई. के एक क्वालिटी इंस्पैक्टर जगीर सिह के साथ अपने घर से करीब आधा फर्लांग दूर अनाज मंडी की ओर गए थे । श्री पीताम्बर दास अनाज मंडी में जगीर सिह के सामने बोरियों पर बैठे ट्रकों में गेहूं की बोरियां लदवा रहे थे कि करीब सवा पांच बजे गांव की ओर से रेलवे लाइन को पार करके तीन उग्रवादी, जिन्होंने अपने चेहरे ढांप रखे थे, पीताम्बर दास की ओर बढ़े । इनमें से एक उग्रवादी जो अच्छे कद का था तथा तम्बा बांध रखा था, ने पीताम्बर दास के निकट पहुंचते ही उनके सिर पर तीन गोलियां मारीं जिनमें से एक उनकी गर्दन में तथा दो सिर में लगीं । उनकी वहीं मृत्यु हो गई ।

इस दौरान शेष दो उग्रवादी, जिनमें से एक के पास रिवाल्वर और दूसरे के पास राइफल थी, हमलावर उग्रवादी की सहायता के लिए अपने हथियार ताने दाएं-बाएं खड़े रहे तथा लोगों को वहां से भागने के लिए इक्का-दुक्का फायरिंग भी करते रहे ।

श्री जगीर सिह के अनुसार उग्रवादियों की गोलियों की आवाज़ें सुनकर सभी पल्लेदारों में भगदड़ मच गई जिनमें के कुछ तो गांव की तरफ भागे और वहां से सशस्त्र ग्रामीणों को साथ ले आए । कुछ लोग निकट ही स्थित पुलिस चौकी की तरफ भागे व वहां से एक ए. एस. पी. व हवालदार को बुला जाए । यह सभी जब घटनास्थल पर पहुंचे तो राइफल वाला उग्रवादी श्री पीताम्बर दास जो मर चुके थे, पर अपनी राइफल से गोलियां चला रहा था ।

पल्लेदारों ने बताया कि ग्रामीणों और पुलिस कर्मचारियों ने दो ओर से फायरिंग करके उग्रवादियों को घेरने का प्रयास किया परन्तु वे वृक्षों की आड़ में और पोज़ीशनें बनाकर बार-बार पुलिस व ग्रामीणों का मुकाबला करते रहे तथा धीरे-धीरे मंड क्षेत्र की ओर बढते रहे । इन पल्लेदारों ने बताया कि उग्रवादियों के पास काफी मात्रा में गोली सिक्का था जिससे उन्होंने लगभग एक घंटा तक मुकाबला किया जब कि पुलिस वालों तथा ग्रामीणों को गोलियां खत्म हो जाने तथा अंधेरा बढ़ जाने के कारण वापस लौटने पर विवश होना पड़ा । उग्रवादियों की ताबड़तोड़ फायरिंग से जीत सिह नामक एक पल्लेदार भी घायल हो गया । जीत सिह के दाएं घुटने में गोली लगी तथा वह घरियाला अस्पताल में दाखिल है ।

श्री पीताम्बर दास को कुल 8 गोलियां लगी बताई जाती हैं जो इसके सिर, गले, पीठ व छाती में लगीं । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लम्बा उग्रवादी सब से अधिक फुर्तीला था और उसने चादर ओढ़ रखी थी । दूसरे उग्रवादी जिसके पास रिवाल्वर था, ने भी चादर ओढ़ रखी थी । श्री पीताम्बर दास अपने पीछे पत्नी प्रेम रानी तथा तीन बच्चे छोड़ गए हैं जिनमें 20 तथा 10 वर्ष आयु के 2 लड़के व एक 15 वर्षीय लड़की है । श्री पीताम्बर दास अपने चार भाइयों में सब से छोटे थे । स्वर्गीय के एक भाई हरीश चन्द्र ने बताया कि पीताम्बर दास का सब से बड़ा लड़का दिमागी तौर पर असंतुलित है । उन्होंने बताया कि उनके भाई की गांव में किसी से कोई शत्रुता नहीं थी । उन्होंने बताया कि उग्रवादी जाते समय पीताम्बर दास का सोने का कड़ा तथा कलाई घड़ी भी उतार कर ले गए ।

उन्होंने बताया कि जिस तरह से उग्रवादी पोज़ीशनें लेकर लोगों पर फायरिंग करते रहे, उससे स्पष्ट होता है कि वे इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए थे ।

## गोली कांड में 1 बंदी

श्री पीताम्बर दास की हत्या के सम्बन्ध में जो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

## पीताम्बर दास

(पृष्ठ 1 का शेष)

सरकारी रिपोर्ट अमृतसर पुलिस मुख्यालय हुई है, उसमें कहा गया है कि श्री पीताम्ब कल शाम साढ़े 5 बजे तीन उग्रवादियों ने फायरिंग करके हत्या की । ए.एस.आई. घरियाला पुलिस चौकी में तैनात था, की सहायता से उग्रवादियों, जो दो रि राइफल से लैस थे, का पीछा किया । मुकाबले के दौरान एक मजदूर घायल अस्पताल में दाखिल कराया गया और खतरे से बाहर है । पुलिस व आ किलोमीटर तक उग्रवादियों का पीछा मैं भाग निकले । पुलिस ने एक व्य किया है तथा उससे पूछताछ की उग्रवादियों की तलाश में अतिरिक्त फो की छानबीन शुरू कर दी गई है ।

यू.न्यू. के अनुसार एस.एस.पी. श्री अनुसार कल रात सरहाली में कोई पुलिस घायल नहीं हुआ था । होमगार्ड के एक जवा जांघ में गोली लगी जबकि उनकी जीप पर दो सवारों ने फायरिंग की ।

श्री विर्क ने कहा कि दो स्कूटर सवार उग्रवा ने एस.पी. आप्रेशन श्री महेंद्र सिंह सेठी की का गोलियां चलाईं जबकि वह पुलिस की ग निरीक्षण करने नौशहरा पन्नुआं गए थे । ज सेठी के साथी पुलिस अधिकारियों ने जवाबी फा की तो उग्रवादी स्कूटर पीछे छोड़ कर खेतों में निकले ।

ारी
रित
क्रानि
ी
लता...

हां छापे
ा): आय क
में सात फिल्मी
5 प्रतिष्ठानों पर

197-85/SHABD/2-3-।।

गई तथा दो अन्य निहंगों को तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनके डेरे पर हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया । जिन्हें अमृतसर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एक मास पूर्व तरनादल के प्रमुख बाबा काहन सिह तथा उनके अंगरक्षक की उग्रवादियों ने नांदेड़ (महाराष्ट्र) के गरुद्वारे में हत्या कर दी थी । हमारे संवाददाता अशोक सोनी ने सूचना दी है कि थाना भिक्खीविंड के गांव फूहला में निहंग बाबा काहन सिह के एक पैरोकार बाबा अजीत सिह के डेरे गुरुद्वारा भाई तारु सिह के बाहर गत रात लगभग साढ़े नौ बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की तथा हथगोले से हमला किया ।

घायलों में से एक का नाम सुच्चा सिह (45 वर्ष) तथा दूसरे का मंगल सिह (43) है । एक गोली सुच्चा सिह की छाती में बाईं ओर तथा दूसरी गोली उसकी बाईं कलाई में लगी है जबकि मंगल सिह के पेट में घाव आए हैं जिससे उसकी अंतड़ियां भी बाहर निकल आई हैं ।

घटना का विवरण देते हुए अमृतसर के अस्पताल में उपचाराधीन सुच्चा सिह ने बताया कि घटना के समय डेरा भाई तारु सिह से हम चार-पांच निहंग जिनमें वह स्वयं निहंग अजीत सिह, मंगल सिह, बलदेव सिह आदि शामिल थे, गांव से बिस्तर इकट्ठे करने के लिए बाहर निकले थे कि बाहर निकलते ही गुरुद्वारे के सामने अंधेरे में हम पर बंदूकों तथा स्टेनगनों से अचानक फायरिंग होने लगी । इस पर हमारे निहंग नेता अजीत सिह ने भी अपनी बंदूक से कुछ गोलियां चलाईं । सामने की ओर से बेतहाशा फायरिंग से बलदेव सिह की गर्दन में गोली लगी जिससे वह वहीं दम तोड़ गया ।

सुच्चा सिह ने बताया कि उसी दौरान गुरुद्वारा से हमारे और साथी भी अपनी-अपनी बंदूकें (जिनकी संख्या 13-14 बताई गई) लेकर गुरुद्वारे से फायरिंग करने लगे ।

सुच्चा सिह ने बताया कि इस पर सामने की ओर से हम पर हथगोले फेंके गए । हथगोलों की संख्या सुच्चा सिह ने तीन बताई । हथगोलों से मंगल सिह घायल हो गया ।

## अढ़ाई घंटे फायरिंग

सुच्चा सिह ने बताया कि यह फायरिंग लगभग अढ़ाई घंटे चली । उसने कहा कि अंधकार के कारण वह आक्रामकों की संख्या ठीक-ठीक तो नहीं बता सकता लेकिन अंधाधुंध फायरिंग से इतना निश्चित है कि आक्रामकों की संख्या आधा दर्जन से अधिक ही होगी । आक्रामकों द्वारा गुरुद्वारे को घेरे में लिए होने के कारण वे घायलावस्था में ही गुरुद्वारे में पड़े रहे तथा अंधेरा छंटने पर ही पुलिस को सूचना दे सके और अन्य निहंगों की सहायता से अस्पताल पहुंच सके ।

डाक्टरों ने दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार गोलियां चलाने से पहले उग्रवादियों ने कहा है कि वे उनके नेता बाबा काहन सिह की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं । पुलिस ने सारे इलाके को घेरने के बाद अभियुक्तों को पकड़ने के लिए सारे इलाके में छानबीन की कार्रवाई आरम्भ कर दी है । जिला पुलिस प्रमुख श्री विर्क ने बताया कि घटना के समय उपस्थित निहंगों के एक



Punjabi Sanatani

बरनाला में शनिवार की रात को उग्रवादियों द्वारा गोली चलाए जाने के बाद पुलिस के साथ उनकी भिड़न्त हो गई । (1) उग्रवादियों की गोली का शिकार मृतक हीरा लाल । (2) पुलिस गोली से मरा उग्रवादी जगतार सिंह । (3) उग्रवादियों की गोली से घायल मुनीम अशोक कुमार । (4) जीवन कुमार जिसे उग्रवादी भागते समय घायल कर गए । (5) वह दीवार जहां से पुलिस के साथ उग्रवादियों की मुठभेड़ हुई । (6) वह दुकान, जिस पर उग्रवादियों ने हमला किया था ।

(छाया : सिंधवानी)

# उग्रवादियों द्वारा लुधियाना में भाजपा वर्कर की हत्या

## पक्कां कलां में कोआप्रेटिव बैंक के कैशियर से 11 हजार रु. लूटे

## मलोट-भटिंडा रेल लाइन पर ट्रेन उलटाने का प्रयास

**चंडीगढ़, 2 दिसम्बर (यू.प्रे., वार्ता, नि.स.):** आज उग्रवादियों ने लुधियाना में एक बीमा एजेंट व भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी और उससे दसहजार रुपए छीन लिए, भटिंडा के ग्राम पक्काकलां में एक बैंक कैशियर से 11 हजार रु. लूट लिए तथा कल रात मलोट-भटिंडा रेल लाईन पर लोहे की मोटी छड़ें रखकर ट्रेन उलटाने का प्रयास किया।

### कैशियर लूटा

भटिंडा से मिली एक सूचना के अनुसार आज कप्पकलां ग्राम में दो उग्रवादियों ने सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक के एक कैशियर से पिस्तौल की नोक पर 11000 रुपए लूट लिए और स्कूटर पर फरार हो गए।

### नायब तहसीलदार का स्कूटर छीना

अमृतसर के पास खडूर साहब में आज अपरांह्न दो उग्रवादियों ने एक नायब तहसीलदार मनोहर लाल से उनका स्कूटर छीन लिया। नायब तहसीलदार खडूर साहब जा रहा था। यू.न्यू. के अनुसार यह घटना नागोके ग्राम के पास हुई जिसमें नायब तहसीलदार बोधराज का स्कूटर छीना गया।

लुधियाना से धीमान के अनुसार आज बाद दोपहर यहां जगराओं पुल के नीचे की आबादी सुखराम नगर में दो अज्ञात स्कूटर सवार संदिग्ध उग्रवादी युवकों ने एक भाजपा कार्यकर्त्ता श्री राम वर्मा को गोली मार दी तथा उनका कैश-बैग लेकर फरार हो गए।

राम वर्मा को अत्यंत गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार 24 वर्षीय युवक श्री राम वर्मा जो किसी बैंक के लिए दैनिक वसूली का काम करता था, आज दोपहर का काम समाप्त करके मोपेड पर अपने घर वापस जा रहा था कि सुखराम नगर आबादी की एक गली में वैस्पा स्कूटर पर सवार दो युवकों ने उसे घेर लिया और उस पर गोली चलाई।

श्री राम वर्मा जब गिर पड़े तो अभियुक्त उसका कैश-बैग लेकर फरार हो गए। अभी तक यह मालूम नहीं हो सका कि बैग में कितनी रकम थी। कुछ सूत्रों के अनुसार बैग में दस हजार रुपए से अधिक रकम थी। श्री वर्मा भारतीय जीवन बीमा निगम, बैंकों तथा कुछ अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए कैश कलैक्टिंग एजेंट का काम करते थे।

यह घटना राम वर्मा के मकान के बाहर हुई जो अपने मोपेड पी.ए.एल. 5071 पर सवार होकर अपने घर के बाहर आकर रुके। जब वे मोपेड से उतरे तो पीछे से दो स्कूटर सवार वहां पहुंच गए। इनमें से एक स्कूटर के पास खड़ा रहा जबकि उसके पीछे बैठे साथी ने आगे बढ़कर राम वर्मा पर गोली चलाई। ज्यों ही राम वर्मा गिरा, गोली चलाने वाले ने उसका बैग उठा लिया और वह दोनों अपने स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए।

मृतक राम वर्मा एक अध्यापक श्री करतार चंद वर्मा का बड़ा लड़का था। यह घटना मृतक के घर से बाहर जी.टी. रोड से 5-7 गज की दूरी पर हुई। उल्लेखनीय है कि जगराओं पुल, जिसके नीचे सुखराम नगर है, के ऊपर पुलिस पिकट भी मौजूद है। सूचना मिलते ही उच्च पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

जोशी की सूचना के अनुसार मृतक राम वर्मा जो भूतपूर्व भाजपा सचिव कुलतार वर्मा का लड़का था, के बारे में पता चला है कि आज सुबह उसने छोटी बचतों के 64 हजार रुपए के चैक तथा कैश स्टेट बैंक फव्वारा चौक में व 55 हजार रुपए यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया के कार्यालय में जमा कराए। वह घर की तरफ आ रहा था।

एस.एस.पी. के अनुसार किसी ने किसी को कहा कि उस युवक के बैग में 64 हजार रुपया है। यह बात सुन कर एक स्कूटर सवार युवक उसके पीछे लग गया। वर्मा जब घर के निकट पहुंचा और आक्रामक ने उसका बैग छीनना चाहा तो वर्मा ने इसका प्रतिरोध किया। इस दौरान एक गोली भी आक्रामक ने चलाई। वर्मा बैग को वहीं छोड़ कर घर की ओर भागा तो आक्रामक ने एक गोली पीछे से चलाई।

### अंतिम संस्कार

यह भी पता चला है कि राम वर्मा का पोस्टमार्टम आज शाम तक नहीं किया गया। अंतिम संस्कार कल किया जाएगा। आज जब एस.एस.पी. श्री बैंस तथा अन्य पदाधिकारी कुलतार वर्मा के घर गए तो उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि छः मास पूर्व एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि लड़के का जीवन बहुत थोड़ा है। इसके उपाय किए जा रहे थे मगर जिंदगी ने वफा न की।

### अभियुक्त का हुलिया

जोशी के अनुसार एस.एस.पी. श्री सुरजीत सिंह बैंस, जो घटना के पश्चात् तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और वहां दो घंटे तक जांच-पड़ताल की, ने बताया कि जो विवरण पता चले हैं, उनके अनुसार अभियुक्त की आयु 22-23 वर्ष, कद दरम्याना, रंग सांवला और उनके मुंह पर चेचक के दाग थे। उसकी दाढ़ी छोटी और कटी हुई थी। उसने ब्राऊन रंग का कोट, स्लेटी रंग की पैंट और सिर पर कत्थई रंग की छोटी पगड़ी पहनी हुई थी।

### पड़ौसियों को डराया

यह भी पता चला है कि अभियुक्त ने पड़ौसी दुकानदारों को पिस्तौल दिखाकर डराने की भी कोशिश की थी और वे पहले से स्टार्ट स्कूटर पर सवार होकर जगरांव पुल से संलग्न सुखराम नगर की सड़क से होता हुआ फील्डगंज की ओर भाग जाने में सफल हो गया। इस बात की भी सम्भावना है कि उग्रवादियों की संख्या दो हो सकती है।

पता चला है कि मृतक राम वर्मा अभियुक्त के साथ गुत्थमगुत्था भी हुआ। इसी दौरान अभियुक्त ने

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## परीक्षाएं स्थगित

**अमृतसर, 2 दिसम्बर (अशोक):** गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से जारी एक सूचनानुसार 3 और 4 दिसम्बर को होने वाली 'समैस्टर' परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। ये परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर, बी.यू.सी. कालेज बटाला और रिजनल सैंटर जालन्धर में हो रही हैं। बताया जाता है कि सिख छात्र संगठन द्वारा इन दिनों हड़ताल की घोषणा के दृष्टिगत ये परीक्षाएं स्थगित की गई हैं।

Punjabi Sanatani

# लुधियाना में हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

राम वर्मा की पीठ में गोली मार दी, जो आर-पार हो गई।

## सारा क्षेत्र सील

अधिकारियों ने थाना फोकल प्वायंट का सारा क्षेत्र सील कर दिया है और प्रभावित क्षेत्र एवं सारे जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया है।

आज यहां भाजपा की बैठक में फैसला किया गया कि मंगलवार को राम वर्मा के अंतिम संस्कार तक शहर बंद रहेगा। यह बैठक श्री खुशी राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राम वर्मा की हत्या पर दुःख तथा रोष व्यक्त किया गया तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

## ट्रेन उलटाने का प्रयास

मलोट से गोयल के अनुसार मलोट-भटिंडा रेल लाइन पर गत दिवस राजस्थान नहर तथा गिद्दड़बाहा के मध्य लोहे के 20-25 बड़े टुकड़े रखे हुए पाए गए। बताया जाता है कि गश्त करनेवालों ने रेल लाइन पर लोहे के टुकड़ों को रखते हुए एक व्यक्ति को देखा।

जब इन लोगों ने उसे ललकारा तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गिद्दड़बाहा की ओर भाग गया। यह घटना रात्रि साढ़े सात बजे हुई।

मलोट से चल चुकी यात्री गाडी को चौकीदार ने रास्ते में लाल बत्ती दिखा कर रोका। इस प्रकार एक बड़ी रेल दुर्घटना होते-होते बची। इस घटना के संबंध में गिद्दड़बाहा थाने तथा मलोट रेलवे कार्यालय को सूचना दी गई। बाद में रेलवे लाइन से उक्त लोहे के टुकड़ों को हटाकर रेल यातायात शुरू किया गया।

नकोदर (प्र.): गत रात नकोदर-फगवाड़ा मार्ग पर गांव भेकगुलानी के निकट नकोदर के अखबार विक्रेता प्रवीन कुमार आफ गगन बुक सैंटर को लूटने की कोशिश किए जाने की सूचना मिली है। बताया जाता है कि प्रवीन कुमार की खूब मार पीट की गई। यह घटना उस समय हुई जब उक्त समाचार पत्र विक्रेता सरींह गांव से अखबारों के बिलों की रकम इकट्ठी करके शाम के लगभग सात बजे वापस नकोदर आ रहा था। एक आक्रमक जिसने सिर पर पटका बांध रखा था, ने प्रवीन कुमार को साइकल से नीचे खींच लिया लेकिन प्रवीन के शोर मचा देने पर वे भाग खड़े हुए।

## बरनाला में शोक हड़ताल

बरनाला (स.): यहां के प्रमुख व्यापारी श्री हीरा लाल की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप व्यापार मंडल के आह्वान पर आज यहां पूर्ण हड़ताल रही। सब्जी विक्रेताओं और हलवाइयों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं।

## 25 इश्तहारी अभियुक्त अभी भी फरार

जालंधर (भनोट): पता चला है कि जिला जालंधर में अभी 25 ऐसे उग्रवादी इश्तहारी फरार अभियुक्त हैं जिन्होंने अपने-आप को अधिकारियों के हवाले नहीं किया, हालांकि बरनाला सरकार उग्रवादियों की लगभग आम माफी की घोषणा कर चुकी है। पुलिस ने हाल ही में पहले छोड़े जा चुके एक उग्रवादी को फिर बरदात करने पर गिरफ्तार किया है।



सर्कुलर रोड बटाला का 25 वर्षीय युवक विपिन कुमार शर्मा उर्फ विक्की जिसकी 7-8 दिसम्बर की रात को कृष्णा सिनेमा के निकट गली में अज्ञात व्यक्तियों ने किसी भारी वस्तु से उसके सिर पर प्रहार करके हत्या कर दी । (छाया : कोछड़)

# जालंधर में डी.एस.पी. के बेटे की हत्या का प्रयास, बटाला व करतारपुर में दो हत्याएं

चंडीगढ़, 8 दिसम्बर (प्रे., यू., वा.): उग्रवादियों ने गत रात्रि में व आज भी अपनी आतंकवादी गतिविधियों के अन्तर्गत पंजाब के विभिन्न भागों में हिंसा की गतिविधियां कीं । बटाला में बटाला क्लब विस्फोट कांड में संदिग्ध एक युवक की हत्या कर दी गई । करतारपुर में तीन मोटर साइकल सवारों ने आज एक वृद्ध व्यक्ति की उसके घर में घुसकर हत्या कर दी । कत्थू नंगल क्षेत्र के गांव जन्तीपुर में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक कपड़ा विक्रेता को गोली मारकर घायल कर दिया । पटियाला में जिलाधीश ने सतर्कता के तौर पर रात्रि बसों के चलाने पर रोक लगा दी है । जालन्धर में गत रात्रि एक डी. एस. पी. के पुत्र पर भी गोली चलाई गई ।

### बटाला क्लब विस्फोट कांड में संदिग्ध की हत्या

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार स्थानीय सर्कुलर रोड निवासी 25 वर्षीय विपिन कुमार शर्मा उर्फ विक्की की गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार करके हत्या की गई । स्थानीय पुलिस ने आज प्रातः उसका शव कृष्णा सिनेमा के निकट एक गली से बरामद किया ।

पुलिस ने प्रारम्भिक जांच के बाद बताया कि विपिन की हत्या कहीं और करके उसका शव यहां फैंका गया है क्योंकि उसके शव के आसपास कहीं भी उसके जूते नहीं मिले । पुलिस के अनुसार विक्की गत 21 मई, 1984 को बटाला क्लब में हुए विस्फोट में संदिग्ध अभियुक्त था । उसे गिरफ्तार भी किया गया था परन्तु बाद में रिहा कर दिया गया ।

मृतक की मां रक्षा देवी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । पुलिस के अनुसार यह हत्या व्यक्तिगत शत्रुता का परिणाम है । पुलिस ने दावा किया कि इसका सुराग लगा लिया जाएगा । दो लोग नामज़द किए गए हैं और तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

### वृद्ध की हत्या

करतारपुर से 'देवदत्त' के अनुसार 3 मोटर साइकल सवार युवकों ने आज यहां दिन में दिल्ली गेट के निकट एक मकान में घुसकर एक वृद्ध ओम प्रकाश मल्हन की गला घोंटकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि ये तीनों हैड कांस्टेबल की वर्दी पहने हुए श्री मल्हन के घर पर पहुंचे । उन्होंने घर के बाहर अपना मोटर साइकल खड़ा किया व घर के अन्दर गए । वहां पहुंचकर उन्होंने श्री ओम प्रकाश से कहा कि उनके विरुद्ध करतारपुर थाने में एक अर्ज़ी आई हुई है अतः वह पुलिस थाने चलें । इस पर श्री ओम प्रकाश की पुत्री अरुणा, जो जालन्धर में वकालत करती हैं, ने आपत्ति की व उन्हें अर्ज़ी दिखाने को कहा । इस पर तीनों अभियुक्तों ने श्री ओम प्रकाश को घसीटना शुरू कर दिया तथा बाद में उनका गला घोंटकर हत्या कर दी ।

हत्या के उपरांत वे दीवार फांदकर मोटर साइकल पर सवार होकर भाग गए ।

बताया जाता है कि श्री मल्हन की पुत्री अरुणा ने एक भागते हुए अभियुक्त को पकड़ भी लिया था, पर वह अपने-आपको छुड़ाकर भागने में सफल हो गया ।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है । बताया जाता है कि इन अभियुक्तों में से एक जिसने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी, की पहचान कर ली गई है । जालन्धर से उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं ।

### कपड़ा विक्रेता पर हमला

अमृतसर से 'प्रै. ट्र.' के अनुसार वहां से 35 किलो मीटर दूर कत्थूनंगल क्षेत्र में गांव जन्तीपुर में तीन अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने एक कपड़ा विक्रेता बलदेव सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया ।

उक्त कपड़ा विक्रेता के बाएं हाथ में गोली लगी है, उसे यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने जो कि उग्रवादी समझे जाते हैं, ने सम्भवतः दुकान में लूटपाट करने के उद्देश्य से आए थे । जब दुकान के मालिक ने उनका प्रतिरोध किया तो उन्होंने उस पर गोली चला दी । ये उग्रवादी दुकान की तिजोरी में रखे 299 रुपए उठा ले गए ।

अभियुक्त रेलवे स्टेशन की तरफ भागे थे । पुलिस ने उनका पीछा भी किया, पर वे अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए ।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# पंजाब में उग्रवाद

(पृष्ठ 3 का शेष)

## पाकिस्तानी रिवाल्वर बरामद

फिल्लौर से 'भाखड़ी' के अनुसार गत रात पुलिस ने निकटवर्ती गांव लसाड़ा में छापा मारकर एक व्यक्ति धर्मपाल को 32 बोर के अवैध रिवाल्वर सहित गिरफ्तार कर लिया । अभियुक्त से 107 खाली कारतूस के खोल तथा 8 जीवित कारतूस बरामद किए गए । पुलिस के अनुसार यह रिवाल्वर पाकिस्तानी है । धर्मपाल ने जालन्धर के किसी व्यक्ति से इसे खरीदा था । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

होशियारपुर से 'अश्विनी कपूर' के अनुसार गढ़दीवाला पुलिस ने हेजमा ग्राम के एक युवक दिलेर सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया है । पुलिस द्वारा उससे पूछताछ जारी है ।

## रात्रि बसों पर रोक

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार प्रदेश में उग्रवाद की घटनाओं में हाल ही में हुई वृद्धि के दृष्टिगत पटियाला जिले में आज से बसों को रात्रि में चलाने पर रोक लगा दी गई है । जिलाधीश श्री एस. के. सिन्हा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कोई भी यात्री बस जिले में 8 बजे रात्रि के बाद व प्रातः 5 बजे से पहले नहीं चल सकेगी ।

वैसे निम्नलिखित मार्गों पर रात्रि दस बजे तक पुलिस गार्डों के साथ बसें चल सकेंगी । ये मार्ग हैं (1) चंडीगढ़ से डेरा बस्सी होते हुए पटियाला, (2) पटियाला जिले में पड़ने वाला जी. टी. रोड का भाग, (3) चंडीगढ़ से पटियाला होते हुए संगरूर, (4) पटियाला-सरहिंद तथा (5) पटियाला-मालेरकोटला ।

## शम्भू बम विस्फोट का एक घायल चल बसा

गत माह 22 नवम्बर की रात्रि में शम्भू स्टेशन में यात्री गाड़ी में हुए बम विस्फोट में घायल एक और बिहारी श्रमिक भैया लाल की मृत्यु हो गई और इस प्रकार अब इस विस्फोट कांड में मृतकों की संख्या 4 हो गई है । इस बम विस्फोट कांड में नंगल-अम्बाला यात्री गाड़ी में सवार दो श्रमिकों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा 23 अन्य लोग घायल हो गए थे । इन घायलों में कांगड़ा के एक व्यक्ति प्रेमचन्द के सिर पर गहरी चोट आई थी । उसे पी. जी. आई. चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मृत्यु हो गई थी । भैया लाल की गत 6 दिसम्बर को अम्बाला सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

अभी तक इस विस्फोट कांड के सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है । वैसे आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत सिंह गुट) के कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया था । बाद में उन्हें छोड़ दिया गया ।

## डी. एस. पी. के लड़के पर गोली चलाई

जालन्धर (भनोट): कल लगभग पौने आठ बजे शाम गुरु तेग बहादर नगर में एक कोठी के गेट पर एक युवक परमजीत सिंह पर जो एक स्थानीय कालेज में एम. ए. अन्तिम वर्ष में है, एक उग्रवादी ने तीन गोलियां चलाईं । दो गोलियां तो वैसे खाली पाई गईं, तीसरी गोली उसे लग न सकी क्योंकि इस बीच वह भाग कर एक निकटवर्ती कोठी में छिपने में सफल हो गया । कोठी जालन्धर के भूतपूर्व डी. एस. पी. सरदार कृपाल सिंह काहलों की है । जिस युवक पर गोलियां चली हैं वह उनका बेटा है । घटना की रिपोर्ट थाना नं. 6 में दर्ज करवा दी गई है ।

पता चला है कि सरदार काहलों का परिवार कोठी में टैलीविजन देख रहा था कि मकान में रहने वाली किराएदार महिला साइकल वाले से दूध लेने गई । वहां दो युवकों ने उससे पूछा 'बीबी, परमजीत कहां है ? उसने जवाब दिया कि वह पता करके बताती है । इतने में श्री परमजीत सिंह आ गया । उससे इन युवकों ने यहां रहने वाले एक व्यक्ति मक्कड़ के घर का पता पूछा । उसने मकान का पता बता दिया । मगर उसे ऐसा लगा कि उसकी बात समझ नहीं आई । तब उसने इन युवकों से कहा वह गेट पर आकर समझ लें । मगर ज्यूं ही परमजीत सिंह गेट पर पहुंचा तो गेट पर आने वाले 30-35 वर्षीय केसरी पगड़ीधारी युवक ने रिवाल्वर निकालकर फायरिंग शुरू कर दी । परमजीत सिंह ने भाग कर जान बचाई । बाद में वे दोनों युवक जिन्होंने अपना एन्फील्ड मोटर साइकल निकट खड़ा किया हुआ था, पर सवार होकर अंधेरे में भाग गए । मकान के पिछवाड़े में सड़क की रोशनी नहीं जलती । उसका आक्रमणकारियों को लाभ रहा । दूसरा युवक 25-30 वर्ष का बताया जाता है और उसके सिर पर नीली पगड़ी थी । दीवार अन्दर से चार फुट ऊंची है, मगर बाहर से उसकी ऊंचाई अधिक हो जाती है क्योंकि सड़क उससे नीची है ।

श्री कृपाल सिंह काहलों जालन्धर से तरनतारन तबदील हुए थे और हाल ही में उनका गुरदासपुर का तबादला हुआ है । परमजीत सिंह ने बताया कि जहां तक उसे पता है, उसके पिता जी किसी हिट लिस्ट पर नहीं हैं न ही उनके परिवार की किसी के साथ कोई शत्रुता है ।

## पैट्रोल पम्प लूटा

लुधियाना (जोशी, मुसाफिर) : आज बाद दोपहर लुधियाना-मालेरकोटला रोड पर गुरुद्वारा आलमगीर के निकट 2 सशस्त्र स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एस. एस. मनचन्दा सर्विस स्टेशन का पैट्रोल पम्प लूट लिया और कैशबाक्स से 2790 रुपए लेकर फरार हो गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने 20 रुपए का पैट्रोल डलवाया और 100 रुपए का नोट दिया । पैट्रोल पम्प का कर्मचारी जब शेष राशि लेने के लिए अंदर गया तो अभियुक्त भी उसके पीछे चल गए और उसे पिस्तौल दिखाकर कैश बाक्स से 2790 रुपए की राशि निकाल ली ।

## लाश मिली

होशियारपुर 'प्र.' : यहां से 8 किलोमीटर दूर बस्सी दौलत खां में गत दिवस एक व्यक्ति की लाश पड़ी मिली है । यह बात स्पष्ट नहीं हो सकी कि वह किसी दुर्घटना का शिकार हुआ है या उसे कत्ल किया गया है । लाश की पहचान अभी नहीं हुई ।

## जालन्धर में इंका का चुनाव जलसा

जालन्धर, 8 दिसम्बर (भनोट): आज यहां मस्त राम पार्क में कांग्रेस (इ) की चुनाव सभा हुई, जिसमें लोकसभा के सदस्य राजेंद्र सिंह स्पैरो, श्रीमती गुरबिन्द्र कौर बराड़, डाक्टर केवल कृष्ण, चौधरी जगजीत सिंह , सुशील महाजन, गिरधारी लाल डोगरा और डी.ए. भनोट आदि नेताओं ने भाषण दिए ।

Punjabi Sanatan

## अध्यापक की हत्या

पृष्ठ 3 का शेष)

## ट्रेन यात्रियों को लूटने का मामला हल

पटियाला (भ.): अमृतसर में दो ट्रेन यात्रियों को लूटने का मामला रेलवे पुलिस ने हल कर लिया है और इसके लिए रेलवे पुलिस के ही कांस्टेबल बलदेव राज को कथित दोषी पाया गया है । रेलवे पुलिस के ए.आई.जी. के अनुसार नारायण दास और उसका साथी पंडूचरण उड़ीसा जाने के लिए अमृतसर स्टेशन पर आए । ट्रेन जाने में अभी देरी थी, अतः वह फिल्म देखने चले गए । इंटरवल में पास बैठे एक व्यक्ति ने उन्हें खाने को बिस्कुट दिए, जिससे दोनों बेहोश होगए । उक्त व्यक्ति उनका सामान लेकर भाग गया । जब वह अर्द्धमूर्छित अवस्था में स्टेशन पर पहुंचे तो एक वर्दीधारी पुलिस कर्मी ने उन्हें थप्पड़ मारे और दोनों से 1100 रुपए छीन लिए । बलदेवराज को गिरफ्तार करके निलम्बित कर दिया गया है ।

## कांस्टेबल गिरफ्तार

पटियाला (प्रे.): अमृतसर रेलवे स्टेशन पर तैनात एक रेलवे पुलिस कांस्टेबल बलदेव राज को रेलवे स्टेशन पर गत 16 दिसम्बर को दो व्यक्तियों को लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । इस सम्बन्ध में आज यहां जारी एक सरकारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कांस्टेबल पर दो व्यक्तियों से लगभग 1100 रुपए लूटने का आरोप था ।

## मान की पूर्ण सुरक्षा की मांग

कलकत्ता, 19 दिसम्बर (प्रे.): भ.पू. सांसद तथा प्रमुख वकील राम जेठमलानी ने सिमरनजीत सिंह मान के लिए पूर्ण सुरक्षा तथा सभ्य व्यवहार की मांग की है । मान ने आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के विरुद्ध त्यागपत्र दे दिया था और बिहार में जोगबनी के निकट गिरफ्तार कर लिए गए थे, जब वह नेपाल भागने की तैयारी कर रहे थे । 9 दिसम्बर को भरतपुर जेल से रिहाई के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने मान को पुनः गिरफ्तार कर लिया था । आंतरिक सुरक्षा के इंचार्ज केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अरुण नेहरू को भेजी गई तार प्रैस के लिए भी जारी की गई, जिसमें कहा गया है कि मान से वकीलों की उपस्थिति के बिना पूछताछ न की जाए ।

## मान बिहार ले जाए गए

बम्बई (प्रे.): सिमरनजीत सिंह मान, जिन्हें बम्बई पुलिस ने दो सम्प्रदायों में तनाव पैदा करने के आरोप में पकड़ा है, को गत मंगलवार को बिहार ले जाया गया । वहां वह बिहार पुलिस को भी एक केस में वांछित हैं ।

Punjabi Sanjhi

# आतंकवादियों ने स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के सामने ही अध्यापक को गोली मार दी

फिरोज़पुर, 19 दिसम्बर (बागी): एस.एस.पी. फिरोज़पुर श्री आर.एस. चालिहा ने थाना ज़ीरा के अन्तर्गत गांव मेहर सिंहवाला का दौरा करने के बाद बताया कि तीन युवा सिख आतंकवादी जिनकी उम्र लगभग 22 वर्ष थी, एक मोटर साइकल पर सवार होकर मेहर सिंहवाला के सरकारी प्राइमरी स्कूल में पहुंचे । इस स्कूल में 125 छात्र हैं तथा एक पुरुष व एक महिला शिक्षक है ।

इन युवकों ने 52 वर्षीय शिक्षक श्री राजपाल शर्मा को बुलाया और उसे रिवाल्वर से गोली चलाकर मार डाला । इस घटनास्थल से मात्र चार गज की ही दूरी पर धूप में बच्चे पढ़ रहे थे ।

श्री चालिहा ने बताया कि पुलिस दल पूरे क्षेत्र की छानबीन कर रहे हैं । उन्होंने कुछ अखबारों में छपी इस रिपोर्ट का खंडन किया कि मृतक का सम्बन्ध आर. एस. एस. से था । उन्होंने कहा कि यद्यपि मृतक एक लोकप्रिय व्यक्ति था, परन्तु उसका किसी भी राजनैतिक दल से सम्बन्ध नहीं था । वह पिछले 8 वर्षों से यहां कार्यरत था ।

यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि पिछले दो मास के दौरान इस जिला में आतंकवादियों द्वारा की गई यह पांचवीं हत्या है ।

# सांसदों, मंत्रियों के वेतन बिना बहस बढ़े

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर (वार्ता): संसद सदस्यों और मंत्रियों के वेतन और भत्ते बढ़ाने तथा राष्ट्रपति की पेंशन में वृद्धि संबंधी पांच विधेयक आज रात लोकसभा ने बिना बहस के पारित कर दिए ।

यह पांचों विधेयक आज रात ही पेश किए गए और इन्हें पारित करने में करीब पंद्रह मिनट का समय लगा । राष्ट्रपति का मासिक वेतन बढ़ाकर 15000 रु. मासिक किया गया है । राज्यसभा के सभापति का मासिक वेतन 2250 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। सेवा निवृत्त राष्ट्रपति की पेंशन 15000 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ा कर 30,000 रुपए प्रति वर्ष कर दी गई है ।

एक विधेयक के अनुसार केंद्रीय मंत्रियों को वेतन के अलावा सांसदों को मिलने वाले दैनिक भत्ते और पेंशन भी मिलेगी । मंत्रियों को सांसदों के समान ही निर्वाचन क्षेत्र भत्ता भी मिलेगा । मंत्रियों को सरकारी कामकाज के हित में निजी खर्च हेतु मासिक भत्ता दिया जाएगा । इस भत्ते की दर प्रधानमंत्री को 500 रुपए और उपमंत्री को 300 रुपए प्रति माह होगी । सभी मंत्रियों को परिवार के एक सदस्य के साथ भारत में किसी जगह की छः यात्राओं के लिए यात्रा भत्ता दिया जाएगा ।

पांच विधेयकों में से दो गृहमंत्री शंकर राव चवन ने और तीन विधेयक संसद कार्यमंत्री हरि किशन लाल भगत ने पेश किए । अभी उपमंत्रियों को प्रतिमाह 1750 रुपए और अन्य मंत्रियों को 2250 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है । संसद सदस्यों का मासिक वेतन 750 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया जाएगा । प्रत्येक सांसद को वर्ष भर में विमान से सोलह एकल यात्रियों का खर्च मिलेगा जिनका उपयोग संसद सत्रों के दौरान ही हो सकेगा । भूतपूर्व सांसदों की न्यूनतम पेंशन राशि 300 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए मासिक कर दी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# न्याय यात्रा को भजन लाल का आशीर्वाद प्राप्त : टोहरा

हरियाना, 19 दिसम्बर (मुसाफिर): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष श्री जी. एस. टोहरा ने कहा है कि चौधरी देवी लाल व अन्य विपक्षी नेताओं की न्याय यात्रा को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल का पूरा-पूरा आशीर्वाद प्राप्त है और इस सम्बन्ध में अब तक जो कुछ किया गया है, उसे हरियाणा के मुख्यमंत्री का पूर्ण समर्थन प्राप्त है ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री टोहरा ने कहा कि श्री भजन लाल का यह कहना था कि 26 जनवरी को चंडीगढ़ पंजाब के हवाले नहीं किया जाएगा, राजीव-लौंगोवाल समझौते का खुला

---

बटाला (यू.): 6 इश्तहारी अभियुक्तों समेत 10 और उग्रवादियों ने जिला गुरदासपुर में आत्म समर्पण कर दिया है । इस प्रकार यहां आत्मसमर्पण करने वालों की संख्या 24 हो गई है ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री जे. पी. विर्दी के अनुसार शेष 14 अभियुक्त अभी तक फ़रार हैं । उन्होंने बताया कि अधिकांश उग्रवादी गोली बारी, हत्याओं, आगज़नी, बम धमाकों व डकैतियों के मामलों में वांछित थे ।

अवतार सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तार जोगेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, कलमेक सिंह हत्या आदि के 14 मामलों में वांछित थे ।

फाज़िल्का (स.): सिटी पुलिस फाज़िल्का ने कल अबोहर-फाज़िल्का रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक कथित तस्कर जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्ज़े से 12 बोर की एक पिस्तौल बरामद की । जसपाल सिंह हेरोइन की तस्करी के एक मामले में पुलिस को वांछित था ।

## पिस्तौल बरामद

बाघापुराना (मित्तल): जैतो पुलिस ने एक युवक नरेश इन्द्र को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 455 बोर की एक पिस्तौल तथा 6 कारामद कारतूस बरामद किए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

## पैट्रोल पम्प लूटा

पटियाला (भूषण): चार अज्ञात सिख युवकों, जिनके आतंकवादी होने का संदेह है, ने गत सायं यहां से 25 किलो मीटर दूर नाभा में एक पैट्रोल पम्प लूट लिया ।

प्राप्त सूचना के अनुसार रिवाल्वरों से लैस उक्त अपराधी कल सायं 6.05 बजे नाभा-पटियाला रोड पर रोहटी पुल के निकट स्थित पैट्रोल पम्प पर आए और रिवाल्वर की नोक पर 7,100 रुपए लूट लिये । इसके बाद वहां खड़े एक तेल के टैंकर पर सवार होकर फरार हो गए । यह टैंकर बाद में पी. आर. टी. सी. के पटियाला स्थित वर्कशाप के पास खड़ा मिला । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

24 घंटों के दौरान जिला में लूट की यह तीसरी घटना है । आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने से व्यापारी वर्ग में आतंक व्याप्त है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# उग्रवादियों द्वारा फिरोजपुर में डा. बागी की हत्या

फिरोजपुर, 22 दिसम्बर (बागी): फिरोजपुर के प्रख्यात पत्रकार श्री सतपाल बागी के सुपुत्र डा. अनिल बागी की आज दो उग्रवादियों ने उनके अस्पताल में गोली मार कर हत्या कर दी । उनकी तत्काल मृत्यु हो गई । उनके अस्पताल का नाम बागी नर्सिंग एंड मैटरनिटी अस्पताल था । उन्हें सायं 6 बजे के लगभग गोली मारी गई ।

जिला शिकायत अधिकारी श्री ऋषि को भी उग्रवादी भागते समय गोली मार कर घायल कर गए । श्री ऋषि को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

श्री ऋषि अपनी कार पर पिछली सीट पर बैठ कर जा रहे थे और उग्रवादियों ने पीछे से गोली मारी जो शीशे को तोड़ती हुई उनके माथे के पास से गुजर गई । सम्भवतः वह शीशे के टुकड़े लगने से घायल हुए ।

चंडीगढ़ से 'यू. न्यू.' के अनुसार पंजाब के गृहसचिव ने बताया कि डा. बागी एक वर्ष पूर्व खुले अपने अस्पताल में बैठे थे । चार व्यक्ति वहां आए उनमें से एक मरीज बनकर अन्दर चला गया । ज्यों ही डा. बागी उन्हें देखने के लिए आगे बढ़े, तो हत्यारे ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी और डा. बागी मौका पर ही दम तोड़ गए । हमलावर के 3 अन्य सा भी गोलियां चलाते हुए भाग गए । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

## शिव सेना वर्कर की दुकान जला दी

दसूहा (सौंधी) : गत रात्रि यहां कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हिन्द शिव सेना दसूहा के कार्यकर्ता कश्मीरी लाल की किरयानों की दुकान के दरवाजे पर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी । आग के शोले देखते ही देखते भड़क उठे । बाद में आग पर काबू पा लिया गया । क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है ।

घटना की सूचना मिलते ही डी.एस.पी. सिटी दीवान चंद पुलिस फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और सरगर्मी से छानबीन शुरू कर दी ।

यह भी पता चला है कि कश्मीरी लाल के साथ की पांच दुकानों के दरवाजों पर भी मिट्टी का तेल छिड़का गया, मगर उन्हें आग नहीं लगाई गई । हिन्दू शिव सेना दसूहा के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि यह उग्रवादियों की कार्रवाई है, जो शांतिप्रिय जनता में आतंक फैलाना चाहते हैं ।

### 3 दुकानें जलीं

'प्रै. ट्र.' के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने चा॰ दुकानों को आग लगाई, लेकिन लोगों की सहायत समय पर मिल जाने के कारण एक दुकान को बच लिया गया । शरारतियों ने तेल से भीगे जलते हुए कपड़े दुकानों के अन्दर फैंके ।

जालन्धर (यू.): दो उग्रवादियों ने आज थाना नवांशहर के गांव कमाह के निकट एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया । अभियुक्तों का पता लगाने के लिए एक पुलिस पार्टी निकल पड़ी है । पुलिस ने छिने स्कूटर का नम्बर पी.पी.ओ. 7523 बताया है ।

इसी मध्य पुलिस ने एक स्कूटर छिने जाने के कुछ घंटे के अंदर ही बरामद कर लिया । यह स्कूटर बीस दिसम्बर को थाना शाहकोट के गांव लसूड़ी के निकट लैंडलार्ड भगवती प्रसाद से छीना गया था । यह स्कूटर लावारिस रूप से एक जगह पाया गया ।

लुधियाना (हि.स.): गत रात यहां चंद्र नगर में कुछ अज्ञात नवयुवक घर की दीवार फांद कर वहां पड़ा स्कूटर उठा कर भाग गए और जाते समय एक निकटवर्ती दुकान के गल्ले से एक हजार रुपया भी ले गए ।

# ी नेता गिरफ्तार

चाहती ।


लोकतंत्र बहाली मोर्चा लाहौर में सरकार के विरुद्ध पर्चे और पोस्टर बांट रहा है । श्री तासीर ने कहा कि इनका ख्याल है कि मोर्चे के बहुत से वर्कर भी पकड़े गए हैं । दर्जनों सरगर्म वर्कर भूमिगत हो गए हैं ।

जनरल जिया ने मार्शल-ला हटाने के लिए कोई तारीख निश्चित नहीं की है लेकिन ख्याल है कि वह बुधवार को मुहम्मद अली जिन्ना के जन्म दिन पर यह घोषणा करेंगे ।

# जालन्धर के इंका ध
# 8 सदस्यों को निका

जालन्धर, 22 दिसम्बर (भनोट): जालन्धर शहर की दो विधान सभा सीटों पर कांग्रेस (इ) की पराजय के बाद कांग्रेस (इ) के दोनों धड़ों के मध्य लड़ाई और तेज़ हो गई है । आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में जिला कांग्रेस (इ) के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री डी. एल. भनोट ने कहा कि कल पार्टी के दफ्तर में आयोजित जिस बैठक में उनकी जगह सरदार अवतार सिंह हैनरी जो जालन्धर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र से चुनाव हार गए हैं, को प्रधान चुना गया था, वह अवैध थी ।

Punjabi Sanatani



फिरोज़पुर में उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए डा. अनिल बागी (इन्सैट) का लहुलुहान पार्थिव शरीर । (छाया : सुनील राय कामरेड)

# डा. बागी की हत्या के विरोध में फिरोजपुर में पूर्ण हड़ताल

# खन्ना में बम विस्फोट से एक मरा, 10 घायल

## अमृतसर में दम्पति लुटा, होशियारपुर में तीन उग्रवादी बंदी

## दिल्ली में वैन रोक कर 2.15 लाख लूटे गये

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (प्रै.,यू.): पंजाब में उग्रवादी घटनाएं पुनः तेज हो गई हैं । खन्ना में आज सायं बम घटने से एक व्यक्ति मारा गया और दस अन्य घायल हो गए । चेहरा ढांपे तीन उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला गुरदासपुर के गांव बगराई में एक पटवारी के घर पर डाका मारा जबकि भिखीविंड जिला अमृतसर में एक दम्पति को लूट लिया । आज सायं ही दो अज्ञात व्यक्तियों ने फगवाड़ा के निकटवर्ती गांव में पिस्तौल की नोक पर एक टैक्सी ड्राइवर से उसकी टैक्सी और नगदी छीन ली । नई दिल्ली में तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने वैन रोक कर 2.15 लाख रुपए लूट लिए ।

**बम विस्फोट**

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार यहां प्राप्त पुलिस रिपोर्ट के अनुसार यहां से 40 किलो मीटर दूर खन्ना में आज सायं सिविल अस्पताल के बिल्कुल सामने बम फट जाने से एक व्यक्ति मारा गया और अन्य छः व्यक्ति घायल हो गए । एस.एस.पी. श्री बैंस खन्ना में दौरे पर गए हुए थे, वे घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और पुलिस ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है ।

ब्राऊन अस्पताल में तीन घायल नाजुक हालत में दाखिल करवाए गए हैं । वे हैं : अनिल कुमार, बलवंत और विश्वा ।

खन्ना से हमारे संवाददाता ने बताया कि सात घायलों के नाम मालूम हुए हैं, दो नाम पता नहीं चल सके । शेष घायलों के नाम इस प्रकार हैं : सरवनदास, सोमनाथ, बाबू राम और बुध राम । उन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । मृतक उत्तर प्रदेश का श्रमिक बताया जाता है ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार काफी शक्तिशाली बम खन्ना में लुधियाना-खन्ना जी.टी. रोड पर एक किरयाने की दुकान में फटा, जिसमें एक व्यक्ति के मरने के अतिरिक्त 10 व्यक्ति घायल हो गए । बम इतना शक्तिशाली था कि विस्फोट से पड़ोस की कई अन्य दुकानें भी प्रभावित हुईं । सभी घायल एक ही समुदाय के हैं । एक पीपे जैसी चीज में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी, बम के टुकड़े एक हलवाई, पान-सिगरेट की दुकान सहित अन्य दुकानों में भी बिखर गए ।

बम फटने के समय दुकान में तीन व्यक्ति बैठे थे, वे सभी ग्राहक थे । तीन अन्य व्यक्ति हलवाई की दुकान पर बैठे हुए घायल हुए । पान की दुकान के बाहर खड़े हुए व्यक्ति भी घायल हो गए । विस्फोट लगभग 5.45 बजे सायं हुआ और इस से थोड़ी आग सी भी लग गई लेकिन उसे तत्काल बुझा दिया गया ।

खन्ना नगर में अतिरिक्त पुलिस बल भेजा जा रहा है, जहां कुछ समय पूर्व उग्रवाद की घटनाओं के बाद हिंसा भड़क उठी थी । सरकारी सूत्रों ने कहा है कि अधिकारी कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते । एस.पी. (आप्रेशन) लुधियाना श्री जगजीत सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तुरन्त घटनास्थल पर रवाना हो गए हैं ।

**तीन उग्रवादी बंदी**

होशियारपुर से अश्विनी, सूद के अनुसार जिला होशियारपुर की पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है । उनके कब्जे से छीना गया स्कूटर और रिवाल्वर बरामद कर लिया गया है ।

एस. एस. पी. सुभाष चन्द्र जैन ने पत्रकारों को बताया कि गत रात्रि तीन उग्रवादी गढ़शंकर के निकटवर्ती गांव रुड़की खास के भगत सिंह के मकान में दाखिल हो गए तथा उसका 32 बोर का रिवाल्वर छीन कर फरार हो गए । श्री जैन के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस पार्टियां उनके पीछे रवाना हो गईं तथा एक जगह नाकाबंदी करके सुरेन्द्र सिंह व सुरजीत सिंह नवांशहर को गिरफ्तार कर लिया गया। यह दोनों उग्रवादी जो सगे भाई बताए जाते हैं, को एक बिना नम्बर स्कूटर सहित गिरफ्तार किया गया है । उग्रवादियों ने यह स्कूटर कुछ दिन पहले छीना था । छीने गए स्कूटर के अलावा उनसे वह पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया जो उन्होंने कल रात रुड़की खास के एक व्यक्ति से छीना था । गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों के बताने पर पुलिस ने उनके तीसरे साथी हरदीप सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है । तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 382 तथा शस्त्रास्त्र कानून के अन्तर्गत मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है ।

एस. एस. पी. ने यह भी बताया कि अभियुक्तों ने अन्य कई वारदातें भी की हैं । पूछताछ के दौरान उनसे ब्यौरा प्राप्त किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि दसूहा में शिव सेना वर्कर कश्मीरी लाल की दुकान को आग लगाने के बारे में जांच की जा रही है । उन्होंने कहा कि कुछ अखबारों (हिन्द समाचार नहीं) में प्रकाशित यह खबर गलत है कि चार दुकानों को आग लगाई गई है । सिर्फ एक दुकान को आग लगाई गई ।

'प्रद्युम्न' ने सूचना दी है कि गिरफ्तार-शुदा दो भाई एक टाइप वाले प्यारा सिंह के लड़के हैं । उसकी दुकान भगत सिंह की दुकान के पास है । दोनों लड़कों को मालूम था कि भगत सिंह के पास पिस्तौल है । उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर जब भगत सिंह से रिवाल्वर छीन लिया और जाने लगे तो भगत सिंह के लड़के ने एक को बालों से पकड़ लिया तथा वे गुत्थम-गुत्था हो गए । इससे उग्रवादियों की नकली विग खुल गई परन्तु उग्रवादी छुड़ाकर भागने में सफल हो गए ।

**पटवारी के घर पर डाका**

चंडीगढ़ (प्रै.): 3 संदिग्ध उग्रवादी, जिन्होंने चेहरे ढांप रखे थे, कल रात लगभग साढ़े दस बजे सीमांत जिला गुरदासपुर के काहनूवान थानांतर्गत गांव बगराई के पटवारी अजीत सिंह के घर में घुस गए और उसकी पत्नी तथा दो बेटियों से कीमती वस्तुएं लूट ले गए । आतंकवादी कथित रूप से 6000 रुपए नगद और कुछ स्वर्णाभूषण ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

**प्रतिबंध**

फरीदकोट के जिला मैजिस्ट्रेट भूपेन्द्र सिंह ने रिवाल्वर, पिस्तौल तथा दोनाली बंदूकों सहित आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध 21 जनवरी तक बढ़ा दिया है, लेकिन छोटी बंदूकों पर प्रतिबंध तात्कालिक रूप से समाप्त कर दिया गया है ।


अमृतसर के जिलाधीश ने जिला में 3.5 हार्स पावर या इसके अधिक शक्ति के मोटर साइकल


# पंजाब का 378 करोड़ का घाटा केन्द्र उठाये

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर (प्रै.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने आज यहां वित्तमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह से भेंट की । वित्तमंत्री के साथ आधे घंटे की बातचीत में श्री बरनाला ने पंजाब के 1986-87 की पंजाब की योजना के बारे में व राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में चर्चा की । श्री बरनाला के साथ उनके मुख्य निजी सचिव तथा राज्य के मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैष्णव भी थे । एक अन्य समाचार में कहा गया कि श्री बरनाला ने प्रधानमंत्री राजीव

पाएगा । उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन में केन्द्र ने भी पंजाब में अतिरिक्ति कर लगाने में हिचकिचाहट दिखाई थी ।

वित्त मंत्री से बात करके बरनाला व बलवन्त सिंह काफी संतुष्ट थे । वे महसूस करते हैं कि केन्द्र सरकार की पंजाब की समस्याओं के प्रतिपूर्ण सहानुभूति है और केन्द्र पंजाब की पूरी सहायता करेगा । वित्त मंत्रालय ने अपने सचिव (व्यय) को पंजाब भेज कर स्थिति का आकलन कराया है ।




(ऊपर) श्री मनोहर लाल शर्मा, जो गुरदासपुर के रहने वाले थे तथा खन्ना से 12 मील दूर गांव जरक में पावर हाऊस में टैलीफोन आप्रेटर थे, गत दिवस खन्ना की एक दुकान में हुए बम विस्फोट में मारे गए । श्री शर्मा इस दुकान में सौदा खरीदने आए थे । (नीचे) बम विस्फोट के बाद दुकान की स्थिति ।

(छाया : शर्मा)

# खन्ना विस्फोट में मृत व्यक्ति किरयाना

# वैद्य की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

मीटर के क्षेत्र को 'नो मैन लैंड' घोषित करने के निर्णय पर सख्ती से अमल किया जाए ताकि पाकिस्तान से गलत तत्वों का प्रवेश रोका जा सके ।

## दो भगौड़े गिरफ्तार

**मोगा (सर्व):** सी.आई.ए. मोगा के इंचार्ज करनैल सिंह बराड़ ने दो भगौड़े अपराधियों गुरदीप सिंह तथा चरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया । दोनों कई फौजदारी केसों में वांछित थे । पुलिस ने गुरदीप सिंह के कब्जे से आठ हजार रुपए के करंसी नोट भी बरामद किए जो कि उसने मोगा बस स्टैंड पर एक व्यक्ति की जेब से उड़ाए थे ।

**मोगा (बांसल):** जिला फरीदकोट पुलिस ने बाघा पुराना के निकट एक मुकाबले के बाद दो डाकू चंदा सिंह निवासी गांव वडाम तहसील जीरा और जगत सिंह उर्फ पप्पी (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उनका तीसरा साथी चरण सिंह निवासी गांव वंडाम अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाने में सफल हो गया । बताया जाता है कि मुदकी-बाघा पुराना सड़क पर गांव नत्थूवाला के निकट उन्होंने चौंक को जाता हुआ कपड़े की गांठों से लदे एक ट्रक का अपहरण कर लिया था । उन्होंने ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी थी और कंडक्टर को घायल कर दिया था । पुलिस ने वह ट्रक नं. पी.यू.एच. 8825 और कपड़े की 148 गांठें बरामद कर लीं, जिसका मूल्य 11 लाख रुपए बताया जाता है । यह माल उन्होंने छिपा रखा था । इसके अतिरिक्त उनके कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद हुआ है । चंदा सिंह कोटा (राजस्थान) में केस में संलिप्त है, उसके विरुद्ध एक केस चल रहा है ।

## पिस्तौल की नोक पर स्कूटर, नगदी छीनं ली

चंडीगढ़ में प्राप्त सरकारी सूचनाओं के अनुसार कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने आज रात्रि लुधियाना-जगरांव रोड पर एक स्कूटर छीन लिया और बाद में पैट्रोल पम्प के एक मालिक से 2500 रुपए छीन लिए । अभियुक्तों ने स्कूटर और नगदी पिस्तौल की नोक कर लूटे ।

लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार स्कूटर सवार से 400 रुपए और एक घड़ी भी छीन ली गई ।